अधिकतम 23 डिग्री से.
न्यूनतम 09 डिग्री से.
सूर्योदय 7.15
सूर्यास्त 5.24
सोना 24 कैरेट: 1,34,990.00
चांदी (प्रति किलो) : 2,11,000
सेंसेक्स : 84,481.81
अमेरिका : 90.32
कैनेडियन : 65.55
आस्ट्रेलिया : 59.66

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशितः हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी प्रसारित






वर्ष 40 | चंडीगढ़, शुक्रवार, 19 दिसंबर, 2025 | पौष कृष्ण पक्षः अमावस्या, विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंकः 349 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठः 12







## आवश्यकता है

दैनिक अर्थ प्रकाश समाचार पत्र में चंडीगढ़, पंचकूला व मोहाली के लिए स्ट्रिंगर की आवश्यकता है।

संपर्क करें : 9814019928 एवं 9888303520

## न्यूज ब्रीफ

### रिटायरमेंट से पहले जजों का ताबड़तोड़ फैसले सुनाना दुर्भाग्यपूर्णः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (अप्रस)।** सुप्रीम कोर्ट ने न्यायपालिका में भ्रष्ट आचरण को लेकर अप्रत्यक्ष रूप से अहम टिप्पणी की है। कोर्ट ने भ्रष्टाचार का जिक्र किए बिना कहा कि रिटायरमेंट से ठीक पहले जजों का बाहरी कारणों से प्रभावित होकर ताबड़तोड़ फैसले सुनाना दुर्भाग्यपूर्ण है। भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने बुधवार को कहा- कुछ जजों में रिटायरमेंट से चंद दिनों पहले बहुत ज्यादा आदेश पारित करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। वे आदेश ऐसे सुनाते हैं, जैसे मैच के अंतिम ओवर में छक्के मार रहे हों। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी मध्य प्रदेश के एक प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट जज की याचिका पर सुनवाई के दौरान की। जज ने हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसके तहत रिटायरमेंट से 10 दिन पहले उन्हें सस्पेंड कर दिया गया था। आरोप है कि जज ने कुछ संदिग्ध आदेश पारित किए थे। याचिकाकर्ता जज का रिटायरमेंट 30 नवंबर को होना था। उन्हें 19 नवंबर को दो न्यायिक आदेशों के आधार पर निलंबित किया गया।




## हरियाणा विधानसभा का मॉनसून सत्र

# गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान दिवस पर सरकारी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास

सरकारी प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री नायब सैनी, नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा सहित 16 विधायकों ने रखा अपना पक्ष

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** हिंद की चादर श्री गुरु तेज बहादुर जी के 350वें शहीदी-बलिदान दिवस पर सत्ता पक्ष की ओर से लाया गया सरकारी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया। तकरीबन दो घंटे तक बलिदान दिवस पर आए गए प्रस्ताव पर चर्चा हुई। सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों ने श्री गुरु तेग बहादुर के बलिदान और सिद्धांतों का जिक्र किया। संसदीय कार्य एवं शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने सदन में सरकारी प्रस्ताव पेश किया। सरकारी प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री नायब सैनी, नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्डा सहित 16 विधायकों ने अपना पक्ष रखा। वहीं, करनाल से विधायक जगमोहन आनंद की ओर से सत्ता पक्ष द्वारा बलिदान दिवस के कार्यक्रम का निमंत्रण न देने के मामले पर तंज कसते हुए कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों का निमंत्रण नहीं दिया जाता है, बल्कि श्रद्धाभाव होना चाहिए। मन में भाव होना चाहिए और खुद ही गुरुओं व संतों का आदर-सम्मान करना चाहिए। जगमोहन आनंद की बात पर नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने आपत्ति जताते हुए कहा कि आप हमें धर्म की शिक्षा मत दें। सर्वदलीय बैठक में फैसला हुआ था, जिसकी आपको जानकारी नहीं है।

### ● करनाल विधायक का विपक्ष पर तंजः धार्मिक कार्यक्रमों में निमंत्रण नहीं दिया जाता, श्रद्धाभाव होना चाहिए



मुख्यमंत्री ने बीच में टोकते हुए जगमोहन आनंद को बैठाया।

विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने बीच-बचाव करते हुए कहा कि एक दूसरे पर छींटाकशी न करें। स्पीकर ने कहा कि पावन विषय पर चर्चा हो रही है, इसलिए इस पर राजनीति ठीक नहीं है। वहीं, बादली विधायक कहा, हम सभी धर्मों को मानने वाले हैं। इस विषय पर राजनीति न करें। उन्होंने मांग कि हरियाणा की धरा से 10 गुरु जहां से गुजरे, उन स्थानों और रास्तों को मॉडल के तौर पर विकसित किया जाए, ताकि युवा पीढ़ी गुरुओं की शिक्षाओं और सिद्धांतों से प्रेरणा ले सके। डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्?डा ने कहा कि धर्म की रक्षा करते हुए जिन महान गुरुओं ने बलिदान दिया, उनके सम्मान में राजनीति से हटकर श्रद्धाभाव के साथ एकजुट होना चाहिए।

### ● भूपेंद्र सिंह हुड्डा का जवाबः आप हमें धर्म की शिक्षा देंगे, हमें धर्म मत सिखाओ

नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को लेकर आयोजित हुई सर्वदलीय बैठक में फैसला लिया गया था कि जहां से यात्रा गुजरेगी, सभी विधायकों को सूचित किया जाएगा। मगर सर्वदलीय बैठक के भाव का सही तरीके से निर्वहन नहीं किया गया। सरकार की ओर से जो प्रस्ताव लाया गया है, विपक्ष उसका समर्थन करता है और सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया जाए। वहीं, कांग्रेस विधायक परमवीर चौहान ने मांग कि फतेहाबाद के पालिटेक्निक का नामकरण श्री गुरु तेग बहादुर जी के नाम पर किया जाए। वहीं, उन्होंने किसी विश्वविद्यालय का नामकरण भी उनके नाम से करने की मांग की।

### जहां से यात्रा गुजरे उन धार्मिक स्थलों को विकसित किया जाएः बीबी बत्रा

बीबी बत्रा ने कहा कि श्री गुरु तेगबहादुर जी लाखनमाजरा में 13 दिन रूके, वहां ऐतिहासिक गुरुद्वारा भी है, इसके अलावा जहां-जहां से गुरु साहिब गुजरे, उन स्थानों को धार्मिक स्थलों के तौर पर विकसित किया जाए। निर्मल सिंह ने कहा कि अंबाला से गुरुओं का गहरा संबंध रहा है, वहां पर माता गुजरी के नाम से कॉलेज निर्माणाधीन है, उसे जल्द पूरा कराया जाए।

### गुरु तेज बहादुर ने धर्म की रक्षा के लिए बलिदान दियाः अर्जुन चौटाला

इनेलो विधायक अर्जुन चौटाला ने कहा कि हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी ने धर्म की रक्षा के लिए बलिदान दिया। जहां से गुरु साहिब गुजरे, उन स्थानों को धार्मिक टूरिज्म के तौर पर विकसित किया जाना चाहिए।

### नीलोखेड़ी में बनवाया जाए स्मारक : भगवान दास

नीलोखेड़ी विधायक भगवान दास कबीर पंथी ने मांग कि नीलोखेड़ी में गुरुजी का शीश रखा गया था, उनकी याद में स्मारक बनाया जाए। गीता भुक्कल ने मांग कि गुरुओं की शिक्षाओं का आगे ले जाने का काम किया जाना चाहिए और पंजाबी भाषा को दूसरी भाषा का दर्जा दिया गया है, उसको बढ़ावा देने के लिए भी सरकार को काम करना चाहिए। आफताब अहमद ने कहा कि गुरुओं ने भाईचारे और आपसी सौहार्द की शिक्षा दी है।

### सभी 90 विधायकों को कार्यक्रम में बुलाना चाहिएः अरोड़ा

कांग्रेस विधायक अशोक अरोड़ा ने कहा श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर कुरुक्षेत्र में समागम आयोजित किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आए। मगर उन्हें स्थानीय विधायक होने के नाते भी कार्यक्रम नहीं बुलाया गया। जबकि उन्हें ही नहीं, बल्कि सभी 90 विधायकों को समागम में बुलाना चाहिए। महम विधायक बलराम दांगी ने लाखनमाजरा गांव को मॉडल विलेज घोषित करने की मांग की। जरनैल सिंह ने यात्रा पर सवाल उठाते हुए कहा, जहां से यात्रा गुजरी उन स्थानों पर लगे फ्लैक्स को तुरंत उतारा गया, जोकि गलत था। उन्होंने मांग कि गुरुओं की शिक्षाओं को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए ताकि उनसे युवाओं को शिक्षा मिल सके।

# पंजाब निकाय चुनाव में 'आप' का परचम

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** पंजाब में जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों के लिए वोटों की गिनती बुधवार सुबह 8 बजे कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू होकर वीरवार को समाप्त हो गई। जिसमें आम आदमी पार्टी की बंपर जीत हुई। पार्टी ने लगभग 70 फीसदी सीटों पर कब्जा किया। चुनाव में पार्टी ने ब्लॉक समिति की 68 फीसदी सीटें और जिला परिषद की 72 फीसदी सीटें जीती हैं। राज्य भर में मतपत्रों की गिनती के लिए 154 केंद्र बनाए गए। जिला परिषद की 347 और ब्लॉक समिति की 2,838 सीटों के लिए जारी मतगणना में आम आदमी पार्टी (आप) ने जीत के झंडे गाड़ दिए। घोषित परिणामों में 'आप' ने 1531 सीटों पर शानदार जीत दर्ज की। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस 612 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर काबिज रही। जबकि शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने 445 सीटों पर जीत हासिल की है। इसी प्रकार भाजपा ने 73 सीटें व बसपा ने 28 सीटों पर जीत दर्ज की। बाकि अन्य के खातों में 144 सीट गई है।

## आप ने ब्लॉक समिति की 68 फीसदी व जिला परिषद की 72 फीसदी सीटों पर किया कब्जा



| ब्लॉक समीति | |
|---|---|
| आप | 1529 |
| कांग्रेस | 611 |
| शिअद | 449 |
| बीजेपी | 73 |
| बीएसपी | 28 |
| अन्य | 144 |

| जिला परिषद | |
|---|---|
| आप | 218 |
| कांग्रेस | 62 |
| शिअद | 46 |
| बीजेपी | 07 |
| बीएसपी | 03 |
| अन्य | 10 |

### जनता ने आप सरकार के काम पर मुहर लगाईः केजरीवाल



आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पंजाब जिला पंचायत चुनाव पर में पार्टी की जीत के लिए मान सरकार की तारीफ की है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पंजाब में निष्पक्ष चुनाव हुए। इससे ज्यादा निष्पक्ष चुनाव नहीं हो सकता है। निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी ने बढ़िया प्रदर्शन किया। पंजाब की भगवंत मान सरकार से जनता खुश है। जनता ने आप सरकार के काम पर मुहर लगाई है।

### अब बठिंडा-लंबी की पार्टी बनीः सीएम मान



मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सबसे बड़ा हमला शिरोमणि अकाली दल पर किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने आप को ग्रामीण क्षेत्र की सबसे बड़ी पार्टी कहने वाली शिअद तीसरे नंबर पर रही है। दस- बीस सीटें कहीं कहीं से आई हैं। अब वह पार्टी बठिंडा और लंबी की पार्टी बनकर रह गई है। अगर वह तीसरे नंबर आकर यह कह रहे हैं कि डायनासोर आ रहे हैं तो उन्हें डायनासोर के साथ ही रहना चाहिए।

**349 उम्मीदवार चुन गए निर्विरोध**

पंचायत समिति चुनावों में 349 उम्मीदवारों को निर्विरोध विजेता घोषित किया गया है। इनमें से 339 उम्मीदवार आम आदमी पार्टी के हैं, जबकि तीन कांग्रेस के और 7 निर्दलीय थे। अब तक राज्य चुनाव आयोग ने 2,300 पंचायत समितियों और 216 जिला परिषद सीटों के नतीजे घोषित किए हैं।

# पीएम मोदी को ऑर्डर ऑफ ओमान सम्मान मिला

सुल्तान हैथम ने किया सम्मानित भारत-ओमान में हुआ ट्रेड एग्रीमेंट

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

ओमान। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ओमान का दूसरा सर्वोच्च सम्मान मिला है। उन्हें सुल्तान हैथम बिन तारिक ने ऑर्डर ऑफ ओमान से सम्मानित किया है। इससे पहले दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान भारत और ओमान के बीच व्यापार समझौते पर साइन हुए। समझौते से भारत के टेक्सटाइल, फुटवियर, ऑटोमोबाइल, जेम्स एंड ज्वैलरी, रिन्युएबल एनर्जी और ऑटो कंपोनेंट्स जैसे सेक्टर्स को सीधा फायदा होगा। इस पर नवंबर 2023 में बातचीत शुरू हुई थी। इससे पहले पीएम ने बताया कि भारत और ओमान के बीच होने वाला व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता यानी सीईपीए आने वाले कई दशकों तक दोनों देशों के रिश्तों की दिशा तय करेगा। उन्होंने इसे दोनों देशों के साझा भविष्य का खाका बताया।






ठंड | हरियाणा में घने कोहरे का रेड अलर्ट

# 9 जिलों के लिए मौसम विभाग की एडवाइजरी, 4 दिन बेवजह घरों से बाहर न निकले

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा में मौसम बदलने लगा है। प्रदेश में कड़ाके की ठंड के साथ अब कोहरे का डबल अटैक शुरू हो गया है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने अगले 4 दिनों के लिए प्रदेश के कई जिलों में घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। तीन जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है।

वैज्ञानिकों ने कहा है कि हरियाणा जबरदस्त कोहरे की चपेट में है। बेवजह घरों से बाहर ना निकले, जो बाहर है वो जल्दी सुरक्षित स्थानों पर पहुंचे। घर रहो सुरक्षित रहो। ट्रैफिक पुलिस ने भी एडवाइजरी जारी की है, जिसमें घने कोहरे को देखते हुए ड्राइवरों को धीमी गति से वाहन चलाने की सलाह दी गई है।

उधर, चंडीगढ़ मौसम विज्ञान केंद्र के



अनुसार, 18 और 19 दिसंबर को सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, जींद, करनाल, कैथल, सोनीपत, पानीपत और कुरुक्षेत्र जिलों में बहुत घना कोहरा रहेगा। इसके अलावा अन्य 13 जिलों में भी घना कोहरा छाएगा। इसे लेकर भी यलो अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, 21 दिसंबर के बाद ही कोहरे छटेगा। बुधवार को महेंद्रगढ़ का नारनौल 5.6 डिग्री सेल्सियस के साथ राज्य का सबसे ठंडा इलाका रहा।

### आज से एक और पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव होगाः एक्सपर्ट

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन लाल खीचड़ ने बताया कि हरियाणा में मौसम 20 दिसंबर तक खुश्क व परिवर्तनशील बना रहेगा। उत्तर व उत्तर-पश्चिमी शीत हवाएं हल्की से मध्यम गति से चलने से रात के तापमान में गिरावट हो सकती है, मगर दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी होगी। डॉ. खीचड़ ने बताया कि आज 18 दिसंबर से एक और पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 18 दिसंबर से 20 दिसंबर के दौरान बीच-बीच में आंशिक रूप से बादल छाने की संभावना है। इससे दिन के तापमान में हल्की गिरावट व रात के तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है। इस दौरान वातावरण में नमी बढ़ने से कहीं-कहीं अलसुबह हल्की से मध्यम धुंध भी रहने की संभावना है।

**अधिकतम तापमान में 0.8 डिग्री की गिरावटः** मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में औसत अधिकतम तापमान में 0.8 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि, न्यूनतम तापमान में हल्की बढ़ोतरी हुई है, लेकिन रात की ओस और सुबह के कोहरे ने ठिठुरन बढ़ा दी है।

भिवानी में प्रदेश का सबसे अधिक तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा सिरसा में 25.1 डिग्री और फरीदाबाद में 25.6 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। पंचकूला में दिन का पारा सबसे कम रहा। यहां अधिकतम तापमान केवल 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा ठंड पंचकूला (-6.5 डिग्री) और करनाल (-5.2 डिग्री) में बढ़ी है।

**वर्ष 2025 का लेखा-जोखाः पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामलों का विभाग**

# शाश्वत यादगार स्वरूप चेतना में बसा श्री गुरू तेग बहादुर जी का 350वीं शहीदी दिवस: सौंद

- पंजाब सरकार ने श्री आनंदपुर साहिब की काया कलप के लिए विश्व स्तरीय प्रोजेक्ट शुरू किए
- भाई जैता जी की यादगार पर 20 करोड़ रुपये खर्च और विरासती मार्ग की निर्माण पर 18 करोड़ रुपये की लागत आएगी
- पंजाब के संस्कृति एवं परंपरागत खेलों को प्रफुल्लित करने तथा पर्यटन को उत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 18 दिसंबर।** पंजाब के पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामलों के विभाग को वर्ष 2025 के दौरान श्री गुरू तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित समागमों को मनाने के लिए नोडल विभाग के रूप में जिम्मेवारी सौंपी गई थी। विभाग के मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने बताया कि श्री गुरू तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस संबंधी करवाए गए समागम संगतों के चेतना में सदियों तक बसे रहेंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 के दौरान गुरू साहिब के आशीर्वाद से और मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई में पंजाब सरकार द्वारा किए गए सफल समागमों की दुनिया भर की संगत ने प्रशंसा की है।

उन्होंने बताया कि गुरू साहिब के जीवन को दर्शाते लाइट एंड साउंड शो पूरे जिलों में करवाए गए। इसके अलावा श्री आनंदपुर साहिब में 20 से 29 नवंबर तक ड्रोन शो ने दुनिया भर की संगत का ध्यान खींचा। 23 से 25 नवंबर तक श्री आनंदपुर साहिब की धरती पर दुनिया भर से संगत ने हाजिरी भरी और राज्य सरकार द्वारा किए गए प्रबंधों जिसमें टेंट सिटी, शटल बस सर्विस, मीडिया सेंटर और धार्मिक-सामाजिक समागमों की सराहना की।

सौंद ने बताया कि गुरू साहिब से संबंधित समागमों की शुरुआत 25 अक्टूबर को दिल्ली में गुरुद्वारा सीस गंज साहिब से हुई थी। इसके बाद विभिन्न जिलों में लाइट एंड साउंड शो के अलावा अन्य धार्मिक एवं शिक्षात्मक समागम करवाए गए। 18 नवंबर को श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) में कीर्तन दरबार करवाया गया और अगले दिन 19 नवंबर को वहां से नगर कीर्तन सजाया गया। इसके अलावा तलवंडी साबो, फरीदकोट एवं गुरदासपुर से भी नगर कीर्तन सजाए गए। ये चारों नगर कीर्तन 22 नवंबर को श्री आनंदपुर साहिब में संपन्न हुए।

उन्होंने कहा कि श्री गुरू तेग बहादुर जी की बसाई धरती श्री आनंदपुर साहिब की काया कलप के लिए भी पंजाब सरकार ने वर्ष 2025 के दौरान बड़े कार्य आरंभ किए हैं। श्री आनंदपुर साहिब की पवित्र धरती पर भाई जैता जी की यादगार में इतिहास को रूपमान करने वाली पांच गैलरियां मानवता को समर्पित की गई हैं। इस यादगार का कुल क्षेत्र 5 एकड़ है। इसमें से कवर्ड क्षेत्र लगभग 2 एकड़ है और कंस्ट्रक्शन क्षेत्र 3200 वर्ग फुट है।

इस यादगार को दो भागों में पूरा किया गया है। पहले भाग में इमारत का निर्माण पूरा करके फरवरी 2024 में समर्पित कर दिया गया था। सितंबर महीने में मुख्यमंत्री द्वारा संगत को समर्पित किए गए दूसरे भाग में इमारत के दोनों विंगों के अंदर गुरू साहिब एवं भाई जैता जी के जीवन को दर्शाती पांच गैलरियां बनाई गई हैं। पहले भाग पर 17 करोड़ रुपये की लागत आई थी जबकि दूसरे भाग पर 3 करोड़ रुपये की लागत आई है। विरासत-ए-खालसा में भी नौवें पातशाह से संबंधित एक प्रदर्शनी गैलरी का मुख्यमंत्री ने 23 नवंबर को उद्घाटन किया।

उन्होंने आगे बताया कि सिखों के महान तख्त श्री केसगढ़ साहिब को जाने वाले रास्ते को सफेद रंग के संगमरमर से विरासती मार्ग के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट पर कुल 18 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

5 अक्टूबर को मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने इस प्रोजेक्ट की शुरुआत कर दी है और करीब 10 महीनों में इसे पूरा कर लिया जाएगा। सौंद ने बताया कि मेन रोड से तख्त श्री केसगढ़ साहिब तक कुल 580 मीटर लंबे मार्ग पर सफेद संगमरमर लगाया जाएगा और कुल छह प्रवेश गेट बनाए जाएंगे।

सौंद ने कहा कि इस महान समागम एवं कार्यों से अलावा पर्यटन विभाग ने वर्ष 2025 के शुरू में ही खन्ना में 'धियों की लोहड़ी' मनाई। नवजन्मी बच्चियों को समाज में समानता का अधिकार दिलाने और सूबे के लिंग अनुपात में और सुधार लाने के लिए धियों की लोहड़ी जैसे समागम खास भूमिका अदा करते हैं।

### फतेहगढ़ साहिब स्थित जहाज हवेली की पुनः बहाली एवं संभाल-संबाल के लिए महत्वपूर्ण फैसले लिए गए

उन्होंने बताया कि फतेहगढ़ साहिब स्थित जहाज हवेली की पुनः बहाली एवं संभाल-संबाल के लिए इस साल महत्वपूर्ण प्रशासनिक फैसले लिए गए। पंजाब सरकार ने फतेहगढ़ साहिब में दीवान टोडर मल के ऐतिहासिक निवास स्थान जहाज हवेली की पुनः बहाली शुरू करके सिख विरासत को सुरक्षित रखने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। दीवान टोडर मल, जिन्होंने गुरू गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह एवं माता गुजरी जी की शहादत के बाद उनके संस्कार के लिए जमीन खरीदी थी, की हवेली को इसकी पुरानी छवि देने के लिए दीवान टोडर मल विरासती फाउंडेशन, पंजाब अपनी देखरेख में कार्य कर रही है। इसके अलावा पंजाब के संस्कृति की प्रफुल्लता एवं परंपरागत खेलों की शानो-शौकत बरकरार रखने के लिए फिरोजपुर में दो रोजा राज्य स्तरीय बसंत मेला करवाया गया। पंजाब के प्रमुख खेल मुकाबलों में से एक किला रायपुर ग्रामीण ओलंपिक का उद्घाटन खुद पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामलों के मंत्री ने किया था। 13 से 16 फरवरी तक पटियाला विरासती मेला करवाया गया। इस मेले में हेरिटेज वॉक, फूड फेस्टिवल, संगीतमय शाम, एयरो शो, नेचर वॉक, फूलों की प्रदर्शनी एवं फैशन वॉक समेत विभिन्न दिलकश कार्यक्रम करवाए गए। तरुनप्रीत सिंह सौंद ने कहा कि पंजाब सरकार सूबे के पर्यटन को विश्व स्तरीय बनाने और संस्कृति एवं परंपरागत खेल-त्योहारों की प्रफुल्लता के लिए वर्ष 2026 के दौरान और अधिक तीव्रता, सुहिर्दता एवं लगन से कार्य करेगी।

# सीमा पार से संचालित तस्करी कार्टेल का अमृतसर में पर्दाफाश 4.5 किलो हेरोइन, एक पिस्तौल सहित तीन गिरफ्तार

- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए विदेशी हैंडलर से संपर्क में थे गिरफ्तार किये आरोपी: डीजीपी गौरव यादव
- ड्रोन ड्रॉप के माध्यम से नशीले पदार्थों की खेपें प्राप्त कर रह थे गिरफ्तार किये व्यक्ति: सीपी अमृतसर गुरप्रीत भुल्लर



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर, 18 दिसंबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के अनुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चल रही मुहिम के दौरान, अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने हेरोइन और अवैध हथियारों की तस्करी में शामिल तीन नशा तस्करों को 4.5 किलो हेरोइन और एक .30 बोर पिस्तौल सहित गिरफ्तार करके सीमा पार से संचालित नशा तस्करी कार्टेल का पर्दाफाश किया है। यह जानकारी पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने आज यहां दी।

गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान गुरविंदर सिंह उर्फ गोपी (23) निवासी गांव शाहवाला (फिरोजपुर), तिलक उर्फ शिबू (18) जो राजीव गांधी विहार, जालंधर का निवासी है लेकिन वर्तमान में अमृतसर के मुस्तफाबाद में रहता है तथा दलजीत सिंह उर्फ लाला (20), जो गांव नौशहरा ढल्ला का निवासी है और वर्तमान में अमृतसर के गांव मुस्तफाबाद में रहता है, के रूप में हुई है।

डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से एक विदेशी हैंडलर के संपर्क में थे और उसके निर्देशों पर विभिन्न स्थानों पर हेरोइन और अवैध हथियारों की खेपें ला-ले जा रहे थे तथा आगे सप्लाई कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस मामले में अगले-पिछले संबंध स्थापित करने के लिए आगे की जांच जारी है।

ऑपरेशन संबंधी विवरण साझा करते हुए, पुलिस कमिश्नर (सी.पी.) अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि आरोपी गुरविंदर सिंह उर्फ गोपी को 1.5 किलो हेरोइन और एक .30 बोर पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया गया था और पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपने दो अन्य साथियों की संलिप्तता का खुलासा किया, जिससे आगे की बरामदगियां हुईं। श्री भुल्लर ने कहा कि उक्त खुलासे के आधार पर पुलिस ने दो अन्य आरोपियों, जिनकी पहचान तिलक उर्फ शिबू और दलजीत सिंह उर्फ लाला के रूप में हुई है, को नामजद करके गिरफ्तार कर लिया और उनके कब्जे से 3 किलो और हेरोइन बरामद की।

सी.पी. ने बताया कि जांच से पता चला है कि फिरोजपुर में सीमाई क्षेत्र के निकट निवास होने के कारण आरोपी गुरविंदर सिंह उर्फ गोपी फिरोजपुर क्षेत्र में ड्रोन ड्रॉप के माध्यम से नशीले पदार्थों की खेप और अन्य अवैध खेपें प्राप्त करने में सक्रिय था। उन्होंने आगे कहा कि यह भी पता चला है कि आरोपी गुरविंदर सिंह उर्फ गोपी खेपें प्राप्त करने के लिए एक विदेशी तस्कर से सीधे संपर्क में था।

इस संबंध में अमृतसर के पुलिस स्टेशन गेट हकीमा में एन.डी.पी.एस. एक्ट की धारा 21-सी तथा 29 और असला एक्ट की धारा 25 (6, 7, 8) के तहत एफ.आई.आर. नंबर 345 दिनांक 12-12-2025 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# 8000 रुपये रिश्वत लेता पटवारी विजीलैंस ब्यूरो द्वारा रंगे हाथों काबू



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 18 दिसंबर।** भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी अटूट मुहिम को जारी रखते हुए पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने आज पटवारी सर्कल बडाला, तहसील दसूहा, जिला होशियारपुर में तैनात राम सिंह पटवारी को शिकायतकर्ता से 8000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। बता दें कि आरोपी ने यह रिश्वत बडाला गांव में शिकायतकर्ता की पैतृक जमीन का इंतकाल करने के बदले मांगी थी। आज यहां इस बारे में जानकारी देते हुए विजीलैंस ब्यूरो के सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता चिंतपुरनी रोड होशियारपुर का निवासी है और उसने अपने पिता की मौत के बाद गांव बडाला, तहसील दसूहा में स्थित पैतृक संपत्ति के इंतकाल संबंधी अर्जी सेवा केंद्र, दसूहा में जमा करवाई थी। उन्होंने आगे कहा कि आरोपी पटवारी ने शिकायतकर्ता को बताया कि सरकारी फीस 1,200/- रुपये है, इसके बावजूद उसने शिकायतकर्ता की जमीन का इंतकाल करने के लिए 8,000 रुपये की गैर-कानूनी रिश्वत मांगी, जिसकी पूरी बातचीत शिकायतकर्ता ने रिकॉर्ड कर ली थी। शिकायतकर्ता की सूचना पर कार्रवाई करते हुए विजीलैंस ब्यूरो ने विजीलैंस ब्यूरो यूनिट जालंधर में शिकायतकर्ता का बयान दर्ज किया और आरोपों की पुष्टि के बाद विजीलैंस की टीम ने जाल बिछाया तथा आरोपी पटवारी को दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से 8000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू कर लिया। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण कानून की संबंधित धाराओं के तहत पुलिस थाना विजीलैंस ब्यूरो, जालंधर रेंज में मामला दर्ज किया गया है।

# अंबर ग्रुप ने राजपुरा में अनुसंधान एवं विकास केंद्र में 500 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की

- अति-आधुनिक एचवीएसी डिज़ाइन एवं इंजीनियरिंग में 1,000 उच्च-गुणवत्ता वाले रोज़गार के नए अवसर सृजित होंगे



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 18 दिसंबर।** पंजाब उन्नत निर्माण एवं नवाचार के लिए एक पसंदीदा स्थान के रूप में उभर रहा है। अंबर ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज़ ने राजपुरा में 500 करोड़ रुपये के निवेश के साथ अति-आधुनिक अनुसंधान एवं विकास केंद्र की स्थापना के माध्यम से एक बड़े विस्तार की घोषणा की है।

इस बड़े निवेश का स्वागत करते हुए उद्योग एवं वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन, बिजली एवं प्रवासी भारतीय मामलों के कैबिनेट मंत्री श्री संजीव अरोड़ा ने कहा कि राजपुरा में 500 करोड़ रुपये के निवेश से एक बड़े पैमाने पर अनुसंधान एवं विकास केंद्र स्थापित करने का अंबर ग्रुप का निर्णय पंजाब की प्रगतिशील औद्योगिक नीतियों, कुशल श्रमिकों एवं निवेशक-अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र का मजबूत समर्थन करता है।

इस परियोजना से लगभग 1,000 उच्च-गुणवत्ता एवं अच्छी सैलरी वाले नई रोज़गार अवसर सृजित हो सकेंगे तथा उन्नत इंजीनियरिंग एवं उत्पाद डिज़ाइन के क्षेत्र में पंजाब की स्थिति को महत्वपूर्ण रूप से मजबूती मिलेगी। अंबर ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज़ एक अग्रणी निर्माण समूह है, जिसमें भारत एवं विदेशों में 33 निर्माण सुविधाएँ एवं 12 विक्रय कार्यालय हैं। इसका वार्षिक राजस्व लगभग 10,000 करोड़ रुपये तथा बाज़ार पूंजीकरण लगभग 27,000 करोड़ रुपये है। यह समूह पीसीबीज, एयर कंडीशनर, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, एचवीएसी सिस्टम, रेलवे, रक्षा, बसें एवं महत्वपूर्ण आधारभूत संरचना के लिए सटीक कूलिंग समाधान सहित कई प्रमुख क्षेत्रों में सक्रिय है। पंजाब की बढ़ती नवाचार-नेतृत्व वाली निर्माण भूमिका को रेखांकित करते हुए कैबिनेट मंत्री ने आगे कहा कि यह अत्याधुनिक अनुसंधान एवं विकास सुविधा घरेलू एवं निर्यात बाज़ारों दोनों के लिए अगली पीढ़ी के एचवीएसी उत्पादों की डिज़ाइनिंग, प्रमाणीकरण एवं परीक्षण पर केंद्रित होगी। यह सुविधा पंजाब के विनिर्माण को शिखर पर ले जाने के लिए उच्च-स्तरीय अनुसंधान, डिज़ाइन एवं वैश्विक निर्यात के केंद्र बनने के दृष्टिकोण से पूरी तरह मेल खाती है।

अंबर एंटरप्राइज़िज़ इंडिया लिमिटेड के सीईओ श्री जसबीर सिंह ने कहा कि पंजाब कुशल प्रतिभा, मजबूत औद्योगिक आधारभूत संरचना एवं एक जवाबदेह नीतिगत ढांचे का मजबूत संयोजन प्रस्तुत करता है। उन्होंने आगे कहा कि राजपुरा में दो चरणों में 500 करोड़ रुपये के निवेश से अनुसंधान एवं विकास केंद्र का विस्तार करने का हमारा निर्णय भारत में नवाचार-नेतृत्व वाली विकास के प्रति हमारी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आगामी अनुसंधान एवं विकास केंद्र घरेलू एवं वैश्विक बाज़ारों दोनों के लिए एचवीएसी समाधानों के उन्नत डिज़ाइन, प्रमाणीकरण एवं परीक्षण पर केंद्रित होगा, साथ ही लगभग 1,000 उच्च-मूल्य वाली इंजीनियरिंग एवं तकनीकी नौकरियाँ सृजित करेगा। उन्होंने आगे कहा कि हम पंजाब सरकार के साथ मिलकर कार्य करने की आशा करते हैं क्योंकि हम वैश्विक एचवीएसी मूल्य श्रृंखला में भारत की स्थिति को मजबूत करते हैं। अंबर ग्रुप की राजपुरा में पहले से ही एक मजबूत उपस्थिति है, जहाँ वह एक शीट मेटल निर्माण सुविधा संचालित करता है, जो मौजूदा अनुसंधान एवं विकास केंद्र के साथ-साथ कई पुर्जों की आवश्यकताओं को पूरा करता है।

DIRECTORATE OF SMALL SAVINGS, BANKING AND LOTTERIES, PUNJAB

Draw Time: 04:00 PM ONWARDS DATE: 18/12/2025

RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 50 CHIEF THURSDAY WEEKLY LOTTERY

MRP Rs 50/- Per Ticket

1st Prize Amount (1) Rs. 25 Lakhs (On 5 digits with series)
(Seller Prize Amount Rs. 1 Lakh + Sub Stockist Prize Amount Rs. 25 Thousand, Total Prize Amount Rs. 26.25 Lakhs)
C 82046

2nd Prize Amount (25) Rs. 9,000/- (On 5 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 900/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs.10,000/- each)
50456 58006 64243 78540 91004

3rd Prize Amount (50) Rs. 4,000/- (On Last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 500/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs. 4,600/- each)
0445 8767

4th Prize Amount (125) Rs. 2,000/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 200/-, Sub Stockist Prize Amount Rs.50/-, Total Prize Amount Rs. 2,250/- each)
2682 3484 5638 6728 9697

5th Prize Amount (125) Rs. 1000/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 100/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 50/-, Total Prize Amount Rs. 1,150/- each)
0995 2318 4798 5869 7327

6th Prize Amount (125) Rs. 500/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 50/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 20/-, Total Prize Amount Rs.570/- each)
2616 2703 6816 7227 9482

7th Prize Amount (17,500) Rs. 100/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 10/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 5/-, Total Prize Amount Rs.115/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0000 | 0002 | 0022 | 0040 | 0096 | 0097 | 0112 | 0117 | 0118 | 0119 |
| 0152 | 0165 | 0178 | 0179 | 0180 | 0188 | 0192 | 0214 | 0216 | 0239 |
| 0249 | 0252 | 0283 | 0316 | 0347 | 0393 | 0396 | 0412 | 0421 | 0423 |
| 0439 | 0462 | 0467 | 0471 | 0523 | 0546 | 0565 | 0587 | 0589 | 0590 |
| 0597 | 0601 | 0635 | 0677 | 0690 | 0707 | 0755 | 0767 | 0775 | 0776 |
| 0790 | 0792 | 0802 | 0816 | 0824 | 0828 | 0831 | 0839 | 0854 | 0886 |
| 0897 | 0906 | 0916 | 0934 | 0951 | 0969 | 1010 | 1042 | 1043 | 1067 |
| 1082 | 1094 | 1110 | 1124 | 1130 | 1136 | 1154 | 1178 | 1210 | 1229 |
| 1265 | 1272 | 1278 | 1293 | 1296 | 1327 | 1331 | 1332 | 1333 | 1335 |
| 1343 | 1365 | 1369 | 1370 | 1399 | 1410 | 1432 | 1470 | 1473 | 1482 |
| 1495 | 1500 | 1517 | 1518 | 1524 | 1528 | 1531 | 1534 | 1562 | 1567 |
| 1572 | 1599 | 1612 | 1625 | 1648 | 1661 | 1688 | 1703 | 1711 | 1721 |
| 1729 | 1734 | 1749 | 1754 | 1759 | 1764 | 1765 | 1766 | 1774 | 1777 |
| 1782 | 1786 | 1793 | 1796 | 1803 | 1830 | 1839 | 1841 | 1845 | 1874 |
| 1899 | 1919 | 1944 | 1950 | 1953 | 1970 | 1979 | 2006 | 2018 | 2036 |
| 2058 | 2079 | 2103 | 2114 | 2115 | 2117 | 2151 | 2230 | 2297 | 2315 |
| 2320 | 2327 | 2342 | 2344 | 2377 | 2381 | 2402 | 2405 | 2409 | 2415 |
| 2439 | 2450 | 2455 | 2456 | 2460 | 2483 | 2495 | 2520 | 2549 | 2573 |
| 2586 | 2592 | 2611 | 2626 | 2648 | 2728 | 2743 | 2758 | 2769 | 2790 |
| 2800 | 2816 | 2822 | 2832 | 2841 | 2856 | 2857 | 2878 | 2905 | 2921 |
| 2935 | 2944 | 2961 | 2990 | 3009 | 3011 | 3017 | 3024 | 3025 | 3036 |
| 3052 | 3067 | 3069 | 3112 | 3117 | 3124 | 3169 | 3178 | 3192 | 3199 |
| 3208 | 3229 | 3259 | 3288 | 3294 | 3296 | 3299 | 3300 | 3322 | 3345 |
| 3346 | 3349 | 3371 | 3385 | 3401 | 3402 | 3411 | 3413 | 3426 | 3444 |
| 3482 | 3521 | 3540 | 3544 | 3560 | 3575 | 3596 | 3618 | 3628 | 3630 |
| 3655 | 3700 | 3713 | 3720 | 3745 | 3774 | 3778 | 3794 | 3811 | 3817 |
| 3819 | 3828 | 3829 | 3886 | 3905 | 3912 | 3948 | 3970 | 3993 | 3997 |
| 4022 | 4050 | 4060 | 4107 | 4114 | 4122 | 4126 | 4159 | 4162 | 4177 |
| 4206 | 4245 | 4253 | 4281 | 4316 | 4332 | 4355 | 4378 | 4384 | 4397 |
| 4475 | 4483 | 4500 | 4506 | 4532 | 4538 | 4541 | 4551 | 4559 | 4596 |
| 4601 | 4612 | 4621 | 4627 | 4662 | 4676 | 4711 | 4719 | 4747 | 4750 |
| 4804 | 4805 | 4819 | 4837 | 4839 | 4846 | 4847 | 4862 | 4879 | 4883 |
| 4904 | 4916 | 4932 | 4938 | 4955 | 4957 | 4981 | 4985 | 4991 | 4996 |
| 4999 | 5030 | 5033 | 5051 | 5056 | 5061 | 5075 | 5122 | 5139 | 5141 |
| 5158 | 5159 | 5160 | 5168 | 5171 | 5176 | 5180 | 5183 | 5186 | 5191 |
| 5196 | 5209 | 5210 | 5223 | 5241 | 5245 | 5263 | 5277 | 5298 | 5308 |
| 5315 | 5317 | 5318 | 5321 | 5323 | 5340 | 5341 | 5365 | 5366 | 5374 |
| 5422 | 5441 | 5447 | 5459 | 5480 | 5482 | 5519 | 5536 | 5537 | 5546 |
| 5576 | 5589 | 5611 | 5622 | 5624 | 5648 | 5669 | 5686 | 5710 | 5713 |
| 5740 | 5744 | 5779 | 5780 | 5797 | 5803 | 5814 | 5821 | 5825 | 5865 |
| 5893 | 5900 | 5907 | 5913 | 5915 | 5917 | 5922 | 5933 | 5934 | 5937 |
| 5948 | 5952 | 5954 | 5960 | 5965 | 5967 | 5972 | 5987 | 5999 | 6009 |
| 6044 | 6045 | 6052 | 6055 | 6074 | 6075 | 6081 | 6089 | 6094 | 6100 |
| 6151 | 6152 | 6156 | 6162 | 6164 | 6173 | 6187 | 6205 | 6206 | 6225 |
| 6236 | 6268 | 6288 | 6295 | 6320 | 6328 | 6341 | 6356 | 6397 | 6499 |
| 6514 | 6525 | 6528 | 6540 | 6554 | 6565 | 6620 | 6635 | 6636 | 6652 |
| 6667 | 6672 | 6717 | 6724 | 6729 | 6753 | 6774 | 6809 | 6811 | 6819 |
| 6835 | 6839 | 6850 | 6855 | 6859 | 6893 | 6908 | 6943 | 6944 | 6945 |
| 6950 | 6964 | 6977 | 7001 | 7037 | 7045 | 7046 | 7051 | 7056 | 7081 |
| 7100 | 7135 | 7145 | 7164 | 7166 | 7167 | 7172 | 7192 | 7236 | 7258 |
| 7278 | 7280 | 7299 | 7309 | 7328 | 7330 | 7333 | 7342 | 7348 | 7364 |
| 7367 | 7374 | 7377 | 7400 | 7403 | 7405 | 7454 | 7471 | 7477 | 7505 |
| 7514 | 7579 | 7612 | 7659 | 7685 | 7712 | 7726 | 7727 | 7730 | 7731 |
| 7735 | 7744 | 7758 | 7791 | 7820 | 7821 | 7825 | 7828 | 7836 | 7844 |
| 7846 | 7855 | 7867 | 7881 | 7890 | 7894 | 7903 | 7919 | 7944 | 7952 |
| 7962 | 7993 | 7996 | 8003 | 8019 | 8026 | 8031 | 8041 | 8047 | 8066 |
| 8078 | 8094 | 8140 | 8158 | 8175 | 8178 | 8182 | 8226 | 8236 | 8261 |
| 8266 | 8280 | 8293 | 8295 | 8302 | 8316 | 8318 | 8350 | 8363 | 8382 |
| 8387 | 8411 | 8480 | 8500 | 8506 | 8534 | 8537 | 8549 | 8551 | 8554 |
| 8571 | 8572 | 8586 | 8594 | 8616 | 8642 | 8643 | 8644 | 8648 | 8663 |
| 8679 | 8682 | 8698 | 8707 | 8710 | 8718 | 8731 | 8734 | 8757 | 8764 |
| 8773 | 8784 | 8820 | 8840 | 8862 | 8865 | 8872 | 8880 | 8884 | 8898 |
| 8902 | 8908 | 8916 | 8917 | 8921 | 8939 | 8942 | 8962 | 8968 | 8971 |
| 8994 | 8996 | 9004 | 9056 | 9059 | 9062 | 9070 | 9084 | 9087 | 9088 |
| 9111 | 9112 | 9115 | 9157 | 9172 | 9188 | 9205 | 9210 | 9224 | 9229 |
| 9264 | 9283 | 9296 | 9314 | 9316 | 9319 | 9329 | 9330 | 9337 | 9359 |
| 9360 | 9366 | 9370 | 9418 | 9419 | 9456 | 9499 | 9502 | 9539 | 9544 |
| 9563 | 9570 | 9573 | 9629 | 9632 | 9634 | 9644 | 9647 | 9724 | 9730 |
| 9747 | 9750 | 9751 | 9757 | 9760 | 9779 | 9830 | 9831 | 9840 | 9849 |
| 9885 | 9887 | 9891 | 9903 | 9914 | 9921 | 9941 | 9947 | 9948 | 9975 |

Issued by DIRECTORATE OF SMALL SAVINGS, BANKING AND LOTTERIES, PUNJAB
Kindly check the final result with Official Gazette Notification

# डेराबस्सी ब्लॉक समिति चुनाव: विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने विजयी उम्मीदवारों को दी बधाई, लोकतांत्रिक प्रक्रिया की सराहना

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी, 18 दिसंबर।** डेराबस्सी ब्लॉक समिति चुनावों में आम आदमी पार्टी को मिली जीत के बाद हल्का विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने विजयी उम्मीदवारों का सम्मान समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर उन्होंने न सिर्फ आम आदमी पार्टी से जीतकर आए 12 ब्लॉक समिति सदस्यों को शुभकामनाएं दीं, बल्कि चुनाव में पराजित रहे उम्मीदवारों का भी हौसला बढ़ाया। विधायक रंधावा ने कहा कि लोकतंत्र में हार और जीत दोनों ही महत्वपूर्ण हैं और चुनाव लड़ना अपने आप में साहस का काम है। विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने अपने संबोधन में कहा कि डेराबस्सी ब्लॉक समिति के चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुए। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब हल्का डेराबस्सी में बिना किसी दबाव, जबरदस्ती या सरकारी हस्तक्षेप के चुनाव कराए गए हैं। उन्होंने पूर्व सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले की सरकारें किसी भी तरह से अपने उम्मीदवारों को जिताने का काम करती थीं, लेकिन इस बार ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिला। रंधावा ने कहा कि चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण होने का ही परिणाम है कि 22 में से आम आदमी पार्टी के 12 उम्मीदवार ही जीत हासिल कर सके। यदि किसी तरह का दबाव या जबरदस्ती होती, तो परिणाम अलग हो सकते थे। उन्होंने इसे लोकतंत्र की जीत बताते हुए कहा कि इससे जनता में एक सकारात्मक संदेश गया है कि मौजूदा सरकार में चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से कराए जा रहे हैं। विरोधी पार्टियों द्वारा लगाए गए आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि यह सब ÷मगरमच्छ के आंसू÷ हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग हार के बाद आरोप लगा रहे हैं, उन्हें आत्ममंथन करने की जरूरत है। डेराबस्सी हल्के में बड़े पैमाने पर विकास कार्य किए जा रहे हैं और जनता खुद देख रही है कि क्षेत्र में किस तरह बदलाव आ रहा है।

# 'युद्ध नशों विरूद्ध': 292वें दिन, 51 नशा तस्कर 3.9 किलोग्राम हेरोइन, 500 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार

- 'नशा छुड़ाने' के तहत पंजाब पुलिस ने 17 व्यक्तियों को नशा छुड़ाने के इलाज के लिए किया राजी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 18 दिसंबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा प्रदेश में नशों के खात्मे के लिए चलाई जा रही नशा विरोधी मुहिम ''युद्ध नशों विरूद्ध'' के लगातार 292वें दिन पंजाब पुलिस ने आज 268 स्थानों पर छापेमारी की, जिससे प्रदेश भर में 51 नशा तस्करों को गिरफ्तार करने के बाद 40 एफआईआर दर्ज की गईं। इसके साथ ही, 292 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 40,623 हो गई है। छापेमारी के नतीजे के रूप में गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों के कब्जे से 3.9 किलो हेरोइन, 500 ग्राम अफीम, 165 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 8190 रुपये की ड्रग मनी बरामद हुई है। जिक्रयोग्य है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और सीनियर पुलिस सुपरिंटेंडेंट को पंजाब को नशा मुक्त प्रदेश बनाने के लिए कहा है। पंजाब सरकार ने नशों के खिलाफ जंग की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अगुवाई में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब कमेटी का भी गठन किया है।

54 गजटेड अधिकारियों की निगरानी के तहत 800 से अधिक पुलिस कर्मियों वाली 100 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्य भर में 268 छापे मारे हैं। पुलिस टीमों ने दिन भर चले इस ऑपरेशन के दौरान 253 संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग भी की।

प्रदेश सरकार ने राज्य में नशों के खात्मे के लिए तीन-आयामी रणनीति - इन्फोर्समेंट, डी-एडिक्शन और प्रीवेंशन - लागू की है। पंजाब पुलिस ने 'नशा छुड़ाने' के हिस्से के रूप में आज 17 व्यक्तियों को नशा छुड़ाने और पुनर्वास इलाज करवाने के लिए राजी किया है।

## राज्यपाल ने 16वीं पंजाब विधान सभा के 10वें (विशेष) सत्र का उठान किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़ 18 दिसंबर।** पंजाब के राज्यपाल द्वारा दिनांक 17 दिसंबर, 2025 को पंजाब विधान सभा, जिसकी दिनांक 24 नवंबर, 2025 की बैठक अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई थी, का उठान (सत्रावसान) कर दिया गया है।

# पिछड़ी श्रेणियों व आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 12.44 करोड़ की राशि जारी की: डॉ. बलजीत कौर

- आशीर्वाद योजना के तहत 15 जिलों के 2440 लाभार्थियों को मिलेगा लाभ
- कहा, राज्य सरकार द्वारा आशीर्वाद योजना के तहत 51,000 रुपये की राशि की जाती है उपलब्ध

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 18 दिसंबर।** सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा आशीर्वाद योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान पिछड़ी श्रेणियों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के 2440 लाभार्थियों को 12.44 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि पिछड़ी श्रेणियों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आशीर्वाद योजना के अंतर्गत जिला अमृतसर, बरनाला, बठिंडा, फिरोजपुर, गुरदासपुर, होशियारपुर, जालंधर, मानसा, श्री मुक्तसर साहिब, पटियाला, रूपनगर, एस.ए.एस. नगर, संगरूर और मलेरकोटला के कुल 2440 लाभार्थियों के आवेदन चालू वर्ष के दौरान आशीर्वाद पोर्टल पर प्राप्त हुए थे। इन 2440 लाभार्थियों को कवर करने के लिए 12.44 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। सामाजिक न्याय मंत्री ने बताया कि इस राशि से जिला अमृतसर के 657, बरनाला के 07, बठिंडा के 44, फिरोजपुर के 124, गुरदासपुर के 509, होशियारपुर के 79 और जालंधर के 92 लाभार्थियों को लाभ दिया गया है। इसी प्रकार जिला मानसा के 143, श्री मुक्तसर साहिब के 70, पटियाला के 42, पठानकोट के 290, रूपनगर के 35, एस.ए.एस. नगर के 13, संगरूर के 50 और मलेरकोटला के 285 लाभार्थियों को भी लाभ दिया गया है। डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि आशीर्वाद योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा राज्य में कम आय वाले परिवारों से संबंधित लड़कियों के विवाह के लिए 51,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि आशीर्वाद योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक पंजाब राज्य का स्थायी निवासी हो, उसका परिवार गरीबी रेखा से नीचे का हो, आवेदक अनुसूचित जाति, पिछड़ी श्रेणियों और अन्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से संबंधित हो तथा परिवार की सभी स्रोतों से वार्षिक आय 32,790 रुपये से कम हो। ऐसे परिवारों की दो बेटियां इस योजना का लाभ लेने की पात्र हैं। कैबिनेट मंत्री ने आगे बताया कि वित्तीय सहायता का भुगतान डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में किया जाता है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार हर वर्ग के लोगों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने और उन्हें आर्थिक रूप से और मजबूत बनाने के लिए तेजी से काम कर रही है। डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार जहां अन्य वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है, वहीं अनुसूचित जातियों, पिछड़ी श्रेणियों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लोगों के कल्याण के लिए भी लगातार कार्य कर रही है।

# कांग्रेस का अविश्वास प्रस्ताव स्वीकार, आज होगी चर्चा

## विधानसभा में कांग्रेस विधायक व कैबिनेट मंत्री में बहस

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 18 दिसंबर।** हरियाणा विधानसभा में गुरुवार को शून्यकाल के दौरान कांग्रेस के विधायक और कैबिनेट मंत्री के बीच जोरदार बहस हो गई। हंगामा इतना बढ़ा कि नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा को हस्तक्षेप करना पड़ा। हंगामे के बाद विधायक और मंत्री दोनों ने अपने शब्दों में खेद व्यक्त किया।

सिरसा से कांग्रेस विधायक गोकुल सेतिया की ओर से पानी की दिक्कत को लेकर उठाए गए मुद्दे पर कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा में जमकर बहस हो गई। कांग्रेस विधायक ने गंगवा को कहा कि आपकी जीरो परफार्मेंस हैं। आपसे अच्छे तो आपके विभाग के अधिकारी हैं। इस पर गंगवा ने विरोध जताया। डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिड्डा ने कांग्रेस विधायक द्वारा बोले गए शब्दों पर आपत्ति प्रकट की। उन्होंने कहा कि आप ऐसा नहीं कह सकते। गंगवा ने कहा कि आप झूठे आरोप लगा रहे हैं, मैं किसी भी अधिकारी को कोई शह देकर नहीं आया। विपक्ष की ओर से हंगामा शुरू कर दिया गया। हंगामे के बीच गोकुल सेतिया तथा मंत्री ने एक-दूसरे को अपशब्द बोल दिए। जिसे लेकर विवाद और बढ़ गया।

डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिड्डा ने कांग्रेस विधायक की ओर से बोले गए शब्दों पर आपत्ति प्रकट की। उन्होंने कहा कि आप ऐसा नहीं कह सकते। गंगवा ने कहा कि आप झूठे आरोप लगा रहे हैं, मैं किसी भी अधिकारी को कोई शह देकर नहीं आया। विपक्ष ने हंगामा किया तो डिप्टी स्पीकर ने विपक्ष के विधायकों को समझाकर शांत किया। नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के हस्तक्षेप करने पर कांग्रेस विधायक और मंत्री गंगवा ने एकदूसरे से खेद प्रकट किया।


विधानसभा में लंच ब्रेक के बाद सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने कांग्रेस का अविश्वास प्रस्ताव चर्चा के लिए स्वीकार कर लिया। स्पीकर ने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव मंजूर कर लिया गया है, जिस पर 19 दिसंबर को दूसरी सिटिंग में चर्चा की जाएगी।

**कांग्रेस विधायक की मांग, वापस हो किसानों पर दर्ज एफआईआर:** कांग्रेस विधायक परमवीर ने आंदोलन के दौरान 750 किसानों पर हुए मुकदमों को वापस लेने की मांग की। शून्यकाल के दौरान कांग्रेस ने किसानों को कर्जमाफी की भी मांग रखी। उन्होंने बारिश के दौरान घग्गर नदी से हुए नुकसान का मुद्दा उठाया। उन्होंने हांसी को जिला बनाने पर कहा कि अब सरकार को टोहाना की भी सुध लेनी चाहिए। सरकार को टोहाना के लोगों की जिला बनाने की मांग पूरी करनी चाहिए।



## विधानसभा में स्पीकर ने किया भूपेंद्र हुड्डा के नेता प्रतिपक्ष बनने का ऐलान

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 18 दिसंबर।** भूपेंद्र सिंह हुड्डा को अधिकारिक रूप से विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष घोषित कर दिया गया है। गुरुवार को विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने सदन को सूचित किया कि नियमों के तहत पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को नेता प्रतिपक्ष के रूप में मंजूरी दी गई है। कांग्रेस विधायक दल का फैसला होने में एक वर्ष से भी अधिक का समय लग गया। बजट सत्र से लेकर अगस्त में हुए मानसून सत्र तक भी कांग्रेस फैसला नहीं कर पाई थी।

लगातार तीन बार नेता प्रतिपक्ष बनने का रिकार्ड भी हुड्डा के नाम है। हुड्डा की नियुक्ति का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हुड्डा चार बार सांसद, छह बार विधायक रह चुके हैं। सीएम ने कहा कि हुड्डा हरियाणा की लोकतांत्रिक यात्र के साक्षी व सहभागी हैं,जो राजनीतिक अनुभव, गहन प्रशासनिक पकड़ रखते हैं और अनुशासित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हुड्डा साहब ने इस सदन में लम्बे समय तक सेवाएं दी हैं। उन्होंने कहा उम्मीद करता हूं कि विपक्ष सकारात्मक, तथ्यात्मक और जनहित के मुद्दों को उठाएगा।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि सदन में यह नई प्रथा है, लेकिन अच्छी शुरूआत है। मैं इससे पहले भी दो बार नेता प्रतिपक्ष रहा हूं लेकिन कभी ऐसा प्रस्ताव नहीं आया। उन्होंने कहा कि प्रजातंत्र में लोग जहां भेजते हैं, वहां जिम्मेदारी निभानी चाहिए। मुझे लोगों ने यहां (विपक्ष) में भेजा है तो मैं यहां लोगों की आवाज बुलंद करूंगा। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में पद से बड़ी जिम्मेदारी होती है।

## पिछड़ा वर्ग में शामिल होगी कुरैशी जाति

### विधानसभा में मामन खान ने सरकार से पूछा



**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने ऐलान किया है कि मुस्लिम समुदाय के अंतर्गत आती कुरैशी जाति को पिछड़ा वर्ग में शामिल किया जाएगा। फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस विधायक मामन खान ने गुरुवार को विधानसभा में यह सवाल उठाते हुए सरकार से पूछा कि क्या कुरैशी (कसाई) जाति (मुस्लिम अल्पसंख्यक) को पिछड़ा वर्ग बीसीए की सूची में शामिल करने का प्रस्ताव है। मामन खान के सवाल के जवाब पर हरियाणा के सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण व अन्त्योदय मंत्री कृष्ण कुमार ने बताया कि कुरैशी जाति को हरियाणा पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल करने हेतु मामला हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग के पास विचाराधीन है। इसे अभी लागू नहीं नहीं किया गया है। बहुत जल्द इस विषय पर निर्णय आने की संभावना है।

## कांग्रेस की मांग पंजाब की तरह लागू हो जिसका खेत, उसका रेत पॉलिसी: सीएम ने विपक्ष की मांग को किया खारिज

हरियाणा के कांग्रेस विधायकों ने गुरुवार को विधानसभा में पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा लागू की गई जिसका खेत, उसकी रेत पॉलिसी की सराहना करते हुए हरियाणा में लागू करने की मांग की। प्रश्नकाल के दौरान शाहाबाद विधायक रामकरण काला ने यह मुद्दा उठाया था। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पंजाब सरकार की तर्ज पर हरियाणा में नीति बनाने की मांग उठाई। सीधे सीएम नायब सिंह सैनी से ही सवाल करते हुए हुड्डा ने कहा – मुख्यमंत्री जी हां या ना में जवाब दें। मुख्यमंत्री मुस्कुराते रहे लेकिन उन्होंने इसका कोई जवाब नहीं दिया। खनन एवं भूविज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार की गैरमौजूदगी में उनकी ओर से जवाब देते हुए कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि गांव काकरा और मलिकपुर से दो किसानों से रेत उठाने के प्रस्ताव दिए थे। डीसी कुरुक्षेत्र की ओर से ये प्रस्ताव जिला खनन अधिकारी को भेजे गए। खनन अधिकारी ने इन प्रस्तावों को इसलिए रद्द कर दिया क्योंकि संबंधित भूमि नदी तल क्षेत्र में आती है और राज्य खनन नियम–2012 में इसके निपटान के लिए अनुमति नहीं दी जा सकती। पूर्व स्पीकर व थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा ने भी यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि सरकार को नीति में बदलाव करके किसानों को राहत देनी चाहिए। बेदी ने कहा कि इसके लिए पैरा–मीटर तय किए गए हैं। बाढ़ के साथ आया रेता अगर खेत में 1 से 3 इंच तक इकट्ठा होता है तो सरकार किसानों को आवेदन करने के बाद 7 दिन में मिट्टी उठाने की अनुमति देती है लेकिन इसके बाद मुआवजा नहीं दिया जाएगा। 3 इंच से 2 फुट तक रेता अगर खेत में जमा होता है तो उसे उठाने के लिए किसानों को पंद्रह दिन का समय दिया जाता है। इसमें शर्त यह है कि इससे होने वाली कमाई का 40 प्रतिशत हिस्सा ग्राम पंचायत को देना होगा। किसान को मुआवजा भी नहीं दिया जाएगा।

## 30 हजार की फीस के साथ बूथों के लाइसेंस होंगे रिन्यू

नीलोखेड़ी (करनाल) से भाजपा विधायक भगवान सिंह कबीरपंथी ने प्रदेश की अनाज मंडियों में स्थित छोटे बूथों को मंडियों में पहले से मौजूद नियमित दुकानों की तर्ज पर नियमित करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि इसके लिए सरकार को नीति बनानी चाहिए। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि मंडियों में सभी छोटे बूथ पहले से ही सभी दुकानों की तरह नियमित हैं। उन्होंने कहा कि जिन बूथों के लाइसेंस 2012 से 2016 के बीच जारी किए गए थे, उन्हें अब मौजूदा नीति के तहत लाइसेंस रिन्यू करवाने होंगे। इसके लिए सरकार ने 30 हजार रुपये की फीस तय की हुई है। बूथों के लाइसेंस रिन्यू के लिए संबंधित कब्जाधारी 31 मार्च, 2026 तक आवेदन कर सकते हैं।

## गोहाना को जिला बनाने की मांग पुरानी, गंभीरता से विचार करे सरकार: डॉ अरविंद शर्मा

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि गोहाना को जिला बनाने की मांग बहुत पुरानी है और इस पर सरकार गम्भीरता से विचार करे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गोहाना को जिला बनाने का वायदा भी किया हुआ है, मुझे पूरा विश्वास है कि वो इस मांग को पूरा भी करेंगे। वीरवार को चंडीगढ़ में हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन अपने विचार रखते हुए सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का हांसी को जिला बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गोहाना को जिला बनाने की मांग हांसी की तरह बहुत पुरानी है, इसलिए सरकार इसपर गम्भीरता से विचार करे, ताकि क्षेत्र के लोगों को प्रशासनिक सुविधाएं और बेहतर सेवाएं मिल सकें। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के मद्देनजर सहकारिता आंदोलन की भूमिका, उसकी पारदर्शिता और किसानों के हितों से जुड़े विषयों पर विस्तार से अपने विचार रखे। उन्होंने इस अवसर पर अपने पूरे विभाग की ओर से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का हार्दिक धन्यवाद एवं सम्मान प्रकट किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार ने समाज के हर कोने तक विकास तथा न्याय पहुंचाने का कार्य किया है। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि सहकारिता को एक मजबूत स्तंभ मानते हुए माननीय मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच के कारण प्रदेश में सहकारी आंदोलन को नई दिशा मिली है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यह सुनिश्चित किया है कि सहकारिता केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि गांव–गांव और कस्बे–कस्बे तक पहुंचे।

## स्वास्थ्य विभाग में मेडिकल व पैरा-मेडिकल के हजारों पद खाली, सरकार ने सदन में पेश की सभी जिलों की रिपोर्ट



हरियाणा सरकार ने स्वीकार किया है कि प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग में मेडिकल तथा पैरा मेडिकल के हजारों पद खाली हैं। गुरुवार को विधानसभा में रानिया के विधायक अर्जुन चौटाला द्वारा उठाए गए मुद्दे पर हरियाणा सरकार ने इस संबंध में सभी जिलों में रिक्त पदों पर रिपोर्ट जारी की। अर्जुन चौटाला ने डाक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट तथा पैरामेडिकल के रिक्त पदों पर सरकार से जवाब मांगा। इसके जवाब में हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने सदन में रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि विभिन्न रिक्त पदों को भरने के लिए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग, हरियाणा लोक सेवा आयोग तथा विभागीय चयन समिति को आवश्यक प्रस्ताव भेजे जा चुके हैं। इन पदों को आगामी एक वर्ष के भीतर भरे जाने की संभावना है। आरती राव ने बताया कि स्थाई व्यवस्था नहीं होने तक सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, हरियाणा कौशल रोजगार निगम के अलावा अंडर ट्रेनिंग कर्मचारी तथा अन्य संविदात्मक स्त्रोतों के माध्यम से कर्मचारियों की तैनाती कर वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में सिविल सर्जनों के 16 पद रिक्त हैं। प्रदेश में विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत कुल 21 हजार 296 स्वीकृत पद हैं। इसकी एवज में 15 हजार 912 पद भरे हुए हैं जबकि 5384 पद रिक्त हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि प्रदेश में एसएमओ के 644 पदों में से 219 पद रिक्त हैं। इसी प्रकार मेडिकल ऑफिसर के 3969 पदों में से 777, सीनियर डेंटल सर्जन के लिए स्वीकृत 56 में से 20, डेंटल सर्जन के 717 में से 58, डेंटल एसिसटेंट के 290 में से 194 पद रिक्त हैं। इसी प्रकार एमपीएचडब्ल्यू के 2734 स्वीकृत पदों में से 597 पद रिक्त हैं। इन पदों को नियमानुसार भरने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

## अंबाला जिले में जर्जर हुई सरकारी स्कूलों की इमारत



मुलाना विधायक पूजा चौधरी ने अंबाला जिले के स्कूलों में सुविधाओं व भवनों की जर्जर हालत का मुद्दा उठाया। शिक्षा मंत्री महिपाल सिंह ढांडा ने विस्तार से जिले के सभी स्कूलों की सुविधाओं का जवाब दिया। साथ ही, उन्होंने शुक्रवार को सुबह 9 बजे पूजा चौधरी को चर्चा के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान विभाग के आला अधिकारी भी मौजूद रहेंगे ताकि कमियों को तुरंत दूर करने का समाधान भी निकाला जा सके। पूजा चौधरी ने बताया कि जिले के कुल 762 स्कूलों में से 257 में इंफ्रास्ट्रक्चर की कमियां मिली हैं। 52 सीनियर सैकेंडरी स्कूलों में 105 कमरों की कमी है। 11 स्कूलों में लाइब्रेरी नहीं है। कंप्यूटर लैब की कमी है। यहां तक की पीने का पानी और शौचालय तक का प्रबंध कई स्कूलों में नहीं है। पिछले दिनों राज्यपाल ने भी स्कूल का दौरा किया तो कमियां मिली और उन्होंने अपने कोटे से शौचालय निर्माण व पेयजल का प्रबंध करने का बजट मंजूर किया। भाजपा विधायक लक्ष्मण सिंह यादव के सवाल के जवाब में शिक्षा मंत्री ने बताया कि काकोरिया के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में 5 लैब, 6 अतिरिक्त कमरों के निर्माण, 3 कमरों की मरम्मत तथा इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाने के लिए 78 लाख 12 हजार रुपये मंजूर किए जा चुके हैं। इसी तरह रेवाड़ी के ततारपुर के स्कूल के लिए 3 करोड़ 17 लाख रुपये जारी किए थे। ठेकेदार ने 40 प्रतिशत काम पूरा होने के बाद कार्य रोक दिया। 8 नवंबर, 2024 को अंतिम नोटिस जारी करने के बाद भी अभी तक काम शुरू नहीं हुआ है। ढांडा ने कहा कि चल रहे लागत मूल्यांकन के बाद जनवरी–2026 में नये सिरे से टेंडर आमंत्रित किए जाएंगे। फतेहाबाद विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने कहा कि बडोपल गांव का केंद्रीय विद्यालय 2016 से ही निजी भवन में चल रहा है। उन्होंने स्कूल के खुद के भवन निर्माण का मुद्दा उठाया। शिक्षा मंत्री महिपाल सिंह ढांडा ने दौलतपुरिया के आरोपों को खारित करते हुए बताया कि यह स्कूल चिंदड मोड़, बडोपल की प्राथमिक पाठशाला में चल रहा है। केंद्रीय विद्यालय की बिल्डिंग निर्माण के लिए भूमि चयन प्रक्रिया चल रही है। जमीन मिलते ही सरकार भवन का निर्माण कराएगी।

## योगेंद्र राणा ने प्रश्न काल में उठाया असंध के गांवों में पेयजल की कमी का मुद्दा

अर्थ प्रकाश/वीरता सिंह

**असन्ध, 18 दिसंबर।** स्थानीय विधायक योगेन्द्र राणा ने हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र में प्रश्नकाल के दौरान क्षेत्र के गांव बंदराला, अरड़ाना, खांडा खेड़ी और फफड़ाना में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति न करने का मामला उठाया। उन्होंने बताया कि असंध क्षेत्र के इन गांवों में जलस्तर कम होने के कारण स्वच्छ पानी की लगातार कमी हो रही है। इसके अतिरिक्त वहां नहरी पानी भी उपलब्ध नहीं है। जबकि 1991-92 से 2001-02 तक इन गांवों में नहरी पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से होती थी पर धीरे-धीरे यह आपूर्ति कम होती गई।

विधायक राणा ने कहा कि इन गांवों में पीने योग्य पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। नहरी



पानी आधारित पेयजल आपूर्ति के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएं। उन्होंने कहा कि असंध के गांव गंगाटेहड़ी, पोपड़ा, झीमरीखेड़ा और कौल खेड़ा भी इसी समस्या का सामना कर रहे हैं। विधायक ने इन गांवों को भी इसी योजना में जोडने की मांग रखी। इस पर लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने विधायक को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस परियोजना पर विभागीय सर्वे जारी है। जल्द ही इन गांवों में नहरी पानी उपलब्ध कराने के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे।

## मुस्लिम महिला का हिजाब हटाना बेहद शर्मनाक: सुशीला शर्मा

**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** कांग्रेस महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष एवं नगर पार्षद सुशीला शर्मा ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक मुस्लिम महिला डा. का हिजाब उतरने की घटना बेहद शर्मानक है। सुशीला ने इसे न केवल आपत्तिजनक बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक मर्यादाओं के खिलाफ बताया। यहां जारी प्रेस बयान में उन्होंने कहा कि किसी भी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति से ऐसी हरकत की अपेक्षा नहीं की जा सकती, खासकर जब मामला एक महिला और अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़ा हो। किसी पुरुष द्वारा एक महिला के कपड़ों, हिजाब को छूना या उतारना ने केवल गैर कानूनी है बल्कि महिला की अस्मिता के विरुद्ध है। एक मुख्यमंत्री द्वारा इस प्रकार बेहुदगी करना सत्ता के अहंकार और असहिष्णुता को दर्शाता है। यह न केवल महिलाओं की सुरक्षा के सवाल खड़े करता है बल्कि अल्पसंख्यकों के प्रति सरकार के रवैये पर भी गंभीर संदेह पैदा करता है।

## आज से श्री कृष्ण कृपा परिवार द्वारा अनाज मंडी में तीन दिवसीय दिव्य गीता सत्संग का शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

**समालखा, 18 दिसंबर।** शहर की नई अनाज मंडी में श्री कृष्ण कृपा परिवार समालखा के सौजन्य से भव्य तीन दिवसीय दिव्य गीता संत्सग का आयोजन किया जाएगा। इस दिव्य गीता संत्सग में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द महाराज श्रद्धालुओं को प्रवचनों देगें। यह जानकारी श्री कृष्ण कृपा परिवार सदस्य नीरज ने वीरवार को आयोजन स्थल पर आयोजित प्रेस वार्ता में निमंत्रण देने के उपरांत कही।

उन्होंने बताया कि श्री श्याम कृपा परिवार द्वारा दिव्या गीता सत्संग का आयोजन तीन दिवसीय प्रोग्राम करवा जा रहा है। सतसंग गीता मुनीषी परम पूज्य स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज पधार रहे हैं। जिनके मुखारविंद से श्री दिव्या गीता ज्ञान सुनने को मिलेगा। 19 से 21 दिसंबर यह कार्यक्रम चलेगा जिसमें बच्चों के द्वारा संस्कृत प्रोग्राम भी किया जाएगा। इसका उद्देश्य है कि गीता जी का ज्ञान प्रकाश को सभी जगह प्रकाशित हो ओर आम जन का उद्धार हों। वही नीरज सिंगल जानकारी देते हुए बताया यह प्रोग्राम तीन दिवसीय है जो की श्री कृष्ण कृपा परिवार समालखा के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जिसमें गीता मनीषी परम पूज्य स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज पधारेंगे जिनके मुख से दिव्या गीता ज्ञान सुनने मिलेगी। यह कार्यक्रम दो दिन शाम को 3:30 बजे से 6:00 तक चलेगा 21 दिसंबर को सुबह 7:00 से 10:00 तक को चलेगा। इस प्रोग्राम में सांस्कृतिक प्रोग्राम भी रहेंगे।

वहीं महिला विंग से सदस्य नीलू सिंघल नें लोगों से अपील की अनाज मंडी में होने वाले 19,20,21तीन दिवसीय दिव्य गीता सत्संग में पहुंचकर गीता मनीषी स्वामी श्री ज्ञानान्द जी महाराज का आर्शीवद प्राप्त करें। अनाज मंडी वाइस चेयरमैन सतबीर शर्मा ने कहा कि सत्संग के उपरांत विशाल भड़ारे का आयोजन भी किया गया है। श्री कृष्ण कृपा परिवार समालखा की ओर से क्षेत्र के आस पास के गांवों में भी लोगों को 19 दिसंबर से आयोजित होने वाले दिव्य गीता सत्संग का न्यौता दिया गया हैं। इस अवसर पर नीरज सिंघल, नंदकिशोर सिंघल, संदीप गुप्ता, पवन सिंघल, मनोज सिंघल, हरदीप छौक्कर, कृष्ण सिंघल, बिजेंद्र प्राशर, अश्वनी गुप्ता, सतबीर शर्मा, रमेश डिकाडला, संजय चौहान, नीलू सिंघल, रितु सिंघल, सुदेश शर्मा, कमलेश, सीमा सिंघल आदि सहित अन्य सदस्यगण मौजूद रहे।

## मेडिकल स्टोर्स वाले एमडी डाक्टरों के साथ कर रहे मुकाबला

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 18 दिसंबर।** टोहाना शहर आसपास के क्षेत्र में मेडिकल हब बन चुका है दूर दराज के क्षेत्र से मरीज यहां अपना इलाज करवाने आते हैं। शहर में अच्छे से अच्छे डिग्री धारक डॉक्टर उपलब्ध हैं फिर भी शहर टोहाना के ज्यादातर मेडिकल हॉल वाले खुद डॉक्टर बने मरीजों पर अपना एक्सपेरिमेंट करते देखे जा सकते हैं ज्यादातर दवाई यह बिना किसी डॉक्टर की पर्ची के देते देखे जा सकते हैं। इन मेडिकल स्टरों पर जाकर मैरिज अपनी बीमारी बताकर दवाई सरेआम लेते देखे जा सकते हैं और यह दवा विक्रेता जिनके पास जो लड़के अनुभवहीन कार्यक्रत होते हैं वह भी सरेआम दवाई देते देखे जा सकते हैं उनमें से ज्यादातर अंडर स्नातक या सिर्फ दवाइयां का अनुभव लेने के लिए ही लगे हुए लड़के होते हैं मरीजों को दवाइयां देने के लिए कम से कम बी फार्मेसी की डिग्री आवश्यक है इन मेडिकल वालों का रिकॉर्ड भी कभी मेंटेन किया हुआ ड्रग इंस्पेक्टर ने चेक करना संभव नहीं समझा है लोगों का यह भी कहना है कि ड्रग इंस्पेक्टर तो सिर्फ उसे दिन ही दिखाई देता है जिस दिन पुलिस ने कोई नशे की दवाइयां बेचने वाला पकड़ा होता है नहीं तो ड्रग इंस्पेक्टर शहर में कभी निरीक्षण करने आता तो दिखाई ही नहीं देता पता नहीं ऐसा क्या मेडिकल हाल वालों ने कोई जादू किया हुआ है। जबकि हरियाणा सरकार ने ड्रग्स विभाग की हरियाणा की टीम ने मेडिकल स्टरों पर नशीली दवाओं और मेडिकल नशे पर रोक लगाने के लिए व्यापक चेकिंग अभियान चलाया हुआ है।

## गांव अमीन को मिली ऐतिहासिक सौगात: अभिमन्यु पार्क

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा

**कुरुक्षेत्र, 18 दिसंबर।** गांव अमीन के लिए यह गर्व और खुशी का विषय है कि लगभग पाँच एकड़ क्षेत्रफल में निर्मित 'अभिमन्यु पार्क' अब अपने अंतिम चरण में पहुँच चुका है। यह भव्य पार्क न केवल गाँव की पहचान को नई ऊँचाई देता है, बल्कि यह वर्तमान सरपंच श्री गौरव ज़ैलदार के दूरदर्शी, नेकदिल और ईमानदार नेतृत्व का जीवंत उदाहरण भी है।

सुबह-शाम सैर करने वालों के लिए यह पार्क शांत, स्वच्छ और सुंदर वातावरण प्रदान करेगा। बच्चों के मनोरंजन हेतु आकर्षक झूले लगाए गए हैं, वहीं हरे-भरे लॉन और पौधों की सिंचाई के लिए आधुनिक स्प्रिंकलर सिस्टम स्थापित किया गया है, जिससे पार्क की हरियाली सदैव बनी रहे।

पार्क के भीतर चार सुंदर हट बनाए गए हैं, जहाँ ग्रामीण बैठकर प्रकृति का आनंद ले सकते हैं। गाँव की पहचान रहे महान योद्धा



वीर अभिमन्यु की भव्य प्रतिमा भी यहाँ स्थापित की गई है। इसके साथ ही चक्रव्यूह का प्रतीकात्मक निर्माण किया गया है, जो वीर अभिमन्यु के अद्वितीय शौर्य, साहस और बलिदान को सदैव स्मरण कराता रहेगा।

यह सराहनीय कार्य सूरजकुंड कमेटी एवं ग्राम पंचायत के संयुक्त प्रयास से संभव हो पाया है, जिसमें सरपंच गौरव ज़ैलदार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। उनके नेतृत्व में पारदर्शिता, ईमानदारी और जनहित को सर्वोपरि रखा गया, जिससे गाँव अमीन विकास की राह पर निरंतर आगे बढ़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि गौरव ज़ैलदार एक अच्छे, नेकदिल और ईमानदार सरपंच हैं, जो बिना भेदभाव के गाँव के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। अभिमन्यु पार्क आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वास्थ्य, संस्कृति और प्रेरणा का केंद्र बनेगा।

## पीएम मोदी ने बनाया गांधी और पटेल के गुजरात को इंटरनैशनल विकास का माडल

### यदि विकास और भाई चारे के साथ कानून व्यवस्था का माडल देखना है तो गुजरात जाइये

**मार्च फोर यूनिटी में भाग लेकर हरियाणा के युवा मैंटर मिहिर वैनर्जी गुजरात के लोगों के मुरीद**

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 18 दिसंबर।** करनाल के ही नहीं देश के जाने माने युवा मैंटर मिहिर वैनर्जी ने हाल ही में यु खेल एवं कल्याण मंत्रालयतथा गजरात सरकार द्वारा लौह पुरुष सरदार पटेल के जन्म स्थान से स्टेच्यू आफ यूनिटी तक निकाली गई मार्च आफ यूनिटी एंड नैशन स्ट्रैंथ में भाग लेकर लैटे हैं। देश भर से 125 अपने क्षेत्र की जानी मानी विभूतियों ने भाग लिया। हरियाणा का प्रतिनिधित्व मिहिर वैनर्जी ने किया। वहां से लौट कर करनाल पहुंचने पर उन्होंने खास बातचीत की। उन्होंने बताया कि उन्हें देश भर के लोगों से मिलने का अवसर मिला। यह मार्च 26 नवंबर से शुरू होकर छह दिसंबर को समाप्त हुई। यह यात्रा राष्ट्रीय मजबूती और आत्म निर्भर स्वाभिमान भारत की प्रतीक रही। इस यात्रा में मौजूदा उप राष्टपति श्री कृष्णन, पूर्व राष्टपति वैंकया नायडू, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया , पीयूष गोयल , रवनीत बिट्टू गुजरात के मुख्यमंत्री महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत सहित तमाम राज्यपाल मुख्यमंत्रियों राज्य सरकार के मंत्रियों ने इस दौड़ में भाग लिया। उन्होंने कहा कि गुजरात को यूं ही नही विकास का माडल कहते हैं। वहां के लोगों में जबाब देही, स्वायं की जिम्मेदारी नागरिक कर्तव्य की भावना मिलती हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन्म भूमि का देखने का अवसर मिला। उन्हें मोरारजी देसाई, सरदार पटेल और नरसिंह दास मैहता के गुजरात को समझने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुरीद बन गए हैं। मिहिर वैनर्जी ने बताया कि गुजरात में महिलाएं आधी रात को भी बिना किसी डर के घूमती हैं। वहां पर उन्हं किसीर का डर नहीं हैं। विकास के प्रति जिम्मेदारी वहां के जन प्रतिनिधियों में दिखती हैं। उन्होंने कहा कि गुजरात में सांसद विधायक मुख्यमंत्री मंत्री केंद्रीय मंत्री विना किसी सुरक्षा के घूमते हैं। वह आम लोगों के अधिक नजदीक रहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस तेजी से काम कर रहे है। उसके रहते 2047 से पहले ही भारत विकसित देश बन जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास जीत का गारंटी पीएम मोदी हैं। आज मोदी हैं तो विकसित भारत हैं। पीएम मोदी को लेकर उन्होंने कहा कि पीएम मोदी विश्व के सबसे श्रेष्ठ शासक हैं। उनकी अगुवाई में देश आज विश्व की सबसे महान शक्ति बन गया हैं। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान उन्हें थकान का अहसास नहीं हुआ। केंद्रीय मंत्री मंडाविया उनके साथ सत्तर किलोमीटर पैदल चले। वहीं पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी यात्रा के साथ चलने में रूचि दिखाई। उन्हें हर रोज कुछ नया सीखने का अवसर मिला।

### लालजीत सिंह भुल्लर की अध्यक्षता में पंजाब स्टेट रोड सेफ्टी काउंसिल की 16वीं बैठक

# काउंसिल द्वारा 5 ट्रामा केयर सेंटरों के आधुनिकीकरण के लिए 66 लाख रुपये के फंड जारी करने का निर्णय

'ई-डार प्रोजेक्ट को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए 415 स्मार्ट फोन पुलिस विभाग के आईओज़ को देने का फैसला

35 ए.एल.एस. एम्बुलेंसों के लिए 14 करोड़ रुपये 31 मार्च, 2026 तक जारी करने का भी फैसला

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 18 दिसंबर।** पंजाब स्टेट रोड सेफ्टी काउंसिल की 16वीं बैठक पंजाब के परिवहन मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक के दौरान काउंसिल द्वारा 5 ट्रामा केयर सेंटरों के आधुनिकीकरण के लिए 66 लाख रुपये के फंड जारी करने का फैसला किया गया। इस मौके पर ई-डार प्रोजेक्ट को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए 415 स्मार्ट फोन पुलिस विभाग के आईओज़ को देने का फैसला भी लिया गया। इसके अलावा 35 ए.एल.एस. एम्बुलेंसों के लिए 14 करोड़ रुपये 31 मार्च, 2026 तक जारी करने का फैसला भी काउंसिल द्वारा लिया गया।

आज यहां पंजाब भवन चंडीगढ़ में हुई इस बैठक में विस्तार से ई-डार प्रोजेक्ट संबंधी, ब्लैक स्पॉट की रेक्टीफिकेशन संबंधी मुद्दों पर चर्चा की गई। इस मौके पर पंजाब सरकार और भारत सरकार की स्कीमों गुड स्मार्टियन को अवार्ड देने संबंधी, हिट एंड रन के प्रभावित व्यक्तियों को लाभ देने संबंधी, रोड एक्सीडेंट के प्रभावित व्यक्तियों को मुफ्त इलाज, फरिश्ते स्कीम पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक्स इक्विपमेंट, इंटरसेप्टर्स, रिकवरी वैन, एल्कोमीटर जल्द से जल्द खरीदने के निर्देश दिए गए ताकि इन्फोर्समेंट के काम में सुधार लाया जा सके।

इसके अलावा ई-डार प्रोजेक्ट को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए 415 स्मार्ट फोन पुलिस विभाग के आईओज़ को देने का फैसला किया गया।

इस मौके पर 5 ट्रामा केयर सेंटरों के आधुनिकीकरण के लिए 66 लाख रुपये के फंड जारी करने का फैसला किया गया। इसके अलावा 35 ए.एल.एस. एम्बुलेंसों के लिए 14 करोड़ रुपये 31 मार्च, 2026 तक जारी करने का फैसला किया गया।

काउंसिल द्वारा यह भी फैसला किया गया कि इस धुंध के सीजन के दौरान भयानक एक्सीडेंट को रोकने के लिए व्हाइट लेयर, रिफ्लेक्टर टेप, रोड मार्किंग लाइट्स का काम संबंधित रोड ओनिंग एजेंसी द्वारा एक हफ्ते में पूरा किया जाएगा। इस काम के लिए यदि जरूरत हो तो एक लाख रुपये संबंधित डिप्टी कमिश्नर मौजूदा रोड सेफ्टी फंड से रिलीज करेंगे।

बैठक में यह भी फैसला लिया गया कि धुंध के मौसम के दौरान लाइट्स आदि न होने के कारण यदि एक्सीडेंट होता है तो इसकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी उस रोड के चीफ इंजीनियर की होगी।

बैठक में यह भी फैसला लिया गया कि हिट एंड रन स्कीम को अच्छे तरीके से लागू करने के लिए अगले दो महीनों के दौरान मुख्य जिला हेडक्वार्टर्स पर ओरिएंटेशन/ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाए जाएंगे ताकि प्रभावित व्यक्तियों को इस स्कीम का उचित लाभ मिल सके।

नेशनल रोड सेफ्टी महीना, 2026 मनाने के लिए विभिन्न विभागों जैसे ट्रैफिक पुलिस, परिवहन विभाग, स्वास्थ्य विभाग और विभिन्न एनजीओज़ को बढ़-चढ़कर काम करने के निर्देश जारी किए गए। यह प्रोग्राम पूरे जनवरी महीने के दौरान किए जाएंगे।

इस बैठक में श्री वरुण रूजम, आई.ए.एस. प्रबंधकीय सचिव परिवहन, श्री आर. वेंकट रत्नम, आई.ए.एस. (रिटा.) डायरेक्टर जनरल लीड एजेंसी ऑन रोड सेफ्टी, पंजाब, श्री ए.एस. राय, स्पेशल डीजीपी ट्रैफिक, श्रीमती परनीत शेरगिल, आई.ए.एस. स्टेट ट्रांसपोर्ट कमिश्नर, पंजाब, रोड सेफ्टी के संयुक्त सचिव, चीफ इंजीनियर स्थानीय निकाय, एन.एच.ए.आई., स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

# बिना तथ्यों व प्रमाणों के जनता को गुमराह कर रहा विपक्ष: सुरभि गर्ग

चेयरपर्सन ने भाजपा कार्यकर्ताओं को बताई एसआइआर की बारिकियां

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 18 दिसंबर।** नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने कहा कि एसआइआर व तथाकथित वोट चोरी के मुद्दे पर विपक्ष के लोगों को गुमराह कर रहा है। विपक्ष बिना तथ्यों व प्रमाणों के जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है, जबकि भाजपा लोकतंत्र की मजबूती और पारदर्शिता के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। जींद रोड माडल टाउन स्थित अपने निवास पर कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुए कहा कि एसआइआर जैसे सुधारात्मक कदम प्रशासनिक पारदर्शिता, जवाबदेही और सिस्टम को मजबूत करने के लिए जरूरी हैं, लेकिन विपक्ष इन्हें गलत तरीके से पेश कर भ्रम फैलाने में लगा है। सुरभि गर्ग ने आरोप लगाया कि जब-जब किसी राज्य में चुनाव नजदीक आते हैं, विपक्ष अपनी हार की आशंका के चलते वोट चोरी जैसे बेबुनियाद मुद्दे उछालकर लोकतांत्रिक संस्थाओं पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत का चुनाव आयोग एक स्वतंत्र और संवैधानिक संस्था है, जिसकी निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर देश-विदेश में भरोसा किया जाता है। बिना किसी ठोस सबूत के आरोप लगाना न केवल असंवैधानिक है, बल्कि मतदाताओं के विश्वास को कमजोर करने का प्रयास भी है। नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने कहा कि विपक्ष को जनता के सामने अपने विकास कार्यों और नीतियों के आधार पर जाना चाहिए, न कि झूठे आरोपों के सहारे। भाजपा संगठन बूथ स्तर तक सक्रिय होकर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को मजबूत कर रहा है, जबकि विपक्ष केवल बयानबाजी तक सीमित है। अंत में उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि वे विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे अफवाहों और झूठे प्रचार से सावधान रहें और विकास, सुशासन व पारदर्शिता के पक्ष में खड़े हों। सुरभि ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में जनता विपक्ष की सच्चाई को समझेगी और लोकतंत्र को कमजोर करने वाली राजनीति को नकार देगी। इस अवसर पर वाइस चेयरपर्सन सीमा देवी, पार्षद परमजीत कौर, रोहन मित्तल, प्रवेश शर्मा, राजेश सिसोदिया, रजत थरेजा, दीपक शर्मा, राज सैनी, रिंकू सैनी, विक्की धीमान सहित अन्य मौजूद रहे।

# विधान सभा में जगमोहन आनंद ने उठाई करनाल की आवाज

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 18 दिसंबर।** विधायक जगमोहन आनंद ने आज विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सदन में करनाल से जुड़े कई जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं और खेल सुविधाओं के विस्तार तक का रोड मैप सदन में रखा। विधायक ने सेक्टर-12, जीटी रोड, लघु सचिवालय चौक से महात्मा गांधी चौक तक की सडक़ पर जाम की समस्या का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यहां जिला सचिवालय, न्यायालय, नागरिक अस्पताल और कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज जैसे महत्त्वपूर्ण संस्थान हैं। उन्होंने जनहित में इस मार्ग पर एलिवेटेड पुल के निर्माण की मांग की। उन्होंने सेक्टर-3 में ऑटो मार्केट की शिफ्टिंग में हो रही देरी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने बताया कि मार्केट एसोसिएशन ने 2016 की पॉलिसी के अनुसार 10 प्रतिशत राशि जमा कर दी है, लेकिन अभी तक दुकान अलाट नहीं की गई। उन्होंने करनाल क्षेत्र के मास्टर डेवलपमेंट प्लान को भी जल्द सिरे चढ़ाने की मांग की। श्री आनंद ने कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज में हृदय रोग विशेषज्ञ और न्यूरोसर्जन के खाली पदों को तुरंत भरने और अत्याधुनिक सुविधाओं वाली कार्डियक पैथ लैब की स्थापना करने की भी मांग की। विधायक ने मॉडल टाउन के पास स्थित दयानंद कॉलोनी के 5,000 निवासियों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि यहां बाकी बचे हुए मकानों को भी नियमित किया जाए। इसके अलावा कर्ण स्टेडियम का मुद्दा उठाते हुए कहा कि यहां टेनिस कोर्ट, हॉस्टल, प्रशासनिक ब्लॉक, जिमनास्टिक हॉल और तलवारबाजी हॉल के लंबित कार्यों को अति शीघ्र पूरा करने की मांग की।

# कलायत में सरेआम सरकार के सड़क सुरक्षा आदेशों को हवा में उड़ा रहे डोर टू डोर सफाई एजेंसी के खस्ता वाहन

समाज सेवी संगठनों ने जिला भर में यातायात नियम तोडऩे पर डीजीपी को पत्र लिखने का लिया निर्णय

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला

**कलायत, 18 दिसंबर।** प्रदेश सरकार द्वारा शीत लहर और पाला को देखते हुए जारी सड़क सुरक्षा निर्देशों को कलायत नगर पालिका क्षेत्र के डोर टू डोर कार्य में प्रयुक्त वाहन हवा में उड़ा रहे हैं। ऐसे में गली-गली घुमने वाले ये वाहन खुद सफाई कर्मियों व आम लोगों के लिए खतरा बनते नजर आ रहे हैं। परिणामस्वरूप हर किसी इस दिशा में कार्यवाही की मांग कर रहा है। शहर के लोगों का कहना है कि कचरा उठाने के लिए कुल चार वाहन उपलब्ध हैं। वाहनों की हालत ऐसी है कि पहियों से लेकर स्टेरिंग तक कहीं भी सुरक्षा के मापदंड पूरे दिखाई नहीं पड़ रहे। स्टेरिंग ढीली है, ब्रेक प्रणाली कमजोर है और टायर भी घिस चुके हैं। जिससे फिसलन के मौसम में दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। सबसे चिंताजनक स्थिति वाहनों में लगी बैटरी को लेकर है। सफाई कर्मचारियों के अनुसार बैटरी को जुगाड़ के सहारे ड्राइवर के पैरों के पास रखा गया है। जो किसी भी समय जानलेवा साबित हो सकता है। बैटरी की क्षमता इतनी कमजोर है कि जैसे ही डिपर या हेडलाइट चालू की जाती है वाहन बंद हो जाता है। फिर वाहन को धक्का लगाकर आगे बढ़ाना पड़ता है। ठंड और कोहरे के बीच इस तरह की व्यवस्था गंभीर हादसे को दावत दे रही है।

### चालक के लिए भी नहीं सुविधा जनक सीट

वाहनों में चालक और अन्य कर्मचारियों के बैठने के लिए भी सुरक्षित सीटें उपलब्ध नहीं हैं। कई बार तो कर्मचारियों को आगे झुकर या असंतुलित स्थिति में सफर करना पड़ता है। इससे उनकी सेहत पर बुरा असर पड़ता है। सड़क पर चल रहे अन्य लोगों के लिए भी खतरा उत्पन्न होता है। सफाई कर्मचारियों का कहना है कि वे मजबूरी में इन वाहनों से काम करने को विवश हैं। यदि कोई दुर्घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? यह बड़ा सवाल है। उन्होंने प्रदेश सरकार से प्रभाव से इन जर्जर वाहनों को हटाकर नए और सुरक्षित वाहन उपलब्ध कराए जाएं। ताकि सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके और किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके।समाज सेवी संगठनों का कहना है कि सरकार द्वारा प्रदेश भर में गिले व सूखे कचरे को अलग-अलग कूड़ादान में रखने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके विपरीत खुद डोर टू डोर वाहनों में गिला व सूखा कचरा अलग से डालने की कोई व्यवस्था नहीं। मामले में जल्द कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि स्वच्छता व्यवस्था जरूरी है। लेकिन कर्मचारियों और आम जनता की जान जोखिम में डालकर नहीं। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कब तक संज्ञान लेता है। डोर टू डोर सफाई कर्मचारी नेता अनमोल ने बताया कि वाहनों की कमजोर स्थिति व कर्मियों के सामने निरंतर जरूरत के सामान की सामने आ रही समस्या से अधिकारियों और एजेंसी को अनेकों बार अवगत करवाया जा चुका है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### दैनिक जीवन में योग को शामिल करें: उपायुक्त

**पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)।** सर्दी के मौसम में स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना जरूरी है। ठंड के कारण सर्दी-खांसी, जुकाम, सांस संबंधी रोग और जोड़ों के दर्द की शिकायत बढ़ जाती है। ऐसे में योग हमारे लिए प्राकृतिक और प्रभावी उपाय साबित हो सकता है। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि नियमित योग अभ्यास से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक तनाव भी कम होता है। उपायुक्त डॉ दहिया ने बताया कि सर्दी के मौसम में योग का अभ्यास बंद कमरे में करना चाहिए, ताकि ठंडी हवा से शरीर को नुकसान न पहुंचे। योग करते समय कमरे का तापमान सामान्य होना चाहिए और योगासन खाली पेट या हल्का भोजन करने के बाद ही करना चाहिए। उपायुक्त डॉ दहिया ने कहा कि योग हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है, जिससे शरीर मौसमी बीमारियों से लडऩे में सक्षम बनता है। डॉ. दहिया ने विशेष रूप से कपालभाति और अनुलोम-विलोम प्राणायाम के लाभों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कपालभाति करने से पेट की चर्बी कम होती है, पाचन तंत्र मजबूत होता है और शरीर में ऊर्जा का संचार होता है। यह प्राणायाम फेफड़ों को मजबूत करने के साथ-साथ सर्दी-खांसी से बचाव में भी सहायक है।

### अभिभावकों की चिंता बनी प्राइवेट निजी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों का अकेडमी की परीक्षा पास न करना

**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** शहर टोहाना व ग्रामीण क्षेत्रों में सैकड़ो निजी व प्राइवेट स्कूल संचालन में है आपस में हर क्षेत्र में शिक्षा के नाम पर प्रतिस्पर्धा कंपटीशन करते देखे जा सकते हैं। हर प्राइवेट व निजी स्कूल वाले बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए शिक्षा के क्षेत्र में हर प्रकार के विषय में दूसरे स्कूलों से अलग बहुत ही अच्छे व प्रभावी ढंग से पढ़ाया जाने की बातें करते दिखाई देते हैं और अभिभावकों को अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा और सुनहरी भविष्य के लिए इन महंगे से महंगे वह आलीशान बने स्कूलों में पढ़ाई करवाते हैं और जब एक शहर में ही चल रही एकेडमियों द्वारा आयोजित किसी भी विषय पर परीक्षा में बच्चे अपनी परीक्षा देते हैं उस वक्त महंगे से महंगे स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे जिन पर प्राइवेट स्कूल वालों ने अपने हर विषय में अच्छा अनुभव और फूल एजुकेटेड अध्यापकों द्वारा पढ़ाये हुए होते हैं वह इन एकेडमियों की परीक्षा उत्तीर्ण करने में असफल हो जाते हैं फिर अभिभावक उन स्कूलों को कोसते हुए अपने बच्चों को अकादमी में लगाने के लिए विवश हो जाते हैं बच्चे सुबह से लेकर शाम तक प्राइवेट निजी स्कूलों में पढ़कर फिर अकादमी में जाते देखे जा सकते हैं। अभिभावकों ने पहले अपने बच्चों की अच्छी पढ़ाई के लिए सरकारी स्कूल छोड़ महंगे प्राइवेट में निजी स्कूलों में पढ़ाई करवाते हैं फिर जब उनमें भी बच्चे नालायक ही रहते हैं फिर अकादमी का रुख करते दिखाई देते हैं कई प्राइवेट व निजी स्कूल वाले खुद ही अकादमी का परामर्श देते दिखाई देते हैं शिक्षा विभाग सब कुछ देखते हुए भी आंखें बंद किए हुए तमाशाव्हीन बना हुआ है।

### पूर्व सैनिकों ने उपायुक्त अपराजिता से की भेंट

**कैथल (अप्रस)।** पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल का प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व सैनिकों एवं सैनिक परिवारों की समस्याओं को लेकर उपयुक्त अपराजिता से भेंट की। एसोसिएशन के प्रधान जगजीत फौजी ने बताया कि उनके सामने पूर्व सैनिकों, पूर्व सैनिक परिवारों को खासकर फैमिली पेंशन के टाइम पर फैमिली पैंशन, ईसीएचएस कार्ड, सीएसडी कार्ड वगैरा के लिए चर्चा हुई। जब पारिवारिक सदस्यों के अक्षर या जन्म तिथि में अंक वगैरा गलत हो जाते हैं तो सैनिक परिवारों को दर-दर की ठोकरे खानी पड़ती हैं। साथ ही मुख्य सचिव हरियाणा सिविल सचिवालय चंडीगढ़ के लिए पत्र दिया कि पूर्व सैनिकों के सैन्य दस्तावेज को हरियाणा में मान्यता दी जाए और सीईटी पेपर को अग्निवीर की तरह से पूर्व सैनिकों को भी रियायत दी जाए।

# स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर शहर में आई.ई.सी. गतिविधियां जारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**करनाल, 18 दिसंबर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को लेकर नगर निगम करनाल की स्वच्छ भारत मिशन शहरी टीम शहरवासियों को जागरूक करने को लेकर लगातार सूचना, शिक्षा और संचार (आई.ई.सी.) गतिविधियां चला रही है। इसके तहत टीम रोजाना विभिन्न राजकीय स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों को 5 प्रकार के डस्टबिन, गीला व सूखा कचरा अलग-अलग करना, साफ-सफाई, सिंगल यूज प्लास्टिक के नुकसान तथा पर्यावरण प्रदूषण को लेकर जागरूक कर रहे हैं। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि नगर निगम का शुभकंर शेरू भी विद्यालयों में जाकर बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करता है, ताकि बच्चे घर जाकर अपने परिवार व आस-पड़ोस को जागरूक कर सकें। इस दौरान बच्चों से सवाल-जवाब भी किए जाते हैं।

### छात्राओं ने पेप्सिको इंडिया का शैक्षणिक एवं औद्योगिक भ्रमण किया

**कुरुक्षेत्र (अप्रस)।** देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से ग्रामीण आंचल की। कन्याओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से गतिमान श्री जयराम महिला बीएड कालेज की छात्राओं ने पेप्सिको इंडिया लिमिटेड गुरुग्राम' का शैक्षणिक एवं औद्योगिक भ्रमण किया। कालेज की प्राचार्या डा. प्रतिभा श्योकंद ने बताया कि नवीन जिंदल फाउंडेशन, निमाया फाउंडेशन, एस्कॉर्ट कुबोटा के सौजन्य से चल रही कार्यशाला जीईएन एआई रेडी नारी में बीएड की छात्राओं जसनीत, साक्षी, अमन दीप, सिमरन, प्रियंका, शिवानी, सरिता तथा संध्या का पेप्सिको में शैक्षिक औद्योगिक भ्रमण के लिए चयन हुआ। इस अवसर पर कालेज की छात्राओं ने डर के आगे जीत है विषय पर अपनी प्रेरणादायक प्रस्तुती दी। अपनी प्रस्तुती में उन्होंने आत्म-विश्वास, चुनौतियों का सामना करने, असफलताओं से सीखने और लक्ष्य प्राप्ति के लिए सकारात्मक सोच के महत्व पर प्रकाश डाला। उनकी प्रस्तुति को पेप्सिको के अधिकारियों एवं उपस्थित सभी लोगों ने सराहा। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को कॉरपोरेट कार्य संस्कृति, नवाचार, नेतृत्व और व्यावसायिक प्रक्रियाओं की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था।

# धुंध व कोहरे में हादसों से बचाव के लिए करें ट्रैफिक नियमों का पालन: रामचंद्र जडौला

कहा- सभी वाहन चालक अपने वाहनों के आगे पीछे रिफ्लैक्टर टेप लगवाए

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 18 दिसंबर।** हैफेड के पूर्व डायरैक्टर एवं समाजसेवी रामचंद्र जडौला ने सभी को जागरूक करते हुए कहा कि सर्दी के मौसम में पडऩे वाली धुंध व कोहरे से बचाव के लिए ट्रैफिक नियमों का पालन करें और स्वयं के साथ दूसरो की जिंदगी की रक्षा करें, क्योंकि सावधानी व सर्तकता में ही बचाव है। उन्होंने कहा कि दुपहिया वाहन चालक हैल्मेट का प्रयोग करें और वाहन चालक धुंध में वाहनों को सडक़ पर खड़ा करने की बजाए सडक़ किनारे वाहन साइड दबाकर डिपर जलाकर खड़ा करें, ताकि आगे व पीछे से आने वाले वाहन सुरक्षित हो और स्वयं भी सुरक्षित रहे। यहां एक भेंटवार्ता में बातचीत करते हुए पूर्व हैफेड प्रधान रामचंद्र जडौला ने कहा कि जिला पुलिस प्रशासन निरंतर वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए वाहनों पर निःशुल्क रिफ्लैक्टर टेप लगा रही है। पुलिस के इस जागरूकता अभियान में हर वाहन चालक को सहयोग की आहुति डालते हुए दुघर्टनाओं से बचाव के लिए वाहनों के आगे-पीछे रिफ्लैक्टर टेप लगाए। इसके साथ वाहनों का ओवरटेक करने से परहेज करें। उन्होंने कहा कि ओवर स्पीड में वाहन चलाना तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करना सडक़ दुर्घटना का कारण बन जाते है, जिसके बारे में चालकों को सजग रहना चाहिए, क्योंकि आपका जीवन अनमोल है। समाजसेवी रामचंद्र जडौला ने कहा कि हम सभी का नैतिक कर्तव्य बनता है कि अपने आसपास सर्दी के दिनों में अगर कोई जरूरतमंद व्यक्ति बिना गर्म कपड़े के नजर आता है तो उसकी हर संभव मदद करनी चाहिए। एक इंसान ही दूसरे इंसान के काम आता है। परोपकार की भावना सभी को अपने मन में रखनी चाहिए।


COURT NOTICE

(U/O 5 RULE 20 CPC)
IN THE COURT OF
Ms Manmeet Kaur
Civil Judge (Junior Division), Dera Bassi

SONIA BHOPLA
Vs
SURYA INFRASTRUCTURE AND BUILDERS

CIS NO CS/1105/2025
CNR No. PBSAB0-001790-2025
Next Date:- 20-01-2026

PUBLICATION ISSUED TO:
DEF NO 3 RAM BHAJ MITTAL SO KAPOOR CHAND MITTAL SO SH KAPOOR CHAND MITTAL, PARTNER SURYA INFRASTRUCTURE AND BUILDER OFFICE AT SCO2 KALGIDHAR ENCLAVE BALTANA ZIRKPUR SAS NAGAR
DEF NO 4 BRIJ LAL MITTAL SO SH KAPOOR CHAND MITTAL, PARTNER SURYA IFRASTRUCTURE AND BUILDERS, HAVING REGISTERED OFFICE AT SCO NO 2 KALGIDHAR ENCLAVE BALTANA, ZIRKPUR, DISTT SAS NAGAR
DEF NO 6 GAURAVJEET SINGH S/O SH DALJIT SINGH RO FLAT NO 134, POCKET 5-B SECTOR DWARKA GARESH APARTMENT BATUK II CGHS LIMITED SECTOR 3.NEW DELHI 110078
DEF NO7 GENRAL PUBLIC

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 20-01-2026 at 10:00 AM
For details logon to https:// highcourtchd.gov.in/?mod=district notice&district=mogacourt

Civil Judge (Junior Division)
Derer Bassi
Dated, this day of 17-12-2025



COURT NOTICE

(U/O 5 RULE 20 CPC)
IN THE COURT OF
Ms Manmeet Kaur
Civil Judge (Junior Division), Dera Bassi

ALOK KAPOOR
Vs
SURYA INFRASTRUCTURE AND BUILDERS

CIS NO 1096/2025
CNR No. PBSAB0-001776-2025
Next Date:- 20-01-2026

PUBLICATION ISSUED TO:
DEF NO 3 RAM BHAJ MITTAL SO KAPOOR CHAND MITTAL OFFICE AT SCO NO. 2 KALGIDHAR ENCAVE BALTANA ZIRKPUR DISTT SAS NAGAR
DEF NO 4 BRIJ LAL MITTAL SO SH KAPOOR CHAND MITTAL, PARTNER SURYA IFRASTRUCTURE AND BUILDERS, HAVING REGISTERED OFFICE AT SCO NO 2 KALGIDHAR ENCLAVE BALTANA, ZIRKPUR, DISTT SAS NAGAR
DEF NO 6 GENRAL PUBLIC

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 20-01-2026 at 10:00 AM
For details logon to https:// highcourtchd.gov.in/?mod=district notice&district=mogacourt

Civil Judge (Junior Division)
Derer Bassi
Dated, this day of 17-12-2025

AP-6312



pbilk nits

hr Am vk Kks f ies pbilk nits rkhl sicq klqk jkdk h ik ngr kksl Pkizlkk d hkas tks/ pkprtl tks rijstr dk nvk pkprtl tks nbr 6/328 vkikAk ck Gtk Gr sirdr nkQ p-qr mrkrl lkl d nkm q drj h[ sirdr nkQ p-qr mrkrl lkl dl mq imql 13.08.2007 f h c-kl h[ sirdr nkQ dl pqnl slmk dl mq imql 29-10-2007 f h c-kl h[ sirdr nkQ p-qr mrkrl lkl d qihslldkr Pkizlkk jl vlk k-l 1 vkrs 1) mqvPl SKr nkgpkl p-qr sirdr nkQ qsdlk he hn[ SKr nkgpkl dl mq imql 30-11-2016 f h c-kl h[ SKr nkgpkl d vkrs ismrn nkgpkl ivDvk vk, kinSk p-qr vk, qnlSk p-qrl SKr nkgpkl hn[ ismrn nkgpkl ivDvk SKr nkgpkl n akq pkprtl Akpx nkm Aq bkkl vkrsk d nkm qbdll krvkax lel iek ibn p-qr, ibAkn hlPl, vkrs qsdlk irprt Aq sirdr nkQ p-qr mrkrl lkl dk mq srtliPkt pS klqk h[ akq nkm pkprtl tks mqv lel qbdll krn ivc jkr iks f kel ieqrkj hv qk ah Akpxk ieqrkj ies nits d AKbkr ivc Cpx q 15 idn d Adr Adr Askl qn jk vkklqn ilKq rp ivc dPqr ngr kksl Pkizlkk ivK d skdk h[ bkAd gjrn imAkd kel ieqrkj nhl sixAk jkvgk Aq akq pkprtl skr vkrsk d nkm isrP pkprtl tks mqv lel ngr kksl Pkizlkk d pprtl tks rijstr ivc qbdll krn sbDl kkrvkel Aml ivc ilAkdl jkvgl[

kkrj skDk APsr[
ngr kksl Pkizlkk


# आप सांसद ने संसद में आंगनबाड़ी वर्कर्स और हेल्परों को मिलने वाले बेहद कम मानदेय को बढ़ाने से लेकर पंजाब के लिए 20 हज़ार करोड़ तक की मांग

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 18 दिसंबर।** संगरूर से आम आदमी पार्टी के लोकसभा सदस्य गुरमीत सिंह मीत हेयर ने संसद में सप्लीमेंट्री मांगों पर चर्चा के दौरान कई ज्वलंत मुद्दे उठाए और अनुदान की मांग की।

मीत हेयर ने आंगनवाड़ी वर्करों और हेल्परों को स्थायी करने के साथ-साथ उन्हें मिलने वाले बेहद कम मानदेय को बढ़ाने, पंजाब को बाढ़ के लिए घोषित 1600 करोड़ रुपये के पैकेज के साथ वास्तविक नुकसान की भरपाई के लिए 20 हजार करोड़ रुपये देने की मांग उठाई। जनगणना न होने के कारण बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत नए राशन कार्ड तुरंत बनाने की भी मांग की। खेलों में जारी होने वाले अनुदानों में राज्यों के खेल प्रदर्शन को आधार बनाने की बात कही।

मीत हेयर ने विकसित भारत के मॉडल पर सवाल उठाते हुए कहा कि भुखमरी सूचकांक में भारत 123 देशों में से 102वें स्थान पर है। बच्चों के पालन-पोषण में आंगनवाड़ी वर्कर सबसे अहम भूमिका निभाती हैं, लेकिन उनका शोषण किया जाता है। केंद्र सरकार की ओर से वर्कर को मात्र 4500 रुपये और हेल्पर को 2250 रुपये दिए जाते हैं। सरकार उनके मानदेय बढ़ाकर स्थायी वेतन निर्धारित करे और उन्हें नियमित करे।

आम आदमी पार्टी के सांसद ने पंजाब में आई भीषण बाढ़ का जिक्र करते हुए कहा कि पंजाब को करीब 20 हजार करोड़ रुपये का वित्तीय नुकसान हुआ है और बुनियादी ढांचा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा पंजाब के लिए 1600 करोड़ रुपये के बाढ़ पैकेज की घोषणा की गई थी, लेकिन अब तक कुछ भी नहीं मिला। केंद्र सरकार बाढ़ के घोषित पैकेज के साथ 20 हजार करोड़ रुपये तुरंत जारी करे।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए राशन कार्डों की कम संख्या का मुद्दा उठाते हुए मीत हेयर ने कहा कि कोविड के कारण 2021 में जनगणना नहीं हो सकी और आने वाले समय में भी इसकी कोई संभावना नहीं दिखती। उन्होंने कहा कि 2011 की जनगणना के अनुसार पंजाब में 14145000 राशन कार्ड बने हैं, जबकि आबादी में हुई वृद्धि को देखते हुए गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों की संख्या भी बढ़ गई है। इसलिए पंजाब में राशन कार्डों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए।

खेल अनुदानों में पंजाब के साथ हो रहे भेदभाव का मुद्दा उठाते हुए मीत हेयर ने कहा कि खेलो इंडिया की ग्रांटों में पंजाब को नजरअंदाज किया गया, जबकि 2024 में गुजरात को करोड़ों रुपये दिए गए। 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों में गुजरात ने कोई पदक नहीं जीता, जबकि पंजाब के 8 खिलाड़ियों ने हॉकी में पदक जीता। उन्होंने कहा कि पंजाब में संसारपुर जैसे गांव भी हैं, जहां से एक ही गांव ने कई पदक विजेता खिलाड़ी पैदा किए हैं। उन्होंने मांग की कि खेलों में अनुदान राज्यों को उनके खेल प्रदर्शन के अनुसार दिया जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत वर्ष 2030 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी कर रहा है, लेकिन केंद्र सरकार ने इस बार सप्लीमेंट्री ग्रांटों में खेलों के लिए कोई मांग नहीं की।


पंजाब स्टेट पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(पंजीकृत कार्यालय: पीएसईबी मुख्यालय, दि माल पटियाला-147001)
कारपोरेट पहचान संख्या U40109PB2010SGC033813, वेबसाईट: www.pspcl.in
मोबाईल सं. 96461-55525

ई-निविदा पूछताछ सं. 629/पी-3/ईएमपीडब्ल्यू-13197 दिनांक: 18.12.2025
उप मुख्य अभियंता/मुख्यालय (प्रक्योरमेंट सैल-3) जीजीएसएसटीपी, रूपनगर द्वारा यूनिट की ऑवरहॉलिंग के दौरान जीजीएसएसटीपी (4×210 एमडब्ल्यू) की 02 यूनिट्स के ईएसपीएस के लिए एक्सपर्ट पर्यवेक्षण सेवाएं प्रदान करने के लिए ई-निविदा आईडी सं. 2025_पावर_155822_1 आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निआसू एवं निविदा विनिर्देशन के लिए कृपया https://eproc.punjab.gov.in पर 18.12.2025/अप. 17.00 बजे से पधारें।
टिप्पणी:- शुद्धिपत्र और परिशिष्ट, यदि कोई हुआ, https://eproc.punjab.gov.in पर ऑनलाईन प्रकाशित किया जाएगा।
आरटीपी-134/25

### चंडीगढ़ के प्रमुख अस्पतालों में स्टाफ की गंभीर कमी, मरीजों की देखभाल पर संकट

# ये कैसा इलाज! न डॉक्टर, न नर्से और न ही पैरामेडिकल स्टाफ

पीजीआई को छोड़ न जीएमएसएच 16 और न ही जीएमसीएच 32 में सुपर स्पेशियेल्टी डॉक्टर

सेक्टर 48 में दक्षिणी सेक्टर के लोगों के लिये खोला था अस्पताल, एमएचए ने नहीं दी 82 डाक्टर भर्ती की मंज़ूरी









अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 18 दिसंबर।** चंडीगढ़ के अस्पतालों में न केवल डॉक्टरों बल्कि नर्सिंग व पैरामेडिकल स्टाफ की भी जबरदस्त कमी है। अस्पतालों में मरीजों की संख्या इतनी ज्यादा है कि मौजूदा डॉक्टरों की स्ट्रेंथ उनसे पार पाने में पूरी तरह असमर्थ है। जीएमसीएच 32 चंडीगढ़ टर्शरी केयर हॉस्पिटल माना जाता है लेकिन यहां भी बहुत से विभागों में कांट्रेक्ट या आउटसोर्सिंग पर डॉक्टरों की भर्ती की जा रही है। अस्पताल में न्यूरो की एक मात्र डॉक्टर है और इनके पास मरीजों की जबरदस्त भीड़ है। ज्यादा मरीज होने से क्वालिटी सेवाओं पर पूरा असर दिखाई दे रहा है। सुपर स्पेशियेल्टी डॉक्टरों के मामले में मरीज और डॉक्टर के बीच एक पूरे मेडिकल रिकार्ड को लेकर बातचीत होती है जिसका पूरा ब्यौरा तैयार किया जाता है। पीजीआई में ये प्रक्रिया सुपर स्पेशियेल्टी डॉक्टर अक्सर करते हैं लेकिन जीमसीएच 32 और जीएमएसएच 16 में यह पूरी तरह मिसिंग है। सुपरस्पेशियेल्टी के डॉक्टर यहां है ही नहीं। पहले प्रशासन की ओर से पहल की गई थी कि पीजीआई के सुपर स्पेशियेल्टी डॉक्टर दूसरे मुख्य अस्पतालों में कुछ विशेष दिनों में बैठेंगे लेकिन यह कोशिश सिरे नहीं चढ़ पाई। दक्षिणी सेक्टरों के लोगों के लिये प्रशासन ने सेक्टर 48 का अस्पताल बनाया था। इस अस्पताल के लिये केंद्रीय गृह मंत्रालय से 82 डॉक्टरों की भर्ती की अनुमति मांगी गई थी लेकिन इस प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिली। बाद में अस्पताल को सेक्टर 32 अस्पताल की एक्सटेंशन के तौर पर इस्तेमाल किया जाने लगा। चंडीगढ़ के प्रमुख सरकारी अस्पतालों, पीजीआईएमई आर, जीएमसीएच-32 और जीएमएसएच-16 में नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ की भारी कमी से स्वास्थ्य सेवाएं संकट में हैं। संसद में शुक्रवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा पेश आंकड़ों के अनुसार, इन तीनों अस्पतालों में कुल 834 रिक्तियां हैं, जिनमें नर्सिंग स्टाफ की 558 और पैरामेडिकल स्टाफ की 276 पद खाली हैं। चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी के सवाल के जवाब में दी गई, जिन्होंने रिक्तियों को भरने, प्रमोशन में देरी और नए पद सृजन के प्रस्ताव पर भी सवाल उठाए थे। सबसे गंभीर स्थिति पीजीआइएमईआर में है, जहां मरीजों की संख्या में पिछले दशक में भारी वृद्धि हुई है, लेकिन नर्सिंग स्टाफ के स्वीकृत पद 2010 से नहीं बढ़ाए गए। ओपीडी मरीजों की संख्या 2013-14 के 20.01 लाख से बढ़कर 2023-24 में 27.12 लाख हो गई (35.5 फीसदी वृद्धि), जबकि भर्ती मरीजों में 29 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। जानकारी के अनुसार आखिरी बड़ी नर्स भर्ती 2017 में हुई थी। सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि यह कमी शहर के प्रमुख सार्वजनिक अस्पतालों के सुचारू संचालन पर गंभीर सवाल उठाती है। स्टाफिंग अनुकूलन तृतीयक देखभाल संस्थानों के लिए आवश्यक है। यह संकट चंडीगढ़ की स्वास्थ्य सेवाओं की महत्वाकांक्षाओं पर ग्रहण लगा रहा है, जहां मरीजों की बढ़ती संख्या के बावजूद मानव संसाधन स्थिर हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि तत्काल भर्ती और पद सृजन न हुआ तो मरीजों की देखभाल और खराब हो सकती है। नर्स्-मरीज अनुपात कम होने के कारण, कई वार्डों में एक नर्स को 30 से अधिक मरीजों की जिम्मेदारी देना पड़ रहा है, जिससे सेवा की गुणवत्ता पर असर पड़ रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि रिक्तियों को भरना और नए पदों का सृजन प्रशासनिक प्रक्रिया के अनुसार चलता रहेगा। कुछ पदों के लिए आउटसोर्सिंग का सहारा लिया जा रहा है। पीजीआई, जीएमसीएच 32 और जीएमएसएच 16 के अलावा अन्य क्षेत्रीय अस्पतालों में भी डॉक्टर, मेडिकल और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी देखी जा रही है, खासकर ओपीडी और ईमरजेंसी सेवाओं में। हालांकि इनके लिए आधिकारिक रिक्तता डेटा संसद में नहीं पेश हुआ, लेकिन स्थानीय स्वास्थ्य व्यवस्था पर दबाव बढ़ा हुआ है। केंद्र सरकार और यूटी प्रशासन दोनों ने कहा है कि वे स्टाफ़ रिक्तियों को भरने के लिए भर्ती प्रक्रिया को तेज करेंगे। पीजीआई सहित जीएमसीएच 32 और जीएमएसएच 16 की इमरजेंसियों के इतने बुरे हालात हैं कि यहां मरीजों को न तो बैड मिलता है और न ही प्रॉपर जगह। स्ट्रेचर पर ही मरीजों का इलाज चलता है। मरीजों को वेंटीलेटर व आईसीयू की अगर जरूरत रहती है तो उन्हें लंबा इंतजार करना पड़ता है।

**अस्पताल वार रिक्तियों का ब्योरा**

| अस्पताल | नर्सिंग पद (स्वीकृत) | नर्सिंग रिक्तियां (प्रतिशत) | पैरामेडिकल पद (स्वीकृत | पैरामेडिकल रिक्तियां (प्रतिशत) |
|---|---|---|---|---|
| पीजीआईएमईआर | 2,597 | 247 (9.5 फीसदी) | 856 | 120 (14 फीसदी) |
| जीएमसीएच-32 | 1,264 | 281 (22 फीसदी) | 330 | 86 (26 फीसदी) |
| जीएमएसएच-16 | 154 | 30 (19.5 फीसदी) | 233 | 70 (30 फीसदी) |

**मरीजों की देखभाल पर पड़ रहा गंभीर असर**

पीजीआई के सामान्य वार्डों में एक नर्स को 30 से अधिक मरीज संभालने पड़ रहे हैं, जबकि स्टाफ इंस्पेक्शन यूनिट (एसईयू) का मानक है एक नर्स प्रति 6 मरीज। यानि छह मरीजों को एक नर्स देख रही है। आईसीयू में एक नर्स तीन मरीज देख रही है (मानक 1:1) ऑपरेशन थिएटर में शाम की शिफ्ट में एक नर्स कई ओटी संभाल रही है, जबकि मानक के अनुसार एक ओटी में दो नर्स होनी चाहिए। पीजीआईएमईआर ने स्वास्थ्य मंत्रालय को नर्सिंग स्टाफ के लिए कम से कम 1,500 नए पद सृजन का प्रस्ताव भेजा है, लेकिन अभी कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला।

-जीएमएसएच-16 में पैरामेडिकल स्टाफ की इतनी कमी है कि ब्लड सैंपल कलेक्शन जैसे काम इंटर्न छात्र कर रहे हैं। जीएमएसएच-16 में निदेशक डॉ. सुमन सिंह ने कहा कि नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया चल रही है और छह महीने में विज्ञापन जारी होने की उम्मीद है।

**सैंपल लेकर खुद छांटो रिपोर्ट**

जीएमसीएच 32 में मरीजों के टेस्ट किये जाते हैं। यहां टेस्टों की रिपोर्ट देने की प्रक्रिया कुछ समय पहले तक ऐसी थी कि सैंकड़ों की संख्या में मरीज के सैंपलों की जांच के बाद रिपोर्ट लेने मरीज दी गई जगह पर पहुंच जाते हैं। यहां स्टाफ न होने की वजह से जो फिजिकल रिपोर्ट है, उसे खुद मरीज छांटते हैं। कई रिपोर्टें तो जमीन पर पड़ी होती हैं। अस्पताल स्टाफ को इससे कोई लेना देना नहीं। जिसे रिपोर्ट मिल गई, ठीक अन्यथा उसे दोबारा डॉक्टर से कहकर मरीज का सैंपल लाने के लिये कहा जाता है। एमआरआई, एक्स-रे इत्यादि के लिये भी लंबी-लंबी लाइनें लगती हैं। कई टेस्ट तो एक एक हफ्ते की तारीख के बाद होते हैं। गंभीर मरीजों की जान इससे सांसत में फंसी रहती है। फिलहाल ऐसा कहा जा रहा है कि व्यवस्था में सुधार किया गया है।

**डाक्टरों व रेजिडेंट्स की गंभीर कमी**

शहर के प्रमुख अस्पतालों में कुछ विशेष विभागों में डॉक्टरों और रेजिडेंट्स की गंभीर कमी देखने को मिल रही है। जीएमसीएच 32 में खास तौर पर न्यूरोसर्जरी, कार्डियोथोरैसिक व सर्जरी, और प्लास्टिक सर्जरी विभाग इस संकट से प्रभावित हैं। सूत्रों के अनुसार, न्यूरोसर्जरी विभाग केवल दो कंसल्टेंट डॉक्टरों, एक पोस्टग्रेजुएट जूनियर रेजिडेंट और एक इंटर्न के साथ काम कर रहा है। इस कारण विभाग में मरीजों का लोड बेहद ज्यादा हो गया है और मरीजों को लगातार कवर करने में गंभीर समस्या आ रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर यह स्थिति बनी रही तो मरीजों की समय पर देखभाल प्रभावित हो सकती है और डॉक्टरों पर अतिरिक्त दबाव बढ़ सकता है। अस्पताल प्रशासन ने अभी तक इस संकट से निपटने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

**डेपूटेशन पर डॉक्टरों से चलाया जा रहा काम**

चंडीगढ़ के सरकारी अस्पतालों में पंजाब-हरियाणा से डेपूटेशन पर डॉक्टर बुलाकर काम चलाया जा रहा है। डेपूटेशन पर आए डाक्टरों को प्रशासन जाने भी नहीं देता। कई डॉक्टरों को तो यहां आए बरसों बीत गये लेकिन वह अपने मूल कैडर वापिस लौटने में असमर्थ हैं क्योंकि यूटी प्रशासन उनकी सेवाएं जारी रखना चाहता है। कुछ समय बाद ही यूटी प्रशासन पंजाब व हरियाणा से डॉक्टरों के पैनल मांगता है। चंडीगढ़ जो पंजाब-हरियाणा की राजधानी है के प्रमुख अस्पतालों से लेकर डिस्पेंसरियों तक में इन्हीं की तैनाती है।

## चंडीगढ़: यूटी प्रशासन में बड़ा फेरबदल, स्वास्थ्य और आयुष विभागों में नई जिम्मेदारियां तय

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 18 दिसंबर।** यूटी प्रशासन ने बुधवार को एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक फेरबदल करते हुए स्वास्थ्य एवं आयुष विभागों में नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। प्रशासन द्वारा जारी आदेशों के अनुसार सौरभ कुमार अरोड़ा, पीसीएस को निदेशक, आयुष का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इससे पहले यह जिम्मेदारी अखिल कुमार, दानिक्स के पास थी, जिन्हें अब इस पद से मुक्त कर दिया गया है। इसी क्रम में सुश्री ईशा कंबोज, एचसीएस को संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इस पद का कार्यभार भी अब तक अखिल कुमार, दानिक्स संभाल रहे थे, जिन्हें प्रशासन ने अब इस जिम्मेदारी से भी मुक्त कर दिया है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, यह फेरबदल स्वास्थ्य और आयुष विभागों के कामकाज को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी तथा सुचारु रूप से संचालित करने के उद्देश्य से किया गया है। यूटी प्रशासन का मानना है कि नई जिम्मेदारियों से विभागीय कार्यों में तेजी आएगी और जनहित से जुड़ी सेवाओं में सुधार होगा।

## गोवा क्लब अग्निकांड के बाद चंडीगढ़ प्रशासन अलर्ट

### होटल और नाइट क्लबों की फायर सेफ्टी जांच तेज, मेयर बबला ने दी सख्त चेतावनी

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 18 दिसंबर।** गोवा के 'बिर्च बाय रोमियो लेन' नाइट क्लब में 6 दिसंबर को हुए भीषण अग्निकांड में 25 लोगों की मौत के बाद चंडीगढ़ प्रशासन सतर्क हो गया है। संभावित खतरे को देखते हुए शहर के होटल और नाइट क्लबों में फायर सेफ्टी जांच के आदेश जारी किए गए हैं।

गुरुवार को चंडीगढ़ की मेयर हरप्रीत कौर बबला और फायर अफसर इंदरप्रीत सिंह की अगुआई में एक संयुक्त टीम ने शहर के प्रमुख स्थानों का निरीक्षण किया। जांच की शुरुआत इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एलांते मॉल से की गई, जहां पिरामिड क्लब, सोशल और फूड कोर्ट में फायर सेफ्टी सिस्टम, इमरजेंसी एग्जिट और आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों की बारीकी से जांच की गई।

इसके बाद टीम सेक्टर-34 पहुंची, जहां होटल टॉय और हयात होटल में फायर अलार्म सिस्टम, फायर एक्सटिंग्विशर, इमरजेंसी निकास और सुरक्षा प्रबंधों का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने सभी व्यवस्थाओं को तय मानकों के अनुसार रखने के निर्देश दिए। मेयर हरप्रीत कौर बबला ने कहा कि गोवा में हुआ हादसा बेहद दुखद और चेतावनी देने वाला है। उन्होंने स्पष्ट किया कि चंडीगढ़ में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन होटल या क्लबों में खामियां पाई जाएंगी, उन्हें तुरंत सुधार के निर्देश दिए जाएंगे और तय समय में सुधार न होने पर संबंधित संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**गोवा अग्निकांड का मामला**

गौरतलब है कि गोवा के 'बिर्च बाय रोमियो लेन' नाइट क्लब में 6 दिसंबर को आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले में क्लब के चार मालिकों में से एक अजय गुप्ता को हिरासत में लेकर गोवा पुलिस ने 36 घंटे की ट्रांजिट रिमांड पर लिया है। वहीं, दो अन्य मालिक सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा घटना के कुछ घंटों बाद थाईलैंड फरार हो गए, जिनके खिलाफ इंटरपोल द्वारा ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है। एक अन्य मालिक सुरिंदर कुमार खोसला के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी है। चंडीगढ़ प्रशासन का कहना है कि इसी तरह के हादसों को रोकने के लिए आने वाले दिनों में शहरभर में फायर सेफ्टी जांच अभियान जारी रहेगा।

## एमसी चंडीगढ़ ने अतिक्रमण विरोधी अभियान तेज़ किया शहर भर में 123 अवैध विक्रेताओं के काटे चालान

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 18 दिसंबर।** नगर निगम चंडीगढ़ ने अवैध वेंडिंग पर रोक लगाने और सार्वजनिक सड़कों, फुटपाथों और अन्य सार्वजनिक जगहों पर आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए पूरे शहर में अपना लगातार अतिक्रमण विरोधी अभियान जारी रखा है। चल रही कार्रवाई के तहत, स्ट्र चंडीगढ़ की टीमों ने तय नियमों का उल्लंघन करने वाले 123 अनाधिकृत विक्रेताओं के चालान काटे। यह अभियान शहर भर में कई जगहों पर अतिक्रमण हटाने, सार्वजनिक सुविधा बहाल करने और शहरी व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से चलाया गया। अनाधिकृत जगहों पर कब्जा करने वाले, पैदल चलने वालों के रास्ते में रुकावट डालने वाले और नगर निगम के नियमों का उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं के मौके पर ही चालान काटे गए। नगर निगम ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई, साथ ही यह भी सुनिश्चित किया कि वैध और पंजीकृत विक्रेताओं को नीति के अनुसार केवल निर्धारित वेंडिंग ज़ोन से ही काम करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। अधिकारियों को नियमित निगरानी रखने और बार-बार उल्लंघन करने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

# शातिर चोर ने 7 मोबाइल शॉप को बनाया निशाना

### लाखों रुपए की नकदी और तीन कीमती मोबाइल फोन पर किया हाथ साफ

चोरी का पूरा वाक्य सीसीटीवी कैमरो में कैद।





अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 18 दिसंबर।** थाना 17 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत सैक्टर 22 स्थित मोबाइल मार्केट में उस वक्त हड़कंप मच गया।जब शातिर चोरों ने एक साथ बनी 7 मोबाइल शॉप/कैबिन से लाखों रुपए की नकदी और तीन कीमती मोबाइल फोन चोरी कर ले गया।मामले की सूचना तुरंत थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की शिकायत लेकर कारवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मोबाइल शॉप के सैक्टर 26 निवासी सोनू गुप्ता ने पुलिस को बताया कि वह सैक्टर 22 स्थित मोबाइल मार्केट एससीओ नबर 1018-19 की पहली मंजिल पर एसजी मोबाइल टेलीकॉम मोबाइल शॉप चलाता है।हर रोज की तरह वह बीते बुधवार रात बंद कर घर गया था।जब वह अगले दिन सुबह आए तो पता चला कि किसी अज्ञात शातिर ने मार्केट की पहली मंजिल का ताला तोड़कर अंदर बने मोबाइल केबिन में घुस कर लाखों रुपए की नकदी और तीन मोबाइल फोन चोरी कर ले गया। सोनू के मुताबिक अज्ञात उनकी शॉप से लाखों रुपए की बैग में पड़ी नकदी और एक दिसबर से 17 दिसबर तक की लाखों रुपए की सेल भी ले गए।फिर वह साथ वाले कैबिन सरण ट्रेडर्स में घुसा। वहां से भी लाखों रुपए की नकदी,डीजी हब से 38 हजार 500 रुपए की नकदी, केबी कम्यूनिकेशन से लाखों रुपए,श्री श्याम कम्यूनिकेशन का बड़े शीशे वाला ग्लास तोड़कर अंदर घुसा।नकदी ना मिलने पर शॉप से दो कीमती मोबाइल फोन और आरोही मोबाइल हब से एक मोबाइल फोन चोरी कर ले गया। शातिर चोर इतना शातिर था कि बिना किसी डर भय से मोबाइल कैबिनो से चोरी की घटना को अंजाम देता रहा।उसने अपने मुंह को पूरी तरह से कवर रखा था।चोरी के मामले का पूरा वाक्य आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो में कैद हो गया है। शातिर बुधवार देर रात करीब डेढ़ बजे मेन दरवाजे/शटर का ताला तोड़कर अंदर घुसा था।और ढाई बजे चोरी की घटना को अंजाम देकर फुर्र हो गया। शातिर चोर आसपास का हो सकता है। क्योंकि उसे सारा पता था कि कौन सी शॉप/कैबिन में कितना कैश है।और कहा पर रखा है।लेकिन हैरानी की बात यह है कि मोबाइल मार्केट की सामने बस स्टैंड है।और सैक्टर 22 की मार्केट में दिन के अलावा रात को भीं चहल पहल रहती है।

देर रात तक चाय और मैगी बनाने वाले नीचे बैठे रहते है।क्या किसी को कोई कोई आवाज नहीं आई।मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले में शिकायत लेकर कारवाई शुरू कर दी है।मामले की सूचना पाते ही मौके पर सीएफएसएल की टीम भी पहुंची थी। जिन्होंने फिंगर प्रिंट के अलावा कई अन्य सबूत एकत्रित किए।

## पार्षद कार्यालय की मरम्मत पर 4 लाख से ज्यादा खर्च, नगर निगम के टेंडर पर उठे सवाल

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 18 दिसंबर।** चंडीगढ़ नगर निगम ने वार्ड नंबर-22 के सेक्टर-33 स्थित कम्युनिटी सेंटर में पार्षद अंजू कत्याल के कार्यालय की मरम्मत के लिए करीब 4 लाख रुपये की लागत से ई-टेंडर जारी किया है। यह टेंडर रोड डिवीजन नंबर-2 द्वारा नगर निगम आयुक्त की मंजूरी से निकाला गया है। हालांकि, इस फैसले के बाद नगर निगम के खर्चों को लेकर विरोध भी सामने आने लगा है।

सेकेंड इनिंग्स एसोसिएशन चंडीगढ़ के अध्यक्ष आर.के. गर्ग ने इस टेंडर को गैर-जरूरी बताते हुए कहा कि जनता के पैसों का फिजूल खर्च किया जा रहा है। उनका कहना है कि जब नगर निगम चुनाव में लगभग एक साल का समय बचा है, तब आखिरी वर्ष में इस तरह के खर्चों पर दोबारा विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि ऐसे खर्चों पर सख्ती से लगाम लगाई जाए।

नगर निगम के अनुसार, मरम्मत कार्य पर लगभग 4 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है और इसे दो महीने के भीतर पूरा किया जाएगा। टेंडर प्रतिशत दर के आधार पर होगा और पूरी प्रक्रिया ई-टेंडरिंग के जरिए की जाएगी। इसमें वही ठेकेदार या फर्म भाग ले सकेंगी जो नगर निगम चंडीगढ़, चंडीगढ़ प्रशासन के इंजीनियरिंग विभाग, सीपीडब्ल्यूडी, राज्य पीडब्ल्यूडी या किसी सरकारी बोर्ड अथवा निगम में पहले से पंजीकृत हों।

टेंडर प्रक्रिया के तहत इच्छुक ठेकेदारों को 8013 रुपये की अर्नेस्ट मनी ऑनलाइन जमा करनी होगी। वहीं, काम की लागत के आधार पर टेंडर फीस तय की गई है, जिसमें 5 लाख से 20 लाख रुपये तक के कार्यों के लिए 1000 रुपये शुल्क रखा गया है। ऑफलाइन माध्यम से किसी भी तरह की फीस स्वीकार नहीं की जाएगी।

नगर निगम ने साफ किया है कि इस टेंडर में दो या उससे अधिक कंपनियां मिलकर भाग नहीं ले सकेंगी। गलत जानकारी या दस्तावेजों में गड़बड़ी पाए जाने पर टेंडर रद्द किया जा सकता है और संबंधित ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट भी किया जा सकता है। टेंडर स्वीकृत होने पर ठेकेदार को कुल बोली राशि का 5 प्रतिशत परफॉर्मेंस गारंटी के रूप में जमा कराना होगा, जो काम पूरा होने और डिफेक्ट लायबिलिटी अवधि तक निगम के पास रहेगी।

नगर निगम के इस फैसले को लेकर जहां एक ओर प्रशासनिक प्रक्रिया जारी है, वहीं दूसरी ओर सामाजिक संगठनों और नागरिकों के बीच इसे लेकर बहस तेज हो गई है कि क्या यह खर्च वास्तव में जरूरी है या नहीं।

## पीजीआई में ज्वाइनिंग को लेकर फंसा पेंच: बैंक विवाद और गिरफ्तारी बनी बाधा, कर्मचारी ने लगाई गुहार

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़ 18 दिसंबर।** पीजीआई में कार्यरत एक महिला सरकारी कर्मचारी, रोज़ी, इन दिनों अपनी नौकरी पर वापसी को लेकर कानूनी और प्रशासनिक उलझनों का सामना कर रही हैं। पेपर में नाम आने और पुलिस कार्रवाई के चलते संस्थान उन्हें दोबारा ज्वाइन कराने से कतरा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार, रोज़ी का एक बैंक के साथ वित्तीय विवाद चल रहा था। महिला कर्मचारी का कहना है कि उन्हें बैंक द्वारा की जा रही कानूनी कार्रवाई की पहले से कोई सटीक जानकारी नहीं थी। इसी विवाद के चलते चंडीगढ़ पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया था, जिसके कारण वह अपनी ड्यूटी पर उपस्थित नहीं हो सकीं।

मामला अभी ट्रायल कोर्ट में विचाराधीन है और अदालत की ओर से अभी तक कोई भी अंतिम फैसला नहीं सुनाया गया है। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि जब तक दोष सिद्ध नहीं हो जाता, तब तक किसी भी व्यक्ति को निर्दोष माना जाता है।

रोज़ी अब पीजीआई प्रशासन से गुहार लगा रही हैं कि उन्हें अदालत का अंतिम फैसला आने तक अपनी सेवाओं को जारी रखने की अनुमति दी जाए।

# नगर निगम के 38वें गुलदाउदी शो का शुभारंभ आज

पंजाब के राज्यपाल व नगर प्रशासक करेंगे उद्घाटन

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह



**चंडीगढ़, 18 दिसंबर।** नगर निगम चंडीगढ़ की तरपष्ऊ से सेक्टर 33 के टेरिस्ड गार्डन में कल यानि 19 दिसंबर शुक्रवार से तीन दिवसीय गुलदाउदी शो का शुभारंभ होने जा रहा है।

शहर में गुलदाउदी का सर्वश्रेष्ठ आयोजन नगर निगम की तरफ से ही होता है। 19 दिसंबर को सुबह 10.30 बजे इस शो का उद्घाटन पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक महासचिव गुलाब चंद कटारिया के करकमलों से होगा।

तीन दिनों तक चलने वाले इस भव्य समारोह में ट्राईसिटी की मोहाली, चंडीगढ़ और पंचकूला से लोग विजिट करते हैं। इस बार फूलों की संख्या मात्र 260 तक ही सिमट कर रह गई है। विगत वर्ष इनकी संख्या 272 थी।

**विभिन्न किस्मों के होंगे आकर्षक पुरुष**

समारोह में महात्मा गांधी, कस्तूरबा गांधी, व चंगेज खान के नाम के गुलदाउदी के पुष्प देखने को मिलेंगे। इसके अलावा मिस इंडिया, राजा, आटोमन किंग, सोनार बांग्ला जैसे आकर्षण गुलदाउदी फूलों को देखने के लिए शामिल किया गया है। गुलदाउदी शो में लोगों के खाने-पीने के लिए 'फूड कोर्ट' का प्रबंध भी किया गया है, ताकि लोगों को उनकी पसंद की चीजें खाने-पीने की सुविधा मिल सके।

**एमसी के सभी अधिकारी होंगे मौजूद**

समारोह में नगर निगम की मेयर हरप्रीत कौर बबला, कमिश्नर अमित कुमार और उनके सभी अधिकारियों के अलावा नगर प्रशासन के भी प्रमुख अधिकारियों के शामिल होने की संभावना है। इस बार गुलदाउदी शो का बड़े स्तर पर आयोजन होने जा रहा है। नगर निगम की तरफ से होने वाले इस समारोह में एमसी के खाते से कुछ भी पैसा खर्च नहीं होगा, बल्कि इसमें सारे खर्चों के बाद निगम की अच्छी कमाई भी होगी।

सम्पादकीय

# बांग्लादेश में भारत विरोध की आग चिंताजनक, निगरानी सर्वोपरि

भारत और उसकी क्षेत्रीय संप्रभुता के खिलाफ जिस प्रकार बांग्लादेश में माहौल और उग्र हो रहा है, वह चिंताजनक है। हालात इस कदर बदतर हो रहे हैं कि बांग्लादेश में राजनीतिक दल सीधे भारत की अखंडता और उसकी संप्रभुता को चुनौती दे रहे हैं। छात्र नेताओं के द्वारा भारतीय दूतावास की ओर भड़काऊ नारे लगाते हुए निकाली गई रैली के समय बने माहौल का इससे लगाया जा सकता है कि इसके बाद भारत को अपना वीजा केंद्र अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा है, वहीं भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त को तलब कर इस प्रकरण पर नाराजगी जाहिर की गई है। बांग्लादेश में अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग को लेकर यह सब हो रहा है। सबसे बढ़कर यह है कि बांग्लादेश के सभी राजनीतिक भारत पर उसके यहां हालात बिगड़ने का आरोप लगा रहे हैं, जबकि वस्तुस्थिति कुछ और है। बताया गया है कि बांग्लादेश में स्थिति पहले की भांति लगातार खराब होती जा रही है और वहां भारतीय उच्चायोग के समक्ष गंभीर खतरा पैदा हो गया। निश्चित रूप से ऐसा हुआ तो यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण होगा, लेकिन इसके बाद के हालात संभव है, बांग्लादेश के लिए और ज्यादा संवेदनशील हो जाएं। भारत की ओर से बांग्लादेश की निरंतर निगरानी जारी है, ऐसा इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच मौजूदा समय में नया नेक्सस साबित हो चुका है।

**बीते कुछ समय समय के दौरान भारत और बांग्लादेश के संबंधों में जो कटुता आई है, उसने अब नए तेवर अपना लिए हैं। बांग्लादेश को भारत विदेशी सहायता रोक चुका है वहीं उसे अलग–थलग करने की भी तैयारी है। बांग्लादेश की चुभन क्या है, यह वही जानता है। हालांकि प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपदस्थ कर बांग्लादेश ने इसकी शुरुआत कर दी थी। शेख हसीना के भारत में शरण लेने के बाद बांग्लादेश ने नफरत के नए बीज बोए हैं। बांग्लादेश में बदले हालात के बाद जिस प्रकार से भारत विरोधी स्वर तेज हुए हैं, उसके बाद इसका अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है कि भविष्य में दोनों देशों के बीच तनाव का नया दौर शुरू हो सकता है।**

इस समय बांग्लादेश की भूमिका चिंताजनक है कि वह पाकिस्तान के एजेंट के रूप में काम कर रहा है। ऐसी रपट सामने आ रही है, जिसमें खुलासा हुआ है कि आईएसआई एजेंट ढाका में बैठकर भारत के खिलाफ षड्यंत्र रच रहे हैं। वैसे इसमें कोई संशय नहीं है कि आज की तारीख में पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच गठजोड़ है और चीन उन्हें शह प्रदान कर रहा है। यह तिकड़ी ऐसी है, जो कि भारत के सिरहाने बैठकर उसके लिए समस्या पैदा कर रही है, हालांकि यह भारत का साहस और उसका शौर्य है कि दुश्मन झुंड बनाने के बावजूद अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सका है और न ही हो पाएगा। मालूम हो, यह भी सामने आ रहा है कि बांग्लादेश में पाक उच्चायुक्त तमाम ऐसे आतंकी संगठनों के साथ बैठक कर रहा है, जोकि भारत विरोधी गतिविधियों में संलिप्त हैं। कहा गया है कि आतंकी भारत के पूर्वोत्तर में अलगाववादी तत्वों को पोषित करने में जुटे हैं।

बीते कुछ समय समय के दौरान भारत और बांग्लादेश के संबंधों में जो कटुता आई है, उसने अब नए तेवर अपना लिए हैं। बांग्लादेश को भारत विदेशी सहायता रोक चुका है वहीं उसे अलग-थलग करने की भी तैयारी है। बांग्लादेश की चुभन क्या है, यह वही जानता है। हालांकि प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपदस्थ कर बांग्लादेश ने इसकी शुरुआत कर दी थी। शेख हसीना के भारत में शरण लेने के बाद बांग्लादेश ने नफरत के नए बीज बोए हैं। बांग्लादेश में बदले हालात के बाद जिस प्रकार से भारत विरोधी स्वर तेज हुए हैं, उसके बाद इसका अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है कि भविष्य में दोनों देशों के बीच तनाव का नया दौर शुरू हो सकता है। सबसे अचंभित करने वाली बात यह है कि बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार भारत विरोधी देशों से सैन्य उपकरण और हथियार खरीदने में लगी है। बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को सौंपने का भारत पर दबाव बना रही है, इसके लिए जहां राजनीतिक बयान तेज होते जा रहे हैं, वहीं सरकार की ओर आधिकारिक प्रत्यर्पण अनुरोध पत्र भी भेजा गया है। भारत सरकार ने इसकी पुष्टि की है, लेकिन इस अनुरोध पत्र पर उसकी ओर से क्या कार्रवाई की जाएगी, यह स्पष्ट नहीं है। निश्चित रूप से यह मसला देश के मान-सम्मान और स्वाभिमान का है। एक अपदस्थ प्रधानमंत्री जिनका भारत के साथ दोस्ताना साथ रहा है, अगर मुसीबत के समय शरण मांगते हुए यहां पहुंचती हैं, तो भारत का यह दायित्व बनता है कि वह उसकी मदद करे और शरण प्रदान करे। यह भी तय है कि अगर शेख हसीना को वापस ढाका भेजा जाता है तो उनका भविष्य क्या रहने वाला है।

इस बीच पाकिस्तान और बांग्लादेश का गठजोड़ नए गुल खिलाने को तैयार है। यह अनोखी बात है कि बांग्लादेश की जनता अपनी पी?ियों के साथ पाक सेना के किए जुल्मों को भुला चुकी है। पाक ने न केवल भारत के लिए समस्या खड़ी की है, अपितु वह बांग्लादेश में भी अस्थिरता के बीज बोने का काम करता आया है। इस समय पाक, बांग्लादेश और चीन की इस तिकड़ी को कूटनीतिक जवाब दिया जाना आवश्यक है, वहीं जरूरत पड़ने पर सैन्य कार्रवाई भी आवश्यक है। हालांकि इतना आवश्यक है कि भारत को अपनी सरहद एवं अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए ऐसे तत्वों को कड़ी प्रतिक्रिया देनी ही होगी।

# भारत चुपचाप कर रहा बड़ी तैयारी, मोदी की जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान यात्रा विरोधियों पर पड़ रही भारी

युद्ध के धुएं और वैश्विक अनिश्चितताओं के इस दौर में भारत की विदेश नीति अगर किसी एक शब्द में परिभाषित होती है, तो वह है रणनीतिक स्पष्टता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान की यात्रा इसी स्पष्टता का ठोस प्रदर्शन है। यह यात्रा बदलती वैश्विक ध्रुवीयता में भारत के हितों को सुरक्षित करने की एक सधी हुई चाल है। यह एक ऐसा रणनीतिक कदम है जो आने वाले वर्षों में भारत की ऊर्जा, खाद्य, समुद्री और भू-राजनीतिक सुरक्षा की रीढ़ बनेगा।



देखा जाये तो पश्चिम एशिया इस समय उबाल पर है। गाज़ा संकट, ईरान-सऊदी समीकरणों में उतार-चढ़ाव, अमेरिका की प्राथमिकताओं में बदलाव और सऊदी अरब-पाकिस्तान और अमेरिका के नए रक्षा समीकरण का उभरना भारी उथलपुथल की तरह है। ऐसे में भारत का जॉर्डन और ओमान की ओर बढ़ना बताता है कि नई दिल्ली अब प्रतिक्रियावादी नहीं, बल्कि एजेंडा-सेटर है। मोदी सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि भारत किसी एक धुरी पर निर्भर नहीं रहेगा, वह अपने विकल्प खुद गढ़ेगा।

मोदी के तीन देशों के दौरे में जॉर्डन पहला पड़ाव था और यह चयन ही बहुत कुछ कह देता है। हम आपको बता दें कि पश्चिम एशिया में जॉर्डन एक संतुलनकारी शक्ति है। वह कट्टरपंथ के विरुद्ध ढाल और संवाद का सेतु है। भारत के लिए जॉर्डन केवल कूटनीतिक मित्र नहीं, बल्कि खाद्य सुरक्षा का रणनीतिक स्तंभ भी है। फॉस्फेट और पोटाश जैसे उर्वरकों के बिना भारत की कृषि का आगे बढ़ना मुश्किल है। जॉर्डन इंडिया फर्टिलाइज़र कंपनी (JIFCO) जैसे उपक्रम इस बात का प्रमाण हैं कि मोदी सरकार संसाधन सुरक्षा को भाषण नहीं, संस्थागत रणनीति मानती है। दोनों देशों के बीच 2.75 अरब का द्विपक्षीय व्यापार और 2030 तक 5 अरब का लक्ष्य दिखाता है कि यह साझेदारी अब प्रतीकात्मक नहीं रही। मोदी की जॉर्डन यात्रा के दौरान हुए करार और आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई को वहां की सरकार का मिला जोरदार समर्थन तथा क्राउन प्रिंस का खुद मोदी को अपनी कार में लेकर जाना दर्शाता है कि मोदी की यात्रा कितनी सफल रही।

वहीं मोदी की इथियोपिया यात्रा को देखें तो यह रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत निर्णायक है। अफ्रीकी संघ का मुख्यालय, ब्रिक्स का सदस्य और ग्लोबल साउथ की धड़कन, इथियोपिया में 2011 के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यात्रा है। देखा जाये तो यह देरी नहीं, बल्कि सही समय पर किया गया दांव है। दोनों देशों के बीच 550 मिलियन का व्यापार, भारतीय फार्मा की मजबूत मौजूदगी और क्षमता निर्माण में भारत की भूमिका दिखाती है कि नई दिल्ली अफ्रीका को बड़ा साझेदार मानती है। यह चीन के ऋण-जाल मॉडल के ठीक उलट सम्मान, प्रशिक्षण और साझा विकास का रास्ता है।

साथ ही मोदी की ओमान यात्रा भारत की समुद्री रणनीति का निर्णायक स्तंभ है। दुक्म (Duqm) बंदरगाह में भारत की बढ़ती मौजूदगी, होरमुज़ जलडमरूमध्य से बाहर एक वैकल्पिक लॉजिस्टिक हब, यह सब भारत की इंडो-लिटरल स्ट्रैटेजी का हिस्सा है। भारत-ओमान CEPA का प्रस्तावित हस्ताक्षर इस यात्रा का सबसे ठोस आर्थिक परिणाम होगा। देखा जाये तो 95 प्रतिशत टैरिफ लाइनों पर शुल्क-मुक्त पहुँच और 98 प्रतिशत तक भारतीय वस्तुओं को राहत, एक रणनीतिक व्यापार की तरह है। ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, उर्वरक, तकनीक और खाद्य सुरक्षा, हर मोर्चे पर भारत अपनी शर्तों पर आगे बढ़ रहा है। दोनों देशों के बीच 10.61 अरब का व्यापार जल्द ही 20 अरब की ओर बढ़े, यह केवल आंकड़ा नहीं, भरोसे की मुद्रा है।

हम आपको यह भी बता दें कि इस पूरी यात्रा की बेहद शक्तिशाली धुरी हैं भारतीय प्रवासी। ओमान में 6.75 लाख से अधिक भारतीय, जॉर्डन में परिधान उद्योग की रीढ़ बने 17 हजार श्रमिक और इथियोपिया में शिक्षा जगत को दिशा देने वाले भारतीय प्रोफेसर, ये लोग भारत की ÷सॉफ्ट पावर÷ नहीं, बल्कि लिविंग स्ट्रैटेजिक एसेट्स हैं। मोदी सरकार ने पहली बार प्रवासियों को भावनात्मक प्रतीक से निकालकर नीति के केंद्र में रखा है, चाहे वह बिज़नेस कार्ड वीज़ा हो या श्रम सुरक्षा के समझौते।

बहरहाल, आलोचक कह सकते हैं कि यह यात्रा चुनौतियों से मुक्त नहीं है क्योंकि पश्चिम एशिया की अस्थिरता, अफ्रीका में प्रतिस्पर्धा और वैश्विक आर्थिक सुस्ती बनी हुई है। लेकिन यहीं मोदी सरकार की विदेश नीति अलग दिखती है। यह जोखिम से भागती नहीं, उसे मैनेज करती है। मोदी सरकार जानती है कि बहुध्रुवीय विश्व में निष्क्रियता सबसे बड़ा खतरा है। इसलिए निष्कर्ष स्पष्ट है। मोदी की यह यात्रा भारत के आत्मविश्वास का बयान है कि भारत अब केवल संतुलन साधने वाला देश नहीं, बल्कि अपने हितों के लिए गठबंधन गढ़ने वाला राष्ट्र है। मोदी की यह पश्चिम एशिया-अफ्रीका कूटनीति लेन-देन से आगे जाकर रणनीतिक हेजिंग की परिपक्व मिसाल है। आने वाले वर्षों में जब ऊर्जा, खाद्य और समुद्री मार्गों पर संघर्ष तेज होगा, तब यह यात्रा एक दूरदर्शी कदम के रूप में याद की जाएगी, जिसने भारत को न केवल सुरक्षित किया, बल्कि निर्णायक भी बनाया।

## अर्थ प्रकाश में **34 साल पहले** आज का दिन

### नगर में 16 गिरफ्तार, एक घायल, दो गाड़ी चोरी

चंडीगढ़। शहर में विभिन्न घटनाओं में 16 लोग गिरफ्तार किए गए है जबकि एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया इसी दौरान शहर से दो मारूति गाड़ियां चोरी हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक नगर पुलिस ने आज सेक्टर 46 के चारों तरफ से घेरा डालकर घर-घर की तलाशी ली। पुलिस को इस सेक्टर में खाड़कुओं के छुपे जाने की गुप्त सूचना मिली थी। यह तलाशी अभियान आज सुबह 4-30 बजे से शुरु होकर 8-30 बजे तक जारी रहा जिसके दौरान 14 लोग हिरासत में लिए गए है। इस अभियान में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों सहित लगभग 250 सुरक्षाकर्मी व महिला पुलिस कर्मियों ने भाग लिया। इसी दौरान नगर पुलिस ने अमृतसर के शिव कुमार को बस स्टैंड से 9 शराब की बोतलों सहित गिरफ्तार किया है। जबकि मोहिन्द्र सिंह मोरीण्डा निवासी को बस स्टैंड से चाकू सहित गिरफ्तार किया है।

### ढांचा गिराने की जिम्मेवारी दो लाख कार सेवक लेंगे

नई दिल्ली। देश के विभिन्न भागों से लगभग दो लाख लोग अपनी निजी हैसियत से बाकायदा अदालती शपथपत्र देकर कहेंगे कि सरकार की बरसों लंबी निष्क्रियता से तंग आकर अयोध्या मसले को निपटाने का जिम्मा उन्होंने खुद अपने हाथों में ले लिया था और अयोध्या में कार सेवा का नतीजा इसी प्रक्रिया का परिणाम है। बताया जाता है कि भारतीय जनता पार्टी को पूरे मामले में बरी कर देने की योजना के तहत यह मुहिम शुरु की गई है। भाजपा के भीतर पिछले दस बारह दिनों से चल रहे विचार मंथन के दौर में यह साफ हो गया है कि भाजपा के ज्यादात्तर दिग्गज नेता अयोध्या हादसे की जिम्मेदारी से एकदम परे हो जाने की रणनीति पर चलना चाहते है। अयोध्या हादसे के बाद पहले चौबीस घंटों में भाजपा एक अपरोध बोध ले भरी हुई थी, मगर लालकृष्ण आडवाणी की गिरफ्तारी के बाद उसने अपने को इस मानसिकता से बाहर निकाल लिया और आक्रामक होकर अपना रुख साफ कर दिया। भाजपा इस निष्कर्ष पर पहुंची है फिलहाल हवा उसके पक्ष में चल रही है। मगर भाजपा के दामन पर अगर अयोध्या के छींटे अधिकृत तौर पर दिखाई देते रहे थे उदारमतदाता उससे विलग होने में भी देरी नहीं करेंगे। अपने को अयोध्या हादसे से एकदम अलग कर लेने के पीछे भाजपा की एक मजबूरी और है। राजनीतिक गलियारों में यह दबाव बढ़ता जा रहा है कि अयोध्या मसले को लेकर भाजपा की एक राजनीतिक दल के तौर पर मान्यता की कोशिश जोरशोर से होनी चाहिए। यह पेच सबसे गंभीर है और भाजपा के नेतृत्व की चिंता है कि अगर ताजा तथ्यों के आधार पर यह साबित हो गया कि एक धार्मिक मसले के राजनीतिक दोहन में भाजपा शामिल थी तो राजनीतिक दल के नाते उसे कई तरह की दिक्कतें उठानी पड़ सकती है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

- 1154 - किंग हेनरी द्वितीय इंग्लैंड के सम्राट बने थे।
- 1842 - अमेरिका ने हवाई को प्रांत के रूप में मान्यता दी थी।
- 1860 - 1848 से 1856 तक भारत के गवर्नर जनरल रहे लार्ड डलहौजी का निधन हुआ था।
- 1899 - मानवाधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले अमेरिकी नेता मार्टिन लूथर किंग सीनियर का जन्मदिन।
- 1919 - अमेरिका में मौसम विज्ञान सोसायटी की स्थापना हुई थी।
- 1927 - उत्तर प्रदेश ऑटोमोबाइल संघ की स्थापना हुई थी।
- 1927 - महान स्वतन्त्रता सेनानी राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाकुल्लाह खां और रोशन सिंह को अंग्रेजों ने फांसी दे दी।
- 1934 - भारत की प्रथम महिला राष्ट्रपति प्रतिभा देवी सिंह पाटिल का जन्म हुआ था।
- 1941 - जर्मन तानाशाह एडोल्फ हिटलर ने सेना की पूरी कमान अपने हाथ में ले ली थी।
- 1961 - गोवा को पुर्तगाल की गुलामी से आजादी मिली।
- 1969 - पूर्व क्रिकेटर नयन मोंगिया का जन्मदिन।
- 1974 - ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट खिलाड़ी एवं कप्तान रिकी पोंटिंग का जन्म।
- 1983 - ब्राजील के शहर रियो डि जेनेरियो से फुटबॉल के फीफा विश्व कप की चोरी हो गई।
- 1984 - ब्रिटेन और चीन के बीच ब्रितानी उपनिवेश हांगकांग 1997 में चीन को सौंपने पर समझौता।
- 1984 - भोपाल गैस त्रासदी में 2500 लोगों की मौत हुई थी।
- 1999 - 443 वर्षों तक पुर्तग़ाली उपनिवेश में रहने के बाद मकाऊ का चीन को हस्तांतरण।
- 2000 - आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को हराकर लगातार 13वां टेस्ट मैच जीता।
- 2002 - जनता पार्टी के राजनीतिज्ञों में से एक एवं गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूभाई पटेल का निधन।
- 2003 - लीबिया ने रासायनिक हथियारों को खत्म करने की घोषणा की थी।
- 2003 - अमेरिका ने कश्मीर समस्या को संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों के तहत हल करने की पाकिस्तान की मांग छोड़ने का स्वागत किया था।
- 2005 - अफ़ग़ानिस्तान में तीन दशक बाद लोकतांत्रिक पद्धति से चुनी गयी देश की पहली संसद की पहली बैठक आयोजित।
- 2006 - शैलजा आचार्य को नेपाल ने अपना भारत में नया राजदूत नियुक्त किया।
- 2007 - टाइम पत्रिका ने रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन को पर्सन आफ़ द ईयर के ख़िताब से नवाजा।
- 2008- केनरा बैंक, एचडीएफसी व बैंक ऑफ़ राजस्थान ने आवास ऋण सस्ता करने की घोषणा की।
- 2012 - पार्क ग्युन हे दक्षिण कोरिया की पहली महिला राष्ट्रपति बनी।
- 2016 - जर्मनी की राजधानी बर्लिन के क्रिसमस बाजार में हमला, कई लोगों की मौत हुई थी।
- 2016 - लेखक और गाँधीवादी पर्यावरणविद् अनुपम मिश्र का निधन हुआ था।

## बोल ब्यूटीफुल



**कमलेश सिंहः** वीबी-जी राम जी नाम पर सरकार इसबार नामकरण के खेल में कुछ फंस सी गई है। यह नाम लंबा और जबरन थोपा हुआ लगता है। सरकार को नामकरण में ही दिलचस्पी है तो इस काम के लिए शब्दों के उपयुक्त महारथी को तलाशे।

**शिव कांतः** एक महिला डाक्टर के मुंह से इस्लामी नकाब हटाने की घटना पर इस्लामी पार्टियों से भी अधिक वे पार्टियां आक्रोशित है जो खुद को प्रगतिशील बताने नहीं थकती। मर्दों का लादा पर्दा नारी का सम्मान कैसे हो गया? यदि यही सम्मान है तो विश्व की अधिकांश स्त्रियां ऐसा नहीं करती। क्या वे सम्मानहीन है?

**दिवा जैनः** सेना को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण के बयान यही जाहिर करते है कि भाजपा भले ही चाहे जो करे, लेकिन वह किसी भी सूरत में कांग्रेस से कई गुना बेहतर है।

**एश्वर्याः** धुरंधर में कुछ भी मुस्लिम विरोधी नहीं। पाकिस्तानी गैंगवार एवं आतंक में उनकी संलिप्तता ही इसमें दिखाई गई है। पता नहीं क्यों भारत में एक वर्ग इस फिल्म के विरोध में लगा है।

# डीज़ल युग का विसर्जन, हरित भारत का अभिषेक

जब कोई राष्ट्र इतिहास रचता है, तो उसकी गूंज सीमाओं से परे जाती है। दिसंबर 2025 में भारतीय रेलवे ने ऐसा ही एक स्वर्णिम अध्याय लिखा, जब ब्रॉड-गेज रेल नेटवर्क का 99.2 प्रतिशत विद्युतीकरण पूर्ण हुआ। यह उपलब्धि मात्र आंकड़ों की बाज़ीगरी नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच, निर्णायक नेतृत्व और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की अथक मेहनत का जीवंत प्रमाण है। जिस दौर में कई तथाकथित विकसित देश आज भी डीज़ल आधारित ढांचे पर निर्भर हैं, उसी दौर में भारत ने अपने विशाल रेल नेटवर्क को हरित ऊर्जा से जोड़कर नई दिशा तय कर दी। यह आत्मनिर्भर भारत की बुलंद घोषणा है, पर्यावरण संरक्षण की ठोस पहल है और नए भारत के आत्मविश्वास का उद्घोष है। मोदी सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया कि बड़े सपने देखने और असंभव को संभव में बदलने का साहस और सामर्थ्य आज भारत के पास है।

यदि हम 2014 से पहले की स्थिति पर नज़र डालें, तो वर्तमान प्रगति किसी चमत्कार से कम नहीं लगती। आज़ादी के बाद लगभग छह दशकों में, यानी 2014 तक, भारतीय रेलवे का केवल 21,801 किलोमीटर मार्ग ही विद्युतीकृत हो सका था। योजनाओं की सुस्ती, निर्णयों की कमी और इच्छाशक्ति के अभाव ने विकास को जकड़ रखा था। लेकिन 2014 के बाद तस्वीर पूरी तरह बदल गई। मोदी सरकार के नेतृत्व में 2014 से 2025 के बीच 46,900 किलोमीटर से अधिक रेल मार्गों का विद्युतीकरण किया गया, जो पहले के कुल कार्य से भी दोगुने से अधिक है। विशेष रूप से 2019 से 2025 के बीच 33,000 किलोमीटर से ज्यादा का विद्युतीकरण हुआ, यानी औसतन प्रतिदिन 15 किलोमीटर से अधिक की रफ्तार। यह दूरी जर्मनी जैसे देश के संपूर्ण रेल नेटवर्क के बराबर है। यह प्रगति मिशन मोड में काम करने वाली सरकार, बाधाओं को अवसर में बदलने वाली सोच और परिणाम देने वाली इच्छाशक्ति का प्रतिफल है।

वैश्विक परिदृश्य में भारत की यह उपलब्धि और भी अधिक प्रभावशाली बन जाती है। इंटरनेशनल यूनियन ऑफ रेलवेज (यूआईसी) की जून 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत का 99.2 प्रतिशत विद्युतीकरण कई विकसित देशों से कहीं आगे है। ब्रिटेन जहाँ 39 प्रतिशत पर है, वहीं रूस 52 प्रतिशत, फ्रांस 60 प्रतिशत, जापान 64 प्रतिशत, स्पेन 67 प्रतिशत और चीन 82 प्रतिशत पर ही सिमटे हुए हैं। दुनिया के अनेक बड़े रेल नेटवर्क आज भी डीज़ल की खपत से जूझ रहे हैं, जबकि भारत ने अपने सबसे व्यस्त और व्यापक नेटवर्क को हरित ऊर्जा से संचालित कर दिखाया है। इसका प्रत्यक्ष लाभ यह हुआ कि डीज़ल आयात पर निर्भरता घटी, विदेशी मुद्रा की बचत हुई और परिचालन लागत में करोड़ों रुपये की कमी आई। साथ ही, कार्बन उत्सर्जन में भारी गिरावट दर्ज की गई, जिससे भारत की जलवायु प्रतिबद्धताओं को नई मजबूती मिली।



पर्यावरणीय दृष्टि से यह क्रांति अत्यंत महत्वपूर्ण है। रेल परिवहन, सड़क परिवहन की तुलना में लगभग 89 प्रतिशत कम कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन करता है। एक टन माल को एक किलोमीटर तक ले जाने में रेल से मात्र 11.5 ग्राम कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन होता है, जबकि सड़क परिवहन से यही आंकड़ा 101 ग्राम तक पहुँच जाता है। विद्युतीकरण ने इस अंतर को और भी प्रभावी बना दिया है। मोदी सरकार की नीतियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि विकास और पर्यावरण संरक्षण एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हो सकते हैं। जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैश्विक संघर्ष में भारत अब केवल सहभागी नहीं, बल्कि मार्गदर्शक की भूमिका में उभर रहा है।

मोदी सरकार की दृष्टि केवल तारों और खंभों तक सीमित नहीं है, बल्कि ऊर्जा के स्रोतों में भी क्रांतिकारी परिवर्तन किया गया है। नवबर 2025 तक रेलवे में 812 मेगावाट सौर ऊर्जा और 93 मेगावाट पवन ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं, जो सीधे ट्रैक्शन आवश्यकताओं को पूरा कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त 1,500 मेगावाट से अधिक की हाइब्रिड नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का प्रबंध किया गया है। भारतीय रेलवे अब आधुनिक थ्री-फेज आईजीबीटी तकनीक वाले लोकोमोटिव का निर्माण कर रहा है, जो ब्रेकिंग के दौरान ऊर्जा को पुनः उत्पन्न करते हैं। यह 'मेक इन इंडिया' की सशक्त मिसाल है, जो आयात पर निर्भरता घटाने, रोजगार सृजन बढ़ाने और 2030 तक नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को साकार करने में सहायक है। यह प्रधानमंत्री के पंचामृत संकल्प का सजीव रूप है।

इस विद्युतीकरण क्रांति का सबसे बड़ा लाभ देश की आम जनता को मिला है। विद्युतीकृत मार्गों पर ट्रेनें अधिक तेज़, सुरक्षित और विश्वसनीय हो गई हैं। देरी में कमी आई है और किरायों पर अनावश्यक बोझ नहीं पड़ा है। देश के 14 रेलवे जोन और 25 राज्य एवं केंद्रशासित प्रदेश पूरी तरह विद्युतीकृत हो चुके हैं। पूर्वोत्तर के राज्य–अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और नागालैंड–जहां कभी बुनियादी ढांचे की कमी महसूस होती थी, अब 100 प्रतिशत विद्युतीकरण के साथ विकास की मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं। वंदे भारत एक्सप्रेस जैसी अत्याधुनिक ट्रेनें बिजली से संचालित होकर यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान कर रही हैं। यह जन-केंद्रित शासन की स्पष्ट झलक है, जो रेलवे को सचमुच करोड़ों भारतीयों की जीवनरेखा बना रहा है।

भारतीय रेलवे का यह विद्युतीकरण अभियान मोदी सरकार की अटूट इच्छाशक्ति, कुशल प्रशासन और राष्ट्रप्रथम सोच का अनुपम उदाहरण है। जहाँ कभी योजनाएं फाइलों में सिमटी रहती थीं, वहाँ आज रफ्तार, हरित ऊर्जा और तकनीकी नवाचार का तूफान दिखाई देता है। यह नए भारत का आत्मघोष है–एक ऐसा भारत जो न केवल अपने लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा बन रहा है। शीघ्र ही 100 प्रतिशत विद्युतीकरण का लक्ष्य प्राप्त कर यह उपलब्धि विश्व इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज होगी और आने वाली पीढ़ियों को बताएगी कि जब संकल्प मज़बूत हो, तो राष्ट्र असंभव को भी संभव बना सकता है।



## नशे के खिलाफ जनसहयोग से ही मिलेगी सफलता : तोरुल एस रवीश

नशा मुक्त हिमाचल अभियान के तहत परगाणु व आईटीआई शमशी में जागरूकता शिविर

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 17 दिसंबर।** उपयुक्त कुल्लू, तोरुल एस. रवीश ने बुधवार को नशा मुक्त हिमाचल कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत परगाणु के राजकीय प्राथमिक विद्यालय तथा ग्राम पंचायत शमशी के आईटीआई शमशी में जागरूकता शिविर का आयोजन किया।

उपायुक्त ने नशा निवारण समिति के परगाणु और शमशी के सदस्यों के साथ बैठक की और समय-समय पर नशे की रोकथाम के लिए प्रभावी एक्शन प्लान तैयार करने तथा नियमित बैठकें आयोजित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समिति की सजगता और सक्रियता से नशा करने वालों तथा नशा तस्करों को बेनकाब किया जा सकता है।

उपायुक्त ने कहा कि चिट्टे को जड़ से समाप्त करना राज्यव्यापी मुहिम है, जिसकी स्वयं मुख्यमंत्री निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान में महिलाओं का योगदान और दृढ़ इच्छाशक्ति अत्यंत सराहनीय भूमिका निभा सकती है। उन्होंने बैठक में बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं से आगे आकर नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

उन्होंने आईटीआई के छात्रों से विशेष रूप से आह्वान किया कि वे नशे से पूरी तरह दूर रहें और अपने उज्ज्वल भविष्य को सुरक्षित रखें।

### टैंकों पर लगे लागत के दो दो बोर्ड लाखों का हेरफेर या सुनियोजित घोटाला?

# ऊना की मदनपुर पंचायत में जल भंडारण टैंकों पर बड़ा खेला

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** जिला विकासखंड ऊना एवं विधानसभा क्षेत्र कुटलैहड़ के तहत पढ़ती ग्राम पंचायत मदनपुर में सरकारी योजनाओं के नाम पर लाखों रुपए के हेरफेर का अति गंभीर मामला सामने आया है। जिसको सुनते ही हर कोई सन्न रह जाएगा,

सवाल यह नहीं कि गड़बड़ी हुई या नहीं, सवाल यह है कि अगर घोटाला नहीं हुआ तो एक ही टैंक पर टैंक की लागत व योजनाओ के दो दो बोर्ड कैसे लगे हैं?

और पंचायत द्वारा टैंक की लागत के हैड को कुछ ही महीनों के भीतर हेरफेर करके कभी वाटरशेड (प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना) तो कभी 15वें बित्तायोग की लागत के हैड से बनाया हुआ दर्शाया गया है,

यह पंचायत द्वारा शायद इसलिए किया गया है कि कुछ महीने पहले ही स्थानीय निवासियों ने मीडिया के माध्यम से टैंकों के निर्माण कार्यों में गोलमाल होने की आशंका जताई थी और विभाग द्वारा छानबीन के बाद पंचायत को 32 हजार रुपए के



करीब रिकवरी के आदेश व विभाग की अनुमति लिए बिना सरकारी संपत्ति को तोड़ने का कारण बताओं नोटिस भी भेजा गया है, वहरहाल कई दिन बीत जाने के बाद भी जिला प्रशासन द्वारा पंचायत प्रधान पर कोई गाज नहीं गेरी गई है जबकि जिला प्रशासन द्वारा छोटी सी गलती पर अन्य कई प्रधानों को निलंबित कर दिया गया है जो कि जगहाजिर है।

वहीं गांव के लोगों का सीधा आरोप है कि पानी का एक टैंक वर्ष 2012-13 में ही बन चुका था, लेकिन हैरानी की बात यह है कि पंचायत प्रधान द्वारा विभागीय कर्मचारियों के साथ मिलकर गोलमाल की एवज में उसी टैंक की पुरानी पट्टिका हटाकर उसे साफ कर उस पर नई पट्टिका लगा दी गई है, जिसमें निर्माण वर्ष 2022-23 दर्शा दिया गया है जबकि टैंक की मौजूदा हालात जर्जर बनी हुई है।

यानी एक ही टैंक को कागजों में दो बार बनाकर सरकारी धन हेंठने का खेला ?

अगर दूसरे टैंक की बात की जाए तो कुछ महीने पहले जब मीडिया में मुद्दा उठा था तो उस पर वाटरशेड यानी प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना हैड की लागत से बना हुआ दर्शाया गया था जबकि ताजातरीन तस्वीरों में अब उसे 15वें बित्तायोग की लागत से बना हुआ दर्शाया गया है, एक ही टैंक पर दो-दो योजनाओं के बोर्ड लगाए गए हैं जो सरकारी पैसे के गोलमाल व भ्रष्टाचार की ओर इशारा कर रहे हैं।



### उठ रहे सवाल

क्या इस मामले को दबाने की कोशिश हो रही है?

क्या जिम्मेदारों को किसी राजनीतिक संरक्षण से बचाया जा रहा है?

या फिर जांच के नाम पर समय निकाला जा रहा है?

### सीधे-सीधे उठते हैं संगीन सवाल

अगर टैंक 2012-13 में बना है, तो उस पर 2022-23 का नया बोर्ड क्यों?

पुरानी पट्टिका हटाने का आदेश किसने दिया?

बिना नया टैंक बनाए पैसे का भुगतान किस आधार पर हुआ?

किस अधिकारी ने बिल पास किए?

### ग्रामीणों का आरोप- अधिकारियों की मिलीभगत

ग्रामीणों का कहना है कि इस मामले की लिखित शिकायत जिला पंचायत अधिकारी को दी जा चुकी है, लेकिन कई दिन बीत जाने के बावजूद न जांच हुई, न किसी पर इस गोरख धंधे की एफआईआर।

ग्रामीणों का आरोप है कि जांचकर्ताओं द्वारा अगर सब कुछ गलत है तो प्रधान पर कार्रवाई से डर क्यों? जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई क्यों नहीं? जिला प्रशासन की यह चुप्पी कई सवाल खड़े करती है और अधिकारियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में आ रही है। वहीं कानूनी जानकारों एवं विशेषज्ञों के मुताबिक यदि आरोप सही पाए गए तो यह मामला धोखाधड़ी, जालसाजी, सरकारी रिकॉर्ड से छेड़छाड़ और भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है, जिसमें धारा 420, धारा 409, धारा 467 व 468 तथा धारा 471 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई बनती है।

ऐसे में ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि तत्काल प्रभाव से जांच और कार्रवाई नहीं हुई, तो वे विजिलेंस और न्यायालय का दरवाजा खटखटाने से पीछे नहीं हटेंगे। अब देखना यह है कि प्रशासन सच सामने लाता है या फिर यह मामला भी फाइलों में दफन कर दिया जाएगा। आगे सुनिए क्या कह रहे ग्रामीण जिला विकास खंड अधिकारी ऊना रणवीर चौहान ने कहा कि मामला आपके द्वारा ध्यान में लाया गया है इसकी उचित जांच कर कार्रवाई जाए गई।

## स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के तहत ऊना में ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** नगर निगम ऊना में आज (वीरवार) को ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अंतर्गत शहरी विकास निदेशालय, हिमाचल प्रदेश और स्वच्छता नॉलेज पार्टनर संस्था हिमालयन इंस्टीट्यूट फॉर एनवायरनमेंट, इकोलॉजी एंड डेवलपमेंट (हाइफीड) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई।

इस प्रशिक्षण कार्यशाला में नगर निगम ऊना के साथ-साथ नगर पंचायत अम्ब, गगरेट, दौलतपुर, संतोषगढ़, टाहलीवाल तथा मेहतपुर से नगर पंचायतों के अधिकारी, सफाई निरीक्षक, सफाई पर्यवेक्षक, स्कूल शिक्षक, व्यापार संगठनों के प्रतिनिधि एवं स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

कार्यशाला का शुभारंभ संयुक्त आयुक्त नगर निगम ऊना मनोज कुमार एवं जिला समन्वयक मुनीश जस्सल द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने शहरों को कचरा मुक्त बनाने में जनभागीदारी की महत्ता पर बल देते हुए स्वच्छता को एक व्यापक जनआन्दोलन के रूप में अपनाने का आह्वान किया।



कार्यशाला के दौरान कचरा मुक्त शहरों के निर्माण हेतु ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सत्र में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के लक्ष्य एवं उद्देश्यों, घरेलू एवं बल्क वेस्ट जनरेटर, कचरे के वर्गीकरण, स्रोत पर कचरा पृथक्करण, स्वच्छ सर्वेक्षण, कचरा प्रबंधन की प्रभावी रणनीतियों एवं सर्वोत्तम प्रथाओं, व्यवहार परिवर्तन, तथा मिशन की संस्थागत संरचना पर प्रकाश डाला गया।

इसके अतिरिक्त ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के प्रमुख प्रावधानों पर भी विस्तृत चर्चा की गई, जिससे प्रतिभागियों को नियमों के व्यवहारिक क्रियान्वयन की बेहतर समझ प्राप्त हो सके।

इस अवसर पर हाइफीड संस्था की ओर से विषय विशेषज्ञ ज्ञान प्रकाश मिश्रा, प्रकाश दत्त भाटिया, अनिल पैन्यूली और सुभाष शर्मा उपस्थित रहे।

## 31 मार्च तक 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की घोषणा : उप-मुख्यमंत्री

उप-मुख्यमंत्री ने की बीएसएमडीए व एचआरटीसी बैठक की अध्यक्षता

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज शिमला के पीटरहॉफ होटेल में एचआरटीसी के निदेशक मंडल की 162वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि 31 मार्च, 2026 तक एचआरटीसी के कर्मचारियों के 3 प्रतिशत महंगाई भत्ते की ब?ाया राशि का भुगतान चार किश्तों में कर दिया जाएगा। उन्होंने कर्मचारियों के छह माह के लंबित मेडिकल बिलों का भुगतान करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने इस अवसर पर 'हिम बस पोर्टल' का शुभारंभ किया, जिसके माध्यम से लोग अब हिम कार्ड ऑनलाइन बनवा सकेंगे, जिन्हें डाक द्वारा उनके गंतव्य तक पहुंचाया जाएगा।

एचआरटीसी ने वेतन खातों के साथ क्रेडिट स्कोर की सुविधा के लिए एक्सिस



बैंक, यूको बैंक और पंजाब नेशनल बैंक के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। टिकट बुकिंग के लिए एक कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) भी स्थापित किया जाएगा। वर्तमान में राज्य में लगभग 6000 सीएससी कार्यरत हैं।

इससे पूर्व मुकेश अग्निहोत्री ने हिमाचल प्रदेश सिटी ट्रांसपोर्ट और बस अड्डा प्रबंधन एवं विकास प्राधिकरण (एचपीएससीटीबीएसएमडीए) के निदेशक मंडल (बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स) की 72वीं बैठक की अध्यक्षता की।

इस अवसर पर उप-मुख्यमंत्री ने बस अड्डा प्रबंधन एवं विकास प्राधिकरण के लिए विकसित 'एसेट मैनेजमेंट एप्लिकेशन' का शुभारंभ किया गया, जिससे बस अड्डों के संचालन, रख-रखाव और परिसंपत्तियों की निगरानी को और अधिक पारदर्शी तथा प्रभावी बनाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर के बस अड्डों पर 410 दुकानें किराए पर आवंटित की गई हैं, जिससे हर माह 45 लाख रुपये की आय होती है।

बैठक में ठियोग बाजार में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स एवं पार्किंग कॉम्प्लेक्स, मंडी बस अड्डे में कार पार्किंग तथा मल्टीपरप? हॉल के निर्माण का फ़ैसला लिया गया।

उप-मुख्यमंत्री ने थुनाग, दा?लाघाट, हमीरपुर, बैजनाथ, भोरंज और फतेहपुर, के बस अड्डों के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। उन्होंने बिलासपुर के मंडी-भरा?ी, जयसिंहपुर तथा चंबा के पुराने बस अड्डे में कार पार्किंग एवं कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, बद्दी में नए बस अड्डों की टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने तथा प्रस्तावित परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से आगे ब?ाने के निर्देश जारी किए।

अतिरिक्त मुख्य सचिव परिवहन आर.डी. नजीम, उपाध्यक्ष एचआरटीसी अजय वर्मा, प्रबंध निदेशक एचआरटीसी डॉ. निपुण जिंदल, निदेशक परिवहन नीरज कुमार, विशेष सचिव (वित्त) विजय वर्धन, विशेष सचिव पर्यटन विजय कुमार, विशेष सचिव (पीडब्ल्यूडी) हरबंस सिंह, निदेशक मंडल के सभी ग़ैर सरकारी सदस्य तथा एचआरटीसी एवं बीएसएमडीए के वरिष्ठ अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### किसानों से डिजिटल फसल सर्वेक्षण में पंजीकरण का आग्रह

**सोलन।** कृषि उप निदेशक सोलन डॉ. देव राज कश्यप ने ?िला के किसानों से आग्रह किया है कि डिजिटल फसल सर्वेक्षण में अपना पंजीकरण सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने कहा कि किसानों को फसल बीमा और मुआव?ा, बेहतर कृषि प्रबंधन, आदानों का न्यायसंगत प्रयोग, स्मार्ट खेती, पारदर्शिता व दक्षता, भविष्य के डाटाबेस, पात्रता व लाभ वितरण में आसानी तथा स्टीक उत्पादन अनुमान की सुविधा के लिए डिजिटल फसल सर्वेक्षण में अपना पंजीकरण करवाना आवश्यक है। डॉ. देव राज कश्यप ने कहा कि डिजिटल फसल सर्वेक्षण के लिए सर्वेयर किसानों से खेतों में बोई गई फसलों, सिंचाई का तरीका व अन्य जानकारी हासिल करेंगे। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि सरकारी योजनाओं, अनुदान और फसल के सही दाम प्राप्त करने के लिए सर्वेयर को स्टीक जानकारी प्रदान करने में सहायक बनें। उन्होंने कहा कि किसान डिजिटल फसल सर्वेक्षण की नवीनतम अपडेट के लिए कृषि विभाग की वेबसाइट http://agriculture.hp.gov.in का अवलोकन कर सकते हैं। उन्होंने किसानों से अपने क्षेत्र के पटवारी से सम्पर्क में रहने का आग्रह भी किया।

### शिविर में उमड़ा जनसहयोग, 35 यूनिट रक्तदान



**कुल्लू 18 दिसंबर (अशेष शर्मा)।** जिला रेड क्रॉस सोसाइटी कुल्लू द्वारा आईएसबीटी सेंट्रल मॉल, कुल्लू में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ अतिरिक्त उपायुक्त कुल्लू अश्वनी कुमार ने किया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त जयबंती ठाकुर, जिला रेड क्रॉस के सचिव विनोद मोदगिल सहित गणमान्य लोग और रक्तदाता उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर में कुल 50 लोगों ने रक्तदान के लिए पंजीकरण करवाया, जिनमें से 35 रक्तदाताओं ने सफलतापूर्वक रक्तदान किया। शिविर के दौरान उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि समाज में रक्तदान को लेकर जागरूकता निरंतर बढ़ रही है। अतिरिक्त उपायुक्त अश्वनी कुमार ने सभी रक्तदाताओं को मानवता की सेवा में इस पुनीत कार्य के लिए बधाई देते हुए कहा कि रक्तदान महादान है, जो किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने में निर्णायक भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्तदान से कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं और स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है और आपातकालीन परिस्थितियों, दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारियों तथा शल्य चिकित्सा के दौरान रक्त की निरंतर आवश्यकता रहती है। ऐसे में स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का आयोजन समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है। अतिरिक्त उपायुक्त ने जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रयासों की सराहना करते हुए अधिक से अधिक लोगों से आगे आकर रक्तदान करने का आह्वान किया, ताकि समय पर जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराया जा सके।

## स्मार्ट मैनुफैक्चरिंग व डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन पर जागरूकता सत्र आयोजित

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**गगरेट, ऊना।** गगरेट औद्योगिक क्षेत्र में आज (वीरवार) को मिनी कॉमन फैसिलिटी सेंटर में स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन पर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में एमएसएमई उद्यमी, उद्योग प्रतिनिधि एवं सरकारी संस्थाओं के अधिकारी शामिल हुए। यह कार्यक्रम सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और सरकार के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य स्थानीय औद्योगिक इकाइयों में इंडस्ट्री 4.0 तकनीकों को अपनाने को गति देना है।

कार्यक्रम में उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधियों की सशक्त भागीदारी रही। अम्ब इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष गौतम जी तथा गगरेट इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष प्रमोद जी ने औद्योगिक प्रतिनिधित्व का नेतृत्व करते हुए डिजिटल तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर महासचिव सुरेश जी एवं कार्यकारी अधिकारी विपुलव राणा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में अहम भूमिका निभाई। औद्योगिक क्षेत्र के आधुनिकीकरण की दिशा में रणनीतिक प्रयासों के लिए विपुलव राणा के योगदान



की विशेष रूप से सराहना की गई।

इंटरैक्टिव सत्रों के दौरान सीईएल के तकनीकी विशेषज्ञों ने बताया कि ऑटोमेशन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से उत्पादन में डाउनटाइम को कैसे कम किया जा सकता है और उत्पादकता को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाया जा सकता है। गगरेट स्थित मिनी सीएफसी को साझा अवसंरचना के एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में प्रस्तुत किया गया, जिससे एमएसएमई इकाइयाँ बिना भारी प्रारंभिक निवेश के आधुनिक तकनीकों का परीक्षण और उपयोग कर सकें।

प्रमोद ने स्थानीय उद्योगों से आह्वान किया कि वे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में टिके रहने के लिए स्मार्ट तकनीकों को शीघ्र अपनाएं। वहीं, गौतम ने कहा कि स्मार्ट सेंसर और डेटा एनालिटिक्स अब कोई विलासिता नहीं, बल्कि अम्ब और गगरेट औद्योगिक क्षेत्रों के सतत विकास के लिए अनिवार्यता बन चुके हैं। कार्यक्रम में स्थानीय उद्यमियों की प्रतिक्रिया अत्यंत उत्साहजनक रही। अनेक उद्यमियों ने प्रीडिक्टिव मेंटेनेंस एवं पेपरलेस ऑपरेशंस को तुरंत लागू करने में रुचि दिखाई। इस अवसर पर कार्यकारी अधिकारी विपुलव राणा ने कहा कि उनका कार्यालय औद्योगिक इकाइयों के लिए इस डिजिटल बदलाव को सरल और सुचारू बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, ताकि प्रत्येक इकाई को स्मार्ट प्रोटोकॉल लागू करने में आवश्यक सहयोग मिल सके। कार्यक्रम के समापन पर सीईएल, जिला उद्योग केंद्र तथा औद्योगिक संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से नियमित पायलट प्रोजेक्ट्स एवं तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया गया। इस सामूहिक पहल से ऊना का औद्योगिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश में स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग का अग्रणी केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और इंडस्ट्री 4.0 के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम कर रहा है।

## चिट्टा अपराध में बेटा भी शामिल हो तो नहीं बख्शा जाना चाहिए : लखनपाल

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इन्द्रदत्त लखनपाल ने चिट्टा तस्करी को समाज के लिए सबसे घातक अपराध बताते हुए कहा कि इस जघन्य कृत्य में शामिल व्यक्ति चाहे रिश्तेदार हो या स्वयं उनका बेटा ही क्यों न हो, उसे कानून के तहत कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। नशा न केवल युवाओं को बर्बाद कर रहा है, बल्कि पूरे समाज की नींव को खोखला कर रहा है और इसमें किसी भी प्रकार की नरमी या संरक्षण अक्षम्य है। विधायक लखनपाल ने कड़े शब्दों में सवाल उठाया कि जब आरोपी को चिट्टे के साथ पकड़ा गया, तो उसे इतनी जल्दी क्यों छोड़ा गया। विधायक ने कहा कि चिट्टा तस्करी के आरोपियों को संरक्षण देने वाले, जमानत दिलाने में भूमिका निभाने वाले या दबाव बनाने वाले लोगों के खिलाफ भी आपराधिक मामला दर्ज किया जाना चाहिए। चिट्टा अपराध में बेटा भी शामिल हो तो नहीं बख्शा जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी माता-पिता, अधिकारी या जनप्रतिनिधि यह नहीं चाहता कि उसका बच्चा नशे की गिरफ्त में आए, लेकिन यदि कोई व्यक्ति इस अपराध में संलिप्त पाया जाता है, तो रिश्तों या नामों को उछालने के बजाय सीधे और सख्ती से आरोपी पर कार्रवाई होनी चाहिए।

## हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** जिला के पुलिस थाना धर्मपुर के अंतर्गत आने वाली पुलिस चौकी डग्शाई की टीम ने नशा तस्करों के खिलाफ ब?ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को हेरोइन (चिट्टा) के साथ गिरफ्तार किया है। घटना 17 दिसंबर 2025 की है, जब पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त और अपराध रोकथाम के लिए तैनात थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूत्रों से पुख्ता सूचना मिली कि एक युवक पंचकूला से नशे की खेप लेकर आया है और वह एमएमएम एंड सीएच संस्थान में प?ने वाले छात्रों को यह नशा बेचने की योजना बना रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई की और मौके पर दबिश देकर उक्त युवक को काबू कर लिया।

पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में आरोपी की पहचान 19 वर्षीय केतन राव के रूप में हुई है, जो हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के सुंदर नगर का निवासी है। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके कब्जे से 3.44 ग्राम हेरोइन बरामद की। यह मामला इसलिए भी चिंताजनक है क्योंकि आरोपी स्वयं अभी युवा है और वह मेडिकल कॉलेज के छात्रों को नशे के जाल में फंसाने का प्रयास कर रहा था।

पुलिस की तत्परता से नशे की यह खेप छात्रों तक पहुँचने से पहले ही पक? ली गई। इस संबंध में पुलिस थाना धर्मपुर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है ताकि उसके नेटवर्क और नशे के स्रोत का पता लगाया जा सके। इसके अलावा, जाँच अधिकारी आरोपी के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड को भी खंगाल रहे हैं। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शिक्षण संस्थानों के आसपास नशा बेचने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटा जाएगा और मामले में जांच जारी है।

लोकार्पण — 33 लाख रुपए की लागत से निर्मित गुलमोहर विश्राम गृह का किया लोकार्पण

## ग्रामीण आर्थिकी को मजबूत करने के लिए बहुआयामी योजनाएं कर रहे कार्यान्वित : संजय

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर अधोसंरचना सृजन और किसानों एवं बागवानों की आर्थिकी को म?बूत बनाने के लिए बहुआयामी योजनाएं कार्यान्वित कर रही है। संजय अवस्थी आज अर्की विधानसभा क्षेत्र के कुनिहार स्थित खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय परिसर में लगभग 33 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित गुलमोहर विश्राम गृह का लोकार्पण करने के उपरांत उपस्थित पंचायत राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं अन्य को सम्बोधित कर रहे थे।

संजय अवस्थी ने कहा कि अर्की विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना उनकी प्राथमिकता है। अर्की विधानसभा क्षेत्र में स?क, पेयजल, विद्युत, शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं को और



बेहतर बनाने के लिए प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि अर्की विधानसभा क्षेत्र के लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाई के लिए नागरिक अस्पताल अर्की में 07 विशेषज्ञ चिकित्सक की नियुक्ति करवाई गई है। इनकी सुविधा लोगों की मिलनी आरम्भ हो गई है। उन्होंने कहा कि कुनिहार में भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए अस्पताल अधोसंरचना को और म?बूत बनाया जाएगा।

विधायक ने कहा कि अर्की विधानसभा क्षेत्र के छात्रों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए क्षेत्र में तीन राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण आर्थिकी में महिलाओं का योगदान सर्वविदित है। प्रदेश सरकार ग्रामीण स्तर पर कार्यरत महिला स्वयं सहायता समूहों को और सशक्त बना रही है। अर्की विधानसभा क्षेत्र के स्वयं सहायता समूहों की आर्थिकी को ब?ाने व उनके उत्पादों को उचित विपणन मंच प्रदान करने के लिए दा?लाघाट में उपयुक्त स्थान चिन्हित कर लिया गया है। यहां आवश्यक अधोसंरचना उपलब्ध है।

संजय अवस्थी ने खण्ड विकास अधिकारी कुनिहार के कार्यालय के प्रारम्भिक निर्माण कार्य के लिए प्रथम चरण में 10 लाख रुपए तथा परिसर में शॉप और कैंटीन निर्माण के लिए 05 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की। विधायक ने इस अवसर पर जन समस्याएं सुनीं और इनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उत्पादों में गहरी रुचि दिखाई। पंचायत समिति कुनिहार की अध्यक्ष सोमा कौंडल ने इस अवसर पर मुख्यातिथि सहित सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। इस अवसर पर कुनिहार खण्ड के स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादों की प्रदर्शनियां भी लगाई गई।

## सरेआम सट्टा लगवाते आरोपी को फर्जी ग्राहक बनकर पुलिस ने दबोचा

**पंचकूला।** अवैध जुआ और सट्टेबाजी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत पंचकूला पुलिस की एवीटी स्टाफ ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सरेआम सट्टा खेलते और लोगों को जुए के लिए उकसाते एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि इकरार खान निवासी पीलीभीत उत्तर प्रदेश, हाल किरायेदार पिंजौर, नवां नगर टी-प्वाइंट के पास खुलेआम सट्टा खेलने के लिए लोगों को उकसा रहा है। सूचना की पुष्टि के बाद एवीटी स्टाफ इन्चार्ज सुनील कुमार के नेतृत्व में टीम ने त्वरित कार्रवाई की। योजना के तहत एक पुलिसकर्मी को फर्जी ग्राहक बनाकर मौके पर भेजा गया। जैसे ही आरोपी सट्टा खिलवाते हुए सक्रिय पाया गया, टीम ने मौके पर दबिश देकर उसे काबू कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से जुए में प्रयोग होने वाले उपकरण और 5610 नकद राशि बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

# अवैध खनन पर आयोग सख्त, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को फटकार

## स्टोन क्रशर, ईंट भट्टों व खनन इकाइयों में पर्यावरणीय मानकों का उल्लंघन, हर 30 दिन में निरीक्षण के निर्देश

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला 18 दिसंबर।** हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने जिला पंचकूला में अवैध खनन एवं उससे जुड़ी गंभीर पर्यावरणीय अनियमितताओं पर कड़ा संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि अवैध खनन न केवल पर्यावरण के लिए घातक है, बल्कि आम नागरिकों के स्वास्थ्य, जीवन एवं मानव अधिकारों का भी सीधा उल्लंघन है।

पिंजौर-नालागढ़ रोड, मल्लाह रोड, रायपुर रानी, मोरनी, बरवाला एवं चंडीमंदिर क्षेत्रों में चल रही अवैध खनन गतिविधियों को लेकर प्राप्त रिपोर्ट की गहन समीक्षा के बाद हरियाणा मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस ललित बत्रा तथा दोनों सदस्यों कुलदीप जैन और दीप भाटिया को मिलाकर बने पूर्ण आयोग ने हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचएसपीसीबी) की कार्यप्रणाली पर असंतोष व्यक्त किया। आयोग ने पाया कि स्टोन क्रशर, स्क्रीनिंग प्लांट, ईट भट्टों एवं खनन इकाइयों में अनिवार्य पर्यावरणीय मानकों का व्यापक स्तर पर उल्लंघन हो रहा है। आयोग इस रिपोर्ट से पूर्णतः असंतुष्ट है।

आयोग के दिनांक 19.08.2025 के आदेश के अनुपालन में, क्षेत्रीय अधिकारी, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पंचकूला क्षेत्र से दिनांक 12.11.2025 की विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट प्राप्त हुई है7 दिनांक 12.11.2025 की रिपोर्ट के अध्ययन के बाद जस्टिस ललित बत्रा की अध्यक्षता वाले पूर्ण आयोग ने अपने आदेश में लिखा है कि आयोग के बार-बार दिए गए निर्देशों के बावजूद, क्षेत्रीय अधिकारी, ॥स्क्चक्, पंचकूला द्वारा नियमित यादृच्छिक भ्रमण, औचक निरीक्षण एवं सतत निगरानी नहीं की गई। आयोग ने विशेष रूप से यह रेखांकित किया कि अनेक इकाइयों में अनिवार्य दोहरी हरित पट्टी (ग्रीन बेल्ट) विकसित नहीं की गई है, जो धूल एवं प्रदूषण को रोकने का प्राथमिक सुरक्षा उपाय है। इसके अतिरिक्त जल छिड़काव प्रणाली, स्मॉग गन, विंड-ब्रेकिंग वॉल, पुनर्चक्रण टैंक, पक्की आंतरिक सड़कें तथा परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणाली जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं का अभाव भी पाया गया। हरियाणा मानव अधिकार आयोग के सामने प्रस्तुत रिपोर्ट से यह भी पाया गया कि पुनर्चक्रण टैंकों का रखरखाव नहीं, अपशिष्ट जल निस्तारण हेतु लॉग बुक का अभाव, पर्याप्त बैरिकेडिंग नहीं, वाहन रैंप का अभाव, विंड-ब्रेकिंग वॉल्स, जल छिड़काव प्रणाली, स्मॉग गन, पक्की सड़कें, परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन की कमी तथा बिना उपचारित अपशिष्ट जल का निर्वहन जैसी गंभीर कमियाँ मौजूद हैं। निरीक्षण प्रायः कारण बताओ नोटिस के बाद ही किए गए।

### जस्टिस ललित बत्रा के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को ये निर्देश




जस्टिस ललित बत्रा के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देश देते हुए कहा कि सभी पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों का कड़ाई से एवं समान रूप से प्रवर्तन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही प्रत्येक इकाई का कम से कम प्रत्येक 30 दिन में एक बार बिना सूचना के निरीक्षण करे।उन्होंने कहा कि जब तक अनिवार्य शर्तों–जैसे चारों ओर 8-10 फीट ऊँचे वृक्षों का रोपण (रेंज वन अधिकारी से प्रमाणित), बैरिकेडिंग, पुनर्चक्रण टैंक, जल छिड़काव, विंड-ब्रेकिंग वॉल, स्मॉग गन, हरित पट्टी आदि–का पूर्ण अनुपालन न हो, तब तक सीटीई/सीटीओ प्रदान या नवीनीकरण न किया जाए। उपरोक्त निर्देशों पर कार्रवाई की नवीनतम रिपोर्ट अगली सुनवाई से कम से कम एक सप्ताह पूर्व आयोग के सामने प्रस्तुत करें।

### आयोग ने विस्तृत रिपोर्ट 26 फरवरी को तलब की

आयोग के असिस्टेंट रजिस्ट्रार डॉ. पुनीत अरो?ा ने बताया कि उपलब्ध तथ्यों और गंभीर आरोपों को देखते हुए, हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने आदेश दिया है कि वन एवं वन्यजीव विभाग, खान एवं भूविज्ञान विभाग, हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो एवं पुलिस आयुक्त, पंचकूला को भी अपनी विस्तृत रिपोर्ट अगली सुनवाई की तिथि अर्थात् 26 फरवरी 2026 से पूर्व आयोग के सामने प्रस्तुत करनी है।



## स्वदेशी मेले का आगाज एसडीएम ने आयोजकों संग लिया जायजा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** सेक्टर-5 स्थित परेड ग्राउंड में 19 दिसंबर से भव्य स्वदेशी मेले का शानदार आगाज होगा। एसडीएम चंद्रकांत कटारिया ने गुरुवार को परेड ग्राउंड का दौरा कर मेले की तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। एसडीएम चंद्रकांत कटारिया ने मेले में लगाए जा रहे स्टॉलों, बिजली-पानी, साफ-सफाई, सुरक्षा, यातायात व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण में एसडीएम चंद्रकांत कटारिया ने विश्वास जताया कि सभी विभागों के समन्वय से यह मेला सफलतापूर्वक आयोजित किया जाएगा और शहरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा।

उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि मेले में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी की जाएं। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने मेले में लगने वाली स्टॉलों पर विशेष ध्यान दिया और वहां बिकने वाले उत्पादों की जानकारी ली। उन्होंने मेला आयोजकों से चर्चा करते हुए यह भी जाना कि मेले में कौन-कौन से स्वदेशी और स्थानीय उत्पाद उपलब्ध कराए जाएंगे।

## सभी प्रकोष्ठों व हलका स्तर पर संगठन के विस्तार का कार्य 26 जनवरी तक पूरा कर लिया जाएं : दुष्यंत

जुलाना रैली में कार्यकर्ताओं के योगदान के लिए दुष्यंत चौटाला ने जताया आभार

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई



**पंचकूला, 18 दिसम्बर।** पंचकूला वार्ड नंबर 9 आशियाना फ्लैटस में जिला जजपा द्वारा आयोजित धन्यवाद कार्यक्रम में पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला तथा जजपा के प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा को सुनने बहुत बड़ी तादात में कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों की उमड़ी भीड़ ने यह साबित कर दिया कि जिला पंचकूला में जननायक जनता पार्टी का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। आज के कार्यक्रम बारे चर्चा करते हुए जजपा जिला अध्यक्ष ओ पी सिहाग ने बताया कि आज जजपा नेता दुष्यंत चौटाला ने जुलाना में 7 दिसंबर को मनाये गए पार्टी स्थापना दिवस पर हुई बहुत बड़ी एवं ऐतिहासिक रैली में अपना अच्छा योगदान देने के लिये पंचकूला जिले के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार कार्य करने की अपील की। उन्होंने 26 जनवरी 2026 तक जिले में संगठन को हल्का स्तर तक पूरा करने के दिशानिर्देश जिला अध्यक्ष ओ पी सिहाग एवं दोनों हल्का अध्यक्षों एवं जिले के सभी प्रकोष्ठो के संयोजकों को दिए। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आज प्रदेश में कानून व्यवस्था का दिवाला पिट चुका है। प्रदेश में हर रोज हत्याएं, बलात्कार, लड़ाई झगडे, गुंडागर्दी, किडनैपिंग, छीना झपटी, चैन स्नैचिंग आदि की घटनायें हो रही है । प्रदेश के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी जो गृहमंत्री भी है कानून व्यवस्था को सम्भालने में पूरी तरह नाकाम साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी एवं महगाई ने मध्यवर्ग एवं गरीब तबके के लोगों के जीवन को नर्क बना दिया है। आज किसानों, मजदूरों, व्यापरियों एवं कर्मचारियों की कहीं भी सुनवाई नहीं हो रही है । आगामी नगर निगम पंचकूला के चुनाव बारे चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता इस बारे बैठक करके शीघ्र ही निर्णय लेगी।



## एसएएस नगर में आम आदमी पार्टी को 52 जोन में से 24 सीटें मिलीं

अर्थ प्रकाश/जेके बत्ता

**न्यू चंडीगढ़।** 14 दिसंबर को हुए जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों के सभी नतीजे आज गिनती के बाद यहां घोषित कर दिए गए। पंचायत समिति के 03 ब्लॉकों की 52 सीटों के लिए कुल 206 उम्मीदवार ही मैदान में थे। यह जानकारी जिला मोहाली चुनाव अधिकारी-सह-उपायुक्त कोमल मित्तल ने दी गई ।

जानकारी देते हुए बताया कि ब्लॉक डेराबस्सी की गिनती के लिए सरकारी कॉलेज डेराबस्सी, ब्लॉक खरड़ और माजरी की गिनती के लिए सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज खुनीमाजरा (खरड़) में सुबह 8 बजे गिनती की प्रक्रिया शुरू हुई, जो पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से पूरी हुई। ज़िला चुनाव अधिकारी ने घोषित नतीजों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि ब्लॉक खरड़ में पंचायत समिति की 15 सीटों में से आम आदमी पार्टी ने 07, कांग्रेस ने 05, शिरोमणि अकाली दल ने 2 और एक आज़ाद उम्मीदवार ने 01 सीट जीती। इसी तरह, पंचायत समिति माजरी की कुल 15 सीटों में से आम आदमी पार्टी ने 05, कांग्रेस ने 01, शिरोमणि अकाली दल ने 08 और एक आज़ाद उम्मीदवार ने 01 सीट जीती। इसी तरह, पंचायत समिति डेराबस्सी के चुनावों में कुल 22 सीटों में से आम आदमी पार्टी ने 12, कांग्रेस ने 08 और शिरोमणि अकाली दल ने 02 सीटें जीतीं।

## योगेश कुमार सच्चे और कर्मठ अधिकारी हैं : सुरेन्द्र राठी

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई



**पंचकूला।** आईएएस योगेश कुमार के राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, हरियाणा के सदस्य सचिव नियुक्त होने पर पंचकूला के प्रमुख समाजसेवियों और व्यापारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों से जुड़े प्रतिनिधियों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में इंटरनेशनल फार्मा फेडरेशन के प्रवक्ता श्री सुरेंद्र राठी ने कहा कि योगेश कुमार का प्रशासनिक अनुभव और कार्यकुशलता राज्य में पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के प्रयासों को नई दिशा देगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में बोर्ड उद्योगों और आमजन के बीच संतुलन स्थापित करते हुए पर्यावरण हितैषी नीतियों को प्रभावी रूप से लागू करेगा।

आईएएस योगेश कुमार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि आमजन, उद्योग जगत और प्रशासन के आपसी सहयोग से स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

इस अवसर पर श्री सुरेंद्र राठी ने जानकारी दी कि आईएएस योगेश कुमार हरियाणा कैडर के 2018 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वे इससे पूर्व सेक्रेटरी, हैफेड के रूप में हरियाणा सरकार की सहकारी विपणन फेडरेशन के प्रशासनिक प्रमुख रह चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने हरियाणा सरकार के आतिथ्य विभाग में अतिरिक्त निदेशक के रूप में भी सेवाएं दी हैं। जिलास्तर पर एसडीएम/एडीसी जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए, विशेषकर करनाल में एसडीएम/एडीसी के रूप में उन्होंने सराहनीय कार्य किया है।

स्वागत कार्यक्रम में पंचकूला के अनेक गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी उपस्थित रहे, जिनमें सिटी मेडिकोज से संजीव गोयल, रैपिड लाइफ ड्रग एंड हेल्थ केयर साइंस के एमडी अंकुज खन्ना, वाइज मेड के एमडी नीरज गिरी, चंडीगढ़ इंक के एमडी कौशल सिंह, कृष्णा इंटरप्राइजेज के एमडी प्रवीण अग्रवाल सहित अन्य समाजसेवी व व्यापारी शामिल थे।

## चंडीगढ़ में सहायता प्राप्त कॉलेज शिक्षकों ने निकाला कैंडल मार्च

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 18 दिसंबर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के चंडीगढ़ दौरे के मद्देनज़र, चंडीगढ़ एडेड कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन ( केक्टा) ने सहायता प्राप्त कॉलेजों के शिक्षकों के साथ हो रहे कथित अन्याय के विरोध में शांतिपूर्ण कैंडल मार्च निकालने का निर्णय लिया है। इस मार्च के माध्यम से शिक्षक समुदाय अपनी पीड़ा को राष्ट्रीय स्तर पर सामने लाने का प्रयास करेगा।

जानकारी के अनुसार यह कैंडल मार्च 19 दिसंबर 2025 (शुक्रवार) को शाम 5:30 बजे सेक्टर-17, चंडीगढ़ में आयोजित किया जाएगा। मार्च का उद्देश्य लंबे समय से लंबित मांगों की ओर प्रशासन और सरकार का ध्यान आकर्षित करना है।

एसोसिएशन का कहना है कि चंडीगढ़ के सहायता प्राप्त कॉलेजों में कार्यरत शिक्षकों को अब तक केंद्र सरकार और यूजीसी के निर्धारित नियमों और मानकों का लाभ नहीं दिया गया है, जिससे उन्हें आर्थिक, पेशेवर और मानसिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बार-बार ज्ञापन देने और संवाद के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई न होना शिक्षकों में गहरी नाराज़गी का कारण बन रहा है।

कैंडल मार्च को शिक्षक समुदाय के दुख, धैर्य और दृढ़ संकल्प का प्रतीक बताया गया है। केक्टा के पदाधिकारियों का कहना है कि अब और देरी स्वीकार्य नहीं है और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज़ उठाना आवश्यक हो गया है। केक्टा ने सभी शिक्षकों, शुभचिंतकों और लोकतांत्रिक सोच रखने वाले नागरिकों से अपील की है कि वे इस कैंडल मार्च में शामिल होकर न्याय, गरिमा और सहायता प्राप्त कॉलेज शिक्षकों के अधिकारों के समर्थन में एकजुटता दिखाएं।

## सीबीएम प्रतिनिधिमंडल ने निगम कमिश्नर से मुलाकात की सेक्टर बाजारों के अपग्रेडेशन और सौंदर्यीकरण पर चर्चा

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल, जिसमें अध्यक्ष संजीव चड्ढा और चेयरमैन चरणजीव सिंह के साथ वरिंदर गुप्ता सलाहकार, मोहित सूद उपाध्यक्ष, बलजिंदर गुजराल उपाध्यक्ष, बलविंदर सिंह महासचिव शामिल थे, ने शहर के सेक्टर बाजारों के अपग्रेडेशन और सौंदर्यीकरण पर चर्चा करने के लिए नगर निगम चंडीगढ़ के कमिश्नर अमित कुमार से मुलाकात की।

कमिश्नर को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें बाजारों में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया गया था। प्रतिनिधिमंडल ने हर बाजार को लोगों के लिए ज़्यादा सुविधाजनक और आकर्षक बनाने के महत्व पर ज़ोर दिया।



कमिश्नर ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि चिंताओं को दूर करने के लिए सभी कदम उठाए जाएंगे। मुख्य पहलों में शामिल हैं- सड़क का काम- फरवरी 2026 में शुरू होने वाला है, तत्काल उपाय, फुटपाथों में सुधार, फैंसी लाइटें लगाना, बैठने के लिए बेंच लगाना, पेड़ों की छंटाई, ज्यादा कूड़ेदान लगाना, सार्वजनिक शौचालयों में सुधार, व्यवस्थित और बेहतर कचरा संग्रह, पार्किंग में सुधार आदि। सीबीएम प्रतिनिधिमंडल ने कमिश्नर के सक्रिय दृष्टिकोण की सराहना की और सौंदर्यीकरण अभियान के लिए निरंतर समर्थन का आश्वासन दिया।

## कॉर्पोरेट सेवाओं को सुलभ बनाने के लिए एमसीए के सुधारों को मिला पीएचडीसीसीआई का समर्थन

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 18 दिसंबर।** पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के एक प्रतिनिधिमंडल ने कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) के सीनियर अधिकारियों से मुलाकात की और चंडीगढ़ में रीजनल डायरेक्टर (उत्तरी क्षेत्र-II) और रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज (हरियाणा) का ऑफिस स्थापित करने के मंत्रालय के फैसले के लिए अपना आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल ने इस महत्वपूर्ण संस्थागत सुधार को आगे बढ़ाने में अपने नेतृत्व के लिए कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय की सचिव दीप्ति गौड़ मुखर्जी और संयुक्त सचिव बालमुरुगन डी. का आभार व्यक्त किया। पीएचडीसीसीआई प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सीएस राहुल जोगी, रीजनल कन्वीनर, एनसीएलटी और कॉर्पोरेट अफेयर्स कमेटी, पीएचडीसीसीआई ने किया। प्रतिनिधिमंडल में सीएस विशाल अरोड़ा, सीएस रवि शर्मा, सीएस अनीता और सीएस शिखर गोयल भी शामिल थे।

इस फैसले के महत्व पर जोर देते हुए, सीएस राहुल जोगी ने कहा कि चंडीगढ़ में रीजनल डायरेक्टर और आरओसी हरियाणा के कार्यालय की स्थापना एक ऐतिहासिक और लंबे समय से प्रतीक्षित सुधार है। उन्होंने बताया कि यह कदम सरकार की प्रशासनिक विकेंद्रीकरण की प्रतिबद्धता को दर्शाता है और उत्तरी क्षेत्र में व्यवसाय करने वालों के लिए तेज़, आसान और कुशल कॉर्पोरेट सेवाएँ उपलब्ध कराकर ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस को और बेहतर बनाएगा।

चैंबर ने कहा कि यह सुधार प्रशासनिक विकेंद्रीकरण की दिशा में एक मील का पत्थर है और पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख तथा चंडीगढ़ केंद्रशासित प्रदेश में ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस को बढ़ाने में सरकार के संकल्प को उजागर करता है। इस कदम से क्षेत्र के उद्योगों, पेशेवरों और अन्य स्टेकहोल्डर्स को नियामक और कॉर्पोरेट सेवाएँ आसानी से और नजदीक से उपलब्ध होंगी। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने यह भी कहा कि इन कार्यालयों की स्थापना से सेवाओं तक पहुँच आसान होगी, अनुपालन संबंधी चुनौतियाँ कम होंगी और निवेशकों का विश्वास बढ़ेगा।

## कचरा बीनने के कार्य में प्रयुक्त गाड़ियों एवं रेहड़ियों पर लगाए जाने वाले विशेष स्टीकर भी किए जारी

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य ने डंपिंग ग्राउंड का किया निरीक्षण

स्वच्छता कर्मियों और कचरा बीनने वाले श्रमिकों के बारे जानकारी ली

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने गुरुवार को पंचकूला पहुंचकर स्वच्छता कर्मियों और कचरा बीनने वाले श्रमिकों के अधिकारों और सुरक्षा पर विस्तृत चर्चा की, जिसके बाद उन्होंने डंपिंग ग्राउंड का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की गरिमा से समझौता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आवश्यकता प?ने पर आयोग द्वारा सख्त कार्यवाही भी की जाएगी। प्रियंक कानूनगो ने पीडब्लयूडी रेस्ट हाउस, सैक्टर-1 में वामको द्वारा कचरा बीनने वाले स्वच्छता कर्मियों के लिए एक दिवसीय राज्यस्तरीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता कर्मियों की ओर से प्रियंक कानूनगो एवं अन्य अधिकारियों का पारंपरिक पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया, जो श्रमिकों के सम्मान और सहभागिता का प्रतीक रहा। प्रियंक कानूनगो ने कचरा बीनने वाले श्रमिकों (रैग पिकर्स) के लिए विशेष जागरूकता सामग्री और एक समर्पित राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर जारी किया।


इसके अलावा उन्होने कचरा बीनने के कार्य में प्रयुक्त गा?ियों एवं रेह?ियों पर लगाए जाने वाले विशेष स्टीकर भी जारी किए। उन्होंने मौके पर ही पाँच रेह?ियों पर स्वयं स्टीकर लगाकर इस अभियान की औपचारिक शुरुआत की। इन स्टीकरों के माध्यम से श्रमिकों की पहचान, सुरक्षा और सम्मान को ब?ावा देने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम स्थल पर पहुँचने से पूर्व प्रियंक कानूनगो ने पंचकूला के डम्पिंग ग्राउंड का निरीक्षण भी किया और नगर निगम के अधिकारियों से डम्पिंग ग्राउंड और स्वच्छता कर्मियों के बारे में आवश्यक जानकारी ली।

## वित्त एवं अनुबंध समिति की गांवों में फिरनी, सड़कें, गलियां और ड्रेन के कार्यों को मंजूरी

कुछ कार्यों पर काम शुरू कुछ तकनीकी स्वीकृति व मूल्यांकन की प्रक्रिया में

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला 18 दिसंबर।** नगर निगम पंचकूला की वित्त एवं अनुबंध समिति की बैठक में स्वीकृत विकास परियोजनाओं की प्रगति जारी है। इन परियोजनाओं में बारिश के पानी की निकासी, एलईडी स्ट्रीट लाइट, सामुदायिक केंद्रों का निर्माण, सड? मरम्मत और स्मार्ट सिटी से जुड़े कार्य शामिल हैं।



पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल को अधिकारियों ने पंचकूला नगर निगम द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कुलभूषण गोयल ने बताया कि इन प्रस्तावों में सड?ों, नालों, श्मशान घाट, सामुदायिक भवन, खेल सुविधाओं और मरम्मत कार्यों को शामिल किया गया है। कुछ कार्यों पर काम शुरू हो चुका है, जबकि कुछ तकनीकी स्वीकृति व मूल्यांकन की प्रक्रिया में हैं।

कुलभूषण गोयल ने बताया कि गांव चंडीकोटला, वार्ड नंबर 16 में श्मशान घाट की चारदीवारी निर्माण का 52.59 लाख रुपये का प्रस्ताव तकनीकी मूल्यांकन के अधीन है। गांव जसवंतगढ़ (बिल्ला), वार्ड नंबर 19 में सरकारी स्कूल से श्मशान घाट तक बाक्स टाइप ड्रेन निर्माण पर 64.67 लाख रुपये की लागत तय की गई है, जिसके लिए एलओआई जारी कर दी गई है। गांव अलीपुर, वार्ड नंबर 20 में एचपी गैस एजेंसी तक फिरनी सड? व बाक्स ड्रेन निर्माण का 174.39 लाख रुपये का प्रस्ताव भी एलओआई के साथ स्वीकृत किया गया है। नगर निगम में सीसीएमएस (सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल एंड मानिटरिंग सिस्टम) की 248.40 लाख रुपये की योजना का 30 दिसंबर को उद्घाटन प्रस्तावित है। कार्यालय भवन के बैलेंस कार्य (1768.84 लाख रुपये) यूएलबी कार्यालय में रेट अप्रूवल के अधीन हैं। वार्ड नंबर 1 से 10 तक सीबीडी क्षेत्र में क्षतिग्रस्त सड?ों की मरम्मत (60.19 लाख रुपये) के कार्य का टेंडर आवंटित कर कार्य शुरू कर दिया गया है।

### 156.90 लाख रुपये के काम हेतु एलओआई जारी

गांव जलौली, वार्ड नंबर 20 में फिरनी सड? व बाक्स ड्रेन निर्माण पर 156.90 लाख रुपये की लागत से कार्य हेतु एलओआई जारी कर दी गई है। गांव नग्गल, वार्ड नंबर 20 में फिरनी सड? निर्माण का 81.59 लाख रुपये का प्रस्ताव तकनीकी मूल्यांकन में है। वहीं गांव खटौली, वार्ड नंबर 20 में टीका सिंह हाउस से अमी चंद हाउस तक बाक्स टाइप ड्रेन निर्माण का 55.89 लाख रुपये का प्रस्ताव तकनीकी मूल्यांकन के अधीन है।

### वार्ड 1 में सड़कों की मरम्मत पर खर्च होंगे 64.99 लाख

भैंसा टिब्बा, वार्ड नंबर 1 में सड?ों की मरम्मत पर 64.99 लाख रुपये की लागत से कार्य शुरू कर दिया गया है। इसी तरह गांव साकेतड़ी, वार्ड नंबर 1 में शेष सड?ों की मरम्मत का 164.59 लाख रुपये का कार्य भी शुरू हो चुका है। सेक्टर-4, वार्ड नंबर 11 स्थित गांव हरिपुर में हरिजन चौपाल (सामुदायिक केंद्र) निर्माण का 121.87 लाख रुपये का प्रस्ताव तकनीकी स्वीकृति के अधीन है। समिति को अवगत कराया गया कि सेक्टर-19, वार्ड नंबर-8 में वर्षा जल निकासी से संबंधित 2.15 करोड़ रुपये की परियोजना में रेलवे हिस्से का कार्य रेलवे द्वारा डिपाजिट आधार पर किया जाएगा, जबकि शेष कार्य आगामी एफ एंड सीसी बैठक में रखा जाएगा। दिव्या योजना के अंतर्गत पारंपरिक स्ट्रीट लाइट को एलईडी लाइट से बदलने की 9.90 करोड़ रुपये की योजना के तहत शहर की मुख्य सड?ों पर कार्य 31 दिसंबर 2025 तक पूरा किया जाएगा, जबकि शेष सेक्टरों एवं क्षेत्रों में यह कार्य 31 जनवरी 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# शीतकालीन सत्र में गन्नौर की पेयजल समस्या गूंजी, विधायक कादियान ने सरकार से मांगा ठोस समाधान



**गन्नौर शहर व आसपास के गांवों में गिरते जलस्तर और दूषित पानी से बिगड़ रहे हालात, रैनीवेल व नहर से जलापूर्ति की उठी मांग**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र में गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान ने क्षेत्र में पेयजल की किल्लत और दूषित पानी से फैल रही बीमारियों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। कादियान ने सदन को अवगत कराया कि गन्नौर शहर के बड़े हिस्से सहित बड़ी, सनपेड़ा, पीपली खेड़ा, रामनगर, लल्हेड़ी, धतूरी समेत कई गांवों में हालात बेहद खराब है। क्षेत्र में इंडस्ट्री बढने से जलस्तर तेजी से गिरा है, जिसके कारण पानी दूषित हो रहा है और गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। विधायक ने कहा कि सोनीपत की एसएमडीए बैठक में पेयजल की समस्या के समाधान को मंजूरी मिल चुकी थी, लेकिन चार माह बीतने के बावजूद धरातल पर कोई काम शुरू नहीं हुआ। उन्होंने मांग की कि यमुना के पास रैनीवेल बनाकर गांवों तक शुद्ध पानी पहुंचाया जाए। विधायक के सवालों का जवाब देते हुए कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने बताया कि गांवों में ट्यूबवेल के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है, लेकिन घटते जलस्तर के कारण कई ट्यूबवेलों में टीडीएस बढने से परेशानी आ रही है। इसके समाधान के लिए दो मुख्य योजनाओं पर काम शुरू किया है। उन्होंने बताया कि नहर से पानी लाने के लिए सर्वे किया जा रहा है, जो अगले 3 माह में पूरा हो जाएगा। इसके साथ ही यमुना नदी पर रेनीवेल बनाने की संभावना का सर्वे 6 माह के भीतर पूरा किया जाएगा।

## सार्वजनिक सूचना

जिला अंबाला में नदी तल खनन (River Bed Mining) हेतु संशोधित जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन (DSR) अपलोड किए जाने के संबंध में सामान्य जनता को सूचित किया जाता है कि जिला अंबाला में नदी तल खनन (River Bed Mining) हेतु संशोधित जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन (DSR) तैयार कर जनसाधारण से आपत्तियाँ एवं सुझाव आमंत्रित करने हेतु अपलोड किया गया है। उक्त DSR को माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन में ओ.ए. संख्या 532/2023 के तहत संशोधित किया गया है। यह संशोधित DSR इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 (तीस) दिनों की अवधि तक आपत्तियों/सुझावों के लिए खुला रहेगा। संशोधित जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन (DSR) की प्रति निम्नलिखित स्थानों पर अवलोकन एवं डाउनलोड हेतु उपलब्ध है– जिला अंबाला की आधिकारिक वेबसाइट (District Portal) पर https://ambala.gov.in/district-survey-report-mining-department-ambala/ तथा खनन अधिकारी, अंबाला के कार्यालय में कार्य समय के दौरान कार्यालय खनन अधिकारी, स्ष्ठरू काम्प्लेक्स, द्वितीय तल रूम न. 217 & 218 , अम्बाला कैंट ईमेल – miningofficer.ambala@gmail.com

सभी संबंधित पक्ष एवं आम नागरिक निर्धारित अवधि के भीतर अपने सुझाव/आपत्तियाँ लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं।

**आदेशानुसार**
**जिला प्रशासन, अंबाला**

AP-6296

## सार्वजनिक सूचना

मैं, कुसुम पत्नी सिकंदर संपत्ति के संबंध में मालिक हूं। property i.e., Part of Bearing Khewat no. 4475, Khata no. 4856 Min, Killa no. 254//13/2 (4-0), Measuring 0K-9.8M (297 Sq. Yards), Situated at Ekta Colony, Gohana, Tehsil Gohana and Distt Sonipat as per Sale deed no. 2762 dated 09.08.2023. मैंने गोहाना में कहीं भी सेल डीड नंबर 7051 दिनांक 10.03.2023 खो दिया है। एक डीडीआर नं. 132390372501605 भी गोहाना में पंजीकरण कराया है । मैं यह भी घोषणा करती हूं कि मैंने उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का ऋण, सीसी सीमा या ओडी सीमा नहीं ली है। यदि किसी को इस संपत्ति में कोई समस्या मिलती है, तो कृपया इस प्रकाशन के 7 दिन के भीतर एडवोकेट भूपेंद्र कुमार, फोन नंबर 8295949981 # 1591, सेक्टर 16–17, हिसार से संपर्क करें।

AP-6286

## सार्वजनिक सूचना

यह सूचित किया जाता है कि रूपिंदर कौर पत्नी गुरमीत सिंह ने एक्सक्लूसिव लीज़िंग एंड फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड से रु. 5,20,426/– (रुपये पाँच लाख बीस हजार चार सौ छब्बीस मात्र) की सुरक्षित ऋण राशि अपने आवासीय संपत्ति के बदले में ग्रहण की है, जो 205.498 वर्ग मीटर क्षेत्रफल की है एवं ग्राम अगोंध, तहसील गुहला, जिला कैथल, हरियाणा के लाल डोरा क्षेत्र के अंतर्गत स्थित है। उक्त ऋण प्रस्ताव संख्या 1400011011 के अंतर्गत, शाखा कार्यालय द्वितीय तल, करनाल रोड, कैथल, हरियाणा– 136027 से लिया गया है। स्वामित्व विलेख सं. 8667 दिनांक 21–10–2021 (पंजीकृत उप–पंजीयक कार्यालय गुहला) के अनुसार रूपिंदर कौर पत्नी गुरमीत सिंह उक्त संपत्ति की एकमात्र स्वामिनी हैं।

यदि किसी व्यक्ति का उक्त संपत्ति पर कोई दावा, अधिकार, वाद–विवाद या रुचि हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन से 7 (सात) दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के समक्ष अपना आपत्ति–पत्र प्रस्तुत करे। निर्धारित अवधि के उपरांत प्राप्त कोई भी दावा झूठा, असत्य, कपटपूर्ण एवं निराधार माना जाएगा तथा विधि की दृष्टि में उसका कोई मूल्य नहीं होगा।

**विकास चहल एडवोकेट, चैंबर नंबर 304, चैंबर कॉम्प्लेक्स, जिला न्यायालय, कैथल। मो: 9729007008**

AP-6286

## चुनाव सूचना

चंडीगढ़ प्रोफेशनल कॉप. एच/बी (प्रथम) सोसाइटी लिमिटेड, सेक्टर 48ए, चंडीगढ़ के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि सोसाइटी का चुनाव RCS, U.T. चंडीगढ़ के मेमो नंबर– Coop/–558910/C. Professional-E/25/9610 दिनांक 09.12.2025 की मंजूरी से, निम्नानुसार आयोजित किया जाएगा:– नामांकन पत्र दाखिल करने की तिथि दिनांक 07.01.2026 सुबह 10.00 बजे से 11.00 बजे तक मतदान की तिथि और समय दिनांक 07.01.2026 दोपहर 02.30 बजे से 04.30 बजे तक .स्थान सोसाइटी का कार्यालय, सेक्टर 48ए, चंडीगढ़

**(चुनाव प्रबंधक)**

AP-6293

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्लाट न. 167 सेक्टर–R-1 चीका अर्बन एस्टेट कैथल जो कि श्री बिधी चन्द पुत्र बखतावर के नाम नियत था अब बिधी चन्द की दिनांक 30–06–2017 को मृत्यु हो चुकी है। बिधी चन्द की मृत्यु के बाद प्लाट न. 167 सेक्टर–R-1 चीका वसीयत न. 199 दिनांक 27–01–2017 के अनुसार उसके पुत्र राजेश कुमार के नाम होना है अत: इस सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि यदि किसी और को कोई एतराज है तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के जारी होने के 30 दिन के अन्दर–2 सम्पदा अधिकारी हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण कैथल के कार्यालय में पेश होकर या लिखित रूप में अपनी आपत्ति दर्ज करवाये अन्यथा प्लाट की मलकीयत उक्त निश्चित अवधि के पश्चात राजेश कुमार पुत्र बिधी चन्द के नाम हस्तान्तिरत कर दी जाएगी। जिसके बाद किसी भी अन्य कानूनी वारिस की उक्त प्लाट की मलकीयत पर कोई दावेदारी नहीं होगी।

**राजेश कुमार (कानूनी वारिस)**

AP-6297

## नीलामी सूचना

सभी को सूचित किया जाता है ग्राम पंचायत नयागांव में 40 पेड़ सफेदों की खुली बोली दिनांक 29/12/25 को सुबह 10:00 बजे प्राइमरी स्कूल नया गांव में होनी निश्चित की गई है। सिक्योरिटी राशि 10,000 रूपए की राशि जमा करवानी होगी। बाकी शर्ते मौके पर ही सुनाई जाएगी।

सरपंच, ग्राम पंचायत नयागांव
मो.8295122896 खण्ड बरवाला पंचकूला

AP-6286

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मोहाना में विकास कार्य करवाए जाने है जिनमें 1. गुरु ब्रम्हानंद धाम में I.P.B. टायल लगनी है 2. राजवीर से बनिया धर्मशाला तक I. P.B. गली निर्माण 3. बनिया धर्मशाला से वालि पंडित तक I.P.B. गली निर्माण 4. सुरेन्द्र सुनार से तारा के मकान तक I.P.B. गली निर्माण 5. प्रेम से सुखबीर के मकान तक I.P.B. गली निर्माण 6. उमरा से दादा खेड़ा चौक तक I.P.B. गली निर्माण 7. मेन गली से सुरेश नन्हा तक I.P.B. गली निर्माण 8. जगदीश से सतबीर पंडित के मकान तक I.P.B. निर्माण 9. मेन बाजार से सुलतान ग्यानी के मकान तक I.P.B. गली निर्माण 10. मेन बाजार से राजा रोड चौक I.P.B. गली निर्माण 11. मेन बाजार से राजलू पुत्र राम सरूप के मकान तक I.P.B. गली निर्माण कार्य करवाया जाना है। इच्छुक ठेकेदार प्रकाशन के 3 दिन के अन्दर–अन्दर अपनी निविदा सरपंच ग्राम पंचायत मोहाना के पास जमा करवाना सुनिश्चित करें।

**सरपंच, नरेन्द्र**
**ग्राम पंचायत मोहाना, खण्ड व जिला सोनीपत (हरियाणा)।**

AP-6286

## सार्वजनिक सूचना

सम्पदा अधिकारी, एचएसवीपी पंचकूला के समक्ष [illegible]

... इंदु पसीजा, भरत भूषण खुराना, अशोक गुलाटी, मनिल गुलाटी, नम्रता गुलाटी कानूनी वारिस सम्पदा अधिकारी की ओर से

AP-6304

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
**IN THE COURT OF**
**Ms. Chinu Sharma**
**Civil Judge Jr. Div. Chandigarh**
**USHA DEVI**
**Vs.**
**MAYA DEVI JASWAL**
**CNR No. CHCH02-001271-2025**
**Next Date:- 08-02-2026**

**SUIT FOR DECLARATION, PERMANENT AND MANDATORY INJUNCTION**

**PUBLICATION ISSUED TO:**
**1. BALDEV RAJ S/O -MELA RAM H NO. 1466, SECTOR 21, PANCHKULA (SINCE DECEASED) THROUGH HIS LEGAL HEIRS**
**i) PARDEEP KUMAR S/O BALDEV RAJ R/O H NO. 1466, SECTOR 21, PANCHKULA**
**ii) JATINDER KUMAR S/O BALDEV RAJ R/O H NO. 1466, SECTOR 21, PANCHKULA**

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **08-02-2026 at 10 a.m.**

**For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Chandigarh.**

**Civil Judge Jr. Div. Chandigarh**
**Dated, this day of 16-12-2025**

AP-6289

## नीलामी सूचना

राजकीय प्राथमिक पाठशाला चाणचक प्लाट ( कोड नंबर 13568 ), खंड गुहला जिला कैथल में एक नाकारा कमरे की नीलामी दिनांक 24–12– 2025 दिन बुधवार को सुबह समय 11 बजे स्कूल प्रांगण में की जाएगी, इच्छुक व्यक्ति समय पर पहुँच कर बोली में भाग ले सकता है , बोली की शर्तें मौके पर सुना दी जाएगी

मुख्य शिक्षक
मो.9034574908

AP-6303

**ईशा कंबोज, एचसीएस उप मंडलीय मजीस्ट्रेट (एस)-सह-विवाह अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़ के न्यायालय में।**

**श्री राहुल ड्रुज (Dcruz) पुत्र श्री संजय ड्रुज (Dcruz), स्थायी और अस्थायी निवासी #1114, सेक्टर 32–बी, चंडीगढ़–160030**

**तथा**

**सुश्री परमार जील कांतिलाल पुत्री श्री परमार कांतिलाल, स्थायी एवं अस्थायी निवासी डी–83, इफको कालोनी, उदयनगर जिला कच्छ, गुजरात–370203**

ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अधीन तीन कलेंडर माह के भीतर विवाह के पंजीकरण हेतुधारा 15 के अधीन सूचना प्रदान की है। चूंकि, उक्त नामत: पार्टियों ने इस न्यायालय में तीन कलेंडर माह के भीतर अपने विवाह के पंजीकरण हेतु एक याचिका दर्ज की है, इसलिए आम जनता को इस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को इसमें कोई आपत्ति है तो वह 18.01.2026 को अथवा पूर्व इस न्यायालय में अपनी आपत्ति दर्ज करें, जिसमें असफल होने पर विधि के साथ अनुपालन में विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के अधीन विवाह पंजीकृत कर दिया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर के अधीन 18.12.2025 को जारी।

**उप–मंडलीय मजीस्ट्रेट (एस)–सह–विवाह अधिकारी, विशेष विवाह अधिनियम,1954, यू.टी., चंडीगढ़ के अधीन**

AP-6295

## Lost and Found

I. Siddhaarth Gautam S/O S P Gautam r/o Omaxe New Chandigarh I lost/ Misplace my Documents. Lost Payment Receipt Project -Beacon Street Omaxe New Chandigarh
1 Customer ID . BSC/1358,
2 Agrement Dated. 25/10/2024,
3 Addendum Dated. 25/10/2024,
4 All Receipt Til Aug 2024,
5 Cheque No. 516287,
6 Cheque No. 516288,
7 Cheque No. 516273,
8 Cheque No. 516274,
9 By Back Cheque No. 518101 Amt. 3231057 Date. 15/07/2027. If anybody find please contact 62305-24039.

AP-6288

## Lost and Found

Bansi Lal s/o Raj Singh R/O H/no. 994/15, Mohalla Shiv Nagar, Jhajjar, Distt. Jhajjar, is owner & in possession of Property measuring 100 sq. yrds khewat no. 106 khatoni no. 1063/1 kite 3 total measuring 20 kanal 8 marla share 7/816 i.e. 3 marla situated at moja Jhajjar, Tehsil & Distt. Jhajjar, Haryana, lost his Original Sale deed no. 2962/1 dated 22.08.2019 favouring Santosh w/o Raj Singh, regarding the property situated at moja Jhajjar, Tehsil & Distt. Jhajjar, Haryana between in Rohtak city and if any person has found /information /Possession/ Knowledge for above said documents shall submit/intimate within 02 day to Sh. M. L. Dhingra Advocate, Office/Shop No.13 Near Ram Panwari Chhotu Ram Chowk Rohtak or Chamber No.148 Distt. Court Complex Rohtak M.No.9416380702. Thereafter any kind of claim will not be accepted.

AP-6286

## सार्वजनिक सूचना

सूचित किया जाता है कि श्री अर्जुन यादव पुत्र श्री राजु और श्री राजु पुत्र श्री हीरा लाल और श्रीमती आरती देवी पत्नी श्री राजु, निवासी एसओ राजु हाउस सं. 176, मौली जागरां, चंडीगढ़–160102 विशेष तौर पर निम्न अनुसूची में वर्णित संपत्ति ('कथित संपत्ति' से संदर्भित) श्री कृष्ण लाल गिरधर पुत्र श्री हंस राज और श्री ललित कुमार गिधर पुत्र श्री कृष्ण लाल गिरधर ('विक्रेता') से खरीदने तथा मेरे/हमारे ग्राहक आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (बैंक) (प्लाट सं. 28 और 28ए, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेस 1, चंडीगढ़–160002) को मोर्टगेज करने से सहमत है। कथित संपत्ति सभी प्रभारों अथवा भारो से मुक्त हैं। सभी व्यक्ति जिनका बिक्री, हस्तांतरण, असाईनमेंट, मोर्टगेज, चार्ज, लीज, लाईसेंस, लियन, टेनेंसी, ट्रस्ट, उपहार ईजमेंट, कब्जा, इनहेरिटेंस अथवा अन्य द्वारा कथित संपत्ति अथवा उसके किसी भाग पर कोई हिस्सा, हित अथवा कोई अधिकार हो, को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से (7) सात दिनों के भीतर लिखित में अधोहस्ताक्षरी को सूचित करना वांछित है, जिसमें असफल होने पर, कथित संपत्ति पर मोर्टगेज सभी दावों के संदर्भ के बिना की जाएगी, यदि कोई हुए तथा यह माफ किए गए/ तथा अथवा छोड़े गए समझे जाएंगे और मेरे/हमारे ग्राहक पर बाध्यकारी नहीं होंगे।

**अनुसूची उक्त संदर्भित**
**(संपत्ति का संक्षिप्त विवरण)**

स्थल सं. 182, सेक्टर 20–ए, चंडीगढ़, आरपी सं. 12496, माप 151.67 वर्ग गज।
दिनांक: 16.12.2025
स्थान: चंडीगढ़

**हस्ता/–**
**ऋषि एसोसियेट्स**
**एससीओ सं. 87, प्रथम तल, रॉयल इस्टेट चंडीगढ़ अम्बाला हाईवे, जीरकपुर**
**मो. 99141–38484, 98140–58484**

AP-6302

अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS
आज ही बुक करें
PH. : 0172-2638515, 98883-03520
Email : arthparkashadvt29@gmail.com

## सार्वजनिक सूचना

I MANISHA D/o RAM NIWAS resident of 904 PIRTHALA DHANI THARVI ROAD BUWAN NEAR BALA JI BRIKS COMPANY VILLAGE PIRTHLA DISTRICT FATEHABAD STATE HARYANA 125120 have changed my name From MANISHA to MANISHA BISHNOI
एपी-6285

**मैं,** संजीव पुत्र बिशम्बर लाल निवासी मकान नं. 144, पानी की टंकी के पास, पुराना हमीदा, यमुनानगर, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर ने अपना नाम संजीव से बदलकर संजीव कुमार रख लिया है।
एपी-6287

I, Jivan Kohali son of Sh. Shiv Ram Kohali R/o #663-C, Sector 46-A, Chandigarh States that I have changed the name of my minor son from Rajbir Kohali to Rajbir Kohli.
एपी-6290

I, Anita Kohali wife of Sh. Jivan Kohali R/o #663-C, Sector 46-A, Chandigarh States that I have changed my name from Anita Kohali to Anita.
एपी-6291

**मैं,** जगपाल पुत्र श्री बारू राम निवासी ग्राम मोगीनंद मकान संख्या 48 सेक्टर-30 पंचकुला, हरियाणा घोषणा करता हूं कि जुगल किशोर उर्फ जगपाल, दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है।
एपी-6286

**मैं,** अनिल कुमार पुत्र श्री लायक राम शर्मा निवासी गांव धनत, पोस्ट ऑफिस टिक्करी, तहसील नेरवा, जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश बयान करता हूँ कि मैंने अपनी बेटी का नाम 'प्रिनल' (पुराना नाम) से बदलकर 'प्रिनल शर्मा' (नया नाम) रख लिया है। सभी संबंधित नोट करें।
एपी-6292

**मैं,** अमनदीप सुपुत्र विजय पाल सिंह निवासी बीपीओ परकोट, टिहरी गढ़वाल, पिन 249161, उत्तराखंड अपना नाम बदलकर अमनदीप सिंह रख लिया है।
एपी-6295

**मैं,** रुचि चौधरी (आधार नं. 418840356323) पुत्री श्री योगेश चौधरी निवासी मकान नं. 2082, सेकंड फ्लोर, ई ब्लॉक, अंसल एसेंशिया, सेक्टर 67 गुरुग्राम ने अपना नाम रुचि चौधरी (Ruchi Chaudhry) से बदलकर रुचि चौधरी (Ruchi Choudhary) रख लिया है भविष्य में मुझे रुचि चौधरी (Ruchi Choudhary) के नाम से जाना जाए।
एपी-6297

**मैं,** Shaveta शर्मा पत्नी अरुण शर्मा वासी मकान नं. 2042, सैक्टर 40-सी, चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर Shweta शर्मा रखा है।

**मैं,** राजीव कुमार जैन पुत्र राज कुमार जैन वासी मकान नं 990 सैक्टर-4 करनाल ने अपना नाम बदलकर राजीव जैन से राजीव कुमार जैन रखा है।

**मैं,** दीपो देवी पत्नी राम कुमार वासी गांव गोलपुरा डाक मौली जिला पंचकूला ने अपना नाम बदलकर दीप कौर रखा है।

**मैं,** जसमीत सिंह पुत्र मान सिंह वासी गली 01, मकान नं. 819, गाँधी नगर करनाल ने अपना नाम बदलकर जसमीत रखा है।

**मैं,** रूबी पत्नी सुखबीर सिंह वासी वार्ड नं. 7, गांव Dingar माजरा जिला करनाल ने अपनी नाबालिग पुत्री का नाम बदलकर Partiksha Lather से Pratiksha Lather रखा है।
एपी-6300

**मैं,** संजय पुत्र जगन नाथ, निवासी मकान नंबर 163, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड, भिवानी, तहसील और जिला भिवानी (हरियाणा), भविष्य के सभी कामों के लिए अपना नाम संजय से बदलकर संजय नरूला कर रहा हूँ।
एपी-6301

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राहुल पुत्र जयपाल निवासी बेरवाल कालोनी, पट्टी अफ़गान, कैथल (हरियाणा), ने अपना नाम राहुल से बदलकर राहुल बेरवाल कर लिया है। भविष्य में मेरे सभी सरकारी, गैर-सरकारी एवं व्यक्तिगत कार्यों में मुझे राहुल बेरवाल के नाम से जाना जाए।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं आजाद पुत्र नरसी दास निवासी खिजर पुरा (28), कुरुक्षेत्र, हरियाणा ब्यान करता हूँ कि मैंने अपना नाम आजाद से बदलकर आज़ाद सिंह रख लिया है। भविष्य में मेरे सभी सरकारी, गैर-सरकारी एवं व्यक्तिगत कार्यों में मुझे आजाद सिंह के नाम से जाना जाए।
एपी-6294

**मैं,** सतिंदर पाल सिंह, पुत्र श्री कुलबीर सिंह मठारू, निवासी कोठी नंबर 87, वार्ड नंबर 1, जनता नगर, खरड़, जिला एस.ए.एस. नगर, मोहाली, पंजाब, ने अपना नाम सतिंदर पाल सिंह से बदलकर सतिंदर पाल सिंह मठारू कर लिया है।

**मैं,** पूनम गर्ग पत्नी मुकेश कुमार निवासी क्रमांक 1646, सेक्टर 15, पंचकुला, हरियाणा ने अपना नाम पूनम से बदलकर पूनम गर्ग कर लिया है।
एपी-6286

**मैं,** चंद्रेश, पत्नी पुष्पेंद्र सिंह, निवासी मकान नंबर 3063, सेक्टर 45-डी, चंडीगढ़, ने अपना नाम चंद्रेश से बदलकर चंद्रेश कुमारी कर लिया है।
एपी-6295

**मैं,** Mohammad Sameer पुत्र Mohammad Nauman निवासी मकान न. 77, मॉडर्न एंक्लेव, Baltana जीरकपुर SAS Nagar पंजाब ब्यान करता हूं कि मेरे कुछ डॉक्यूमेंट में मेरे पिता का नाम Mohd. Nauman दर्ज है उनका सही नाम Mohammed Nauman है संबंधित नोट करें।

**मैं,** Mohd Sameer पुत्र Mohammad Nauman निवासी मकान न. 77, मॉडर्न एंक्लेव, Baltana जीरकपुर SAS Nagar पंजाब ने अपना नाम Mohd. Sameer से बदलकर Mohammad Sameer रख लिया है
एपी-6305

**मैं,** परवीन कुमार पुत्र श्री कृष्ण लाल गांव बरसाना जिला, कैथल हरियाणा ब्यान करता हु कि मैने अपना नाम परवीन कुमार से बदलकर परवीन (नाम) व कुमार (उपनाम) रख लिया है।
एपी-6294

I, UMADEVI am Mother of Service No 15329519K Rank HAV Name GHUNTUN KUMAR SINGH, presently residing at HQ Coy, 16 Engr Br Regt (PMS). Chandimandir Cantt, Panchkula, Haryana Declare I have changed my name from UMADEVI and D.O.B 01 JUL 1952 to UMA DEVI and D.O.B 01 JAN 1955.

I, YADAV PADMA SHANKARRAO is legally MOTHER of Army No 2817441A Rank NK Name YADAV DEVRAJ SHANKARRAO Unit 16 MARATHA LI Presently residing at. SOLASHI POST NAYGAON TO KOREGAON DIST. SATARA (Maharashtra)-415525 declare that I have changed my Name from YADAV PADMA SHANKARRAO TO PADAMA SHANKARRAO YADAV and also correction my date of birth from 17/04/1965 to 01/01/1965. Vide Affidavit No: 63AB 873050, Dated: 28/11/2025

I, PRANILA am Mother of Army No-2815520W Rank-Nk Name- Dnyaneshwar Madhukar Lokhande Permanent Address: At: Godri, Post: Godri ,Teh: Chikhali, Dist:Buldhana, State Maharastra, Pin: 443201 declare that I have changed my name from PRANILA to PRAMILA MADHUKAR LOKHANDE . Vide Affidavit No: 11AA 219899, Dated: 18/12/2025

I, LOKHNADE MADHUKAR DAGAGU am Father of Army No-2815520W Rank-Nk Name- Dnyaneshwar Madhukar Lokhande Permanent Address: At: Godri, Post: Godri ,Teh: Chikhali, Dist:Buldhana, State Maharastra, Pin: 443201 declare that I have changed My Name from LOKHNADE MADHUKAR DAGAGU to MADHUKAR DAGADU LOKHANDE. Vide Affidavit No: 11AA 219900, Dated: 18/12/2025

I, LOKHANDE NAMRATA DNYANESHWAR am legally Wedded Spouse of Army No-2815520W Rank-Nk Name- Dnyaneshwar Madhukar Lokhande Permanent Address: At: Godri, Post: Godri ,Teh: Chikhali, Dist:Buldhana, State Maharastra, Pin: 443201 declare that I have changed My Name from LOKHANDE NAMRATA DNYANESHWAR to N A M R A T A D N Y A N E S H W A R LOKHANDE. Vide Affidavit No: 11AA 219227, Dated: 18/12/2025

I, Army No-2815520W Rank-Nk Name-Dnyaneshwar Madhukar Lokhande Permanent Address: At: Godri, Post: Godri ,Teh: Chikhali, Dist:Buldhana, State Maharastra, Pin: 443201 declare that I have changed my Son's name from PRINCE DNYANESHWAR MADHUKAR to PRINCE D N Y A N E S H W A R LOKHANDE. Vide Affidavit No: 11AA 219872, Dated: 18/12/2025

I, MAHESWARI M am Mother of Service No 16127232A Rank NK Name DINESH M. presently residing at HQ Coy, 16 Engr Br Regt (PMS), Chandimandir Cantt, Panchkula, Haryana declare that I have changed my name from MAHESWARI M and D.O.B 21 MAY 1972 to MAHESWARI MUTHURAM and D.O.B 25 OCT 1975.

I, MUTHURAM V am Father of Service No 16127232A Rank NK Name DINESH M, presently residing at HQ Coy, 16 Engr Br Regt (PMS), Chandimandir Cantt, Panchkula, Haryana declare that I have changed my name from MUTHURAM V and D.O.B 30 AUG 1966 to MUTHURAM VELUSAMY and D.O.B 10 APR 1965.

I, ANITA am Mother of Army No- 2808078N, Rank-Hav, Name: More Sudhir Sadashiv Permanent Address: Village- Wagholi, Tehsil-Mahad, Dist-Raigad, State: (Maharashtra) Pin Code: 402302 declare that I have changed my name from ANITA to ANITA SADASHIV MORE and Also Correct my Date of birth from 12/07/1966 to 01/01/1967. Vide Affidavit No: 11AA 219897, Dated: 18/12/2025

I, SADASHIV am Father of Army No- 2808078N, Rank-Hav, Name: More Sudhir Sadashiv Permanent Address: Village- Wagholi, Tehsil-Mahad, Dist-Raigad, State: (Maharashtra) Pin Code: 402302 declare that I have changed my name from SADASHIV to SADASHIV VISHNU MORE and Also Correct my Date of birth from 01/10/1949 to 02/06/1949. Vide Affidavit No: 11AA 219898, Dated: 18/12/2025

**मैं,** करण ठाकुर, पुत्र श्री सतीश कुमार, निवासी वीपीओ लोहर्दा, तहसील बड़सर, जिला हमीरपुर, वर्तमान पता: मकान नंबर 470, सेक्टर 4, पंचकुला, हरियाणा, घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम करण से बदलकर करण ठाकुर कर लिया है।

**मैं,** लीला बाई, सैन्य संख्या- 14846017K, रैंक- हवलदार/MT, नाम- पवार श्रीकांत बालासाहेब की माता हूं वर्तमान में यूनिट- 519 एएससी बटालियन, सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है, स्थायी पता- ग्राम- फोंडवाड़ा (मालवाड़ी), पोस्ट- करहाटी, तहसील-बारामती, मालवाड़ी, पुणे, राज्य- महाराष्ट्र, पिन- 412204, घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम लीला बाई से बदलकर लीलाबाई बालासो पवार कर लिया है। हलफनामा संख्या- 11AA 219886, दिनांक- 18/12/2025

**मैं,** बालासाहेब सैन्य संख्या- 14846017K रैंक- हवलदार/एमटी नाम- पवार श्रीकांत बालासाहेब का पिता हूं वर्तमान में यूनिट- 519 एएससी बटालियन सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- गांव- फोंडवाड़ा (मालवाड़ी), पोस्ट- करहाटी, तहसील-बारामती, मालवाड़ी, पुणे, राज्य- महाराष्ट्र, पिन- 412204 घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम बाला साहेब से बदलकर बालासो सिताराम पवार कर लिया है। शपथ पत्र क्रमांक- 11एए 219888, दिनांक; 18/12/2025

**मैं,** अश्विनी, सैन्य संख्या- 14846017K, रैंक- हवलदार/एमटी, नाम- पवार श्रीकांत बालासाहेब की कानूनी रूप से विवाहित पत्नी हूँ जो वर्तमान में यूनिट- 519 एएससी बटालियन, सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- ग्राम- फोंडवाड़ा (मालवाड़ी), पोस्ट- करहाटी, तहसील- बारामती, मालवाड़ी, पुणे, राज्य- महाराष्ट्र, पिन- 412204, घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम अश्विनी से बदलकर पवार अश्विनी श्रीकांत कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA219890, दिनांक- 18/12/2025

**मैं,** नूतन महेश दहने, सैन्य संख्या- 6494538W, रैंक- हवलदार/शेफ (कॉम), नाम- धने महेश भीकाजी की कानूनी रूप से विवाहित पत्नी हूँ वर्तमान में यूनिट- 795 एएससी बटालियन, सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- ग्राम- मांडवे, पोस्ट मांडवे, तहसील- सातारा, जिला- सातारा, राज्य- महाराष्ट्र, पिनकोड- 415519 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम नूतन महेश दहने से बदलकर नूतन महेश दाने कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219873, दिनांक- 18/12/2025

**मैं,** सामत भाई, सैन्य संख्या- 15573001A, रैंक- हवलदार नाम- चावड़ा करसन भाई का पिता हूं जो वर्तमान में यूनिट- 118 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- वणकर वास, थोरडी, जूनागढ़, सिंगसर, गुजरात, 362275 घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम सामत भाई से बदलकर चावड़ा सामतभाई जीवाभाई कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219876, दिनांक- 18/12/2025

**मैं,** चावड़ा सामतभाई जीवाभाई, सैन्य संख्या- 15573001A, रैंक हवलदार, नाम- चावड़ा करसन भाई का पिता हूं जो वर्तमान में यूनिट 118 इंजीनियर रेजिमेंट, सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- वनकर वास, थोर्डी, जूनागढ़, सिंगसर, गुजरात, 362275 घोषणा करता हूं कि मैंने अपनी जन्मतिथि 18/03/1940 से 01/01/1959 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या 11AA219877, दिनांक 18/12/2025

**मैं,** सोमी बेन, सैन्य संख्या- 15573001A, रैंक हवलदार, नाम- चावड़ा करसन भाई की माता हूं जो वर्तमान में यूनिट- 118 इंजीनियर रेजिमेंट, सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- वनकर वास, थोर्डी, जूनागढ़, सिंगसर, गुजरात, 362275, घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम सोमी बेन से बदलकर चावड़ा सोमीबेन सामतभाई कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA219874, दिनांक- 18/12/2025

**मैं,** चावड़ा सोमीबेन सामतभाई, सैन्य संख्या 15573001A, रैंक हवलदार, नाम- चावड़ा करसन भाई की माता हूं जो वर्तमान में यूनिट- 118 इंजीनियर रेजिमेंट, सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- वनकर वास, थोर्डी, जूनागढ़, सिंगसर, गुजरात, 362275, घोषणा करती हूं कि मैंने अपनी जन्मतिथि 18/03/1942 से 01/01/1962 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या 11AA 219875, दिनांक 18/12/2025

**मैं,** नवले लिलाबाई कचरू सैन्य संख्या- 14854965H रैंक- सिपाही/एमटी नाम - नवले संतोष कचरू की माता हूं वर्तमान में यूनिट- 519 एएससी बटालियन सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- नवले वस्ती, सारोला सोमवंशी, तहसील-श्रीगोंदा, जिला- अहमदनगर, राज्य- महाराष्ट्र, पिन-413703 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम से बदल लिया है। नवले लिलाबाई कचरू से लिलाबाई कचरू नवले कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219891, दिनांक- 18/12/2025

**मैं,** नवले कचरू आबाजी, सैन्य नंबर- 14854965H रैंक- सिपाही/एमटी नाम - नवले संतोष कचरू का पिता हूं जो वर्तमान में यूनिट- 519 एएससी बटालियन सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- नवले वस्ती, सारोला सोमवंशी, तहसील- श्रीगोंदा, जिला-अहमदनगर, राज्य- महाराष्ट्र, पिन- 413703 घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम नवले कचरू आबाजी से बदलकर कचरू आबा नवले कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219893, दिनांक- 18/12/2025

**मैं,** सैन्य संख्या- 14854965H, रैंक- सिपाही/एमटी, नाम - नवले संतोष कचरू, वर्तमान में यूनिट- 519 एएससी बटालियन, सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- नवले वस्ती, सरोला सोमवंशी, तहसील- श्रीगोंदा, जिला-अहमदनगर, राज्य- महाराष्ट्र, पिन- 413703 घोषणा करता हूं कि मैंने अपनी पुत्री का नाम प्रज्ञा संतोष नवले से बदलकर नवले प्रज्ञा संतोष कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219895, दिनांक- 18/12/2025
एपी-6307

**मैं,** परमजीत कौर पत्नी श्री अवतार सिंह निवासी गांव घिलौर तहसील रादौर जिला यमुनानगर ने अपना नाम परमजीत पिंडरवाल से बदलकर परमजीत कौर रखा है।
एपी-6308

I Isha D/o Bilo Pyngrope and W/o Virender R/o Manana (76), Panipat, Haryana- 132101, have changed my name to Titilisha Warjri.

I Jaideep Baniwal S/o Ramniwas Beniwal R/o House No. 60 - P, Sector-33, Hisar, Haryana-125001, have changed my name to Jaideep Beniwal.
एपी-6309

**मैं,** गुरप्रताप भठ्ठल (Gurpartap Bhathal) पुत्र मोहन सिंह निवासी मकान नंबर 2053, दूसरी मंजिल, सेक्टर-79, एस.ए.एस. नगर ने अपना नाम बदल कर गुरप्रताप सिंह (Gurpatap Singh) रख लिया है।
एपी-6310

**मैं,** रामदास संपत दपल पुत्र संपत दपल निवासी मकान नंबर 565-ए सेक्टर 46-ए चंडीगढ़ ने अपनी नाबालिग बेटी का नाम दपल किरण रामदास से बदलकर किरण रामदास दपल रख दिया है।
एपी-6295

## बेदखली सूचना

**मैं,** रणजीत सिंह (आधार 800709196392) पुत्र कूड़ा राम एवं कुलविंदर कौर (आधार 912028609126) पत्नी रणजीत सिंह निवासी गांव सूरा, पोस्ट ऑफिस लाडवा, थानेसर, कुरुक्षेत्र ब्यान करते है कि हमारा पुत्र हरबीर सिंह हमारे कहने सुनने से बाहर है और ना ही हमारी कोई बात मानता है को हम अपनी समस्त चल अचल संपति से बेदखल करते है। भविष्य में हमारे पुत्र हरबीर सिंह से किसी भी प्रकार का कोई भी लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारा व हमारे परिवार की हरबीर सिंह के द्वारा किये कार्यों या व्यवहार की किसी भी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
एपी-6294

**मैं,** कृतिका पत्नी स्व. अशोक कुमार निवासी मकान नं. बी-6,1811, विष्णु नगर, जगाधरी वर्कशाप, यमुनानगर अपने हल्फ से ब्यान करती हूँ कि मेरा लड़का रिशांत मेरे कहने-सुनने से बाहर है, एवं मेरे साथ लडाई झगड़ा करता है।। इसलिए मैं इसको अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूँ।भविष्य में इसके साथ लेन-देन करने वाले व संबंध रखने वाले स्वयं जिम्मेवार होंगे, मैं और मेरा परिवार नहीं।
एपी-6298

**मैं,** बलजीत सिंह पुत्र श्री चन्द्रभान निवासी दुर्गा कॉलोनी, गली नंबर 4,तहसील व जिला भिवानी हरियाणा ब्यान करता हूं कि मेरा सगा लड़का प्रवीण कुमार (आयु 38वर्ष) व उसकी पत्नी (ज्योति आयु 33वर्ष)मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं इनको अपनी चल अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनके साथ लेन देने व अन्य व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
एपी-6299

हम कर्म चन्द पुत्र श्री राम जी लाल व फुलवती पत्नी श्री कर्मचन्द, गाँव झींवरहेडी, डा०हडताल उपतह. सरस्वती नगर,जिला यमुनानगर (हरियाणा) निवासी अपने हल्फ से ब्यान करते है कि हमारा लड़का मुकेश कुमार व पुत्रवधू मनीषा रानी हमारे कहने-सुनने से बाहर होने के कारण हम बहुत परेशान है।इसलिए हम उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पति से बेदखल करते है। भविष्य इनसे लेन-देन करने वाला व्यक्ति, सरकारी-गैर सरकारी संस्था खुद जिम्मेवार होगी।

**मैं,** अवधेश कुमार पुत्र गनोरी महतो निवासी मकान नं. 3942, मौली जागरां कॉलोनी, चंडीगढ़, घोषणा करता हूं कि मेरा बेटा संजय कुमार और उसकी पत्नी अर्चना मेरे नियंत्रण से बाहर है, इसलिए मैं उन्हें अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं, इनसे लेनदेन करने वाले स्वयं जिम्मेवार होंगे।
एपी-6286

**मैं,** मेहंदी पुत्र हबीब, निवासी मकान नंबर 2070/1, आर्द मलोया कॉलोनी, चंडीगढ़, सूचित करता हूँ कि मेरा पुत्र समीर मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उसे अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करता हूँ। उससे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।
एपी-6295

We, Pardeep Kumar S/o Chuni Lal and Kamlesh Kumari W/o Pardeep Kumar R/o # 4401, St No. 11, Durgapuri, Haibowal Kalan, Ludhiana Presently resides of 18/3, Shiv Vihar, B/side Bhagat Tarsem Lal Charitable Hospital, Jassian,Ludhiana, state that our son Amit Arora and his wife Isha often fight with us and Both are Out of our control. Therefore, we Disown them and their future heirs from our movable and immovable property. The person who deals with them and has any relationship with them will be responsible for himself. We will not be responsible

हम, प्रदीप कुमार पुत्र चुन्नी लाल और कमलेश कुमारी पत्नी प्रदीप कुमार निवासी # 4401,गली नंबर 11, दुर्गापुरी, हैबोवाल कलां, लुधियाना अभी 18/3, शिव विहार, पीछे भगत तरसेम लाल चैरिटेबल हॉस्पिटल, जस्सियां, लुधियाना बयान करते है कि हमारा बेटा अमित अरोड़ा और उसकी पत्नी ईशा अक्सर हमसे लड़ते है और दोनों हमारे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए, हम उन्हें और उनके भविष्य के वारिसों को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते है। जो व्यक्ति उनके साथ लेनदेन करता है अथवा उनसे कोई रिश्ता रखता है, वह खुद ज़िम्मेदार होगा। हम जिम्मेदार नहीं होंगे।

**मैं,** संजय (आ. नं 4646 9444 1235) पुत्र राम सरूप निवासी गांव बहादुरगढ़ तहसील सफीदों जिला जींद अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मेरे पुत्र संजय और राहुल व पुत्रवधू पत्नी राहुल रितु मेरे व मेरे परिवार के कहने - सुनने से बाहर हैं और लड़ाई झगड़ा करते हैं इन तीनों को मैं अपनी चल- अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में कोई भी इन तीनों से लेनदेन करता है तो वह स्वय जिम्मेदार होगे।
एपी-6306

**मैं,** जगत सिंह पुत्र श्री रामसरूप निवासी गांव भम्भेवा , तह- सफीदों , जिला जींद अपने लड़के तरसेम व उसकी पत्नी प्रीति को अपनी तमाम चल-अचल सम्पति से बेदखल करता हूं क्योंकि ये मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। भविष्य में इससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा ।
एपी-6286

आवश्यक सूचना
अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

आवश्यक सूचना
अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# कैथल में सौर ऊर्जा से रोशन हो रहे घर, मिल रही है भारी सब्सिडी

## जिले में 2821 उपभोक्ताओं ने उठाया पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ

उपभोक्ताओं को केंद्र सरकार ने करीब 18 करोड़ तथा प्रदेश सरकार ने करीब पांच करोड़ रुपये की दी सब्सिडी

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 18 दिसंबर।** ऊर्जा संरक्षण और आम जनमानस को बिजली बिलों के भारी-भरकम बोझ से मुक्ति दिलाने के लिए प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना वरदान साबित हो रही है। हरियाणा के कैथल जिले में इस योजना को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। केंद्र और राज्य सरकार की जुगलबंदी ने इस योजना को इतना किफायती बना दिया है कि पात्र परिवारों के लिए सोलर पैनल लगवाना अब लगभग जीरो कॉस्ट यानी मुफ्त जैसा हो गया है। जिले में अब तक 2821 उपभोक्ताओं ने इस योजना का लाभ उठाते हुए अपने घरों की छतों पर सोलर सिस्टम स्थापित किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की ओर से इन लाभार्थियों को अलग अलग किलोवाट के हिसाब से लगभग 18 करोड़ रुपये की सब्सिडी सीधे उनके खातों में भेजी जा चुकी है। वहीं, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार भी कदम से कदम मिलाकर चल रही है; जिन्होंने 1035 उपभोक्ताओं को लगभग 5.06 करोड़ रुपये का अतिरिक्त अनुदान दिया जा चुका है और शेष पात्र लाभार्थियों को भी जल्द ही यह राशि जारी कर दी जाएगी। जिले में 31 मार्च 2026 तक 5313 उपभोक्ताओं के घर पर सोलर लगाने का लक्ष्य है। आमजन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर इस योजना का लाभ उठाएं। यदि कोई उपभोक्ता शुरुआती निवेश करने में सक्षम नहीं है, तो सरकार ने उनके लिए राह आसान कर दी है। सरकारी बैंकों के माध्यम से बिना किसी गारंटी या प्रॉपर्टी के न्यूनतम ब्याज दरों पर लोन उपलब्ध कराया जा रहा है। दो किलोवाट का सोलर पैनल प्रतिदिन 8 से 10 यूनिट बिजली बनाता है, जो महीने की 300 यूनिट तक हो जाती है। एक मध्यमवर्गीय परिवार की मासिक खपत के लिए यह पर्याप्त है, जिससे बिजली बिल न के बराबर रह जाता है।

### सब्सिडी का गणित और किसे कितना लाभ

बिजली विभाग के एसई सोमबीर भालोठिया ने बताया कि सरकार ने आय वर्ग के अनुसार सब्सिडी को श्रेणियों में बांटा है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को अधिकतम लाभ मिल सके। अंत्योदय परिवार जिनकी सालाना आय 1.80 लाख से कम है व जिनकी सालाना बिजली खपत 2400 युनिट तक है, वे दो किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 60 हजार रुपये व हरियाणा सरकार की ओर से 50 हजार रुपये अनुदान यानि कि कुल 1.10 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त कर सकते हैं। जिन परिवारों की सालाना आय तीन लाख रुपये तक है व जिनकी सालाना बिजली खपत 2400 युनिट तक है वो परिवार दो किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 60 हजार रुपये व हरियाणा सरकार की ओर से 20 हजार रुपये का अनुदान यानी कि कुल 80 हजार रुपये का अनुदान प्राप्त कर सकते हैं। इससे अतिरिक्त जिन घरेलू उपभोक्ताओं की वार्षिक आय तीन लाख से अधिक है उन घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एक किलोवाट 30 हजार रुपये, दो किलोवाट 60 हजार रुपये तथा तीन किलोवाट 78 हजार तक केन्द्र सरकार द्वारा सब्सिडी दी जा रही है।

### पर्यावरण और जेब दोनों के लिए हितकारी


प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना न केवल उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत दे रही है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक बड़ा कदम है। इससे प्रदूषण कम होगा और हमारा पर्यावरण शुद्ध बनेगा। जिला प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि सब्सिडी का पात्र लोगों को समय पर लाभ मिले। सभी नागरिक इस हरित क्रांति का हिस्सा बनें और अपने घर पर सोलर पैनल लगवाएं।

–अपराजिता, उपायुक्त, कैथल

# झिंझाना चौक पर गीता चौक का भूमि पूजन 22 को करेंगे स्वामी ज्ञानानंद जी

देश भर में ही नहीं देश से बाहर भी स्वामी ज्ञानानंद जी पहुंचा रहे हैं गीता के ज्ञान को

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 18 दिसंबर।** हस्तिनापुर से गीता उपदेश स्थली कुरूक्षेत्र के रास्ते में झिंझाना चौराहे का 22 दिसम्बर को परम पूज्य गुरुदेव राष्ट्रीय संत महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज जी की पावन उपस्थिति में भूमि पूजन विधि विधान से सम्पन्न होगी और आधारशिला का शिलान्यास भी गीता मनीषी जी करेंगे। यह जानकारी हरियाणा राज्य हज कमेटी हरियाणा सरकार के पूर्व मीडिया कोर्डिनेटर खुर्शीद आलम ने दी। राष्ट्रीय संत महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज जी के द्वारा भारत के साथ साथ पूरे विश्व में घर-घर में भगवान श्री कृष्ण ने श्री मुख से कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर 5162 पांच हजार एक सौ बासठ वर्ष पूर्व अर्जुन को गीता जी का उपदेश दिया था । परम पूज्य गीता मनीषी जी की सोच हमारे गली, मोहल्ले, वार्डो सहित सभी मार्ग, चौराहों के नाम धार्मिक भावनाओं से जुड़े हुए होने चाहिए इसका एक उदाहरण भी जैसे किसी भी चौराहे का नाम श्री कृष्ण चौक या विष्णु चौक , शिव शंकर चौक, श्री राम चंद्र चौक ,चौराहों के नाम लिऐ जाएंगे तो निशित रूप से है नारायण जीवन में सुख शांति समृद्धि देगें और मिलती भी है। हरियाणा राज्य के साथ साथ देश भर उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, चंडीगढ़ हिमाचल, मध्यप्रदेश बिहार, राजधानी दिल्ली समेत हजारों चौराहों मार्ग का नामकरण हो गया है । श्री मदभगवद गीता चौक , श्री कृष्ण कृपा चौक , अर्जून चौक, जियो गीता चौक, श्री कृष्ण मार्ग , शिव शंकर चौक , भगवान गणेश चौक , भगवान श्री विष्णु चौक, सीता राम चौक, राधा कृष्ण चौक, आदि आदि नामों से पुकारा जानें लगे हैं। इसी कड़ी में राष्ट्रीय संत महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज जी की कृपा से 22 दिसम्बर दिन सोमवार को मेरठ करनाल झिंझाना चौराहे का नाम श्रीमदभगवद गीता चौक हो जाएगा सुरेश पाल कश्यप चेयरमैन नगर पंचायत झिंझाना के साथ ही श्री रमेश गौड़ कश्यप उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य उत्तर प्रदेश सरकार की मेहनत रंग लाई और इनके साथ में डाक्टर सतीश कुमार कश्यप भाजपा नेता, राहुल देव गुप्ता भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के अथक परिश्रम से झिंझाने के चौराहों का नाम करन श्रीमदभगवद गीता चौक हो जाएगा नामकरण होते ही चौराहे की पहचान भी हो जाएगी सदियों पुरानी क्षेत्र वासियों की चौराहे का नाम करन करने मांग भी पूरी हो जाएंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### गुरुकुल में एन.एस.एस. शिविर का शुभारम्भ



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/राजकुमार वालिया)।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र में सोमवार को सात दिवसीय एन.एस.एस. शिविर का शुभारम्भ प्राचार्य सूबे प्रताप जी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक नरेन्द्र सिंगला भी उपस्थित रहे। प्राचार्य सूबे प्रताप ने एन.एस.एस. के मूल मंत्र 'नॉट फॉर मी, बट यू' पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र की सेवा में युवाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने छोटे-छोटे कार्यों जैसे जल व बिजली की बचत तथा जरूरतमंदों की सहायता को भी राष्ट्र सेवा का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। उन्होंने शिविर संयोजक एवं सभी वालंटियर्स को शिविर के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर एन.एस.एस. वालंटियर्स ने शिविर के उद्देश्यों एवं प्रस्तावित गतिविधियों की जानकारी दी।

### कैरियर काउंसलिंग एवं मानसिक स्वास्थ्य पर सेमिनार




**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अरविंद मोहन शर्मा)।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बरगट (कुरुक्षेत्र) के कैरियर काउंसलिंग क्लब द्वारा कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए कैरियर काउंसलिंग एवं मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक प्रेरणादायक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भविष्य के कैरियर विकल्पों की जानकारी देना तथा मानसिक रूप से सशक्त बनाना रहा। सेमिनार के मुख्य वक्ता एमएमडीयू विश्वविद्यालय, मुल्लाना से आए वरिष्ठ कैरियर काउंसलर श्री अश्वनी गोयल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रॉबिन कुमार द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत करने से हुई। अपने संबोधन में श्री अश्वनी गोयल ने विद्यार्थियों को विभिन्न शैक्षणिक एवं व्यावसायिक कैरियर अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि, क्षमता और लक्ष्य के अनुसार सही कैरियर चुनने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया तथा मानसिक स्वास्थ्य को सफल जीवन की कुंजी बताया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्री रॉबिन कुमार ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत कैरियर काउंसलिंग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ भविष्य की दिशा तय करने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया गया। सेमिनार विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

### नशा मुक्त टीम ने गांव में डोर टू डोर जाकर किया जागरुक



**पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)।** पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस के कुशल नेतृत्व में पानीपत पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में विशेष जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इसी कड़ी में जिला पुलिस की नशा मुक्त अभियान की टीम ने वीरवार को महमुदपुर, काबड़ी, नांगलखेड़ी व सिवाह गांव में डोर टू डोर जाकर लोगों को के दुष्प्रभाव की जानकारी देकर जागरूक किया। टीम द्वारा घर घर जाकर लोगों को नशा छोड़ने और समाज को सुरक्षित बनाने का संदेश दिया गया। पुलिस टीम ने इस दौरान नशे के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान बारे विस्तार से बताया। अभियान के जिला में नोडल अधिकारी डीएसपी नरेंद्र सिंह ने कहा कि नशा शरीर, परिवार और समाज का सबसे बड़ा दुश्मन है। यह युवाओं को भविष्य अंधकार में धकेल देता है, इसलिए सभी को नशे से दूर रहना चाहिए और दूसरों को भी रोकना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि गांव में कोई संदिग्ध गतिविध दिखे या नशा बेचने व करने की जानकारी मिले, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। नशे से संबंधित कोई भी MANAS टोल फ्री नंबर 1933 पर साझा की जा सकती है और सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। नागरिक बिना किसी डर या संकोच के नशीली दवाओं के अवैध व्यापार से जुड़ी जानकारी साझा करे।

## सुशासन सप्ताह के तहत 19 से 25 दिसंबर तक प्रत्येक कार्य दिवस में आयोजित होंगे समाधान शिविर: एसडीएम

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार

**नारायणगढ़, 18 दिसंबर।** सुशासन सप्ताह के अंतर्गत आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी एसडीएम शिवजीत भारती ने दी।

एसडीएम शिवजीत भारती ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार यह समाधान शिविर प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किए जाएंगे, जिनमें नागरिक अपनी विभिन्न समस्याएं एवं शिकायतें प्रशासन के समक्ष रख सकेंगे। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों के माध्यम से लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं का समाधान प्रदान किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि नारायणगढ़ में समाधान शिविर एसडीएम कार्यालय में प्रथम तल पर स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित किया जाएगा, जबकि शहजादपुर क्षेत्र में ब्लॉक स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन बीडीपीओ कार्यालय के हॉल में किया जाएगा। इन शिविरों में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे और प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

एसडीएम ने आमजन से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर समाधान शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याएं दर्ज करवाएं ताकि उनका समाधान किया जा सके। एसडीएम शिवजीत भारती ने कहा कि सुशासन सप्ताह का मुख्य उद्देश्य प्रशासन द्वारा जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों के माध्यम से पारदर्शिता एवं जवाबदेही को बढ़ावा दिया जाएगा और जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेकर उनका प्रभावी निस्तारण किया जाएगा।

# पिहोवा हलका में विकास को मिली नई गति, कई लोगों ने थामा भाजपा का दामन

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य



**पिहोवा, 18 दिसंबर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता जय भगवान शर्मा डीडी ने गांव इस्हाक से नीमवाला गांव की ओर जाने वाली नई गली का नारियल फोड़कर विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर गांव इस्हाक के सरपंच बलविंदर सिंह के नेतृत्व में अनेक लोगों ने विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की नीतियों में आस्था जताते हुए भाजपा की सदस्यता ग्रहण की, जिन्हें जय भगवान शर्मा डीडी ने पार्टी में शामिल कराया। सरपंच बलविंदर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य लगातार जारी हैं। गांवों और शहरों में समान रूप से विकास कार्य कराए जा रहे हैं, जिससे आमजन को सीधा लाभ मिल रहा है। वहीं पंडित जय भगवान शर्मा डीडी ने कहा कि पिहोवा को कोई अनाथ न समझे, जो लोग पिहोवा को अनाथ कहते हैं उनको बताना चाहता हूँ कि पिहोवा उनका अपना घर है और यहां के लोग उनके परिवार के सदस्य हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पिहोवा के शहरों और गांवों के विकास में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार पूरी ईमानदारी से विकास कार्य कर रही है और पहली विकास रैली भी पिहोवा में ही हुई थी, जिसमें किए गए सभी वादों को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना है। आने वाले समय में पिहोवा क्षेत्र में और भी अधिक विकास कार्य कराए जाएंगे, ताकि गांव और शहर दोनों में चहुंमुखी विकास सुनिश्चित किया जा सके।

### स्वयंसेवी विद्यार्थियों ने गांव कमोदा में स्वच्छता अभियान की रैली भी निकाली

**कुरुक्षेत्र (अप्रस)।** देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के तीसरे दिन की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ की गई। इसके बाद एनएसएस के स्वयंसेवक एनएसएस अधिकारी प्रमिला शर्मा के मार्गदर्शन में गांव कमोदा पहुंचे। गांव में स्थित काम्यकेश्वर महादेव मंदिर में स्वयं सेवियों ने दर्शन किए एवं पूजा अर्चना की। इसी अवसर पर स्वयं सेवी विद्यार्थियों ने तीर्थ के परिसर तथा मूर्तियों की सफाई की। स्वयंसेवकों का उत्साह देखकर मंदिर में आए श्रद्धालुओं तथा वहां के सेवकों ने खुले दिल से उनके इस कार्य की सराहना की।

## हमारा परिवार युवा शक्ति ने बालिकाओं को वितरित किए ऊनी वस्त्र

अर्थ प्रकाश/दीवान



**सफीदों, 18 दिसंबर।** हमारा परिवार युवा शक्ति द्वारा राजकीय कन्या विद्यालय, सिघाना (सफीदों) में आयोजित समाजसेवा कार्यक्रम आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय की 100 जरूरतमंद बालिकाओं को निःशुल्क ऊनी वस्त्र, जूते एवं मोज़े वितरित किए गए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शीत ऋतु के दौरान आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की छात्राओं को आवश्यक सहायता प्रदान करना तथा समाज में सेवा, संवेदना और सहयोग की भावना को सुदृढ़ करना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नितिन अग्रवाल (संरक्षक) उपस्थित रहे। उनके साथ अमित राणा (इकाई प्रमुख), योगेश सेहरावत (सह इकाई प्रमुख) तथा अभिषेक (मीडिया प्रमुख) की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके अतिरिक्त कलवंत, परवीन एवं विशाल ने भी कार्यक्रम के सफल आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि समाज के कमजोर एवं वंचित वर्ग के बच्चों तक सहायता पहुँचाना हम सभी का नैतिक और सामाजिक दायित्व है। ऐसे सेवा कार्य न केवल बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाते हैं, बल्कि समाज में आपसी सहयोग, करुणा और मानवता की भावना को भी मजबूत करते हैं। वक्ताओं ने यह भी बताया कि हमारा परिवार युवा शक्ति भविष्य में भी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक कल्याण से जुड़े सेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाता रहेगा।

विद्यालय प्रशासन द्वारा कार्यक्रम की सराहना की गई तथा संगठन के इस सराहनीय प्रयास के लिए आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का समापन सेवा-भाव, अनुशासन और सामूहिक सहभागिता के संदेश के साथ हुआ।

### महंत राजेंद्र पुरी ने शुरू की 11 दिवसीय अखंड खड़ी तपस्या

**कुरुक्षेत्र (अप्रस)।** जग ज्योति दरबार में वीरवार को हवन यज्ञ के उपरांत संकल्प के साथ महंत राजेंद्र पुरी ने विधिवत रूप से 11 दिवसीय अखंड खड़ी तपस्या का शुभारम्भ किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं के साथ महामृत्युंजय मंत्र जाप करते हुए सर्वकल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि भगवान को समर्पित सच्ची भक्ति ही सर्वकल्याण का वास्तविक मार्ग है। इस अवसर पर निरंतर गीता पाठ भी शुरू हुआ। श्रद्धालुओं ने आस्था एवं भक्ति भाव के साथ महंत राजेंद्र पुरी का आशीर्वाद लिया। महंत राजेंद्र पुरी ने खड़ी तपस्या के शुभारम्भ अवसर पर श्रद्धालुओं को गीता का जीवन में महत्व बताते हुए कहा कि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की धरती पर ही भगवान श्री कृष्ण में ने मुखारविंद से सृष्टि को पावन गीता का संदेश दिया। महंत राजेंद्र पुरी ने गीता श्लोकों के साथ सत्संग करते हुए कहा कि गीता भगवान को समर्पित सच्ची भक्ति और मोक्ष का वास्तविक रास्ता है। जग ज्योति दरबार में महंत राजेंद्र पुरी की यह तपस्या 28 दिसम्बर तक चलेगी।

## वीजा एजेंट के घर ईडी की रेड

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य

**पिहोवा, 18 दिसंबर।** अमेरिका से लौट कर आ रहे युवाओं को लेकर पुलिस द्वारा वीजा एजेंटों की जांच की जा रही है ।आज फिर ईडी ने पिहोवा के एक वीजा एजेंट के घर पर रेड की है। पिहोवा के मॉडल टाउन में ई डी की टीम प्राइवेट गाड़ी से मौके पर पहुंची और एजेंट के घर को अंदर से बंद कर जांच शुरू कर दी ।

किसी को भी अंदर नहीं आने दिया गया। इसलिए घर के बाहर सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। हालांकि टीम ने स्थानीय प्रशासन को मामले की सूचना जरूर दी, लेकिन रेड में किसी को साथ और शामिल नहीं किया है। टीम ने किसी के साथ कोई बात नहीं की। वीजा एजेंट का हरियाणा के साथ पंजाब और हिमाचल प्रदेश तक नेटवर्क फैला है। वीजा एजेंट दर्जनों लोगों को विदेश भेज चुका है। इ डी ने करीब 5 महीने पहले भी पिहोवा और ईस्माइलाबाद के दो एजेंटो के ठिकानों पर भी रेड की थी। इन सभी रेड के बारे किसी को भी आज तक पता नहीं चला।

समाचार लिखे जाने तक रेड जारी थी। उल्लेखनीय है कि पिहोवा हलके में विदेश जाने का युवाओं में विशेष क्रेज है। भारी संख्या में यहां के युवक विदेश में गए हुए हैं। इस एजेंट पर लोगों को अवैध तरीके से डंकी रूट से अमेरिका और अन्य देशों में भेजने का शक है। इसी साल फरवरी और नवंबर में जिले के कई युवक अमेरिका से डिपोर्ट होकर लौटे हैं। आशंका यही है कि ई डी अमेरिका के बदले कितनी रकम वसूली गई, उसकी जांच के लिए पहुंची है।

## खेड़ी मंसानिया का बेटा बना कैथल में जिला समाज कल्याण अधिकारी

अर्थ प्रकाश/मित्तल



**उचाना मंडी, 18 दिसंबर।** शहर के साथ लगते खेड़ी मंसानिया गांव का बेटा अमितेंद्र श्योकंद कैथल में जिला समाज कल्याण अधिकारी बना। पंजाबी शिक्षक स्व. सुरेंद्र श्योकंद के छोटे भाई अमितेंद्र श्योकंद कैथल में जिला समज कल्याण विभाग में इंवेस्टिगेटर के पद पर कार्यरत थे। इस पद से प्रमोशन होने के बाद अब जिला समाज कल्याण अधिकारी के पद पर कैथल में कार्यभार संभाला। खेड़ी मंसानिया गांव के साथ-साथ उचाना क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

सरपंच कविता देवी ने कहा कि गांव के बेटे के जिला समाज कल्याण अधिकारी के पद पर कार्यभार संभालना गांव के लिए गर्व की बात है। सरपंच प्रतिनिधि अनूप, सतीश श्योकंद, अशोक, राजबीर जांगड़ा, अजय पंच, सज्जन मेहरा, सुरेश नंबरदार, सतीश ने कहा कि ग्रामीण अंचल से संबंध रखन वाले अमितेंद्र श्योकंद का जिला समाज कल्याण अधिकारी बनना हर किसी के लिए गर्व की बात है। अमितेंद्र श्योकंद ने साबित किया है कि ग्रामीण अंचल के युवा अपनी काबलियत के बूते पर बड़े पदों पर जा सकते है।

अमितेंद्र श्योकंद ने कहा कि अपने सपनों को शिक्षा के माध्यक से पूरा किया जा सकता है। कोई भी मंजिल दूर नहीं होती है उस को पाने का जुनून होना चाहिए। निरंतर मेहनत करके कोई भी मंजिल प्राप्त की जा सकती है। हमेशा ईमानदारी, लग्न से अपने कार्य को करना चाहिए। जीवन में हर तरह की बाधा आती है लेकिन उन बाधाओं में संयम को बनाए रखना ही जीवन की सफलता का सबसे बड़ा मंत्र है।

### एसडीएम आकाश शर्मा की अध्यक्षता में उपमंडल स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित

# एससी/एसटी मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: आकाश शर्मा

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला



**टोहाना, 18 दिसंबर।** उपमंडल स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक वीरवार को लघु सचिवालय स्थित एसडीएम कार्यालय में एसडीएम आकाश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग से संबंधित कल्याणकारी योजनाओं, अत्याचार से जुड़े मामलों तथा पीड़ितों को मिलने वाली राहत व सहायता की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम आकाश शर्मा ने कल्याण विभाग को निर्देश दिए कि अनुसूचित जाति/जनजाति पर अत्याचार से संबंधित मामलों में पीड़ित व्यक्तियों को सरकार द्वारा निर्धारित आर्थिक सहायता समय पर उपलब्ध करवाई जाए, ताकि पीड़ित परिवारों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस प्रकार के मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एसडीएम ने संबंधित सभी विभागों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ प्रभावी और पारदर्शी तरीके से पहुंचे, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में समयबद्धता और संवेदनशीलता अत्यंत आवश्यक है।


बैठक में पिछली सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक में निर्धारित किए गए एजेंडा बिंदुओं की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की गई। संबंधित विभागों द्वारा अब तक उठाए गए कदमों की जानकारी ली गई और जिन बिंदुओं पर अपेक्षित प्रगति नहीं पाई गई, वहां शीघ्र सुधार करने के निर्देश दिए गए।

एसडीएम आकाश शर्मा ने समाज में जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए समय-समय पर बैनर, पोस्टर, पंपलेट तथा अन्य माध्यमों का प्रभावी रूप से प्रयोग किया जाए। इससे पीड़ितों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता मिलेगी और वे समय रहते सहायता प्राप्त कर सकेंगे।

उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि एससी/एसटी एक्ट के तहत दर्ज मामलों में यदि किसी भी व्यक्ति के साथ अत्याचार या दुर्व्यवहार की शिकायत सामने आती है, तो उस पर तुरंत प्रभाव से नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके और समाज में कानून का भय बना रहे।

बैठक में बीडीपीओ राहुल श्योकंद, तहसील कल्याण अधिकारी विजय कुमार, समिति सदस्य रमेश गोयल, अनूप सिंह, डॉ. ईश्वर खोबड़ा, कृष्ण गोयल, गोपी राम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# सिद्धगुरुवर श्री सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव के सान्निध्य में तिरुपति ब्रह्मर्षि आश्रम में श्रीअष्टलक्ष्मी महायज्ञ 19 से 27 दिसंबर तक




तिरुपति। सिद्धगुरुवर श्रीसिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव के अतिदिव्य एवं पावन सान्निध्य में श्री सिद्धेश्वर तीर्थ ब्रह्मर्षि आश्रम, आरसी. रोड, रामापुरम्, तिरुपति (आंध्र प्रदेश) में 19 दिसंबर से 27 दिसंबर 2025 तक श्रीअष्टलक्ष्मी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह नौ दिवसीय आध्यात्मिक अनुष्ठान साधना, भक्ति और आत्मिक उन्नति का दुर्लभ एवं विशेष अवसर प्रदान करेगा। यह जानकारी देते हुए आश्रम ग्लोबल महिला चेयरपर्सन श्रीमती सरला बोथरा एवं श्रीसिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि आश्रम के अध्यक्ष रमेश सांखला ने बताया कि महायज्ञ के अंतर्गत 25 दिसंबर को गुरु मंत्र दीक्षा का विशेष आयोजन किया जाएगा। गुरु मंत्र दीक्षा ग्रहण करने के इच्छुक गुरुभक्त इस दिव्य अवसर का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस विशेष पूजा के माध्यम से जीवन में व्याप्त अनेक कष्टों का निराकरण होता है तथा ऐसी विशिष्ट पूजा देश में केवल इसी आश्रम में संपन्न होती है।

उन्होंने आगे बताया कि सिद्धगुरुवर श्री सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव के अनुसार, जीवन में मनुष्य को जो कुछ भी प्राप्त होता है, उसका मूल स्रोत लक्ष्मी तत्व है। लक्ष्मी का अर्थ केवल धन नहीं, बल्कि 'मां' भी है, क्योंकि जीवन का आगमन मां के माध्यम से ही होता है। जीवन के मार्ग अनेक हो सकते हैं कर्म और मृत्यु के भी कई रूप हैं परंतु जन्म का मार्ग केवल एक है, जो मां के माध्यम से ही संभव है। यही लक्ष्मी तत्व जीवन का प्रवेश द्वार है।

गुरुदेव के विचारों के अनुसार, जब लक्ष्मी अपने पूर्ण स्वरूप और संपूर्ण शक्तियों के साथ जीवन में प्रकट होती हैं, तब केवल भौतिक समृद्धि ही नहीं, बल्कि शांति, विवेक और आध्यात्मिक उन्नति भी प्राप्त होती है। इसी भावभूमि पर दिसंबर माह में अष्टलक्ष्मी का यह विशेष अनुष्ठान आयोजित किया जा रहा है, जिसमें भव्य पूजन, मंत्र जाप और गहन साधना के माध्यम से साधकों को आंतरिक रूपांतरण का अवसर प्राप्त होगा।

अष्टलक्ष्मी, देवी लक्ष्मी के आठ दिव्य स्वरूप हैं, जो जीवन की आठ प्रकार की समृद्धि प्रदान करते हैं। इनमें आदि लक्ष्मी, धना लक्ष्मी, गजा लक्ष्मी, वीरा लक्ष्मी, सौभाग्य लक्ष्मी, संतान लक्ष्मी, विजया लक्ष्मी एवं ऐश्वर्या लक्ष्मी सम्मिलित हैं। इनकी उपासना से जीवन में सुख-समृद्धि, आरोग्य एवं आध्यात्मिक पूर्णता की प्राप्ति होती है।

महायज्ञ का उद्देश्य इन आठों लक्ष्मी स्वरूपों की एक साथ उपासना कर जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में संतुलन, सफलता और संपूर्णता प्राप्त करना है, जिससे साधकों के जीवन में धन-धान्य, स्वास्थ्य, संतान सुख, ज्ञान और आध्यात्मिक उन्नति का समन्वय हो सके।

महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन प्रभात फेरी, योग-प्राणायाम, पूजा-अर्चना, मोटिवेशनल क्लासेज, मंत्र जाप, भक्ति संगीत, आध्यात्मिक गतिविधियां, आरती, गुरु दर्शन, गुरु आशीर्वाद एवं कल्याणकारी प्रार्थनाएं आयोजित की जाएंगी। इसके अतिरिक्त विशिष्ट कार्यक्रमों में अष्टलक्ष्मी पालकी यात्रा, सुहाग-सुहागिन पूजा, जैन पद्मावती माता पूजा, गुरु मंत्र दीक्षा, फूलों की होली, वैदिक हवन प्रशिक्षण, महालक्ष्मी दिव्य दर्शन, अष्टलक्ष्मी महायज्ञ, गौदान एवं अन्य विशेष अनुष्ठान भी सम्मिलित रहेंगे।

# मन निर्मल करने के लिए सत्संग जरूरी



सद्‌गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

महापुरुष अपने जीवन में हर पल साध संगत को महत्ता देते हैं। कोई भी मौका हो, आपके लिए सबसे पहले साध-संगत का सहारा ही है, साध संगत का मिलाप ही है जो जीवन की नैया को डोलने से बचाता है। निरन्तर गुरुमुख महापुरुष इस साध संगत की अपने मन में कदर बना कर रखते हैं। कदर वही जान सकता है, जिसको इस चीज की कीमत का पता हो। जिसको कीमत का पता नहीं, वह कदर भी नहीं कर सकता। महापुरुषों को यह कद्र है, इसलिए इसकी कीमत भी जानते हैं, कीमत डालते हैं। इसलिए कहीं पर भी साध संगत हो, भाग-भाग करउसमें अपना पूर्ण योगदान देते हैं। यही सन्तों का कर्म हुआ करता है।

कुछ लोग कहते हैं कि अब ज्ञान तो हो ही गया है, रोज-रोजी सत्संग की क्या जरुरत है? लेकिन वे ऐसा क्यों नहीं सोचते कि दो दिन पहल तो मैं नहाया ही था, आम मुझे क्यों नहाना है? जीवन में जितने भी सुख साधन, जितनी भी स्वच्छता है, उसके लिए हम कभी किसी को नहीं कहते कि अभी तो किया है, थोड़े दिनों के बाद कर लूंगा। हम जानते हैं कि भोजन अगर नहीं किया तो यह तन निर्बल होना शुरु हो जाएगा, कमजोर पड़ जाएगा। अगर हम नहीं नहाते, तो शरीर से बदबू आना शुरु हो जाएगी, इस गन्दगी के कारण शरीर को रोग लग सकता है।

इसी तरह मन को अगर निर्मल करना है, तो साध संगत का सहारा, गुरुमुख-महापुरुष का सहारा लेना पड़ता है। सन्तों की संगति प्राप्त करके ही मन निर्मल होता है और एक सहज अवस्था प्राप्त हो जाती है।

साध संगत की महत्ता तभी है, जब मन से विनम्र बन के संगत की जाती है। ऐसी भावना से साध संगत करके ही हमें गुण प्राप्त होते हैं, विश्वास प्राप्त होता है। अगर कहीं पर भी हम अभिमानी हो जाएं, हम अपने आप को सम्पूर्ण मान बैठें, तो सीखने की भावना समाप्त हो जाती है। जहां पर यह मान लिया कि मैं तो पूर्ण हो गया हूँ, वहां पर रुकावट आ जाती है, आगे बढ़ने के अवसर खत्म हो जाते हैं और उसके बाद इन्सान का पतन शुरु हो जाता है।

संगत के बिना कभी इस मन को विवेक नहीं मिल सकता, यह विवेक-बुद्धि बन नहीं सकती है, यह मन इस प्रभु के साथ जुड़ नहीं सकता है।




**बिहार तकनीकी आयोग द्वारा विज्ञापित इंस्पेक्टर व अन्य के**
कुल पदः 1907
आवेदन की अंतिम तिथिः 5 जनवरी, 2026
योग्यताः दसवीं, आईटीआई, 12वीं पास
आयु सीमाः 18 से 37 साल
करें आवेदनः
**btsc.bihar.gov.in**

**हरियाणा हेल्थ विभाग में मेडिकल ऑफिसर के**
कुल पदः 450
आवेदन की अंतिम तिथिः 7 जनवरी, 2026
योग्यताः मेडिसिन और सर्जरी यूजी
आयु सीमाः 22 से 35 साल
आवेदन करें :
**Haryanahealth.gov.in**

SSC GD Constable भर्ती 2026
कुल पदः 25,487
आवेदन प्रारंभः 01 दिसंबर 2025
अंतिम तिथि- 31 दिसंबर 2025
करें आवेदन-ऑनलाइन

**महाराष्ट्र प्राधिकरण में जूनियर इंजीनियर व अन्य के**
कुल पदः 290
आवेदन की अंतिम तिथिः 19 जनवरी, 2026
योग्यताः 10वीं पास, डिप्लोमा, यूजी
आयु सीमाः अधिकतम 45 साल
करें आवेदनः
**mjp.maharashtra.gov.in**

**यूपीएससी द्वारा विज्ञापित जियोग्राफिकल इंडिकेशन के**
कुल पदः102
अंतिम तिथिः1 जनवरी 2026
आयु सीमाः 21 से 35 साल
करें आवेदनः
**upsconline.nic.in**

**जॉब्स से संबंधित सूचनाएं पाने के लिए arthparkash.com देखें**

# ठंड बढ़ी तो दिल पर बढ़ा बोझ, इस तरह बचा सकते हैं अपना हार्ट

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। सर्दियों में सिर्फ हाथ-पैर ही नहीं जमते, ठंड का असर सीधे दिल पर भी पड़ता है। तापमान घटते ही दिल को शरीर को गर्म रखने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है, जिससे दिल पर अतिरिक्त दबाव बढ़ जाता है। यह मौसम खासकर उन लोगों के लिए जोखिम बढ़ाता है जिन्हें पहले से हार्ट डिज़ीज़, हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज़ या कमजोर इम्युनिटी की समस्या होती है। इसलिए यह समझना जरूरी है कि ठंड दिल को कैसे प्रभावित करती है और कौन-सी छोटी-छोटी सावधानियाँ दिल की सुरक्षा में बड़ी भूमिका निभा सकती हैं।ठंड के कारण ब्लड वेसल्स सिकुड़ जाती हैं, जिससे दिल पर पंपिंग का दबाव बढ़ता है और छाती में भारीपन, सांस फूलना, थकान या अनियमित धड़कन जैसी परेशानियाँ बढ़ सकती हैं। उम्रदराज़ लोगों व दिल के मरीजों में यह असर और ज़्यादा दिखाई देता है, हालांकि ठंड का मौसम दिल की देखभाल सभी के लिए आवश्यक है।मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शालीमार बाग के कार्डियोलॉजी विभाग के वाइस चेयरमैन एवं एच.ओ.डी. डॉ. नवीन भामरी ने बताया कि सर्दियों में खुद को सही तरीके से गर्म रखना बेहद ज़रूरी है। कपड़ों की लेयरिंग करें ताकि बीच की हवा इन्सुलेशन का काम कर सके। अंदर हल्का कॉटन और बाहर गर्म ऊनी कपड़े पहनें, साथ ही घर का तापमान 20-22 डिग्री के बीच रखें। सिर, पैर और हाथ ढककर रखें, क्योंकि सबसे ज्यादा गर्मी इन्हीं हिस्सों से बाहर निकलती है। खानपान भी दिल की सेहत को मजबूत रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस मौसम में शरीर को ज्यादा ऊर्जा की आवश्यकता होती है, इसलिए साबुत अनाज, दालें, फल, सब्जियाँ और प्रोटीन शामिल करें। अखरोट, अलसी के बीज और मछली जैसे ओमेगा-3 से भरपूर खाद्य पदार्थ रक्त परिसंचरण को बेहतर बनाते हैं। भारी, तली-भुनी और ज्यादा नमक वाली चीज़ों से बचें। अगर भूख कम लगती है तो थोड़ी-थोड़ी मात्रा में बार-बार खाएँ और गर्म सूप, खिचड़ी, पोरीज और हर्बल टी को प्राथमिकता दें।

# भाषा बहुमूल्य जवाहरत से भरी खान के समान : मुनिश्री विनय कुमार जी

**चंडीगढ़।** भाषा बहुमूल्य जवाहरत से भरी एक खान के समान है, इस खान के अधिकारी को इतना ज्ञान होना जरूरी है किस पत्थर का क्या मूल्य है और उसका कब प्रयोग होगा। आवेश मे बोलना बोलने वाला अपने शब्दो को मिट्टी के मोल जहां तहां फेंकता है। आवेश मे बोलने का मतलब है कि महीनो बंद गटर के ढक्कन को एक साथ खोलने का। समय पर मौन करने वाला और कम बोलने वाला व्यक्ति ही संसार मे कुछ करके दिखला सकता है। जीवन की मिठास जो वाणी मे बहती रहती है वह नीम मे परिणम हो जाती है। यह बात स्पष्ट है कि मूर्ख का दिल जुबान पर होता है और विद्वान की जुंबा दिल पर। पहली श्रेणी के व्यक्ति रसना की करामात से सर्वथा अनजान होते है। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने अणुव्रत भवन सैक्टर-24सी के तुलसी सभागार में जनसभा को संबोधित करते हुए कहे।

मनीषीसंत ने आगे कहा जीवन के साथ कुछ ऐसे नियम और कानून जुडे होते है, जिनका पालन करके ही



मनुष्य सुखपूर्वक जी सकता है। प्रत्येक मनुष्य के पास मन,वाणी और शरीर तीन शक्तियां है। इन तीनो को कहां खर्च करना तथा व्यय हुई शक्तियों को पुन कैसे अर्जित करना है, इसका विवेक होना हर समझदार व्यक्ति के लिए आवश्यक है। कौन व्यक्ति कैसा है इसकी पहचान उसका भाषा व्यवहार है, आभूषणो से बढाया सौंदर्य स्थायी नही होता, सदा साथ नही देता किंतु मधुर वाणी का श्रृंगार सारे संसार को अपनी और खींच सकता है और यही साथ रहता है। अपव्यय किसी भी दृष्टि से उपयोगी नही होता अधिक सोचने से जितना अनिष्ट होता है, उससे कम अनिष्ट अधिक बोलने से होता है। बोलने का उद्देश्य है अपनी बात औरों तक पहुंचाना, किंतु यदि वहां पर पहुंचाने के लिए हमारे पास माध्यम गलत है।

**विवेक से बोलियेः मुनि अतुल कुमार जी**

मुनि अतुल कुमार जी ने कहा बोलना व्यवहार निभाने का हेतु इससे इंद्रियो को विश्राम मिलता है। विचारो की उत्तेजना घटती है। अधिक सोचने से जितना अनिष्ट होता है, उससे कम अनिष्ट अधिक बोलने में नही है । बोलने का उद्देश्य है अपनी बातें ओरों तक पहूँचाना, किन्तु अगर माध्यम गलत है, उतेजना भरे हैं, शिथिल हैं और उलझन भरे हैं तो अपने आसपास एक अस्वस्थ वातावरण पैदा हो जाता है । आदमी को बोलने में विवेक रखने का प्रयास करना चाहिए। जब तक कहीं पूछा न जाए आदमी को अपने ज्ञान को उजागर करने का प्रयास नहीं करना चाहिए।

## पंचांग

शुक्रवार, 19 दिसम्बर, 2025, सूर्योदयः 07:09 ए एम, सूर्यास्तः 05:28 पी एम, चन्द्रोदयः चन्द्रोदय नहीं, चन्द्रास्तः 04:40 पी एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः मार्गशीर्ष, पूर्णिमान्त महीनाः पौष, वारः शुक्रवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः अमावस्या - पूर्ण रात्रि तक, नक्षत्रः ज्येष्ठा - 10:51 पी एम तक, योगः शूल - 03:47 पी एम तक, करणः चतुष्पाद - 06:07 पी एम तक, द्वितीय करणः नाग - पूर्ण रात्रि तक, सूर्य राशिः धनु, चन्द्र राशिः वृश्चिक - 10:51 पी एम तक, राहुकालः 11:01 ए एम से 12:18 पी एम, गुलिक कालः 08:26 ए एम से 09:43 ए एम, यमगण्डः 02:53 पी एम से 04:11 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:58 ए एम से 12:39 पी एम, दुर्मुहूर्तः 09:13 ए एम से 09:54 ए एम, दुर्मुहूर्तः 12:39 पी एम से 01:20 पी एम, अमृत कालः 01:03 पी एम से 02:50 पी एम।

## भविष्य फल



**मेषः** दिन भी बहुत अच्छा बीतेगा। फायदे के योग बन रहे हैं। किस्मत से धन लाभ हो सकता है। दूसरों के साथ संबंधों में बिल्कुल साफ रहें।

**वृषः** अगर आप अपनी रचनात्मक प्रतिभा को सही तरीके से इस्तेमाल करें तो वह काफी फायदेमंद साबित होगी।

**मिथुनः** आज आर्थिक स्थिति में मजबूती आएगी साथ ही तरक्की के नये मार्ग खुलेंगे।

**कर्कः** आपके ज्यादातर काम भी आसानी से और शांति से निपट जाएंगे। दोस्तों की मदद से आनंद और मनोरंजन के मौके मिल सकते हैं।

**सिंहः** अपने विचार व्यक्त करने में हिचकिचाएं नहीं। आत्मविश्वास की कमी को खुद पर हावी न होने दें, क्योंकि यह सिर्फ आपकी समस्या को और जटिल बनाएगा, साथ ही आपकी तरक्की में भी रोड़ा अटकाएगा।

**कन्याः** जिस अच्छे मौके का आप कई दिन से इंतजार कर रहे थे आज वो मौका आपको मिलेगा। साथ ही आपको उस कार्य में सफलता भी मिलेगी।

**तुलाः** कठिन और पेचीदा सौदे आपके फेवर में हो सकते हैं। नौकरी बदलने का मूड है, तो उन्नति की संभावना है।

**वृश्चिकः** आज निवेश के जो नए अवसर आपकी ओर आएं, उनपर विचार करें। लेकिन धन तभी लगाएं जब आप उन योजनाओं का भली-भांति अध्ययन कर लें।

**धनुः** इस राशि के विवाहित आज कहीं घूमने का प्लान बना रहे है, मौसम में बदलाव का ख्याल रखें।

**मकरः** आपके सामने काम भी बहुत रहेगा। उसका नतीजा आपके फेवर में रहेगा। कुछ लोगों के साथ बहुत उपयोगी बातचीत भी हो सकती है।

**कुंभः** किसी पारिवारिक भेद का खुलना आपको चकित कर सकता है। झूठ बोलने से बचें, क्योंकि यह आपके प्रेम-संबंध को बिगाड़ सकता है।

**मीनः** आज आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी जो आपके बिजनेस प्रोजेक्ट में निवेश कर सकता है। आज प्रॉपर्टी की संपत्ति के मामले में बड़े फैसले हो सकते हैं अवश्य सफलता मिलेगी।

# 2026 में भारत में मजबूती की राह पर निसान, सामने आई 7 सीटर बी एमपीवी ग्रेवाइट की जानकारी

कांगड़ा। निसान की नई गेम चेंजिंग 7 सीटर बी एमपीवी का नाम ग्रेवाइट होगा और इसे 2026 की शुरुआत में लॉन्च किया जाएगा। भारत के लिए ब्रांड की रीफ्रेश्ड एवं स्ट्रेटजिक लाइन अप के तहत लॉन्च किया गया यह पहला मॉडल होगा। आधुनिक भारतीय परिवारों के लिए खास तौर पर तैयार ग्रेवाइट से शानदार विविधता एवं मॉड्यूलैरिटी मिलेगी,वैल्यू चाहने वाले परिवारों के लिए सहूलियत को नई परिभाषा मिलेगी साथ ही निसान के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के विस्तार को गति मिलेगी। निसान मोटर इंडिया की महत्वाकांक्षी प्रोडक्ट ऑफेंसिव के तहत दूसरे मॉडल के रूप में जुलाई 2024 में ग्रेवाइट की घोषणा की गई थी।यह कंपनी के विकास की गति को दिखाने वाला मॉडल है।कंपनी के प्रोडक्ट रोडमैप में 2026 की शुरुआत में ग्रेवाइट की लॉन्चिंग, 2026 के मध्य में टेक्टॉन और 2027 की शुरुआत में 7सीटर सी एसयूवी की लॉन्चिंग शामिल है। इससे भारतीय ग्राहकों के लिए अपनी ऑफरिंग को विविध,मजबूत और रीवाइटलाइज करने की निसान की प्रतिबद्धता की पुष्टि होती है। निसान एएमआईईओ( अफ्रीका, मिडल ईस्ट, भारत, यूरोप एवं ओसियानिया) की चेयरपर्सन मैसिमिलियानो मेसिना ने कहा एएमआईईओ की परफॉर्मेंस में भारत का महत्वपूर्ण योगदान रहा है और निसान मोटर इंडिया हमारी रणनीति में अहम भूमिका निभा रही है।

# पीएनबी मेटलाइफ और पॉलिसी बाज़ार ने लॉन्च किया डिजिप्रोटेक्ट टर्म इंश्योरेंस

शिमला। देश की अग्रणी लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों में से एक पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस ने वेतनभोगी लोगों के लिए पीएनबी मेटलाइफ डिजिप्रोटेक्ट टर्म प्लान लॉन्च किया है। यह एक व्यक्तिगत नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग, प्योर टर्म इंश्योरेंस प्लान है, जिसे पॉलिसीबाज़ार के साथ मिलकर एक पूर्ण डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिये पेश किया जाएगा। डिजिटल माध्यम को प्राथमिकता देने से यह न केवल आसानी से उपलब्ध होगा, बल्कि श्रेणी 2 एवं श्रेणी 3 के शहरों में अधिक से अधिक वेतनभोगी लोगों तक लाइफ इंश्योरेंस पहुंचाने में भी मददगार होगा। इस प्लान में कुछ विशेष लाभ भी मिलेंगे, जैसे प्रथम वर्ष के पहले प्रीमियम पर 21प्रतिशत तक की छूट, जिससे पॉलिसीधारकों को पॉलिसी लेने के लिए कम पैसे चुकाने होंगे। पीएनबी मेटलाइफ डिजिप्रोटेक्ट टर्म प्लान जीवन भर सुरक्षा प्रदान करता है, जिसमें गंभीर बीमारी पर लाभ शामिल हैं। इसमें मैच्योरिटी से पहले पॉलिसी छोड़ने पर बिना अतिरिक्त शुल्क चुकाए गए प्रीमियम की वापसी का विकल्प है। तीन वर्ष पूरे होने के बाद हर पाँच साल में 12 महीने तक प्रीमियम भुगतान रोकने की सुविधा भी मिलती है। क्लेम दर्ज होने के एक वर्किंग डे में ?3 लाख का एक्सप्रेस भुगतान निर्धारित शर्तों के अधीन किया जाता है। क्लेम के समय नॉमिनी एकमुश्त, मासिक या दोनों का संयोजन चुन सकते हैं। साथ ही, पहले वर्ष में विशेष छूट इस प्लान को किफायती बनाती है।

**वायु प्रदूषण पर जिला प्रशासन की कड़ी कार्रवाई**

# नियम उल्लंघन पर उद्योग सील, जनरेटर व कोयला उपयोग पर रोक

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। वायु प्रदूषण की गंभीर स्थिति को देखते हुए माननीय सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों एवं सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड द्वारा लागू ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप-4) की पूर्ण पालना सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन सोनीपत ने गुरूवार को एक बार फिर बड़े स्तर पर कार्रवाई शुरू की। देर शाम तक जिला प्रशासन की 19 टीमों ने 500 से ज्यादा औद्योगिक प्रतिष्ठानों की जांच की।

उपायुक्त सुशील सारवान के नेतृत्व में जिले के चारों उपमंडल अधिकारियों एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र, एसडीएम गोहाना अंजलि क्षोत्रिया, एसडीएम खरखौदा निर्मल नागर, एसडीएम गन्नौर प्रवेश कादियान एवं एमडी शुगर मील संजय कुमार व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की अगुवाई में कुल 19 संयुक्त टीमें गठित की गई। इन टीमों में 70 से अधिक वरिष्ठ अधिकारी तथा भारी पुलिस बल शामिल रहे।

राई रेस्ट हाउस में सभी अधिकारी एवं पुलिस बल एकत्रित हुए। उपायुक्त श्री सुशील सारवान ने स्वयं मौके पर उपस्थित होकर सभी टीमों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए तथा तत्काल कार्रवाई हेतु रवाना किया। राई रेस्ट हाउस को अस्थायी कंट्रोल रूम बनाया गया, जहाँ उपायुक्त सहित सभी वरिष्ठ अधिकारी पल-पल की जानकारी लेते रहे। इससे पहले भी 21 नवंबर को इस तरह का अभियान चलाया गया था।

टीमों ने पूरे जिले में फैले उन सभी औद्योगिक इकाइयों का सघन निरीक्षण किया, जिन पर प्रदूषण फैलाने के आरोप थे या जो निर्धारित मानकों का पालन नहीं कर रहे थे। निरीक्षण के दौरान प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों की कार्यप्रणाली, ईंधन के प्रकार, एमिशन मानकों की पालना आदि की गहन जाँच की जा रही है। मौके पर ही निरीक्षण रिपोर्ट तैयार की जा रही है तथा जहॉ अनियमिताएं मिली उनकी रिपोर्ट कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) को भेजी तथा नियमानुसार सख्त कार्रवाई जिनमें सीलिंग, बिजली कनेक्शन कटौती, जुर्माना आदि अमल में लाने की सिफारिस की जाएगी।

उपायुक्त श्री सुशील सारवान ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बढ़ते वायु प्रदूषण के मद्देनजर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी प्रदूषणकारी इकाइयों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी तथा ग्रेप-4 के प्रावधानों का अक्षरश: पालन सुनिश्चित किया जाएगा। जिला प्रशासन आमजन से भी अपील करता है कि वह प्रदूषण नियंत्रण में अपना सहयोग देते हुए किसी भी प्रकार की प्रदूषणकारी गतिविधि की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें।

उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में सर्दियों के मौसम में तेजी से बिगड़ती वायु गुणवत्ता को देखते हुए, सुप्रीम कोर्ट के आदेशों एवं कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) द्वारा संचालित ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) की स्टेज-4 को सक्रिय किया गया है। यह चरण तब लागू होता है जब एयर क्वालिटी इंडेक्स (ऐक्यूआई) 450 से ऊपर 'गंभीर' (सीवीर) श्रेणी में पहुँच जाता है, जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। हालांकि सोनीपत का एक्यूआई पिछले कई दिनों से 450 से ऊपर बहुत खराब श्रेणी का था। इसके तहत प्रमुख उपायों में निर्माण एवं विध्वंस गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध, बीएस-4 तक के पेट्रोल एवं डीजल वाहनों पर चलने की मनाही, गैर-साफ ईंधन पर आधारित उद्योगों का संचालन बंद करना, डीजल जनरेटरों का उपयोग सीमित करना, निर्माण कार्य, कोयले जैसे ईंधन पर पूर्णत: रोक, सड़कों पर यांत्रिक झाड़ू लगाना एवं जल छिड़काव बढ़ाना शामिल हैं। इन उपायों का उद्देश्य धूल, वाहन उत्सर्जन, औद्योगिक प्रदूषण एवं अन्य स्त्रोतों से होने वाले वायु प्रदूषण को तत्काल कम करना है, ताकि एनसीआर में रहने वाले लाखों नागरिकों का स्वास्थ्य सुरक्षित रहे।

सोनीपत जिला प्रशासन ने ग्रेप-4 की पूर्ण पालना सुनिश्चित करने के लिए गुरूवार को राई रेस्ट हाउस से अभियान शुरू किया है, जिसमें प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर बड़े स्तर पर छापेमारी एवं सघन निरीक्षण किया जा रहा है। यह कार्रवाई कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप है, जो एनसीआर में ऐक्यूआई की दैनिक निगरानी करता है। हाल के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली एवं आसपास के जिलों में ऐक्यूआई 450 से ऊपर पहुँचने के कारण ग्रेप-4 को तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है, तथा सोनीपत में भी प्रदूषण स्त्रोतों पर सख्ती बरती जा रही है।

# मुखबधिर बच्ची को 'आधार' के माध्यम से सकुशल परिजनों से मिलवाया



**बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण कार्यालय व क्राइम ब्रांच सोनीपत की सराहनीय पहल**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। जिला बाल संरक्षण अधिकारी रितू गिल ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबधिर बच्ची शिवानी (पुत्री जोगेन्द्र), जो 25 मई को गुम हो गई थी, उसको आधार कार्ड के माध्यम से पहचान सुनिश्चित कर बाल कल्याण समिति के जरिए सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। डीसी सुशील सारवान ने इस मानवीय कार्य में सहयोग देने वाली सभी टीमों की सराहना की है। उन्होंने बताया कि आधार कार्ड में दर्ज विवरण के अनुसार बच्ची का पता गांव शाहबाजनगर, उत्तर प्रदेश पाया गया। पते की पुष्टि होते ही एएसआई अनिल तथा क्राइम ब्रांच (मानव तस्करी निरोधक इकाई), सोनीपत की टीम के सहयोग से त्वरित कार्रवाई की गई। परिजनों को बुलाकर बाल कल्याण समिति के समक्ष सभी औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए बच्ची को उनके हवाले किया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने आगे बताया कि बच्ची के गुम होने पर परिजनों द्वारा खरखौदा थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। बाद में 29 जुलाई को बच्ची को पानीपत से बालग्राम, राई (सोनीपत) में स्थानांतरित किया गया। बच्ची मुखबधिर है तथा उसकी आयु लगभग 15 वर्ष है। बालग्राम राई द्वारा लगातार प्रयासों के बावजूद बच्ची की पहचान का कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया।

उन्होंने बताया कि पहचान सुनिश्चित करने हेतु क्राइम ब्रांच एवं बालग्राम राई के सहयोग से आधार बनवाने के प्रयास किए गए, परंतु तकनीकी कारणों से आधार आवेदन दो बार निरस्त हो गया। तीसरे प्रयास में आधार प्रक्रिया के दौरान बच्ची का स्थायी पता सामने आया, जिससे उसके परिवार तक पहुंचना संभव हो सका। बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण कार्यालय तथा क्राइम ब्रांच (मानव तस्करी निरोधक इकाई), सोनीपत के समन्वित प्रयासों से बच्ची को उसके परिवार से मिलवाकर सुरक्षित रूप से परिजनों के सौप दिया गया।




# अटल स्मृति में भाजपा की बड़ी तैयारी, 25 से 31 तक हर विधानसभा में अटल स्मृति सम्मेलन

हर विधानसभा में होंगे अटल रास्ते, अटल चौक-चौराहें और अटल उद्यान, लगेंगी मूर्तियां

सप्ताह भर निकाली जाएंगी सुशासन यात्राएं, प्रभातफेरियां और लगेंगे रक्तदान शिविर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 18 दिसंबर।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी को अटल स्मृति वर्ष के रूप में मना रही भाजपा ने बड़े स्तर पर तैयारी की है। बीजेपी ने 25 से 31 दिसंबर तक होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार कर ली है और कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए नेताओं को जिम्मेदारियां भी दे दी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल



बड़ौली ने कार्यक्रमों का शेड्यूल जारी कर दिया है।

प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने प्रदेश में होने वाले कार्यक्रमों के समन्वय लिए प्रदेश समन्वय टोली बनाई है। जिसकी संयोजक प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता को नियुक्त किया गया है। इस टोली में प्रदेश सचिव राहुल राणा, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर, जिला प्रभारी कमल यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष निताशा सिहाग और पूर्व विधायक जगदीश नैय्यर, रवि बतान को शामिल किया गया है।

मोहनलाल बडौली ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाती आ रही है। इस बार सप्ताह भर के कार्यक्रम तय किए गए हैं। बडौली के मुताबिक 25 से लेकर 31 दिसंबर तक प्रदेश की सभी 90 विधानसभाओं में अटल स्मृति सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे।

अटल जी की स्मृति को अटल बनाने के लिए हर विधानसभा में कम से कम एक चौक-चौराहे व उद्यान या सड़क का नाम अटल जी के नाम पर रखा जाएगा। जहां नामकरण होगा, वहां अटल जी की प्रतिमाएं भी लगाई जाएंगी। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि विधानसभाओं में होने वाले अटल स्मृति सम्मेलनों में तीन वक्ता अटल जी के व्यक्तित्व और उपलब्धियों पर चर्चा करेंगे।

श्री बड़ौली ने बताया कि इस दौरान रक्तदान शिविरों का आयोजन होगा और सुशासन यात्राएं व प्रभात फेरियां भी निकाली जाएंगी। जिला स्तर एवं प्रमुख शहरों में कवि सम्मेलन, चित्रकला प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी होगा। उन्होंने बताया कि 24 दिसंबर को अटल जी की स्मृति में सभी प्रतिमाओं एवं स्मारकों की साफ-सफाई एवं रखरखाव अभियान चलेगा और शाम को अटल जी की प्रतिमा के सामने भाजपा के सभी कार्यालयों में दीपोत्सव का आयोजन होगा।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने बताया कि 24 दिसंबर को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह हरियाणा पहुंचेंगे। 25 दिसंबर को पंचकूला में अटल जी की 51 फुट ऊंची भव्य मूर्ति का अनावरण होगा। यहां रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा जिसमें प्रदेश भर के कार्यकर्ता रक्त दान करेंगे। सप्ताह भर चलने वाले इन कार्यक्रमों के लिए जिला स्तर पर पांच सदस्यों की टोली बनाई जाएगी। अटल स्मृति सम्मेलनों में पिछले दिनों लोकसभा में दिए गए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के भाषण को बड़ी स्क्रीन पर दिखाया और सुनाया जाएगा।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली का कहना है कि अटल जी ने भारत को 21वीं सदी में अग्रसर किया। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी राष्ट्र भक्ति और जन सेवा का प्रतीक थे और राजनीति के अजातशत्रु थे। श्री बड़ौली ने कहा कि आज भी उनके द्वारा किए गए कार्य और उनका व्यक्ति हम सभी के लिए प्रेरणादायी है।

# रहस्यमय ढंग से नाबालिग छात्रा लापता अपहरण की आशंका पर मामला दर्ज

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**ढकोली।** थाना ढकोली क्षेत्र से एक नाबालिग छात्रा के लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी 17 वर्षीय बेटी रोज की तरह स्कूल गई थी और दोपहर में घर लौट आई थी। घर आकर उसने स्कूल की वर्दी उतारी, बैग रखा और उसके बाद कहीं चली गई, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी।

पीड़िता की मां ने बताया कि वह मूल रूप से गांव खुर्चनपुर लोटा, थाना नग्गल, जिला अंबाला की रहने वाली हैं और वर्तमान में पीरमुछल्ला में किराए पर रह रही हैं। वह कोठियों में सफाई का काम करती हैं और उनके चार बच्चे हैं। बेटी सरकारी स्कूल सेक्टर-06, पंचकूला में 10वीं कक्षा की छात्रा है। जब वह करीब तीन बजे घर पहुंचीं तो घर पर नहीं थी। इसके बाद परिजनों और रिश्तेदारों के बीच काफी तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

मां को आशंका है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। शिकायत के आधार पर थाना ढकोली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच के दौरान बेटी का जन्म प्रमाण पत्र पेश किया गया, जिसके अनुसार उसकी उम्र 17 साल 10 महीने 18 दिन है, यानी वह नाबालिग है।

पुलिस ने प्रारंभिक जांच में भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) और 96 के तहत अपराध बनता पाया है। इसके बाद अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया। पुलिस अधिकारियों को मामले की सूचना दे दी गई है और कंट्रोल रूम एसएएस नगर को भी अवगत कराया गया है। पुलिस टीम मौके पर जांच में जुटी हुई है और छात्रा की तलाश के प्रयास जारी हैं।




## न्यूज ब्रीफ

### सुखना चो के पास अवैध खनन पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**जीरकपुर (अप्रस/संदीप सिंह बावा)।** सुखना चौ, ग्राम नगला के पास अवैध खनन के मामले में ज़ीरकपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक टिपर को जब्त कर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। खनन निरीक्षक निखिल वर्मा, जेई, उपमंडल बनूर द्वारा दिनांक 18 दिसंबर 2025 को दायर आवेदन के अनुसार, सुबह करीब 3:30 बजे उपमंडल अधिकारी बनूर, कार्यकारी अभियंता मोहाली एवं विभागीय टीम द्वारा अचानक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर बजरी से भरा एक टिपर अवैध रूप से पाया गया, हालांकि कोहरे के कारण खनन की मात्रा का आकलन नहीं किया जा सका। मौके से जब्त किए गए टिपर चालक को टिपर के साथ ज़ीरकपुर पुलिस को सौंप दिया गया। खनन एवं खनन अधिनियम (विकास एवं विनियमन अधिनियम 1957) की धारा 4(1) व 21(1) के तहत अवैध खनन का अपराध पाए जाने पर ज़ीरकपुर पुलिस द्वारा संबंधित चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है और आगे की कार्रवाई नियमानुसार की जाएगी।

### ऑटो चालक से मारपीट, सिर में गंभीर चोट





**जीरकपुर (अप्रस/संदीप सिंह बावा)।** ज़ीरकपुर में बुधवार देर शाम एक ऑटो चालक के साथ मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ऑटो चालक राज किशन (48), निवासी ढकोली, कालकाङ्कशिमला हाईवे पर पंचकुला से सवारी लेकर ज़ीरकपुर की ओर आ रहा था। इसी दौरान रॉन्ग साइड से आ रही एक मोटरसाइकिल पर सवार चार युवकों की ऑटो से टक्कर हो गई। टक्कर के बाद चारों युवकों ने ऑटो चालक को जबरन ऑटो से बाहर निकालकर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। घटना के समय मौके से गुजर रहे राहगीरों ने बीच-बचाव कर ऑटो चालक को बचाया और एक आरोपी युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मारपीट में ऑटो चालक के सिर में गहरी चोट आई, जिसके बाद राहगीरों की मदद से उसे ढकोली अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। पीड़ित ऑटो चालक ने मामले की शिकायत पुलिस को सौंप दी है। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, जबकि अन्य फरार युवकों की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## जिला स्तरीय पंच प्रण प्रतियोगिता में करीना रही प्रथम

**कैथल (अप्रस)।** युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा द्वारा युवा मामलों के तहत राजकीय आईटीआई कैथल में जिला स्तरीय पंच प्रण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पार्षद अमरजीत कसान थे तथा अध्यक्षता राष्ट्रीय सेवा योजना कैथल के कार्यक्रम अधिकारी शमशेर मलिक ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में विमल वालिया व राजेंद्र शर्मा उपस्थित रहे। मंच संचालन रणधीर ढांडा ने किया। अमरजीत ने छात्रों को संदेश दिया कि छात्र आजकल अपना जन्मदिन नशीले पदार्थों के सेवन अथवा होटल में जाकर जलपान करके मनाते हैं जो कि हमारी संस्कृति के खिलाफ है मैं सभी नौजवानों से अपील करता हूं कि अपना जन्मदिन पेड़ पौधे लगाकर अथवा सामाजिक कार्य करते हुए किसी गरीब व्यक्ति की सहायता करके मनाएं। यदि हमें जलपान का कार्यक्रम करना है तो बड़े बुजुर्गों के साथ मिलकर करें ताकि समाज में एकता की भावना पनपे व सुदृढ़ सशक्त व सभ्य समाज का गठन हो सके।

# दहेज उत्पीड़न मामले में फरार पति गिरफ्तार, एक दिन के रिमांड पर भेजा

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 18 दिसंबर।** दहेज की मांग को लेकर पत्नी को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी पति को जीरकपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान सौरभ राठौर निवासी सियालबा माजरी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को डेराबस्सी अदालत में पेश किया, जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया।

पीड़िता अंकिता चौहान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका विवाह 22 फरवरी 2024 को सौरभ राठौर के साथ हुआ था। शादी के कुछ ही समय बाद पति, सास और ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों ने उस पर दहेज के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। आरोप है कि आरोपी पक्ष लगातार कार, गहने और नकदी की मांग कर रहा था। शिकायत के अनुसार, जब अंकिता ने दहेज देने से इनकार किया तो उसे कमरे में बंद कर बेरहमी से पीटा जाता था। शारीरिक मारपीट और मानसिक प्रताड़ना के चलते उसकी हालत बिगड़ गई, जिसके बाद उसे जीरकपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। पीड़िता का यह भी आरोप है कि एक बार आरोपी पति ने उसे छत की ग्रिल से नीचे धक्का देने की कोशिश की, लेकिन भाई के समय पर पहुंच जाने से उसकी जान बच गई।

अंकिता ने बताया कि पहले यह मामला बूथगढ़ पुलिस स्टेशन तक पहुंचा था, जहां पंचायत के माध्यम से समझौता भी करवाया गया। हालांकि समझौते के बावजूद अत्याचार जारी रहे। आखिरकार परेशान होकर वह मार्च 2025 से अपने मायके में रहने को मजबूर हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है और रिमांड के दौरान आरोपी से पूछताछ की जा रही है।










अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)

## योगी सरकार का बड़ा ऐलान

# वर्ष 2026 में युवाओं को मिलेगी डेढ़ लाख सरकारी नौकरियों की सौगात

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



लखनऊ। योगी सरकार प्रदेश के युवाओं को अगले वर्ष बड़ा तोहफा देने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में एक उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों से विभागवार सरकारी नौकरी के खाली पदों की डिटेल मांगी थी, ताकि खाली पदों पर नियुक्ति की जा सके। मुख्यमंत्री योगी।

आदित्यनाथ ने समीक्षा के बाद वर्ष 2026 में प्रदेश के युवाओं को डेढ़ लाख सरकारी नौकरी देने की अनुमति दे दी है। ये नौकरियां पुलिस, शिक्षा, राजस्व, आवास विकास समेत प्रदेश विभिन्न विभागों में दी जाएगी। इसमें सबसे अधिक पुलिस और शिक्षा विभाग में भर्तियां होंगी। इसी के साथ 2026 में योगी सरकार के नाम सबसे अधिक सरकारी नौकरी देने का रिकार्ड भी दर्ज हो जाएगा। योगी सरकार प्रदेश में पहली सरकार होगी, जिसने दस वर्षों में दस लाख सरकारी नौकरी देने की सौगात दी।

योगी सरकार ने पिछले साढ़े आठ वर्षों में प्रदेश के युवाओं को विभिन्न विभागों में साढ़े आठ लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी है। यह सभी भर्तियां पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से हुई। इससे प्रदेश के युवाओं का योगी सरकार पर भरोसा मजबूत हुआ है। पहले की सरकारों में उत्तर प्रदेश में सरकारी भर्तियों में पारदर्शी माहौल नहीं था।

मुख्यमंत्री योगी ने हाल ही में उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सीएम योगी ने प्रदेश के विभिन्न विभागों के खाली पदों की जानकारी मांगी। सूत्रों की मानें तो योगी सरकार वर्ष 2026 में पुलिस और शिक्षा विभाग में करीब 50-50 हजार पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी करेगी। इसके साथ ही राजस्व में 20 हजार पदों पर भर्ती करेगी जबकि कारागार, आवास विकास, बाल विकास पुष्टाहार, स्वास्थ्य विभाग में खाली पदों पर भी भर्ती करेगी। अलग अलग विभागों में भर्ती प्रक्रिया की विज्ञापन जाती करने के काम अंतिम चरण में है। कुछ विभागों में भर्ती प्रक्रिया शुरू भी हो चुकी है। प्रस्तावित भर्तियों की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अगले साल तक योगी सरकार पहली सरकार बन जाएगी जिसने दस साल में रिकॉर्ड दस लाख सरकारी नौकरियां दीं।

मुख्यमंत्री योगी की मंशा के अनुरूप प्रदेश के ज्यादा से ज्यादा युवाओं को पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरी देने के लिए पुलिस विभाग में अब तक 2.19 लाख पदों पर भर्ती की गयी है। इसी क्रम में सीएम योगी के निर्देश पर वर्ष 2026 में पुलिस विभाग की ओर से करीब 50 हजार पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी किया जाएगा। इसको लेकर अंतिम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वर्ष 2026 में पुलिस विभाग द्वारा 30 हजार आरक्षी, 5 हजार सब इंस्पेक्टर के पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके अलावा विभाग में 15 हजार विभिन्न पदों पर भी भर्ती की जाएगी। वहीं,शिक्षा विभाग के आधिकारिक सूत्रों से पता चला है कि शिक्षा विभाग में भी करीब 50 हजार पदों पर भर्ती की जाएगी। यह भर्ती सहायक अध्यापक से लेकर लेक्चरर, प्रधानाचार्य आदि पदों पर होगी। इसी तरह राजस्व विभाग में 20 हजार पदों पर भर्ती होगी, जिसमें सबसे ज्यादा लेखपालों के पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके साथ ही स्वास्थ्य, आवास विकास, कारागार, बाल विकास पुष्टाहार समेत विभिन्न विभागों में 30 हजार पदों पर भर्ती की जाएगी। अलग अलग आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कुल नई भर्तियां करीब डेढ़ लाख से ज्यादा होंगी।

## स्वच्छता अभियान के माध्यम से दी जाएगी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई को श्रद्धांजलि

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



**लखनऊ।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती के शताब्दी वर्ष के समापन अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार ने उन्हें अनोखी और सार्थक श्रद्धांजलि देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार 25 दिसंबर को पूरे प्रदेश में विशेष और व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, जिसके माध्यम से अटल जी के स्वच्छ, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने का संदेश दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई मंचों से कहा है कि अटल बिहारी वाजपेई केवल एक महान राजनेता ही नहीं, बल्कि सुशासन, राष्ट्रनिर्माण और सामाजिक चेतना के प्रतीक थे। ऐसे में यह स्वच्छता अभियान उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने, उनके विचारों और आदर्शों के प्रति सच्चा सम्मान होगा।

इस प्रदेशव्यापी विशेष स्वच्छता अभियान की जिम्मेदारी स्थानीय नगर निकायों और पंचायती राज विभाग को सौंपी गई है। स्थानीय नगर निकाय प्रदेश के सभी नगरीय क्षेत्रों में अभियान को प्रभावी और सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करेंगे। वहीं, पंचायती राज विभाग ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान की कमान संभालेगा, जिससे गांव-गांव तक स्वच्छता का संदेश पहुंचे। इस अभियान के अंतर्गत सार्वजनिक स्थलों, सड़कों, बाजारों, सरकारी भवनों, शिक्षण संस्थानों और ग्राम पंचायत परिसरों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वयंसेवी संगठनों, युवाओं और आम नागरिकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

पूरे कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर स्वच्छता के प्रति सामूहिक संकल्प को मजबूत करना है। साथ ही, नई पीढ़ी और नागरिकों को अटल जी के जीवन मूल्यों, राष्ट्रप्रेम, लोकतांत्रिक मर्यादाओं और सेवा भावना से प्रेरित करना भी इसका प्रमुख लक्ष्य है।

अटल जयंती शताब्दी समापन कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य और जनपद स्तर पर कई आयोजन किए जाएंगे। जनपद स्तर पर 18 से 22 दिसंबर के मध्य विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा, जिनमें निबंध लेखन, भाषण, चित्रकला, कविता पाठ आदि शामिल हैं। राज्य स्तर पर 25 दिसंबर को लखनऊ स्थित लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

संस्कृति विभाग के तत्वावधान में 25 दिसंबर की शाम 6 बजे से 8 बजे तक उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर लखनऊ में आयोजित काव्य पाठ प्रतियोगिता के विजेता कवि अपनी प्रस्तुतियां देंगे, जिससे अटल जी के कवि व्यक्तित्व को भी श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

## वाईएस जगन ने मेडिकल कॉलेज के प्राइवेटाइज़ेशन के खिलाफ गवर्नर को एक करोड़ हस्ताक्षर सौंपे



अर्थ प्रकाश /बोम्मा रेड्डी

ताडेपल्ली/विजयवाड़ा। वाइएसआरकांग्रेस पार्टी के प्रेसिडेंट और पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी ने गुरुवार को कहा कि सरकारी मेडिकल कॉलेजों के प्राइवेटाइज़ेशन का एक करोड़ से ज़्यादा लोगों का ज़बरदस्त विरोध आंध्र प्रदेश में सस्ती मेडिकल शिक्षा और पब्लिक हेल्थकेयर की रक्षा के लिए एक साफ़ पब्लिक फैसला दिखाता है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि यह पूरे राज्य में शांति से किया गया एक डेमोक्रेटिक पब्लिक रेफरेंडम है।

एक करोड़ सिग्नेचर वाले रिप्रेज़ेंटेशन ले जा रही गाड़ियां लोक भवन पहुंचीं, जहां माननीय गवर्नर के ऑफिस के अधिकारियों ने डॉक्यूमेंट्स की जांच की। दोपहर में, वाइएस जगन, पार्टी के विधायकों, जिला प्रेसिडेंट, रीजनल कोऑर्डिनेटर और सीनियर नेताओं के साथ सेंट्रल ऑफिस से विजयवाड़ा के लिए रवाना हुए। गवर्नर से मिलने से पहले, उन्होंने डॉ. बी.आर. अंबेडकर सोशल जस्टिस मेमोरियल पर श्रद्धांजलि दी, और इस बात पर ज़ोर दिया कि यह आंदोलन संवैधानिक मूल्यों, सोशल जस्टिस और हेल्थ के अधिकार पर आधारित है।

इसके बाद, वाइएस जगन, ड्डस्त्र्क्क नेताओं के साथ, माननीय गवर्नर श्री एस. अब्दुल नज़ीर से लोक भवन में मिले और फॉर्मल तौर पर एक करोड़ सिग्नेचर वाले रिप्रेज़ेंटेशन सौंपे। उन्होंने चंद्रबाबू नायडू सरकार के सरकारी मेडिकल कॉलेजों को प्राइवेटाइज़ करने के फैसले के कड़े पब्लिक विरोध के बारे में डिटेल में बताया और बताया कि ये सिग्नेचर पब्लिक हेल्थकेयर और सस्ती मेडिकल एजुकेशन को बचाने के लिए लोगों की मिली-जुली इच्छा को दिखाते हैं।

बाद में मीटिंग के बाद लोक भवन में बोलते हुए, वाइएस जगन मोहन रेड्डी ने कहा कि गरीब और मिडिल क्लास परिवारों को तभी फायदा होता है जब हॉस्पिटल सरकारी सेक्टर में रहें, क्योंकि प्राइवेट प्लेयर्स ज़्यादा टैरिफ के ज़रिए लोगों का शोषण ज़रूर करते हैं। उन्होंने कहा कि गवर्नर को बताया गया कि प्राइवेटाइज़ेशन का फैसला सीधे तौर पर समाज के गरीब और कमज़ोर तबके को कैसे नुकसान पहुँचाता है।

## मुख्यमंत्री जनवरी से जिलों का अचानक दौरा करने की योजना बनाई

# सरकारी सेवाएं देने में अधिकारियों का व्यवहार ज़्यादा महत्वपूर्ण है: मुख्यमंत्री

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी



अमरावती। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि वह लोगों की शिकायतों के बारे में ज़मीनी स्तर की जानकारी जानने के लिए जनवरी से जिलों का अचानक दौरा करेंगे। उन्होंने शिकायतों को दूर करने पर ज़्यादा ध्यान देने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया। आज सचिवालय में कलेक्टरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों से गांव और वार्ड सचिवालयों सहित फील्ड स्टाफ के कामकाज की निगरानी करने को कहा। उन्होंने कहा कि अगर कोई ऑफिस नहीं आता है तो कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की क्षमता बढ़ाने के लिए ऑनलाइन कोर्स आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी सरकारी सेवाओं को ऑनलाइन उपलब्ध कराने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि लोगों की संतुष्टि का स्तर बढ़ाने के लिए सेवाएं देने में कर्मचारियों का व्यवहार ज़्यादा महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सेवाएं देने में अधिकारियों को जिम्मेदार और जवाबदेह बनाया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिटल साक्षरता ज़्यादा महत्वपूर्ण है और अधिकारियों को लोगों को ऑफिसों के बार-बार चक्कर लगाने के बजाय सरकारी सेवाएं पाने के लिए व्हाट्सएप गवर्नेंस की सेवाओं का उपयोग करने के बारे में जागरूक करना चाहिए। भूजल स्तर का जिक्र करते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि कलेक्टरों को ज़रूरी संरचनाएं और चेक डैम बनाकर भूजल संरक्षण के लिए कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि 29 दिसंबर को वाटर ऑडिटिंग सेशन आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को 15 जनवरी तक केंद्र प्रायोजित योजनाओं के फंड का उपयोग करने के लिए कदम उठाने चाहिए। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि कुल 24,513 करोड़ रुपये के केंद्र प्रायोजित कार्यों में से राज्य सरकार को अभी भी 6,252 करोड़ रुपये के शेष कार्य पूरे करने हैं। मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों से पीएम आवास योजना शहरी के तहत केवल 38 प्रतिशत फंड खर्च करने पर सवाल उठाया और उन्हें आवास योजना के लिए आगे फंड मंज़ूर कराने के लिए जनवरी तक 75 प्रतिशत फंड खर्च करने का निर्देश दिया।

बाद में मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन और औद्योगिक क्षेत्रों के लिए ज़मीन आवंटित करने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को मुद्दों को तेज़ी से हल करने के लिए विजयवाड़ा और विशाखापत्तनम में भूमि विवाद न्यायाधिकरण स्थापित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश 18 महीनों की अवधि में 20 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करने में सक्षम रहा है और उन्होंने ज़िला कलेक्टरों को अपने-अपने जिलों में प्रस्तावित परियोजनाओं के ज़मीनी स्तर पर ज़्यादा ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया। चूंकि राज्य में और फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाने का मौका है, इसलिए Dwcra ग्रुप्स को फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाने में प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं में स्किल्स को बेहतर बनाने के लिए एक एक्शन प्लान बनाया जाना चाहिए।

## कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस में सीएम चंद्रबाबू नायडू सख्त, कानून-व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस का निर्देश

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

अमरावती। वेलागपुडी स्थित राज्य सचिवालय में आयोजित कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने जिले के कलेक्टरों एवं पुलिस अधीक्षकों को कानून-व्यवस्था को लेकर सख्त दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के लिए लॉ एंड ऑर्डर सर्वोच्च प्राथमिकता है और जिलों के बीच अपराध दर में मौजूद अंतर को गंभीरता से लेकर विश्लेषण किया जाना चाहिए।

इस अवसर पर डीजीपी हरीश कुमार गुप्ता ने कानून-व्यवस्था पर पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन देते हुए बताया कि राज्य में कुल अपराध दर में 5.5 प्रतिशत की कमी आई है तथा महिलाओं के खिलाफ अपराधों में भी उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि 16 जिलों में अपराध में स्पष्ट कमी देखी गई है, जबकि कुछ जिलों में अलग-अलग कारणों से अपराध का ट्रेंड बढ़ा है। अन्नामैया जैसे जिलों में माइग्रेशन लेबर के कारण अपराध की घटनाएं सामने आ रही हैं, हालांकि किडनैपिंग जैसे मामलों में कमी आई है। राज्य में डिटेक्शन रेट 56 प्रतिशत और रिकवरी रेट 55 प्रतिशत बताया गया।

डीजीपी ने यह भी कहा कि सीसीटीवी फुटेज के प्रभावी उपयोग से पश्चिम गोदावरी समेत पांच जिलों में अपराध धीरे-धीरे कम हुए हैं। वहीं विजयवाड़ा के पुलिस आयुक्त राजशेखर बाबू ने बताया कि ष्ठ्ठारूस् नामक आधुनिक तकनीक के जरिए सीसीटीवी कैमरों की हेल्थ मॉनिटरिंग की जा रही है। कम्युनिटी के सहयोग से विजयवाड़ा शहर में 10 हजार सीसीटीवी कैमरों का डैशबोर्ड तैयार किया गया है और फेस रिकग्निशन कैमरों की मदद से आरोपियों की पहचान की जा रही है।

मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि कडप्पा, अल्लूरी और एलुरु जिलों में प्रॉपर्टी से जुड़े अपराधों की संख्या अधिक है, जिसके कारणों का गहन विश्लेषण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रभावी पुलिसिंग में अपराधियों के मन में डर होना जरूरी है। साथ ही अन्नामैया, कोनसीमा, नेल्लोर, गुंटूर और तिरुपति जिलों में अपराध बढ़ने के कारणों की समीक्षा के निर्देश दिए।

## केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने सामाजिक सेवा के लिए संत रामपाल जी महाराज को भारत गौरव पुरस्कार प्रदान किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



चंडीगढ़। समाज के कल्याण हेतु उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रख्यातसमाज सुधारकों को सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रतिष्ठित 'भारतगौरव पुरस्कार' सीजन 11का भव्य आयोजन किया गया।आध्यात्मिक गुरु संत रामपाल जी महाराज को संकट के समयकिसानों के समर्थन एवं अन्य सामाजिक सेवाओं के लिए केंद्रीयकृषि राज्य मंत्री श्री भागीरथ चौधरी द्वारा भारत गौरव पुरस्कार सेसम्मानित किया गया। कालीरमन फाउंडेशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र कालीरमन नेबताया कि इस फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस समारोह में भारत गौरवअवॉर्ड से उन विभूतियों को सम्मानित किया जाता है, जिन्होंने शिक्षाव किसान जगत, समाज कल्याण, संस्कृति,और राष्ट्र निर्माण में अपनाउत्कृष्ट योगदान दिया है। संत रामपाल जी महाराज द्वारा समाजकल्याण के लिए किए जा रहे अद्वितीय कार्यों को देखते हुए उन्हें इसप्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना गया था। पूरे देश भर से 31 लोगोंको इस अवार्ड से सम्मानित किया गया। विक्की काजला जी अपने सामाजिक गीतों के माध्यम से लोगों कोसंदेश देते हैं, उन्होंने भी कहा कि ऐसे संत को सेल्यूट है जो इतने अच्छेसामाजिक कार्य कर रहे हैं। संत रामपाल जी महाराज के भाई से जबसंत रामपाल जी महाराज को दिए गए अवार्ड को लेकर पूछा गया तोउन्होंने कहा कि संत रामपाल जी महाराज एकमात्र हैं, उनकी तुलनाकिसी से नहीं की जा सकती, उन्हें किसी एक पद्धति में नहीं रखा जा सकता।

## टैगोर थिएटर में 10 दिवसीय एक्टिंग वर्कशॉप का समापन अंकित बागला ने दिया 'कास्टिंग कम्स होम' का संदेश

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** मुकेश छाबड़ा कास्टिंग कंपनी की 10 दिवसीय एक्टिंग वर्कशॉप का आज टैगोर थिएटर में समापन हुआ। यह वर्कशॉप 8 दिसंबर से शुरू होकर आज, 18 दिसंबर तक चली। इसमें चंडीगढ़ और आसपास के सैकड़ों युवा कलाकारों ने हिस्सा लिया और कास्टिंग डायरेक्टर (नॉर्थ) अंकित बागला के मार्गदर्शन में ट्रेनिंग ली।

चंडीगढ़ में ही मिली बॉलीवुड स्तर की ट्रेनिंग पिछले 10 दिनों में, छात्रों ने कैमरा फेस करना और प्रोफेशनल ऑडिशन देने की बारीकियां सीखीं। इसका उद्देश्य उन्हें अपने ही शहर में मुंबई स्तर की ट्रेनिंग देना था। कास्टिंग कम्स होम (ष्टड्डह्यह्लद्बठ्ठद्द ष्टश्वद्वद्गह्य ॥श्वद्वद्ग) आखिरी दिन बात करते हुए, अंकित बागला ने कहा, ÷हमने पिछले 10 दिनों में यहाँ अद्भुत टैलेंट देखा है। कई कलाकारों को लगता है कि काम पाने के लिए उन्हें मुंबई भागना होगा। हम इस सोच को बदलना चाहते हैं। हमारा संदेश साफ है- 'कास्टिंग कम्स होम'। हम यहाँ उत्तर भारत में कलाकारों को खोजने और उन्हें तराशने के लिए हैं ताकि उन्हें असली मौके मिल सकें।

भविष्य की योजनाएं कॉलेजों में वर्कशॉप अंकित बागला ने अपनी भविष्य की योजनाओं की भी घोषणा की। MCCC जल्द ही चंडीगढ़ के कॉलेजों में जाकर छात्रों के लिए एक्टिंग वर्कशॉप आयोजित करेगा।

## सेवा ही संकल्प: सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया सामाजिक उत्तरदायित्व की सशक्त मिसाल



अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के 115वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय दिल्ली दक्षिण द्वारा कात्यायनी बालिका आश्रम, झंडेवालान, नई दिल्ली में आदिवासी बालिकाओं के सर्वांगीण कल्याण हेतु एक विशेष सामाजिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बालिकाओं के दैनिक जीवन एवं शिक्षा को सशक्त बनाने के उद्देश्य से वॉशिंग मशीन, स्कूल बैग, व्यक्तिगत उपयोग की आवश्यक सामग्री सहित अन्य उपयोगी वस्तुओं का वितरण किया गया।

यह कार्यक्रम अनिल अग्निहोत्री, क्षेत्रीय प्रमुख एवं मनदीप कुमार, उप क्षेत्रीय प्रमुख की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में तरुण शर्मा, सुश्री सारिका, सुश्री अनुभा सहित बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे, जिनकी सक्रिय सहभागिता ने आयोजन को और अधिक सार्थक बनाया।

इस अवसर पर श्री अनिल अग्निहोत्री ने बालिकाओं को शिक्षा, आत्मनिर्भरता एवं उज्ज्वल भविष्य हेतु प्रेरित किया तथा समाज के सभी वर्गों के सशक्तिकरण के प्रति सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की प्रतिबद्धता को दोहराया।

यह पहल बैंक की सामाजिक उत्तरदायित्व, समावेशी विकास एवं सामुदायिक कल्याण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से दर्शाती है। 115 वर्षों की गौरवशाली सेवा यात्रा के इस महत्वपूर्ण अवसर पर बैंक द्वारा उठाया गया यह कदम 'बैंकिंग के साथ सामाजिक सहभागिता' की भावना को जीवंत करता है।

## गुवाहाटी रेलवे स्टेशन में वर्ल्ड क्लास सुविधाओं के साथ नए रिटायरिंग रूम और आधुनिक डॉरमेट्री का अपग्रेड

अर्थ प्रकाश नेटवर्क





मालीगांव। यात्रियों और स्टेशन की सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से एक प्रमुख पहल के तहत पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने लामडिंग मंडल के अंतर्गत गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर रिटायरिंग रूम और डॉरमेट्री सुविधाओं को अपग्रेड किया है। अपग्रेडेड सुविधाओं को पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य वरिष्ठ रेल अधिकारियों की उपस्थिति मेंशुरू किया गया, जो पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे की यात्री-केंद्रित आधार भूत संरचना के विकास के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः प्रामाणित करता है।

स्टेशन भवन के प्रथम तल पर स्थित रिटायरिंग रूम कॉम्प्लेक्स अब रेल उपयोगकर्ताओं के लिए काफी बेहतर ठहरने का अनुभव प्रदान करता है। इस आवासीय परिसर में 09 रिटायरिंग कक्ष है, जिसमें दो-बेड वाले 07 कक्ष औरपांच-बेड वाले 02 कक्ष शामिल हैं। इसके अलावा 12 बेड वाला एक डॉरमेट्री भी है। अपग्रेडेशन प्रक्रिया के हिस्से के रूप में, सभी कमरों को पूर्णतः वातानुकूलित यूनिटों में परिवर्तित किया गया है, जो अधिक आरामदायक बेड और बेहतर इंटीरियर से सुसज्जित हैं। ट्रांजिट के दौरान रेल यात्रियों के लिए यह आधुनिक, स्वच्छ और सुविधाजनक वातावरण सुनिश्चित करते हैं।

यह पहल रेलवे के गैर-किराया राजस्व सृजन में पर्याप्त सुधार का प्रतीक है। नई व्यवस्था के तहत, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे को अगले पांच वर्षीय अनुबंध अवधि में 1.94 करोड़ रुपये की अनुमानित आय होने की संभावना है, जबकि रखरखाव, संचालन या नवीनीकरण के लिए शून्य व्यय वहन करना पड़ेगा। यह पूर्व आंतरिक प्रबंधन मॉडल की तुलना में महत्वपूर्ण वृद्धि का प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें आवर्ती संचालन लागत और कम आय शामिलहै।

ये उन्नत सुविधाएँ पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे की निरंतर प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करती हैं, जो रेल संपत्तियों केअ ादर्श उपयोग और सतत राजस्व वृद्धि के माध्यम से बेहतर यात्री सेवाएँ प्रदान करने पर केंद्रित है, जो भारतीय रेलवे के व्यापक आधुनिकीकरण उद्देश्यों के अनुरूप है।

इन सुधारों को कुशलतापूर्वक प्राप्त करने के उद्देश्य से, रिटायरिंग रूम और डॉरमेट्री सेवाओं को आउटसोर्स किया गया है और एक ओपन टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से सौंपा गया है, जिसमें नवीनीकरण, अपग्रेडेशन, प्रबंधन और रखरखाव की जिम्मेदारियाँ शामिल हैं। अनुबंध कोपंच वर्षीय अवधि के लिए प्रदान किया गया है। सभी नवीनीकरण कार्य रेलवे के लिए शून्य लागत पर किया गया है, जिसमें पूर्ण संचालन की जिम्मेदारी सेवा प्रदाता के पास निहित है।

जल आपूर्ति एवं स्वच्छता विभाग- वर्ष 2025 का लेखा-जोखा

# 2900 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से पंजाब में जल व स्वच्छता ढांचे को बड़ा प्रोत्साहन मिला : मुंडियां

ग्रामीण क्षेत्रों में 100 प्रतिशत कवरेज से 34 लाख से अधिक परिवारों को मिल रहा स्वच्छ पेयजल

15 सतही जल परियोजनाएं, जल गुणवत्ता से प्रभावित क्षेत्रों के 1706 गांवों को देंगी स्वच्छ पानी



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 18 दिसंबर।** पंजाब के जल आपूर्ति एवं स्वच्छता मंत्री स. हरदीप सिंह मुंडियां ने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने राज्य भर में जल आपूर्ति एवं स्वच्छता के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए 2,900 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। उन्होंने कहा कि इस बड़े निवेश से प्रमुख परियोजनाओं के शीघ्र पूर्ण होने, नवीन तकनीकों के विस्तार तथा जल की गुणवत्ता एवं स्वच्छता प्रणालियों को मजबूत करने में उल्लेखनीय मदद मिली है, जिसके परिणामस्वरूप ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में लोगों के दैनिक जीवन स्तर में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 100 प्रतिशत कवरेज के साथ राज्य में 34 लाख से अधिक परिवारों को सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए ग्रामीण विकास के अंतर्गत स्वच्छता क्षेत्र हेतु 2,190.80 करोड़ रुपये की वार्षिक योजना को मंजूरी दी गई है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पंजाब पहले ही ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक नल के माध्यम से स्वच्छ पानी की आपूर्ति का लक्ष्य प्राप्त कर चुका है, जिससे पंजाब यह उपलब्धि हासिल करने वाला देश का पांचवां राज्य बन गया है। उन्होंने बताया कि जल गुणवत्ता से प्रभावित क्षेत्रों में स्वच्छ पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 15 प्रमुख सतही जल आपूर्ति परियोजनाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिनके अंतर्गत 1706 गांवों को कवर किया गया है। इनमें से चार परियोजनाएं पहले ही चालू हो चुकी हैं, जबकि 11 परियोजनाएं पूर्ण होने के निकट हैं। उन्होंने आगे कहा कि ये परियोजनाएं विश्वसनीय सतही जल आपूर्ति सुनिश्चित कर समग्र रूप से लगभग 25 लाख ग्रामीण परिवारों को लाभ पहुंचाएंगी।

जल आपूर्ति एवं स्वच्छता मंत्री ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष के दौरान 278.37 करोड़ रुपये की लागत से 205 ग्रामीण जल आपूर्ति योजनाएं पूरी की गई हैं, जिनसे पर्याप्त दबाव के साथ स्वच्छ जल की आपूर्ति संभव हुई और लगभग 2.33 लाख ग्रामीण निवासियों को लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि 176 गांवों को कवर करने वाली 144 जल आपूर्ति योजनाओं हेतु 160 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दी गई है, जिसके 2026-27 तक पूरा होने की संभावना है। इससे लगभग 3.04 लाख ग्रामीण निवासियों को लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त 19 जिलों के 127 गांवों को कवर करने वाली 98 योजनाओं की अपग्रेडेशन का प्रस्ताव, जिसकी अनुमानित लागत 105 करोड़ रुपये है, स्वीकृति की प्रक्रिया अधीन है।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि हाल ही में मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान द्वारा ऐतिहासिक शहर श्री मुक्तसर साहिब में 140 करोड़ रुपये की लागत से जल आपूर्ति एवं सीवरेज कार्यों के उन्नयन की आधारशिला रखी गई है, जिससे शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के बीच तालमेल आधारित बुनियादी ढांचे की योजना को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि चालू वर्ष में प्रौद्योगिकी-आधारित शासन पर विशेष जोर दिया गया है, जिसके तहत 897 गांवों को कवर करने वाली 346 जल आपूर्ति योजनाओं में आईओटी-आधारित आटोमेशन एवं निगरानी प्रणाली लागू की गई है। ये योजनाएं वेब और मोबाइल ऐप-आधारित डैशबोर्ड से जुड़ी हैं, जो वास्तविक समय में परिचालन मानकों को ट्रैक करती हैं और तुरंत प्रतिक्रिया व बेहतर ढंग से सेवाएं करने को सुनिश्चित करती हैं।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जल की गुणवत्ता की निगरानी के लिए प्रयोगशालाओं का तीन-स्तरीय नेटवर्क के द्वारा मजबूत संस्थागत ढांचा स्थापित किया गया है, जिसमें एक राज्य-स्तरीय, सात क्षेत्रीय-स्तरीय, 17 जिला-स्तरीय और सात ब्लॉक-स्तरीय प्रयोगशालाएं शामिल हैं। सभी प्रयोगशालाएं रासायनिक जांच के लिए एनएबीएल से मान्यता प्राप्त हैं, जबकि सात प्रयोगशालाओं में बैक्टीरियोलॉजिकल विश्लेषण की सुविधा भी उपलब्ध है। विभाग इन प्रयोगशालाओं में बैक्टीरियोलॉजिकल सुविधाओं को और सुदृढ़ कर रहा है तथा लगभग 11.42 करोड़ रुपये की लागत से 17 जिला-स्तरीय प्रयोगशालाओं में ऐसी सुविधाएं स्थापित की जा रही हैं, जिन्हें वित्तीय वर्ष 2025-26 तक पूरा करने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि सात प्रयोगशालाओं में बुनियादी ढांचा विकास और उपकरणों की स्थापना का कार्य पहले ही पूरा हो चुका है।

स. हरदीप सिंह मुंडियां ने कहा कि भू-जल में भारी धातुओं से प्रभावित गांवों में उचित उपाय किए गए हैं। सल्फेट, नाइट्रेट और सेलेनियम से प्रभावित 10 गांवों में 54.33 लाख रुपये की लागत से रिवर्स ऑस्मोसिस (आरओ) प्लांट लगाए गए हैं। इसी प्रकार 23 यूरेनियम-प्रभावित गांवों में 5.91 करोड़ रुपये की लागत से सामुदायिक जल शुद्धिकरण संयंत्र लगाए जा रहे हैं, जिनके फरवरी 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है।

### 12,967 घरेलू शौचालयों का निर्माण कार्य जारी

उन्होंने बताया कि 32 आर्सेनिक-प्रभावित गांवों में 9.77 करोड़ रुपये की लागत से आर्सेनिक-कम-आयरन रिमूवल प्लांटों के लिए प्रशासनिक स्वीकृति दी जा चुकी है जिसके लिये टेंडर प्रक्रिया जारी है। इसके अतिरिक्त 38.69 लाख रुपये की लागत से चार फ्लोराइड-प्रभावित गांवों में सामुदायिक जल शुद्धिकरण संयंत्र लगाए गए हैं, जबकि 18.60 लाख रुपये की लागत से दो आर्सेनिक-प्रभावित गांवों में ऐसे कार्य दिसंबर 2025 तक पूरे करने का लक्ष्य है। सीएसआर सहायता के तहत पटियाला जिले के गांव रणबीरपुरा में एक यूरेनियम रिमूवल प्लांट भी स्थापित किया गया है। जल आपूर्ति एवं स्वच्छता मंत्री ने कहा कि ग्रामीण स्वच्छता क्षेत्र के अंतर्गत राज्य भर में 1598 सामुदायिक स्वच्छता कॉम्पलेक्सों का निर्माण किया गया है और 580 अन्य कॉम्पलेक्सों पर कार्य प्रगति पर है। चालू वित्तीय वर्ष के दौरान 6606 घरों को शौचालय उपलब्ध कराए गए हैं, जबकि 12,967 घरेलू शौचालयों का निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने बताया कि जिला-स्तरीय गौशालाओं में 20 बायोगैस प्लांट स्थापित किए गए हैं और 2025-26 तक मालेरकोटला, गुरदासपुर और श्री मुक्तसर साहिब में तीन और ऐसे प्लांट लगाने की योजना है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पहलों में भी तेजी आई है, 28 ब्लॉक-स्तरीय प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों का कार्य पूरा हो चुका है और 22 अन्य इकाइयां प्रगति पर हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पन्न सूखे/प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन के लिए गांवों में 77 अतिरिक्त इकाइयां स्थापित करने की योजना है। स. हरदीप सिंह मुंडियां ने स्पष्ट किया कि खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) दर्जा प्राप्त करने के बाद अब पंजाब राज्य 31 मार्च, 2026 तक सभी गांवों के लिए ओडीएफ प्लस (मॉडल) दर्जा हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। अब तक 2250 गांवों ने गंदे पानी के वैज्ञानिक प्रबंधन मॉडल अपनाए हैं, जबकि 1812 गांवों में कार्य जारी है। इसी प्रकार 8747 गांवों में स्क्रीनिंग-कम-डिसिल्टिंग चैंबर बनाए जा चुके हैं और 4260 गांवों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु कंपोस्ट पिट पूरे किए गए हैं।

# 3000 से अधिक विद्यार्थियों ने आईसीपीई 2025 में भाग लिया, प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार ने किया उद्घाटन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**रोपड़, 18 दिसंबर।** 3000 से अधिक विद्यार्थियों की सहभागिता के साथ अंतर्राष्ट्रीय भौतिकी शिक्षा सम्मेलन 2025 (आईसीपीई 2025) का आयोजन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रोपड़ में किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित सम्मेलन का उद्घाटन भारत सरकार के प्रो. अजय कुमार सूद, प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार, द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रो. राजीव आहूजा, निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रोपड़ ने प्रो. अजय कुमार सूद का संस्थान में स्वागत किया और उन्हें संस्थान में हो रहे अनुसंधान, नवाचार तथा प्रौद्योगिकी-आधारित पहलों की जानकारी दी। प्रो. सूद इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि भी हैं।

बातचीत के दौरान प्रो. राजीव आहूजा ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम प्रौद्योगिकी, उन्नत सामग्री, स्वच्छ ऊर्जा, कृषि प्रौद्योगिकी तथा शिक्षा में नवाचार जैसे अग्रणी क्षेत्रों में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रोपड़ के बढ़ते योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ये प्रयास सशक्त उद्योग सहभागिता और राष्ट्रीय अभियानों के सहयोग से आगे बढ़ रहे हैं। प्रो. अजय कुमार सूद ने अनुसंधान, नवाचार और सामाजिक प्रभाव के प्रति संस्थान के समन्वित दृष्टिकोण की सराहना की और शैक्षणिक अनुसंधान को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं से जोड़ने के महत्व पर बल दिया।

इस अवसर पर बोलते हुए प्रो. राजीव आहूजा ने कहा 'भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रोपड़ में प्रो. अजय कुमार सूद का स्वागत करना हमारे लिए गौरव की बात है। एक अग्रणी अनुसंधान और नवाचार संस्थान के रूप में, हम भौतिकी और अंतर-विषयक विज्ञान में अपनी क्षमताओं को निरंतर सुदृढ़ कर रहे हैं, ताकि राष्ट्रीय और वैश्विक चुनौतियों का समाधान किया जा सके। आईसीपीई 2025 अनुसंधान-आधारित शिक्षण और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से भौतिकी शिक्षा को आगे बढ़ाने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।' प्रो. राजीव आहूजा, जो स्वयं एक प्रतिष्ठित भौतिक विज्ञानी हैं और जिनका शोध अनुभव अत्यंत व्यापक है, ने संस्थान में मौलिक एवं अनुप्रयुक्त भौतिकी अनुसंधान पर विशेष बल दिए जाने की जानकारी साझा की। वे विश्व के सर्वाधिक उद्धृत शोधकर्ताओं में शामिल हैं और भारत व स्वीडन के शीर्ष पाँच सामग्री वैज्ञानिकों में गिने जाते हैं। उन्होंने प्रायोगिक और सैद्धांतिक भौतिकी, अंतर-विषयक सहयोग, अनुसंधान-आधारित शिक्षण तथा वैश्विक सहभागिता के माध्यम से भौतिकी शिक्षा को सशक्त बनाने हेतु चल रहे प्रयासों की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रो. अजय कुमार सूद ने संकाय सदस्यों और सम्मेलन प्रतिभागियों से भी संवाद किया तथा आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, अनुवादात्मक अनुसंधान और नवाचार-आधारित विकास के माध्यम से भारत के विज्ञान पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने पर अपने विचार साझा किए।

आईसीपीई 2025 के अंतर्गत 17 और 18 दिसंबर को सक्रिय शिक्षण, भौतिकी शिक्षा अनुसंधान, क्वांटम शिक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता-सक्षम शिक्षण तथा लैंगिक समानता जैसे विषयों पर पूर्ण सत्र और आमंत्रित व्याख्यान आयोजित किए गए। भारतीय भौतिकी शिक्षा में समावेशन पर केंद्रित एक प्रमुख पैनल चर्चा भी सम्मेलन का हिस्सा रही। 18 दिसंबर को सम्मेलन का एक प्रमुख आकर्षण पद्म श्री से सम्मानित प्रो. एच. सी. वर्मा की खुली बातचीत रही, जिसमें मासाई विद्यालय के श्री प्रतीक शुक्ला, पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज, चंडीगढ़ की प्रो. शिल्पी चौधरी तथा विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस संवाद को प्रतिभागियों से अत्यंत सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली और इससे प्रयोगात्मक अधिगम, अवधारणात्मक स्पष्टता तथा भारत में भौतिकी शिक्षा के भविष्य पर गहन चर्चा हुई। आईसीपीई 2025, जो 16 से 20 दिसंबर तक चलने वाला पाँच-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन है, में 3000 से अधिक विद्यार्थी एक साथ जुड़े हैं।

# किसान संगठनों ने 94 स्मार्ट बिजली मीटर उतारकर अधिकारियों को सौंपे

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बनूड़, 18 दिसंबर।** संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक और किसान मजदूर मोर्चा ने 10 दिसंबर को गांवों में लगे स्मार्ट बिजली मीटर उतारकर पावरकॉम ऑफिस में जमा करवाने का आह्वान किया था। जिसके तहत भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर ब्लॉक मोहाली के अध्यक्ष तरलोचन सिंह नडियाली, गुरप्रीत सिंह नडियाली, गुरविंदर सिंह पूर्व सरपंच, भूपिंदर सिंह नडियाली और नंबरदार बलदेव सिंह के नेतृत्व में गांव नडियाली से 24 स्मार्ट बिजली मीटर उतारे गए। इसी तरह भारतीय किसान यूनियन भटेडी कलां के जिलाध्यक्ष गुरविंदर सिंह रामपुर पूर्व सरपंच के नेतृत्व में गांव से 70 स्मार्ट बिजली मीटर उतारे गए। दोनों किसान संगठनों ने इन मीटरों को पावरकॉम बनूड के ऑफिस अधिकारियों को सौंपा। इस संबंधित जानकारी देते हुए संगठन के नेताओं ने कहा कि किसान संगठन बिजली संशोधन 2025 का विरोध कर रहे है और इसे राज्य में कभी लागू नहीं होने दिया जाएगा। इसके विरोध में किसान संगठनों ने विभिन्न गांवों से 94 स्मार्ट बिजली मीटर उतारकर पावरकॉम अधिकारियों को सौंप दिए है। उन्होंने कहा कि किसान मजदूर मोर्चा बिजली संशोधन बिल 2025 को राज्य में कभी लागू नहीं होने देगा और इस बिजली संशोधन बिल को रद्द करवाने के लिए बड़े संघर्ष की तैयारी की जा रही है। किसान नेताओं ने कहा कि आने वाले दिनों में स्मार्ट बिजली मीटर उतारकर अधिकारियों को सौंपने का अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि इलाके में कोई भी स्मार्ट बिजली मीटर नहीं लगने दिया जाएगा। इस मौके पर यूनिट अध्यक्ष कमलजीत सिंह चंगेरा, गुरदीप सिंह कनौड, कमलजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह, जसवीर सिंह और अन्य किसान मौजूद थे।

# ब्लॉक होशियारपुर-आई बी में मेगा पी टी एम ट्रेनिंग हुई



अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना

**होशियारपुर, 18 दिसंबर।** पंजाब सरकार की गाइडलाइंस के तहत, डिस्ट्रिक्ट एजुकेशन ऑफिसर (El. S.) हरजिंदर कौर और डिप्टी DEO (El. S.) अमनदीप शर्मा की गाइडलाइंस और ब्लॉक प्राइमरी एजुकेशन ऑफिसर चरणजीत की लीडरशिप में, पेरेंट्स को एजुकेशन से जोड़ने के लिए ब्लॉक होशियारपुर 1-B के अलग-अलग क्लस्टर्स में मेगा PTM पर क्लस्टर लेवल ट्रेनिंग हुई, जिसका इंस्पेक्शन डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर हरमिंदर पाल सिंह ने किया। उन्होंने पंजाब सरकार के एजुकेशन डिपार्टमेंट की दी गई गाइडलाइंस को पूरी तरह फॉलो करने को कहा।

उन्होंने स्कूल टीचर्स को सरकारी स्कूलों में हो रही मेगा PTM को 100 प्रतिशत सफल बनाने के लिए मोटिवेट किया। ट्रेनिंग की इंपॉर्टेंस को ध्यान में रखते हुए, ब्लॉक रिसोर्स कोऑर्डिनेटर रिंपल कुमार और मुनीर नैयर ने भी ब्लॉक होशियारपुर 1-B के अलग-अलग क्लस्टर्स का इंस्पेक्शन किया। इस मौके पर रेनू दत्ता CHT, हरमिंदर कौर हेड टीचर, हरजिंदर कौर, नविता सैनी, दविंदर सिंह आदि समेत ब्लॉक के सभी टीचर मौजूद थे।

# जीरकपुर में नो-पार्किंग पर सख्ती, नप कार्यालय के पास चले विशेष अभियान में तेजी

ट्रैफिक जाम से राहत के लिए पुलिस की कार्रवाई, 37 से अधिक वाहनों के काटे चालान

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 18 दिसंबर।** नगर परिषद कार्यालय के आसपास आए दिन लगने वाले भारी ट्रैफिक जाम से आम जनता को राहत दिलाने के लिए ज़ीरकपुर ट्रैफिक पुलिस ने सख्त कदम उठाए हैं। वीरवार को ट्रैफिक पुलिस ने नो-पार्किंग ज़ोन में खड़े वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया, जिसके तहत नियमों का उल्लंघन करने वाले करीब 37 वाहनों के चालान काटे गए।

नगर परिषद कार्यालय के समीप दुकानों, पुलिस स्टेशन शमशान घाट,सरकारी दफ्तर और बाजार की अधिकता के कारण दिनभर भारी भीड़ बनी रहती है। लोग सुविधा के लिए अपने वाहन सड़क किनारे या नो-पार्किंग ज़ोन में खड़े कर देते हैं, जिससे सड़क संकरी हो जाती है और घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है। कई बार एंबुलेंस और दमकल वाहनों को भी निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

इसी समस्या को गंभीरता से लेते हुए ट्रैफिक इंचार्ज इंस्पेक्टर गुरबीर सिंह के निर्देशों पर ट्रैफिक पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। पुलिस ने सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े दोपहिया और चारपहिया वाहनों के चालान काटे और कुछ वाहनों को मौके से हटवाया भी गया। इस दौरान कुछ वाहन चालकों ने पुलिस से बहस करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने नियमों का हवाला देते हुए सख्ती बरती।



नगर परिषद कार्यालय, पुलिस स्टेशन, शमशान घाट और दुकानों की अधिकता

सड़क किनारे अवैध पार्किंग

संकरी सड़कों पर भारी आवाजाही

नो-पार्किंग नियमों की अनदेखी

'नगर परिषद कार्यालय के आसपास नो-पार्किंग ज़ोन में वाहन खड़े करने से ट्रैफिक जाम की समस्या बढ़ रही है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। वाहन चालक निर्धारित पार्किंग का ही उपयोग करें।'

— इंस्पेक्टर गुरबीर सिंह, ट्रैफिक इंचार्ज, ज़ीरकपुर

ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नगर परिषद कार्यालय क्षेत्र ज़ीरकपुर का अत्यंत व्यस्त इलाका है और यहां नो-पार्किंग का उल्लंघन सीधे तौर पर ट्रैफिक व्यवस्था को प्रभावित करता है। यदि लोग नियमों का पालन करें तो जाम की समस्या से काफी हद तक निजात मिल सकती है।

पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करें। भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# होशियारपुर के होनहार बेटे ने एनडीए से लेफ्टिनेंट बनकर बढ़ाया जिले का मान: निपुण शर्मा



अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना

**होशियारपुर, 18 दिसंबर।** होशियारपुर शहर के बेटे लेफ्टिनेंट गौरव देवगन को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) से प्रशिक्षण पूर्ण कर लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित होकर भारतीय सशस्त्र बलों में अपनी सेवाएँ देने पर जिला भाजपा की ओर से सम्मानित किया गया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर आज भाजपा प्रदेश सचिव मीनू सेठी, जिलाध्यक्ष निपुण शर्मा, उमेश जैन, बिन्दुसार शुक्ला, गुरजीत सिंह वधावन,प्रेम बजाज ने उनके निवास स्थान पर पहुंच कर लेफ्टिनेंट गौरव को सम्मानित किया और गौरव के पिता रविकांत और माता रितु शर्मा को बधाई दी। भाजपा नेताओं ने कहा कि अनुशासन और देशभक्ति की भावना पूरे देवगन परिवार में है इसी संस्कारों से युक्त गौरव ने भारतीय सेना में जाकर देशसेवा करने का निश्चय किया। जिलाध्यक्ष शर्मा ने लेफ्टिनेंट गौरव की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे होशियारपुर के लिए गर्व का विषय है।

उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और उनकी सफलता आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करेगी। वहीं लेफ्टिनेंट गौरव देवगन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और मार्गदर्शकों को देते हुए कहा कि देश की सेवा करना उनका सपना था, जिसे एनडीए ने साकार करने का अवसर दिया।

# बेगमपुरा टाइगर फोर्स के ब्लॉक प्रेसिडेंट बिट्टू विरदी की पत्नी रितु विरदी पंचायत समिति चुनाव जीती

यह जीत इलाके के सभी वोटरों, सपोर्टर्स और मेहनती वर्कर्स की जीत है: समिति मेंबर रितु विर्दी

अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना



**होशियारपुर, 18 दिसंबर।** पंजाब में बीते दिनी हुए पंचायत समिति और जिला परिषद चुनावों में होशियारपुर जिले के जोन नंबर 8 बूथगढ़ से समिति मेंबर का चुनाव रितु विरदी ने भारी लीड के साथ जीता। जिससे इलाके में खुशी की लहर दौड़ गई। इस जीत के बाद जीतने वाली कैंडिडेट रितु विरदी का बेगमपुरा टाइगर फोर्स के नेताओं और वर्कर्स ने जोरदार स्वागत किया। नेताओं ने कहा कि जैसे ही चुनाव के नतीजे घोषित हुए, सपोर्टर्स में बहुत जोश था। इस मौके पर इलाके के लोगों और बेगमपुरा टाइगर फोर्स के नेताओं ने फूलों की माला पहनाकर और मिठाई बांटकर अपनी खुशी जाहिर की। जीतने वाली रितु ने कहा कि यह जीत इलाके के लोगों की तरफ से मेरे पति बिट्टू विर्दी की समाज सेवा की नीतियों पर मुहर है। इस मौके पर बोलते हुए रितु ने कहा कि यह जीत मेरी नहीं, बल्कि इलाके के सभी वोटरों, सपोर्टर्स और मेहनती वर्कर्स की जीत है। उन्होंने कहा कि हमने हमेशा लोगों के हक के लिए लड़ाई लड़ी है और अब समति मेंबर होने के नाते इलाके के डेवलपमेंट के काम को प्रायोरिटी के बेसिस पर किया जाएगा। इस समय बेगमपुरा टाइगर फोर्स के नेताओं और मेंबर्स ने इस जीत को हिस्टोरिक बताया और कहा कि विरदी परिवार पहले से ही दबे-कुचले लोगों की आवाज़ बनता आ रहा है। इस मौके पर बिट्टू विरदी ने भरोसा दिलाया कि नए चुने गए कमेटी मेंबर्स इलाके की तस्वीर बदलने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इस मौके पर दूसरों के अलावा डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट हैप्पी फतेहगढ़, रवि सुंदर नागर, प्रवीन विरदी, बिट्टू हलवाई सुंदर नागर वगैरह मौजूद थे!

# आप की इंदरजीत कौर कौंसल खडियाला सैनिया ज़ोन से भारी बहुमत से जीतीं

अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना



**होशियारपुर, 18 दिसंबर।** हाल ही में हुए ज़िला परिषद चुनावों में आम आदमी पार्टी की कैंडिडेट इंदरजीत कौर कौंसल, जो सरदार हरदेव सिंह कौंसल की पत्नी हैं, ने खडियाला सैनिया ज़ोन से भारी बहुमत से जीत हासिल की है। उन्होंने पुरानी कांग्रेस पार्टी और शिरोमणि अकाली दल को हराकर अपनी जीत पक्की की है और आम आदमी पार्टी का परचम लहराया है। इंदरजीत कौर कौंसल को 6090 वोट मिले जबकि कांग्रेस कैंडिडेट दूसरे नंबर पर रहीं और शिरोमणि अकाली दल के कैंडिडेट को तीसरे नंबर पर रहकर सब्र करना पड़ा। भारतीय जनता पार्टी और बहुजन समाज पार्टी का खाता भी नहीं खुला। 14364 वोट पड़े, जिनमें से 399 वोट रिजेक्ट हुए और 89 वोट हहझ को गए। जीतने वाली आप उम्मीदवार बीबी इंदरजीत कौर कौंसल ने आम आदमी पार्टी के कैबिनेट मंत्री डॉ. रवजोत सिंह का धन्यवाद किया और कहा कि उनके निर्देशों के अनुसार और मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में चल रहे विकास कार्यों की गति को और तेज़ किया जाएगा। उन्होंने सभी वोटरों का धन्यवाद किया और कहा कि वह हर हाल में उनका भरोसा बनाए रखेंगी।

# नगर परिषद प्रधान उदयवीर ढिल्लों ने वार्ड नंबर 9 में नए ट्यूबवेल के काम का किया उद्घाटन

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 18 दिसंबर।** म्युनिसिपल काउंसिल नगर परिषद प्रधान के अधिकार क्षेत्र में आने वाले ढकोली के वार्ड नंबर 8 और 9 में लंबे समय से चल रही पीने के पानी की कमी को दूर करने के लिए, 40 लाख 52 हज़ार रुपये की लागत से लगाए गए पीने के पानी के ट्यूबवेल बोर का उद्घाटन म्युनिसिपल काउंसिल ज़ीरकपुर के प्रेसिडेंट उदयवीर सिंह ढिल्लों ने किया। इस मौके पर वार्ड निवासियों को संबोधित करते हुए ढिल्लों ने कहा कि वार्ड नंबर 8,9 के निवासी लंबे समय से पीने के पानी की कमी से जूझ रहे थे, जिसे दूर करने के लिए काउंसिल द्वारा यह ट्यूबवेल लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस ट्यूबवेल के ज़रिए वार्ड नंबर 8,9 के निवासियों को पीने के पानी की बिना रुकावट सप्लाई दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस ट्यूबवेल के चालू होने से वार्ड नंबर 8,9 के निवासियों को पीने के पानी की कोई कमी नहीं होगी। उन्होंने वार्ड निवासियों से अपील की कि वे पीने के पानी का गलत इस्तेमाल न करें और संयम से इसका इस्तेमाल करें ताकि शहर के सभी निवासियों को बिना किसी रुकावट के पीने का पानी मिलता रहे। इस मौके पर विशाल शर्मा, विश्व बंधु समेत वार्ड निवासियों ने नगर परिषद अध्यक्ष उदयवीर सिंह ढिल्लों का धन्यवाद किया। इस मौके पर कांग्रेस नेता गुरसेवक पुनिया, हर्ष ऋषि, विशेष और बड़ी संख्या में वार्ड निवासी मौजूद थे।



# करपट गांव में बाढ़ नियंत्रण कार्यों के लिए 8.47 करोड़ स्वीकृत

## विधायक अनुराधा राणा ने मयाड़ घाटी का किया निरीक्षण, ग्रामीणों से किया जनसंवाद

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**केलांग (कुल्लू)18 दिसंबर।** लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मयाड़ घाटी के आपदाग्रस्त करपट गांव का संयुक्त दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से प्रत्यक्ष जनसंवाद कर बाढ़ से हुए नुकसान, पुनर्वास और मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से सुना और समाधान का भरोसा दिलाया।

विधायक अनुराधा राणा ने ग्रामीणों को अवगत कराया कि करपट गांव में बाढ़ नियंत्रण एवं सुरक्षा कार्यों के लिए सरकार से लगभग 8 करोड़ 47 लाख रुपये की राशि स्वीकृत करवा ली गई है। इस राशि से बाढ़ से होने वाले नुकसान को रोकने, सुरक्षा दीवारों एवं अन्य संरचनाओं को मजबूत करने तथा गांव की दीर्घकालिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

गौरतलब है कि इस सीजन मयाड़ घाटी में करपट गांव बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित रहा है। विधायक ने बताया कि आपदा प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया जाना है, जहां प्री-फैब स्ट्रक्चर तैयार किए जाएंगे। उन्होंने प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को पुनर्वास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

इसके बाद विधायक ने मयाड़ घाटी के चांगुट क्षेत्र का भी दौरा किया, जहां आमजन से मुलाकात कर सड़क, पेयजल, बिजली, संचार और अन्य जनसुविधाओं से जुड़ी समस्याएं सुनीं। इन समस्याओं पर गंभीरता से विचार करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। मयाड़ वेली के दौरे के दौरान तिंगरेट में 900 मीटर पेवर वर्क तथा वन विभाग के इन्फॉर्मेशन सेंटर के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया गया। कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और समयबद्धता की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। तिंगरेट में भी विधायक ने स्थानीय लोगों से संवाद कर उनके सुझाव और समस्याएं जानीं।

इसके उपरांत विधायक अनुराधा राणा ने उडगौस गांव का दौरा कर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ग्रामीणों की समस्याओं और मांगों को सुना। ग्रामीणों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर दर्ज करते हुए संबंधित विभागों को समाधान हेतु दिशा-निर्देश जारी किए गए।

उन्होंने कहा कि सभी विकास एवं सुरक्षा कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

विधायक अनुराधा राणा ने मयाड़ घाटी की जनता को आश्वस्त किया कि सरकार क्षेत्र के विकास, आपदा सुरक्षा और जनकल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा करपट गांव की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। विधायक द्वारा मयाड़ घाटी में विभिन्न विभागों के द्वारा किए जा रहे विकासात्मक कार्यों का भी निरिक्षण किया।

इस अवसर पर एसडीएम उदयपुर अलीशा चौहान, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी पवन राणा, पूर्व जिला अध्यक्ष ज्ञालछन ठाकुर, बीडीसी चेयरमैन विपिन, जिला परिषद सदस्य दोरजे लारजे, बीडीसी सदस्य दिलिप बौद्ध, टीएसी सदस्य सुशील कुमार, प्यारे लाल, देवी सिंह, अनिल ठाकुर, साहिल कटोज, छेरिग राम, टशी फूंचुग, नरेश, सुरेंद्र, राजीव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कार्निवल के नाम पर उगाही कर रही कांग्रेस सरकार : सुधीर शर्मा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं विधायक सुधीर शर्मा ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में आज कार्निवल जैसे सांस्कृतिक आयोजनों की आड़ में दबाव बनाकर पैसे मांगने की राजनीति चल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश का माहौल तनावपूर्ण बना दिया है और सरकारी विभागों का दुरुपयोग कर खुलेआम उगाही करवाई जा रही है।

सुधीर शर्मा ने कहा कि कांगड़ा वैली कार्निवल के नाम पर पेट्रोल पंप, एलपीजी गैस एजेंसियों, राइस एवं फ्लोर मिलर्स, ईंट भट्ठा मालिकों और अन्य लाइसेंसधारकों से सरकारी पत्र जारी कर आर्थिक योगदान मांगा जाना बेहद शर्मनाक है। यह पत्र इस बात का जीवंत प्रमाण है कि कांग्रेस सरकार किस तरह से प्रशासनिक ताकत का गलत इस्तेमाल कर रही है।

उन्होंने कहा कि यह कोई स्वैच्छिक सहयोग नहीं बल्कि डर और दबाव के माहौल में की जा रही उगाही है। सरकार यदि आयोजन करना चाहती है तो उसके लिए बजट का प्रावधान करे, न कि व्यापारियों और लाइसेंसधारकों पर बोझ डाले।

सुधीर शर्मा ने इस काव्यात्मक पंक्ति के माध्यम से कांग्रेस सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि सत्ता के बल पर जो आज उगाही का तमाशा कर रहे हैं, उनका असली चेहरा भी बहुत जल्द जनता के सामने आ जाएगा। प्रदेश की जनता सब देख रही है और समय आने पर इसका जवाब भी देगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में आज तानाशाही जैसा माहौल बना दिया गया है। अधिकारी राजनीतिक दबाव में काम करने को मजबूर हैं और व्यापारी वर्ग भय के साये में जी रहा है। कांग्रेस सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचलते हुए प्रशासन को अपनी राजनीतिक वसूली एजेंसी में बदल चुकी है।

# मुख्यमंत्री जिस राह पर चल रहे हैं न वह काम अच्छा व न उसका अंजाम अच्छा : जयराम ठाकुर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** शिमला में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर ने कहा कि देवभूमि में सियासत आपसी प्रतिरोध लेने के लिए नहीं विकास करने के लिए ही होती रही है। लेकिन मुख्यमंत्री विकास की भावना के बजाय बदले की भावना से कम कर रहे हैं। उनका साथ छोड़ चुके कांग्रेस और निर्दलीय विधायकों को हर हाल में सत्ता के दम पर प्रताड़ित करना चाहते हैं। उन्हें मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि वह जिस राह पर चल रहे हैं न तो वह काम अच्छा है और न ही उसका अंजाम अच्छा होगा। सत्ता के दुरुपयोग से वह भारतीय जनता पार्टी के विधायकों को आज भले कुछ पल के लिए परेशान कर ले लेकिन सत्ता स्थाई नहीं है। उन्हें यह बात समझनी होगी। यह बात उन अधिकारियों को समझनी बहुत जरूरी है जो आज कानून-कायदे ताक पर रखकर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और सरकार के पक्ष में न लिखने वाले पत्रकारों को मुकदमे में फंसाने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का साथ छोड़ चुके सभी पूर्व कांग्रेसी और निर्दलीय विधायकों को मुख्यमंत्री बदले की भावना से प्रताड़ित कर रहे हैं। हमीरपुर के विधायक के खिलाफ खनन का मामला पुलिस पार्टी बनकर दर्ज करवाती है जबकि माइनिंग विभाग इसकी कोई भी शिकायत तक नहीं करता। शिकायत भी उसे अधिकारी द्वारा की जाती है इसके खिलाफ विधायक ने विधानसभा में आरोप लगाए हैं और डीजीपी से उसके खिलाफ शिकायत की है। 10 दिन से लगातार हमारे विधायक को बुलाकर थाने में दिन-दिन भर बिठाकर प्रताड़ित जा रहा है। जिन अपराधों का कोई लेना-देना नहीं उससे जुड़ी धाराएं लगाई जा रही है। जिससे जमानत न मिल सके। पूरी की पूरी वकीलों की फौज हमारे विधायकों के खिलाफ उतारी जा रही है। इल्लीगल माइनिंग के मामले में कार्रवाई माइनिंग डिपार्टमेंट करता है। कोई भी शिकायत भी माइनिंग डिपार्टमेंट ही करता है। लेकिन भारतीय जनता पार्टी के विधायक के मामले में पुलिस ही पार्टी बनी हुई है। आशीष शर्मा को हर हाल में जेल भेजने की कोशिश की जा रही है। मामला सिर्फ हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा का ही नहीं बाकी अन्य आठ विधायकों का भी है जिन्होंने इस निकम्मी सरकार का सहयोग करने से इनकार कर दिया है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि केएल ठाकुर और उनके परिवार के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से एक के बाद एक मामले लादने की कोशिश हुई। उनका क्रशर बंद कराया गया, जो हाई कोर्ट के आदेश के बाद फिर से शुरू हुआ है।



# प्रदेश पावर निगम ने शाढ़ाबाई में मनाया 19वां स्थापना दिवस

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**सैंज (कुल्लू) 18 दिसंबर।** सौ मेगावाट के सैंज हाइड्रो प्रोजेक्ट में स्थापना दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। सैंज प्रोजेक्ट के प्रमुख इंजीनियर मनीष चौधरी ने स्थापना दिवस के मौके पर परियोजना कार्यालय शाढ़ाबाई में राष्ट्रीय झंडे का ध्वजारोहण कर प्रोजेक्ट में काम कर रहे तमाम अधिकारियों व कर्मचारियों को सत्य निष्ठा की शपथ दिलाई। परियोजना के उप महाप्रबंधक मनीष चौधरी ने सैंज प्रोजेक्ट के निर्माण कार्यों, इतिहास,उपलब्धियों व विशेषताओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रदेश पावर निगम की स्थापना 18 दिसंबर 2006 को हुई और पिछले अठारह साल के कार्यकाल में प्रदेश पावर निगम ने ऊर्जा क्षेत्र में कई आयाम स्थापित किए। जबकि सैंज हाइड्रो प्रोजेक्ट में वर्ष 2017 से ऊर्जा उत्पादन करना शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि सौ मेगावाट के इस प्रोजेक्ट ने मात्र आठ साल के कार्यकाल में ही अपने नाम पर बेमिसाल उपलब्धि हासिल की है। सैंज परियोजना की बिजली से देश के कई राज्य जगमगा रहे हैं। प्रोजेक्ट के उप महाप्रबंधक ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सैंज प्रोजेक्ट ने छोटे से कार्यकाल में तीन हजार मिलियन यूनिट से अधिक बिजली के साथ करोड़ों रुपए का राजस्व कमाया है।

# विधायक अनुराधा राणा ने तिन्दी में जलागम विकास कार्यों की रखी आधारशिला

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**केलांग (कुल्लू) 18 दिसंबर।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने जलागम विकास कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत तिन्दी क्षेत्र में विभिन्न विकासात्मक एवं आधारभूत संरचना से जुड़े कार्यों की विधिवत आधारशिला रखी। इन कार्यों का उद्देश्य जल संरक्षण को सुदृढ़ करना, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार करना तथा ग्रामीण संपर्क मार्गों को बेहतर बनाना है।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस परियोजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत तिंदी में बाड़ा से अघार तक लगभग 5 किलोमीटर लंबी 90/110 मि.मी. पाइपलाइन बिछाने, चेक वॉल निर्माण, कच्चे रास्तों का निर्माण, बुर्जी साइड चेक वॉल, हाज्जू-1 एवं हाज्जू-2 में चेक वॉल, खरेड़ी नाला से हाज्जू तक क्यू.सी. पाइपलाइन, हाज्जू में आरसीसी कूहल (पानी की नाली) तथा एम.एम. भवन अघार के समीप ब्रेस्ट वॉल निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं।

इस अवसर पर विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि इन योजनाओं के पूर्ण होने से क्षेत्र में जल संरक्षण को मजबूती मिलेगी, सिंचाई व्यवस्था सुदृढ़ होगी और ग्रामीण संपर्क मार्गों में सुधार आएगा, जिससे स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता दूर-दराज़ एवं जनजातीय क्षेत्रों में संतुलित और समावेशी विकास सुनिश्चित करना है, ताकि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

कार्यक्रम के दौरान 69 लाभार्थियों को टूल किट वितरित की गई। महिला मंडल अघार तथा स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह में विशेष आकर्षण जोड़ा।

विधायक अनुराधा राणा ने महिला मंडल अघार को ?50,000, सीनियर सेकेंडरी स्कूल तिन्दी को ?50,000, मंच संचालन के लिए गुनगुन ठाकुर को ?11,000 तथा भाषण प्रतियोगिता में लक्षिता को ?11,000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की घोषणा की।

## न्यूज ब्रीफ

### स्मार्ट सिटी मिशन में हिमाचल प्रदेश की प्रभावी भागीदारी, 93% परियोजनाएं पूर्ण : सुरेश कश्यप



**शिमला।** भाजपा सांसद सुरेश कश्यप द्वारा लोकसभा में स्मार्ट सिटी मिशन को लेकर पूछे गए महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर में केंद्र सरकार ने जो जानकारी प्रस्तुत की है, उससे हिमाचल प्रदेश की सशक्त भागीदारी और प्रभावी क्रियान्वयन स्पष्ट रूप से सामने आया है। सांसद सुरेश कश्यप ने प्रश्न के माध्यम से स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत आईसीसीसी, नागरिक डेटा उपयोग, मूल्यांकन प्रक्रिया तथा विभिन्न राज्यों में कार्यों की प्रगति को लेकर सरकार से विस्तृत जानकारी मांगी थी। लोकसभा में आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू द्वारा दिए गए उत्तर में बताया गया कि स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत देशभर में 100 स्मार्ट शहरों में एकीकृत कमांड एवं कंट्रोल सेंटर स्थापित किए गए हैं, जिनके माध्यम से शहरी सेवाओं की निगरानी, यातायात प्रबंधन, आपदा प्रबंधन, सुरक्षा, स्वच्छता, जलापूर्ति और नागरिक सुविधाओं का रियल-टाइम प्रबंधन किया जा रहा है। केंद्र सरकार के लिखित उत्तर के अनुसार हिमाचल प्रदेश के दो स्मार्ट शहर – शिमला और धर्मशाला इस मिशन के अंतर्गत शामिल हैं। राज्य में कुल ?1552 करोड़ की परियोजनाएँ स्वीकृत की गईं, जिनमें से ?1294 करोड़ की 272 परियोजनाएँ (93त्न) पूर्ण की जा चुकी हैं, जबकि शेष 19 परियोजनाएँ प्रगति पर हैं। यह आंकड़ा हिमाचल प्रदेश की तेज कार्यान्वयन क्षमता और पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था को दर्शाता है। लोकसभा में दिए गए उत्तर में यह भी स्पष्ट किया गया कि स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत आईसीसीसी के माध्यम से नागरिक डेटा का उपयोग यातायात प्रबंधन, आपदा प्रतिक्रिया, सार्वजनिक सुरक्षा, स्मार्ट स्ट्रीट लाइटिंग, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और जल आपूर्ति जैसी सेवाओं को बेहतर बनाने में किया जा रहा है। साथ ही, सभी डेटा सुरक्षा मानकों, साइबर सुरक्षा प्रोटोकॉल और गोपनीयता नियमों का पूर्ण पालन किया जा रहा है।

# ऊना में घने कोहरे से जनजीवन अस्त-व्यस्त

स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और कामकाजी लोगों की आवाजाही भी प्रभावित हुई

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। सुबह और देर शाम छाए घने कोहरे के कारण पूरे क्षेत्र में दृश्यता बेहद कम हो गई है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़कों पर कुछ ही दूरी पर दिखाई देना मुश्किल हो गया है, जिससे वाहन चालकों को खासा सतर्क रहना पड़ रहा है।

कोहरे के चलते पैदल चलने वालों और दुपहिया वाहन चालकों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और कामकाजी लोगों की आवाजाही भी प्रभावित हुई है। कई स्थानों पर सुबह के समय सड़कें धुंध की चादर में लिपटी नजर आई।

हालांकि मौसम में ठंडक बढ़ गई है, लेकिन अब तक बारिश न होने के कारण हवा में नमी कम है। इसके बावजूद शाम ढलते ही ठंड में अचानक इजाफा हो रहा है, जिससे लोगों को गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। ठंडी हवाओं और कोहरे के मेल ने मौसम को और अधिक सर्द बना दिया है।

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी सुबह और रात के समय कोहरा छाए रहने की संभावना है। जिला प्रशासन ऊना ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे धीमी गति से वाहन चलाएं, फॉग लाइट का प्रयोग करें और अनावश्यक यात्रा से बचें। बदलते मौसम के इस मिज़ाज ने ऊना जिले में जनजीवन को प्रभावित कर दिया है और लोग अब साफ मौसम व बारिश का इंतजार कर रहे है।

### ऊना (हिमाचल प्रदेश) में वायु गुणवत्ता की स्थिति

ऊना, हिमाचल प्रदेश में वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) इस समय 169 (अस्वस्थ) दर्ज किया गया है। यह आंकड़ा IQAir के नवीनतम डेटा पर आधारित है। वहीं दूसरी ओर, हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार हालिया AQI 79 (संतोषजनक) बताया गया है।

मुख्य प्रदूषक PM2.5 (अति सूक्ष्म कण पदार्थ) है, जिसकी वर्तमान सांद्रता 81.4 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज की गई है। यह स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन की वार्षिक मार्गदर्शक सीमा से 16.3 गुना अधिक है।

### स्वास्थ्य संबंधी सुझाव

अस्वस्थ, संवेदनशील वर्गों (बुजुर्ग, बच्चे, अस्थमा/हृदय रोगी) पर स्वास्थ्य प्रभाव तुरंत पड़ सकते हैं। ऐसे लोगों को बाहरी गतिविधियों से बचना चाहिए।

सामान्य रूप से स्वस्थ लोगों को भी सांस लेने में तकलीफ और गले में जलन हो सकती है। उन्हें घर के अंदर रहने, और बाहरी गतिविधियों को टालने या पुनर्निर्धारित करने की सलाह दी जाती है।

# महा मंगला फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी ने लांच किया हाईडेनसिटी एप्पल प्लांटेशन प्रोजेक्ट

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 18 दिसंबर।** आज महा मंगला फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी ने हाईडेनसिटी एप्पल प्लांटेशन प्रोजेक्ट की शुरुआत की है। यह शुरुआत देवसदन कुल्लू में महा मंगला फार्मर्स प्रोड्यूसर के पहले वार्षिक सम्मेलन में मुख्यातिथि पशुपालन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर संजय ठाकुर की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर कंपनी के चेयरमैन अमर ठाकुर ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के तहत महा मंगला फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी व राणा बायोटेक कंपनी संयुक्त रूप से घर द्वारा जाकर बगीचा तैयार करेंगें। उन्होंने बताया इस योजना के तहत किसान को सेब के एप्पल रुट स्टॉक के पौधे देंगें और उसके बाद उनके खेत मे जाकर पौधों को लगाने की विधि बताई जाएगी। यही नहीं कंपनी खेत में ही ड्रिप इरीगेशन व मल्च मैट भी इंस्टाल करेगी। एक वर्ष तक तकनीकी परामर्श व फर्टिलाइजर भी उपलब्ध करवाई जाएगी। इस योजना के तहत मिनिमम एक बीघा बाले किसान को लिया जाएगा और एक बीघा में 250 से 275 पौधे लगेंगे। इस योजना में बीघा में डे? लाख का खर्चा आएगा और कंपनी पहली किश्त 25 फीसदी इंस्टाल करने पर,25 फीसदी छह माह के बाद,25 फीसदी अगले वर्ष और लास्ट 25 फीसदी किश्त उस समय जब पे? सेब देने लगेंगे। यह योजना उन किसानों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी जो एक बार में खर्चा करने में असमर्थ है। यह योजना आज से लांच हो गई है और जो किसान इसका फायदा लेना चाहता है वह महा मंगला में संपर्क कर सकते हैं।

इससे पहले यहां पर कंपनी का वार्षिक सम्मेलन हुआ और इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे जिन्होंने किसानों को नई तकनीकों की जानकारी दी।

# सोलन पुलिस ने धरा घोषित अपराधी

**सोलन।** जिला की परवाणू पुलिस के घोषित अपराधी प्रकोष्ठ की टीम ने एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए भगो? आरोपी राकेश कुमार उर्फ तिलकधारी को कालका से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी परवाणू के सेक्टर-3 स्थित गाँव पुरला का निवासी है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 209 के तहत आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है।

जांच में सामने आया है कि राकेश कुमार एक आदतन अपराधी है, जिसके खिलाफ पूर्व में पुलिस थाना परवाणू में आबकारी अधिनियम के तहत वर्ष 2017 और 2018 में दो अलग-अलग मामले दर्ज थे। इन मामलों में पुलिस ने उससे 34 बोतलें अवैध देशी शराब बरामद की थी। हालांकि, आरोपी को इन मामलों में जमानत मिल गई थी, लेकिन ट्रायल के दौरान वह जानबूझकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश नहीं हो रहा था।

# व्यास नदी की बाढ़ से भूतनाथ मंदिर परिसर को खतरा

कमेटी ने उपायुक्त से की सुरक्षा दीवार निर्माण की मांग

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 18 दिसंबर।** संगम महादेव भूतनाथ मंदिर कमेटी कुल्लू का एक प्रतिनिधिमंडल वीरवार को मंदिर कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एकादशी दास महंत की अध्यक्षता में उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस. रवीश से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को अवगत करवाया कि वर्ष 2023 से 2025 के दौरान व्यास नदी में आई बाढ़ के कारण मंदिर के नदी की ओर वाले हिस्से को भारी नुकसान पहुंचा है।कमेटी ने बताया कि बाढ़ से मंदिर परिसर के शौचालय क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, वहीं नदी की तरफ सरकार द्वारा निर्मित सुरक्षा दीवार को भी काफी नुकसान हुआ है।

वर्तमान स्थिति ऐसी बन गई है कि यदि भविष्य में व्यास नदी में पुनः बाढ़ आती है तो भूतनाथ में स्थित शव दाह चिताओं के नदी में गिरने का गंभीर खतरा बना हुआ है। हाल ही में शव दाह के लिए स्थापित की गई गैस भट्ठी भी खतरे की जद में बताई गई है।प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को बताया कि इन दिनों व्यास नदी का जल स्तर अपेक्षाकृत कम रहता है, ऐसे में सुरक्षा दीवार व अन्य आवश्यक निर्माण कार्य करवाना संभव है। उन्होंने मांग की कि मंदिर के नदी की ओर सुरक्षा कार्य शीघ्र शुरू करवाया जाए, अन्यथा भूतनाथ मंदिर के शव दाह स्थल के साथ-साथ मंदिर के अस्तित्व पर भी संकट खड़ा हो सकता है।

उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस. रवीश ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इसके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष प्रेम सूद, सचिव अनुज मिश्रा तथा जसपाल सिंह पाल भी उपस्थित रहे।

# चरस तस्करी के आरोपी को 12 साल की कठोर कारावास

**कुल्लू 18 दिसंबर।** जिला न्यायवादी कुलभूषण गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय स्पेशल जज-द्ब कुल्लू, प्रकाश चंद राणा की अदालत ने एक आरोपी योगराज पुत्र भीमी राम निवासी गांव सुखनी डाकघर बराग्राम तहसील मनाली जिला कुल्लू हिमाचल प्रदेश को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 के तहत दंडनीय अपराध के लिए दोषी ठहराया है और उसे बारह साल की कठोर कारावास और 1,20,000/- रुपये का जुर्माना भरने की सज़ा सुनाई है।

माननीय अदालत ने आगे आदेश दिया कि जुर्माना न भरने की स्थिति में, दोषी व्यक्ति को छह महीने की साधारण कारावास की सज़ा और भुगतनी होगी।

# ऊना में बैंकों ने सितम्बर तिमाही में बांटे 1858.44 करोड़ के ऋण

एसडीएम ऊना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंक सलाहकार एवं समीक्षा बैठक आयोजित

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** जिला स्तरीय बैंक सलाहकार एवं समीक्षा बैठक आज(वीरवार) को एसडीएम ऊना अभिषेक मित्तल की अध्यक्षता में बचत भवन ऊना में आयोजित हुई। इस दौरान एसडीएम ने बैंकों को वार्षिक ऋ्रण योजना के तहत निर्धारित लक्ष्यों को समय पर प्राप्त करने के निर्देश दिए ताकि लोगों की आर्थिक जरूरतों को पूर्ण किया जा सके। उन्होंने जरूरतमंद विद्यार्थियों को समय पर शिक्षा ऋ्रण प्रदान करने और सरकारी योजनाओं के तहत ऋ्रण आवेदनों को मंजूरी प्रदान करने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही किसानों को लाभान्वित करने के लिए ज्यादा से ज्यादा किसानों को कृषि कार्ड वितरित, कृषि औजारों हेतु ऋ्रण प्रदान करने तथा लघु उद्योगों को ब?ावा देने के लिये प्रोत्साहित करने को भी कहा।

मित्तल ने बैंकों की वार्षिक ऋ्रण योजना के अंतर्गत की गई उपलब्धियों पर संतोष व्यक्त किया, लेकिन प्राथमिक क्षेत्र में ऋ्रण वितरण की कम उपलब्धि पर चिंता जताई। उन्होंने सभी बैंकों को जमा-ऋ्रण अनुपात ब?ाने और प्राथमिक क्षेत्र में ऋ्रण वितरण में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों और नीतियों का पालन करते हुए बैंकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अधिक से अधिक लोगों को ऋ्रण योजनाओं का लाभ मिले, जिससे आमजन और उद्यमियों को लाभ पहुंच सके। उन्होंने सभी बैंको को निर्देश दिए कि सरकार प्रायोजित योजनाओं के तहत ऋ्रण आवेदनों को समय पर मंजूरी दें। इसके अलावा बैंकिंग प्रणाली में ग्राहकों के साथ आए दिन हो रही धोखाध?ी के लिए उचित कदम उठाने तथा अधिक से अधिक ग्राहकों को जागरूक करने एव सतर्कता बरतने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर भी जोर दिया।

एसडीएम ने दूसरी तिमाही में बैंकों द्वारा लक्ष्यों के बदले उपलब्धियों की समीक्षा करते हुए बताया कि जिला के बैंकों ने मार्च 2026 तक 3167.11 करो? के ऋ्रणों के वार्षिक लक्ष्य के बदले में सितम्बर तिमाही तक 1858.44 करो? के ऋ्रण वितरित किए। बैंकों की जमा राशि 16377.99 करो? हो गयी है, इसमें 13.76 प्रतिशत वार्षिक दर से वृद्धि हुई है जबकि ऋ्रण 12.85 प्रतिशत की दर से ब? कर 4961.55 करो? हो गया है। जिला का ऋ्रण जमा अनुपात वर्ष में 30.29 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने बैंकों का ऋ्रण जमा अनुपात सुधारने के लिए बैंकों और सरकारी विभागों को भरसक प्रयत्न करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, आरबीआई द्वारा चलाये जा रहे आपका पैसा आपका अधिकार अभियान को ग्राहकों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के निर्देश दिए।

# छात्र-छात्राओं ने लिया बाल विवाह न करने का संकल्प

## बालिकाओं के स्वास्थ्य पर घातक प्रभाव डालता है बाल विवाह : डीसी आयुष सिन्हा

**जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में बाल विवाह निषेध अधिनियम की दी जानकारी**

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत आज वीरवार को उपायुक्त (डीसी) आयुष सिन्हा के मार्गदर्शन में आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भाकरी, पाली, बदरौला, कुरैशीपुर, सोतई, मच्छगर सहित अन्य कई स्कूलों में बाल विवाह के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं को यह संकल्प भी दिलाया गया कि वे किसी भी परिस्थिति में बाल विवाह नहीं करवाएंगे और न ही होने देंगे। साथ ही जागरूकता कार्यक्रमों में उन्होंने छात्र-छात्राओं को बाल विवाह न करने की शपथ भी दिलाई गयी।

संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी हेमा कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा के उन्मूलन के उद्देश्य से 27 नवंबर से जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में विशेष जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं आमजन को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना तथा समाज में इसके विरुद्ध सकारात्मक सोच विकसित करना है।

कार्यक्रम के दौरान हेमा कौशिक ने बाल विवाह से उत्पन्न होने वाले सामाजिक, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य संबंधी गंभीर दुष्परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कम उम्र में विवाह से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास बाधित होता है, शिक्षा अधूरी रह जाती है तथा विशेषकर बालिकाओं के स्वास्थ्य पर इसके दूरगामी नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं। बाल विवाह न केवल बच्चों के भविष्य को अंधकारमय बनाता है, बल्कि पूरे समाज के विकास में भी बाधा उत्पन्न करता है।

उन्होंने उपस्थित लोगों को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अंतर्गत लागू कानूनी प्रावधानों की भी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाल विवाह कानूनन अपराध है और इसमें संलिप्त पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। कानून की जानकारी से ही समाज में इस कुप्रथा को प्रभावी ढंग से रोका जा सकता है। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी नागरिकों एवं विद्यार्थियों को यह संकल्प दिलाया गया कि वे स्वयं कभी बाल विवाह नहीं करेंगे और न ही अपने आसपास या क्षेत्र में किसी भी परिस्थिति में बाल विवाह होने देंगे। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं को बाल विवाह के विरुद्ध शपथ दिलाकर उन्हें सामाजिक परिवर्तन का सक्रिय भागीदार बनने के लिए प्रेरित किया गया।

हेमा कौशिक ने यह भी अपील की कि यदि कहीं भी बाल विवाह होने की जानकारी मिले, तो उसे तत्काल रोकने का प्रयास करें और निकटतम पुलिस थाना या चौकी को सूचित करें। इसके अतिरिक्त पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 पर कॉल करके भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। उन्होंने आश्वासन दिया कि शिकायतकर्ता की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।



# शिविर में आई शिकायतों का समय में करें निपटान : एसडीएम

**जिला व उपमंडल स्तर पर सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर**

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम

**फतेहाबाद, 18 दिसंबर।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला व उपमंडल स्तर पर सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम राजेश कुमार ने आमजन की शिकायतें सुनी। एसडीएम राजेश कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों का तय समय में निपटान करवाना सुनिश्चित करें।

एसडीएम राजेश कुमार ने कहा कि आमजन को अपनी शिकायतों के निवारण के लिए समाधान शिविरों का लाभ उठाना चाहिए। समाधान शिविरों में सभी विभागों के अधिकारी मौके पर मौजूद रहकर शिकायतों का निवारण करते हैं। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों का उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है, ताकि समस्याओं का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से निवारण किया जा सके। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, बल्कि वे एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधे मिलकर अपनी समस्या का निवारण करवा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे आमजन की शिकायतों के निवारण की दिशा में तत्परता से कार्रवाई कर राहत पहुंचाने का काम करें। वहीं लंबित शिकायतों के लिए संबंधित विभाग के अधिकारी को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में यौन उत्पीड़न निवारण सप्ताह का आयोजन

**फरीदाबाद।** जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के आंतरिक शिकायत समिति (महिला प्रकोष्ठ) द्वारा ÷यौन उत्पीड़न निवारण सप्ताह÷ का आयोजन किया गया। इस सप्ताह के दौरान विभिन्न जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को यौन उत्पीड़न से संबंधित महत्वपूर्ण प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान छात्रों को कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013 के प्रमुख प्रावधानों, महिला हेल्पलाइन, संकटग्रस्त महिलाओं की सहायता हेतु वन स्टॉप सेंटर तथा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा हाल ही में लॉन्च किए गए राष्ट्रव्यापी केंद्रीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म एसएचई-बॉक्स के बारे में जागरूक किया गया।

# नशा मुक्त हरियाणा मिशन के अंतर्गत एंटी-ड्रग जागरूकता रैली व जागरूकता शिविरों का आयोजन

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), फरीदाबाद द्वारा ÷नशा मुक्त हरियाणा मिशन÷ के अंतर्गत एंटी-ड्रग जागरूकता रैली तथा दो जागरूकता शिविरों का सफल आयोजन किया गया। इन जागरूकता शिविरों का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सेक्टर-10, फरीदाबाद एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ग्राम दयालपुर में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना रहा।

यह कार्यक्रम माननीय श्री संदीप गर्ग, जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, डीएलएसए, फरीदाबाद के कुशल मार्गदर्शन में तथा श्रीमती रीतू यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव, डीएलएसए, फरीदाबाद की उपस्थिति एवं पर्यवेक्षण में आयोजित किया गया।

एंटी-ड्रग जागरूकता रैली को माननीय श्री संदीप गर्ग, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, फरीदाबाद द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर माननीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीशगण एवं अन्य न्यायिक अधिकारीगण—श्री सुधीर जीवन, पुरुषोत्तम कुमार, श्री सुरेंद्र कुमार, अजय श्री हेम राज मित्तल, सुश्री ज्योति लांबा, श्री अभिषेक फूटेला, श्री राजेश कुमार यादव, श्री संदीप यादव, सुश्री सौरभ गोसाई (प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय), श्री विजय जेम्स, श्री विनीत सपरा, श्री जितेंद्र सिंह (एसीजेएम), श्री उपेंद्र सिंह (सीजेएम) सहित फरीदाबाद न्यायालय के अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

रैली में मॉडर्न स्कूल, सेक्टर-17, फरीदाबाद के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# चौकी में प्राप्त होने वाली शिकायत 14 दिन से ज्यादा लंबित न हो : एसपी

**रोहतक पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक का किया आयोजन**

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 18 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक, रोहतक सुरेन्द्र सिंह भौरिया ने आज कार्यालय पुलिस अधीक्षक स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में जिला के सभी पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया है। बैठक में डीएसपी मुख्यालय रवि खुंडिया, डीएसपी सांपला राकेश, डीएसपी शहर गुलाब, डीएसपी महम रिषभ सोढी, सभी प्रभारी थाना/चौकी, सभी प्रभारी सीआईए स्टाफ व अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे है।

पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भौरिया ने बैठक में पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि थाना/चौकी में प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करें। सभी शिकायतों का 14 दिन के अन्दर-अन्दर निपटारा करे। 14 दिन से ज्यादा लंबित शिकायत ना हो। शिकयातकर्ता को शिकायत की रशीद अवश्य दें। उन्होंने शिकायतों पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए निपटारा करने के आदेश दिए है। अभियोगों का अनुसंधान गहनता से तथा निष्पक्ष जांच करे। आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर चालान न्यायालय में दिया जाए। आगे उन्होने कहा कि साल 2025 मे जिला मे हत्या के 53 मामले दर्ज किये गये जिनमें से 49 मामलों को हल कर आरोपियो को गिरफ्तार किया गया है। हत्या के प्रयास के 71 मामले दर्ज हुये जिनमें से 68 मामले हल किये गये। लडाई-झगडे के 361 मामले दर्ज हुये जिनमे से 340 मामलो को हल करते हुये आरोपियो को गिरफ्तार किया गया। अनसुलझे मामलों को हल करने के लिए प्रयास करें। जिन मामलों मे आरोपी फरार चल रहे है उनमें आरोपियों के संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी करते हुए उन्हें गिरफ्तार करें।

अवैध हथियार रखने वाले व बेचने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाए। सट्टा/जुआ खेलने वालो के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही करे। नशीले पदार्थो की तस्करी करने वालो के खिलाफ सख्त कार्यावाही करे। नशीले पदार्थो का कार्य करने वालों की संपत्ति चिन्हित कर सक्षम प्राधिकरण से कुर्की के आदेश करवाए। आगे उन्होने कहा कि ब्लैक फिल्म लगाना यातायात नियमों के खिलाफ है। इस संबंध में सभी प्रभारी को आदेश दिये गये थे अगर कोई भी वाहन चालक अपनी गाड़ी पर ब्लैक फिल्म लगाए हुए मिलता है तो उसका चालान किया जाए। शराब पीकर वाहन चलाने वाले, बिना नम्बर प्लेट वाहनो के चालान करे। पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रभारी थाना/चौकी को आदेश दिए कि अपराध की रोकथाम के लिए दिन व रात्रि के समय गश्त करें। सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करने व शराब पीकर हुडदंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करें। रात्रि के समय आवारागर्दी करने वाले युवकों के साथ सख्ती से निपटा जाए। अपराध पर लगाम लगाने व अपराधियों के साथ सख्ती से निपटने के आदेश दिए गए है।

# मोरनी रोड पर मवेशियों को पहनाई गई रिफ्लेक्टर बेल्ट, कोहरे में नहीं होंगे हादसे

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** मोरनी में गांव थापली के मुख्य मार्ग पर घूम रहे आवारा मवेशी कब हादसे की वजह बन जाएं, खा नहीं जा सकता। लेकिन कोहरे में या रात के समय में वाहन चालकों की सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस की ओर से मवेशियों को रिफ्लेक्टर बेल्ट पहनाई गई है।

पंचकूला ट्रैफिक पुलिस ने थापली रोड पर पशुओं को रिफ्लेक्टर बेल्ट पहनाने से वाहन चालक व लावारिस पशु महफूज होंगे। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले पुलिस ने कालका-शिमला हाईवे व पंचकूला-यमुनानगर हाईवे पर भी लावारिश पशुओं को रिफ्लेक्टर बेल्ट पहनाए थे।

डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि हमारी टीम ने यह भी सुनिश्चित किया कि बेल्ट सही तरीके से लगे हों और पशुओं को असुविधा न हो।



सूरजपुर ट्रैफिक एसएचओ अभिषेक और उनकी पूरी टीम ने पंचकूला से मोरनी वाया थापली रोड पर गश्त कर सभी लावारिश पशुओं को पहले ढूंढा और उन्हें रिफ्लेक्टर बेल्ट पहनाए।

उन्होने आगे बताया कि हाईवे पर अचानक पशुओं के आ जाने से सड़क हादसों की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। ऐसी घटनाओं में न केवल वाहन चालकों की जान को ख़तरा होता है बल्कि बेसहारा पशु भी गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक पुलिस द्वारा यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है, ताकि रात के समय दूर से ही वाहन चालकों को पशु स्पष्ट नजर आ सकें और दुर्घटनाओं की आशंका कम हो सके। इससे पहले भी पुलिस ने कालका-शिमला हाईवे व पंचकूला-यमुनानगर हाईवे पर लावारिश पशुओ को रिफ्लेक्टर बेल्ट पहनाई थी जिसे स्थानीय लोगो ने काफी सराहा था।

# सड़क सुरक्षा के तहत फतेहाबाद में वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टिव टेप

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम



**फतेहाबाद, 18 दिसंबर।** सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत वीरवार को शहर फतेहाबाद में आरटीए कार्यालय द्वारा एक विशेष जागरूकता एवं सुरक्षा अभियान चलाया गया। इस अभियान की अध्यक्षता आरटीए सचिव संजय बिश्नोई ने की। अभियान के दौरान सड? दुर्घटनाओं की रोकथाम और विशेषकर धुंध के मौसम में वाहन चालकों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई।

अभियान में सहायक सचिव रिशिपाल, परिवहन निरीक्षक विकास ठकराल, उप-परिवहन निरीक्षक शिल्पा सहित अन्य टीम सदस्यों ने भूना चौक, अनाज मंडी, बस स्टैंड व जिले के अन्य प्रमुख स्थानों पर ट्रैक्टर-ट्रॉली, ई-रिक्शा, ऑटो-रिक्शा सहित विभिन्न वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाए।

इस अवसर पर वाहन चालकों को रिफ्लेक्टिव टेप के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्हें समझाया गया कि धुंध व कम दृश्यता के समय यह टेप दूर से ही वाहनों की पहचान कराने में सहायक होती है, जिससे सामने से आने वाले वाहन चालक सतर्क हो जाते हैं और दुर्घटनाओं की संभावना कम होती है। आरटीए अधिकारियों ने सभी वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन कर सड? सुरक्षा में सहयोग करने की अपील की।

# एनएसएस शिविर में एमसीएम द्वारा किशोर पोषण पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** सामुदायिक सहभागिता और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति अपनी सतत प्रतिबद्धता के अंतर्गत, मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय, चंडीगढ़ ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खुड़ा अली शेर में आयोजित सात दिवसीय आवासीय एनएसएस शिविर के उद्घाटन दिवस पर अकादमिक सहयोग प्रदान किया।

गृह विज्ञान-विभाग की अध्यक्ष एवं पोषण विशेषज्ञ डॉ. हरजोत कौर मान ने ÷न्यूट्रीशन अमंग एडोलेसेंट्स ¬ डिकोडिंग हेल्थी फ़ाउंडेशंस÷ विषय पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। इस सत्र में कक्षा बारहवीं के 50 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। व्याख्यान का उद्देश्य स्वस्थ आहार संबंधी आदतों तथा शारीरिक विकास, शैक्षणिक प्रदर्शन और दीर्घकालिक स्वास्थ्य में उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। इंटरएक्टिव सत्र के दौरान विद्यार्थियों को संतुलित आहार के मूल घटकों—कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, विटामिन, खनिज एवं जल तथा शरीर में उनकी विशिष्ट भूमिकाओं से अवगत कराया गया। दैनिक पोषण आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु स्थानीय रूप से उपलब्ध, किफायती एवं मौसमी खाद्य पदार्थों के महत्व पर विशेष बल दिया गया। डॉ. मान ने किशोरों में पाई जाने वाली सामान्य पोषण संबंधी समस्याओं जैसे एनीमिया, कुपोषण, मोटापा तथा सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने आयरन युक्त भोजन, हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए कैल्शियम तथा पर्याप्त प्रोटीन सेवन की आवश्यकता को रेखांकित किया।

# रोहोम्स ने ट्राइसिटी में अनुकूलित व डिजाइन किए गए फर्नीचर और इंटीरियर पेश किए

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** ओमना मक्कर द्वारा स्थापित लक्जरी फर्नीचर और इंटीरियर डेकोर ब्रांड रोहोम्स ने गुरुवार को पंचकुला में अपना फ्लैगशिप स्टोर लॉन्च किया। इसके साथ ही ट्राइसिटी में पूरी तरह से डिज़ाइन किए गए और अनुकूलित फर्नीचर और इंटीरियर का पहला ब्रांड सामने आया है। स्टोर में चुनिंदा और समकालीन डिज़ाइनों के साथ-साथ परिष्कृत सजावटी सामान भी उपलब्ध हैं, जो स्टाइल और बजट से समझौता किए बिना लक्जरी इंटीरियर को सुलभ बनाते हैं। सहारनपुर और देहरादून में 8+ वर्षों के सफल संचालन और पूरे भारत में ग्राहकों को सेवा प्रदान करने के बाद, रोहोम्स अब अपनी विशेषज्ञता और शिल्प कौशल को पंचकुला में लेकर आया है।



यह स्टोर घर मालिकों, वास्तुकारों, इंटीरियर डिजाइनरों और सजावट के शौकीनों की जरूरतों को पूरा करता है, जो दीवार से लेकर फर्श तक, फर्नीचर, फर्श, कालीन, बिस्तर और संपूर्ण गृह सज्जा सहित व्यक्तिगत डिजाइन समाधान चाहते हैं। रोहोम्स की इन-हाउस विनिर्माण क्षमता यह सुनिश्चित करती है कि ठोस लकड़ी के फर्नीचर से लेकर सजावटी वस्तुओं तक, हर एक वस्तु को एक ही छत के नीचे डिजाइन, तैयार और अंतिम रूप दिया जाता है, जिससे बजट के अनुकूल रहते हुए सर्वोत्तम गुणवत्ता की गारंटी मिलती है।

**खेलकूद** IIM रोहतक में स्पोर्ट्स मैनेजमेंट के नए बैच का आगाज, मनु भाकर भी बनीं प्रतिभागी

# खेलों के समग्र विकास में मैनेजमेंट की शिक्षा भी जरूरी : श्याम सिंह

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 18 दिसंबर।** भारत में खेलों के समग्र विकास के लिए सिर्फ प्रतिभा नहीं, बल्कि, गुणवत्तापूर्ण और संरचित स्पोर्ट्स मैनेजमेंट शिक्षा की भी उतनी ही आवश्यकता है।÷ यह बात ढ्ढद्धरू रोहतक में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स मैनेजमेंट (द्रक्क्षस्रू) के सातवें बैच के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि सांसद श्याम सिंह यादव ने कही।

उन्होंने छात्रों से जीवन से सीखने, अनुशासन अपनाने और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने खेल प्रशासन में पूर्व खिलाड़ियों की सीमित भागीदारी, बुनियादी ढांचे की कमी और नौकरशाही अड़चनों जैसी चुनौतियों पर भी खुलकर बात की। भारतीय प्रबंधन संस्थान रोहतक में 18 दिसंबर 2025 को आयोजित इस समारोह के साथ देश के इकलौते ढ्ढद्धरू द्वारा संचालित स्पोर्ट्स मैनेजमेंट डिप्लोमा के नए बैच की औपचारिक शुरुआत हुई। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक, फैकल्टी सदस्य और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। नए बैच की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि इसमें दो बार की ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और विश्व चैंपियनशिप पदकधारी निशानेबाज़ मनु भाकर भी प्रतिभागी के रूप में शामिल हैं। उनके साथ कई अन्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी। भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बने हैं। कार्यक्रम में स्वागत संबोधन देते हुए ढ्ढद्धरू रोहतक के निदेशक प्रो. धीरज शर्मा ने कहा कि स्पोर्ट्स मैनेजमेंट का यह कार्यक्रम भारत के खेल पारिस्थितिकी तंत्र को पेशेवर और संगठित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि यह डिप्लोमा खेल विपणन, वित्त, इवेंट मैनेजमेंट, खेल कानून और प्रशासन जैसे क्षेत्रों में व्यावहारिक और अकादमिक समझ विकसित करता है। प्रो. शर्मा के अनुसार भारत का खेल उद्योग लगभग 40 हजार करोड़ रुपये का हो चुका है और आने वाले वर्षों में इसमें प्रशिक्षित स्पोर्ट्स मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स की भारी मांग रहेगी।

मुख्य अतिथि श्याम सिंह यादव ने अपने संबोधन में छात्रों को ÷स्पोर्ट्स मेंटलिटी÷ अपनाने की सलाह दी और कहा कि नियमित व्यायाम, खेल और शारीरिक गतिविधियां न सिर्फ स्वास्थ्य बल्कि जीवन में अनुशासन और आत्मविश्वास भी बढ़ाती हैं। उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा कि खेलों से मिली सीख ने उन्हें जीवन और सार्वजनिक सेवा में मजबूती प्रदान की।

# ब्लॉक समिति व जिप चुनावों में आप की जीत पर पंचकूला में झूमे कार्यकर्ता

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** आम आदमी पार्टी पंचकूला टीम ने पंजाब में हाल ही में संपन्न ब्लॉक समिति एवं जिला परिषद चुनावों में पार्टी की अविश्वसनीय और प्रचंड जीत पर हर्ष और उत्साह व्यक्त किया है। इस ऐतिहासिक विजय की खुशी में गुरुवार पंचकूला में आम आदमी पार्टी की टीम व समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ जश्न मनाया, नृत्य किया और सभी के बीच मिठाइयां वितरित की। उत्साहपूर्ण माहौल यह दर्शाता है कि जनता का भरोसा आम आदमी पार्टी की नीतियों और कार्यशैली पर लगातार मज़बूत हो रहा है। पंचकूला में प्रमुख रूप से ओम प्रकाश गुर्जर (चेयरमैन, ज्वाइनिंग कमेटी), सुरेन्द्र राठी (लोकसभा अध्यक्ष), राहुल भारतीय गुप्ता (चेयरमैन, ज़िला पंचकूला), राजीव मनोचा (ज़िला अध्यक्ष), अजमेर सिंह (ज़िला सचिव), जंग बहादुर (अध्यक्ष, व्यापार सेल), बिनोद कुमार (ज़िला अध्यक्ष, एस.सी. सेल), बीना रानी (ज़िला उपाध्यक्ष), विनोद कुमार (ब्लॉक अध्यक्ष), मंजेश कुमरा (ब्लॉक अध्यक्ष), साहिब दीन (आप नेता) तथा मुकेश कमल (नव-निर्वाचित ब्लॉक समिति सदस्य, डेराबस्सी, पंजाब) शामिल रहे। उन्होंने कहा कि यह जीत ईमानदार राजनीति की जीत है, जो आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के दूरदर्शी नेतृत्व और पंजाब के यशस्वी मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान के जनकल्याणकारी शासन का प्रतिफल है। आम आदमी पार्टी पंचकूला टीम का मानना है कि पंजाब की यह प्रचंड जीत आगामी पंचकुला नगर निगम चुनावों पर गहरा प्रभाव डालेगी। हमें पूर्ण विश्वास है कि आम आदमी पार्टी नगर निगम की बहुमत सीटों के साथ-साथ महापौर पद भी जीतेगी।

# सातवें वेतन आयोग के बाद आठवां वेतन आयोग- समय, सिफारिशें,संभावित वेतन वृद्धि और एरियर का समग्र विश्लेषण

राजकोषीय घाटे, सरकारी खर्च और आगामी आर्थिक प्राथमिकताओं को देखते हुए आठवां वेतन आयोग संभवतः 2027 के अंत या 2028 की शुरुआत में ही लागू किया जाएगा।

महंगाई दर,स्वास्थ्य और शिक्षा खर्च आवास लागत, शहरीकरण और तकनीकी परिवर्तन बढ़ने से नया वेतन आयोगलागू करना आर्थिक अनिवार्यता बन चुका है- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर भारत में केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए वेतन आयोग केवल वेतन संशोधन का माध्यम नहीं होते,बल्कि यह सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा, जीवन -स्तर, उपभोग क्षमता और मध्यवर्गीय स्थिरता का सबसे बड़ा आधार होते हैं। सातवें केंद्रीय वेतन आयोग का 10 वर्षीय कार्यकाल 31 दिसंबर 2025 को समाप्त हो रहा है,और इसके साथ ही देश का ध्यान स्वाभाविक रूप से आठवें केंद्रीय वेतन आयोग पर केंद्रित हो गया है।यह केवल वेतन वृद्धि का सवाल नहीं है, बल्कि यह प्रश्न भी है कि महंगाई, जीवन-यापन की बढ़ती लागत, रियल इनकम में गिरावट और भविष्य की आर्थिक चुनौतियों के बीच सरकार अपने कर्मचारियों को किस तरह का संरचनात्मक संरक्षण देती है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि भारत में परंपरागत रूप से यह देखा गया है कि किसी भी वेतन आयोग की रिपोर्ट आने के बाद सरकार उसे लागू करने से पहले तीन से छह महीने तक वित्त मंत्रालय,कार्मिक विभाग और कैबिनेट स्तरपर विचार- विमर्श करती है। इसी कारण यह लगभग तय माना जा रहा है कि आठवां वेतन आयोग जनवरी 2026 से लागू नहीं हो पाएगा।

साथियों बात अगर हम सातवें वेतन आयोग की समाप्ति और आठवें वेतन आयोग की आवश्यकता को समझने की करें तो,सातवें वेतन आयोग को वर्ष 2016 में लागू किया गया था। तब से लेकर अब तक देश की आर्थिक परिस्थितियों में भारी बदलाव आए हैं। महंगाई दर, स्वास्थ्य और शिक्षा खर्च, आवास लागत,शहरीकरणऔर तकनीकी परिवर्तन इन सभी ने सरकारी कर्मचारियों की वास्तविक आय पर दबाव डाला है।हालाँकि महंगाई भत्ता समय-समय पर बढ़ता रहा, लेकिन वेतन संरचना मूल रूप से वही बनी रही। यही कारण है कि 31 दिसंबर 2025 के बाद नया वेतन आयोग केवल औपचारिकता नहीं बल्कि आर्थिक अनिवार्यता बन चुका है।सरकार द्वारा गठित आठवें केंद्रीय वेतन आयोग की अध्यक्षता सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति रंजना देसाई कर रही हैं। यह नियुक्ति यह संकेत देती है कि आयोग से न्यायपूर्ण, संतुलित और संवैधानिक दृष्टि से सुदृढ़ सिफारिशों की अपेक्षा की जा रही है।आयोग को निम्नलिखित प्रमुख क्षेत्रों पर सिफारिशें देनी हैं वेतन संरचना के साथ फिटमेंट फैक्टर विभिन्न प्रकार के भत्ते, रिटायरमेंट लाभ, पेंशन और पारिवारिक पेंशन,ग्रेच्युटी और अन्य सामाजिक सुरक्षा उपाय।सरकार ने आयोग को लगभग 18 महीने का समय दिया है।टर्म्स ऑफ रेफरेंस और रिपोर्ट की संभावित समयसीमा-आठवें वेतन आयोग के टर्म्स ऑफ रेफरेंस अक्टूबर 2025 में जारी किए गए हैं। इसके बाद आयोग ने अपना काम औपचारिक रूप से शुरू किया।वर्तमान अनुमानों के अनुसार-(1) आयोग की रिपोर्ट अप्रैल 2027 तक आने की उम्मीद है (2) रिपोर्ट आने के बाद सरकार आमतौर पर 3 से 6 महीने विचार-विमर्श और वित्तीय मूल्यांकन में लगाती है (3) इसका सीधा अर्थ यह है कि जनवरी 2026 में नया वेतन आयोग लागू होना लगभग असंभव है।

साथियों बात अगर हम आठवां वेतन आयोग कब लागू हो सकता है? इसको समझने की करें तो वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी स्पष्ट कर चुके हैं कि, आठवें केंद्रीय वेतन आयोग को लागू करने की तारीख और फंडिंग पर फैसला बाद में लिया जाएगा,इस बयान का नीतिगत अर्थ यह है कि सरकार फिलहाल कोई पूर्व-निर्धारित तारीख घोषित नहीं करना चाहती, ताकि राजकोषीय संतुलन और राजनीतिक परिस्थितियों के अनुसार निर्णय लिया जा सके।विश्लेषकों की आम राय है कि, 2027 के अंत या 2028 की शुरुआत में आठवां वेतन आयोग लागू हो सकता है।फिटमेंट फैक्टर क्या होता है और इसका महत्व -फिटमेंट फैक्टर वह गुणांक होता है जिसके माध्यम से पुराने वेतन को नए वेतन ढांचे में बदला जाता है।सातवें वेतन आयोग में फिटमेंट फैक्टर 2.57 था। इसका अर्थ यह था कि,नया मूल वेतन = पुराना मूल वेतन म 2.57 आठवें वेतन आयोग में फिटमेंट फैक्टर को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा है, क्योंकि यही कर्मचारियों की सैलरी बढ़ोतरी का आधार बनेगा।

साथियों बात अगर हम निजी वित्तीय अनुसंधान संस्था एम्बिट कैपिटल का अनुमान को समझने की करें तो आठवें वेतन आयोग में कुल मिलाकर 30 से 34 प्रतिशत तक वेतन और पेंशन में वृद्धि हो सकती है। इस वृद्धि की प्रक्रिया यह होगी कि पहले मौजूदा महंगाई भत्ते को बेसिक सैलरी में मर्ज किया जाएगा और उसके बाद नए फिटमेंट फैक्टर के आधार पर वेतन संरचना लागू की जाएगी।कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में 50 से 54 प्रतिशत तक वेतन वृद्धि की बात भी सामने आई है, लेकिन अधिकांश अर्थशास्त्री और नीति विशेषज्ञ इस संभावना को कम मानते हैं क्योंकि इतनी बड़ी वृद्धि से केंद्र सरकार के राजकोषीय संतुलन परअत्यधिक दबाव पड़ेगा। यदि व्यावहारिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो आठवें वेतन आयोग में फिटमेंट फैक्टर 1.8 से 2.1 के बीच रह सकता है। इसका अर्थ यह होगा कि वास्तविक वेतन वृद्धि लगभग 30 से 34 प्रतिशत के दायरे में सीमित रहेगी, जो सरकार और कर्मचारियों दोनों के लिए एक संतुलित समाधान माना जा सकता है। उदाहरण के तौर पर यदि किसी कर्मचारी का वर्तमान बेसिक वेतन 18,000 रूपए है और उस पर लगभग 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा है, तो कुल प्रभावी वेतन 27,000 रूपए के आसपास होता है। जब इस महंगाई भत्ते को बेसिक में जोड़ दिया जाएगा, तो नया बेसिक 27,000 रूपए माना जाएगा। यदि इस पर 1.9 का फिटमेंट फैक्टर लागू किया जाता है, तो नया बेसिक वेतन 51,300 रूपए के करीब पहुंच सकता है। यह वृद्धि दिखने में बहुत बड़ी लगती है, लेकिन वास्तव में यह महंगाई भत्ते के समायोजन के बाद की वास्तविक वृद्धि है।




साथियों बात अगर हम आठवें वेतन आयोग का प्रभाव केवल कार्यरत कर्मचारियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पेंशनभोगियों के लिए भी यह अत्यंत महत्वपूर्ण होगा, इसको समझने की करें तो,पेंशन आमतौर पर अंतिम बेसिक वेतन का 50 प्रतिशत होती है, इसलिए जब बेसिक वेतन में वृद्धि होगी तो पेंशन में भी समानुपातिक बढ़ोतरी होगी। यदि किसी पेंशनभोगी की मौजूदा पेंशन 20,000 रूपए है और महंगाई भत्ते को जोड़कर यह 30,000 के आसपास पहुंच चुकी है, तो नए वेतन ढांचे में 1.9 फिटमेंट फैक्टर लागू होने पर संशोधित पेंशन लगभग 28,500 से 30,000 रूपए के बीच हो सकती है। यह वृद्धि बुजुर्ग पेंशनरों के लिए जीवन-यापन में बड़ी राहत लेकर आएगी।सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि यदि आठवां वेतन आयोग 2028 में लागू होता है तो कर्मचारियों और पेंशनरों को कितना एरियर मिलेगा। यदि यह मान लिया जाए कि आयोग की सिफारिशें जनवरी 2026 से प्रभावी मानी जाएं, लेकिन वास्तविक भुगतान जनवरी 2028 से शुरू हो, तो कुल 24 महीनों का एरियर बनता है। यदि किसी कर्मचारी की मासिक वेतन वृद्धि 15,000 रूपए है,तो दो वर्षों का एरियर 3,60,000रूपए तक हो सकता है। इसी तरह यदि किसी पेंशनभोगी की मासिक पेंशन वृद्धि 6,000 रूपए है, तो उसका एरियर लगभग 1,44,000 रूपए हो सकता है। यह एरियर एकमुश्त दिया जाएगा या किश्तों में, इसका निर्णय सरकार अपनी वित्तीय स्थिति के अनुसार करेगी। यह भी ध्यान देने योग्य है कि आठवें वेतन आयोग के लागू होने से केंद्र सरकार पर लाखों करोड़ रुपये का अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ेगा। इसका प्रभाव केवल केंद्र तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि राज्यों पर भी अप्रत्यक्ष दबाव आएगा क्योंकि अधिकांश राज्य केंद्र के वेतन आयोग के अनुरूप अपने कर्मचारियों का वेतन संशोधित करते हैं। इसी कारण सरकार अत्यधिक सतर्कता के साथ इस पूरी प्रक्रिया को आगे बढ़ा रही है और किसी भी जल्दबाजी से बचना चाहती है।

अतः अगर हम ऑपरेट पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि आठवां केंद्रीय वेतन आयोग केवल वेतन बढ़ोतरी का दस्तावेज नहीं होगा, बल्कि यह सरकारी कर्मचारियों की आर्थिक गरिमा,पेंशनभोगियों की सामाजिक सुरक्षा और सरकार की राजकोषीय जिम्मेदारी के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रयास होगा। भले ही यह आयोग जनवरी 2026 में लागू न हो पाए, लेकिन 2027 के अंत या 2028 की शुरुआत में इसके लागू होने की प्रबल संभावना है। उस समय तक कर्मचारियों को न केवल संशोधित वेतन मिलेगा, बल्कि बड़े एरियर के रूप में एकमुश्त आर्थिक राहत भी प्राप्त हो सकती है, जो मौजूदा महंगाई और आर्थिक दबावों के बीच उनके लिए एक महत्वपूर्ण सहारा सिद्ध होगी।

## नए साल में फोरलेन सड़कों और फ्लाईओवर का दिखेगा विशाल संजाल

### -मार्च 2026 तक गोरखपुर में फोरलेन सड़कों से जुड़ी पांच महत्वपूर्ण परियोजनाएं हो जाएंगी पूर्ण
### -इसी अवधि तक चार ओवरब्रिज-फ्लाईओवर भी बनकर हो जाएंगे तैयार
### -मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मॉनिटरिंग से कार्यों में आई तेजी



अर्थ प्रकाश / गोरखपुर, 18 दिसंबर। नए साल में गोरखपुर में फोरलेन सड़कों और फ्लाईओवर का विशाल संजाल नजर आएगा। मार्च 2026 तक फोरलेन सड़कों से जुड़ी पांच महत्वपूर्ण परियोजनाएं पूर्ण हो जाएंगी। इसी अवधि तक चार ओवरब्रिज-फ्लाईओवर भी बनकर हो तैयार हो जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा की जा रही मॉनिटरिंग और समीक्षा से निर्माण कार्यों में तेजी आई है।

अगले तीन-साढ़े तीन माह में पूरी होने वाली रोड कनेक्टिविटी से जुड़ी फोरलेन और ओवरब्रिज-फ्लाईओवर की परियोजनाओं से शहर के आंतरिक और वाह्य आवागमन को सुगम कर देंगी। देवरिया बाईपास इनमें सबसे पहले बनकर तैयार होने वाली फोरलेन सड़क होगी। देवरिया बाईपास रोड का फोरलेन में चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण कार्य मार्च 2023 में शुरू हुआ था और जनवरी 2026 के अंत तक इसे पूरा करने का लक्ष्य है। कुल 9.50 किमी लंबी सड़क को फोरलेन में परिवर्तित करने में 399.24 करोड़ रुपये की लागत आएगी। वर्तमान में निर्माण कार्य की भौतिक प्रगति 95 फीसद है।

पैडलेगंज से फिराक गोरखपुरी चौक होते हुए बेतियाहाता चौराहे तक 1.80 किमी सड़क को भी फोरलेन बनाने का तेजी से हो रहा है। 277.78 करोड़ रुपये की लागत वाली इस फोरलेन सड़क परियोजना के मार्च 2026 तक पूरी तरह बन जाने की उम्मीद है। 11.60 किमी की लंबाई में भटहट से बांसस्थान मार्ग को 689.35 करोड़ रुपये की लागत से फोरलेन बनाया जा रहा है। इसका निर्माण मार्च 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके पूरी तरह बन जाने से आयुष विश्वविद्यालय आने-जाने वालों की यात्रा काफी आसान हो जाएगी।

नौसढ़ से पैडलेगंज की सड़क शहर की ऐसी पहली सड़क होगी जिसे सिक्सलेन में तब्दील किया जा रहा है। 5.10 किमी लंबे इस मार्ग पर करीब 94 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके निर्माण पर 297.29 करोड़ रुपये की लागत आएगी। कार्य मार्च 2026 तक पूरा किया जाना लक्षित है। जिला जेल बाईपास मार्ग को भी फोरलेन में चौड़ीकृत-सुदृढ़ीकृत करने का काम जारी है। 8.56 किमी लंबी इस सड़क को फोरलेन बनाने में 369.04 करोड़ रुपये की लागत आ रही है। वर्तमान में निर्माण की भौतिक प्रगति 96 प्रतिशत है और मार्च 2026 तक इसे पूर्ण किया जाना है। इन सड़कों में से देवरिया बाईपास का निर्माण कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड द्वारा जबकि भटहट-बांसस्थान, नौसढ़-पैडलेगंज, जिला जेल बाईपास और पैडलेगंज-फिराक गोरखपुरी चौक मार्ग का लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड तीन द्वारा कराया जा रहा है।

**मार्च 2026 तक ये फ्लाईओवर व ओवरब्रिज बनकर हो जाएंगे तैयार**

-बरगदवा चौराहा से नकहा जंगल-मानीराम स्टेशनों के मध्य समपार संख्या 5ए पर ओवरब्रिज, लागत 152.19 करोड़ रुपये, पूर्ण करने का लक्ष्य जनवरी 2026, भौतिक प्रगति 97 प्रतिशत से अधिक।

-चौरीचौरा-भोपा बाजार में समपार संख्या 147बी पर रेल ओवरब्रिज, लागत 49.22 करोड़ रुपये, पूर्ण करने का लक्ष्य फरवरी 2026, भौतिक प्रगति सेतु निगम भाग 98 प्रतिशत।

-खजांची चौराहा पर फ्लाईओवर, लागत 96.50 करोड़ रुपये, पूर्ण करने का लक्ष्य जनवरी 2026, भौतिक प्रगति 98.84 प्रतिशत।

-नौसढ़-पैडलेगंज मार्ग पर सिक्सलेन फ्लाईओवर तथा देवरिया बाईपास कनेक्टिंग फ्लाईओवर, लागत 429.49 करोड़ रुपये, पूर्ण करने का लक्ष्य जनवरी 2026, भौतिक प्रगति करीब 80 प्रतिशत।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम योगी ने अंतिम पायदान पर खड़े समाज का बदला भविष्य, रिकॉर्ड पौने चार लाख पक्के मकान आवंटित

अर्थ प्रकाश/ लखनऊ, 18 दिसंबर । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आदिवासियों, दैवीय आपदा पीड़ितों, दिव्यांगजनों और समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े वंचित वर्गों को रिकॉर्ड 3.72 लाख पक्के मकान आवंटित किए गए हैं। यह उपलब्धि योगी सरकार की उस प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जिसमें विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण की शुरुआत फरवरी 2018 में की गई थी। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले आवासहीन और अत्यंत जरूरतमंद परिवारों को सम्मानजनक पक्का घर उपलब्ध कराना है।

**सबसे जरूरतमंदों को सबसे पहले आवास-** योगी सरकार ने आवास आवंटन में स्पष्ट रूप से जरूरत और संवेदनशीलता को आधार बनाया है। दैवीय आपदा पीड़ितों को सर्वाधिक 93,300 पक्के मकान जबकि दिव्यांगजनों को 91,062 आवास आवंटित किए गए हैं। इसके अलावा मुसहर समुदाय को 50,000 से अधिक आवास, निराश्रित विधवा महिलाओं को 41,000 से अधिक मकान आवंटित हुए। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि योगी सरकार की नजर उन वर्गों पर है, जो कई दशकों तक सरकारी योजनाओं से दूर रहे।

वनटांगिया से बंजारा तक जिन्हें कभी हक नहीं मिला, उन्हें मिला अपना घर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वनटांगिया, मुसहर, थारू, कोल, सहरिया, चेरो, बैगा, नट और बंजारा जैसे अति पिछड़े और वंचित समुदायों को पहली बार बड़े पैमाने पर पक्का आवास उपलब्ध कराया गया है। ये वही वर्ग हैं, जो पहले केवल आंकड़ों में थे, लेकिन योजनाओं में नहीं। अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन से इन्हें अपना हक मिला है।

### योगी सरकार वर्ष 2026 में युवाओं को देगी डेढ़ लाख सरकारी नौकरियों की सौगात

अर्थ प्रकाश/ लखनऊ, 18 दिसंबर- योगी सरकार प्रदेश के युवाओं को अगले वर्ष बड़ा तोहफा देने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में एक उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों से विभागवार सरकारी नौकरी के खाली पदों की डिटेल मांगी थी, ताकि खाली पदों पर नियुक्ति की जा सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समीक्षा के बाद वर्ष 2026 में प्रदेश के युवाओं को डेढ़ लाख सरकारी नौकरी देने की अनुमति दे दी है। ये नौकरियां पुलिस, शिक्षा, राजस्व, आवास विकास समेत प्रदेश विभिन्न विभागों में दी जाएगी। इसमें सबसे अधिक पुलिस और शिक्षा विभाग में भर्तियां होंगी। इसी के साथ 2026 में योगी सरकार के नाम सबसे अधिक सरकारी नौकरी देने का रिकार्ड भी दर्ज हो जाएगा। योगी सरकार प्रदेश में पहली सरकार होगी, जिसने दस वर्षों में दस लाख सरकारी नौकरी देने की सौगात दी।

**पारदर्शी और निष्पक्ष भर्ती से युवाओं में बढ़ा योगी सरकार का विश्वास-** योगी सरकार ने पिछले साढ़े आठ वर्षों में प्रदेश के युवाओं को विभिन्न विभागों में साढ़े आठ लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी है। यह सभी भर्तियां पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से हुईं। इससे प्रदेश के युवाओं का योगी सरकार पर भरोसा मजबूत हुआ है। पहले की सरकारों में उत्तर प्रदेश में सरकारी भर्तियों में पारदर्शी माहौल नहीं था।

**दस साल में रिकॉर्ड दस लाख सरकारी नौकरियां -** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सीएम योगी ने प्रदेश के विभिन्न विभागों के खाली पदों की जानकारी मांगी। सूत्रों की मानें तो योगी सरकार वर्ष 2026 में पुलिस और शिक्षा विभाग में करीब 50-50 हजार पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी करेगी। इसके साथ ही राजस्व में 20 हजार पदों पर भर्ती करेगी जबकि कारागार, आवास विकास, बाल विकास पुष्टाहार, स्वास्थ्य विभाग में खाली पदों पर भी भर्ती करेगी। अलग अलग विभागों में भर्ती प्रक्रिया की विज्ञापन जाती करने के काम अंतिम चरण में है। कुछ विभागों में भर्ती प्रक्रिया शुरू भी हो चुकी है। प्रस्तावित भर्तियों की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अगले साल तक योगी सरकार पहली सरकार बन जाएगी जिसने दस साल में रिकॉर्ड दस लाख सरकारी नौकरियां दीं।

**सबसे अधिक पुलिस और शिक्षा विभाग में भर्तियां -** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रदेश के ज्यादा से ज्यादा युवाओं को पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरी देने के लिए पुलिस विभाग में अब तक 2.19 लाख पदों पर भर्ती की गयी है। इसी क्रम में सीएम योगी के निर्देश पर वर्ष 2026 में पुलिस विभाग की ओर से करीब 50 हजार पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी किया जाएगा। इसको लेकर अंतिम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## टेक्नोलॉजी और मार्केट की बारीकियां सीखकर बिजनेस वूमन बनेंगी ग्रामीण महिलाएं

महिला-नेतृत्व वाले उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आजीविका केंद्रित तकनीकों पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

सीएम योगी के निर्देश पर महिला-नेतृत्व वाले उद्यमों को दिया जा रहा बढ़ावा

लखपति दीदियों को आगे बढ़ाकर करोड़पति दीदियां बनाना इस पहल का उद्देश्य - दीपा रंजन



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लखनऊ, 18 दिसंबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महिला-नेतृत्व वाले उद्यमों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी उद्देश्य से आजीविका-केंद्रित तकनीकों पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सरकारी मिशन, तकनीक विकसित करने वाली संस्थाओं, महिला उद्यमियों और विषय विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य यह समझना था कि किस प्रकार व्यवहारिक और नवाचारी तकनीकी समाधान उत्तर प्रदेश में महिलाओं द्वारा संचालित उद्यमों को मजबूत बना सकते हैं। यह कार्यक्रम उप्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत साइंस फॉर इक्विटी, एम्पावरमेंट एंड डेवलपमेंट डिवीजन, डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स और विज्ञान आश्रम के सहयोग से आयोजित किया गया।

प्रदर्शनी में सरदार पटेल नवीकरणीय ऊर्जा अनुसंधान संस्थान ने बायोमास कुकस्टोव और सोलर फ्रिज, आईआईटी बॉम्बे-RuTAG ने सोलर हाइड्रो डिस्टिलर, RuKart ने सब्जी कूलर, किसान धरमबीर ने मल्टी-पर्पज फूड प्रोसेसर तकनीक का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उप्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने महिला उद्यमियों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि लखपति दीदियों को आगे बढ़ाकर करोड़पति दीदियां बनाना इस पहल का उद्देश्य है। उत्तर प्रदेश की एक करोड़ से अधिक महिलाएं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यक्रम से जुड़ी हैं।

**सामाजिक रूप से उपयोगी तकनीकों से जोड़ा गया**

ग्रामीण आजीविका संस्थानों की पहुंच को राष्ट्रीय स्तर की TAP-RISE (Technology Acceleration Platform for Rural Innovation and Social Entrepreneurship) पहल के अंतर्गत समर्थित सामाजिक रूप से उपयोगी तकनीकों से जोड़ा गया। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त मिशन निदेशक जनमेजय शुक्ला ने कहा कि लखपति दीदियों की सफलता, करोड़पति बनने की संभावना दिखाती है। डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्रष्टांत पाटरा, डॉ. योगेश कुलकर्णी, कार्यकारी निदेशक, विज्ञान आश्रम, कनिका वर्मा, कार्यकारी उपाध्यक्ष, डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स ने ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के तरीके बताए।

## योगी सरकार कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से किसानों को उन्नत खेती के लिए कर रही प्रेरित

### -झांसी का कृषि विज्ञान केंद्र गोद लिए गांव के किसानों को निःशुल्क दे रहा उन्नत गेहूं, गोभी और सरसों के बीज
### -गोद लिए दस गांव के चयनित किसानों को निःशुल्क बोरान उर्वरक भी कराया जा रहा उपलब्ध

अर्थ प्रकाश /झांसी। योगी सरकार कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से किसानों को उन्नत खेती और अधिक पैदावार के लिए प्रेरित कर रही है। झांसी के भरारी में स्थित कृषि विज्ञान केंद्र गोद लिए गए दस गांव के चयनित किसानों को उन्नत खेती के लिए न सिर्फ प्रेरित कर रहा है बल्कि उन्हें निशुल्क बीज और उर्वरक भी प्रदान कर रहा है। इन किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र में आमंत्रित कर कृषि वैज्ञानिक उन्नत और अधिक पैदावार के तौर तरीकों से भी परिचित करा रहे हैं।

झांसी के कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से गोद लिए गए गांव के किसानों को गेहूं की नई प्रजाति करनवंदना का बीज प्रदान किया गया है, जिसकी पैदावार परंपरागत गेहूं की तुलना में काफी अधिक होती है। सरसों की राधिका नस्ल के बीज प्रदान किए गए हैं, जिसमें शाखाएं अधिक होती हैं। इससे पैदावार अधिक होती हैं। फूलगोभी के भी उन्नत किस्म के तैयार पौधे प्रदान किए हैं, जिन्हें कृषि विज्ञान केंद्र में तैयार किया गया है। इन किसानों को बोरान उर्वरक भी प्रदान किया गया है, जो खेतों की उर्वर क्षमता बढ़ाने में सहायक होता है। कृषि विज्ञान केंद्र झांसी के वैज्ञानिक डॉ आदित्य कुमार सिंह ने बताया कि किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र में आमंत्रित कर उन्हें बीज, पौधे और उर्वरक प्रदान किए गए हैं। इन किसानों को पैदावार बढ़ाने के तौर-तरीके प्रदान करने के साथ ही निरंतर मार्गदर्शन भी प्रदान किया जा रहा है। आधुनिक तरीकों को अपनाकर किसान खेती में पैदावार बढ़ा सकते हैं।

## FCCI अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 'विकसित भारत 2047' और भारत की वैश्विक भूमिका पर मंथन

अर्थ प्रकाश /अनिल गुप्ता

**नई दिल्ली, 18 दिसंबर।** द फ़ाउंडेशन फ़ॉर क्रिटिकल चॉइसेज़ फ़ॉर इंडिया (FCCI) 19 और 20 दिसंबर 2025 को इंडिया हैबिटैट सेंटर, नई दिल्ली में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रवासी सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। इस सम्मेलन में भारतीय प्रवासी समुदाय के प्रमुख सदस्य, नीति-निर्माता, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, शिक्षाविद, विद्वान और थिंक-टैंक प्रमुख एक साथ मंच साझा करेंगे।




'भारतीय प्रवासीः भारत की प्रगति के लिए समर्पित' थीम के तहत आयोजित यह सम्मेलन प्रवासी भारतीयों को एक रणनीतिक राष्ट्रीय संपत्ति के रूप में स्थापित करने और 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की यात्रा में उनकी भागीदारी को और सशक्त करने का प्रयास है। FCCI का मानना है कि प्रवासी भारतीयों का वैश्विक अनुभव, उच्च शैक्षणिक स्तर और अंतरराष्ट्रीय पेशेवर प्रतिष्ठा नवाचार, सुशासन और सतत विकास जैसे राष्ट्रीय लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकती है।

दो दिवसीय सम्मेलन को दो प्रमुख विषयों में विभाजित किया गया है। पहले दिन 'विकसित भारतः 2047 तक भारत के भविष्य का रोडमैप' विषय पर विचार-विमर्श होगा, जिसमें आर्थिक विकास को गति देने, संस्थागत सुधार, शिक्षा, तकनीक और बुनियादी ढांचे से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। दूसरे दिन 'नई वैश्विक व्यवस्थाः वैश्विक सहमति-निर्माण में लोकतांत्रिक भारत की भूमिका' विषय पर संवाद होगा, जिसमें वैश्विक शासन, कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय विकास साझेदारियों में भारत के बढ़ते प्रभाव की समीक्षा की जाएगी।

यह सम्मेलन नीति-निर्माताओं, विचारकों और प्रभावशाली प्रवासी भारतीयों को एक साझा मंच प्रदान करेगा, जहाँ वे भारत के विकास और उसकी वैश्विक भूमिका को मजबूत करने के लिए ठोस रणनीतियाँ विकसित कर सकेंगे। FCCI का दृष्टिकोण है कि भारत केवल आर्थिक रूप से विकसित राष्ट्र ही नहीं बने, बल्कि वैश्विक सहमति-निर्माता के रूप में अंतरराष्ट्रीय संवाद और साझेदारियों का नेतृत्व भी करे।

FCCI के अनुसार, ज्ञान-विनिमय, निवेश और वैश्विक नेटवर्क के माध्यम से प्रवासी समुदाय की सामूहिक शक्ति भारत की विकास यात्रा को तेज कर सकती है और विश्व मंच पर देश की स्थिति को और सुदृढ़ बना सकती है। संगठन का मानना है कि तेजी से आपस में जुड़ती दुनिया में भारतीय प्रवासी राष्ट्र-निर्माण में एक विशिष्ट और प्रभावशाली भूमिका निभाने की क्षमता रखते हैं।

इस अवसर पर FCCI के वाइस प्रेसिडेंट और SaXcell Ltd के सीईओ डॉ. प्रमोद अग्रवाल ने कहा, 'यूरोप में बसे उच्च-प्रशिक्षित और उद्यमी भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्य होने के नाते हम अपनी जिम्मेदारी और सौभाग्य–दोनों को समझते हैं। हम भारत सरकार के साथ मिलकर सक्रिय भागीदार के रूप में योगदान देने के लिए तैयार हैं। हमारा वैश्विक अनुभव और भारत से गहरा भावनात्मक जुड़ाव हमें 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य में सार्थक योगदान देने की विशिष्ट स्थिति में लाता है।'

FCCI ने उम्मीद जताई कि यह सम्मेलन समान विचारधारा वाले संगठनों और व्यक्तियों के बीच सार्थक सहयोग को बढ़ावा देगा और भारतीय मूल की अगली पीढ़ी के वैश्विक नेताओं को प्रेरित करेगा। संगठन ने कहा कि यह आयोजन India@2047 के साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने और भारतीय संविधान के मूल्यों पर आधारित एक समृद्ध, विकसित और समावेशी राष्ट्र के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा

# भाकियू (टिकैत) किसान संगठन ने किया सरस्वतीनगर कार्यकारिणी का गठन

अर्थ प्रकाश/अवतार सिंह चुग

**यमुनानगर, 18 दिसम्बर।** संजीव राणा (संजु) कूलचंदू बने सरस्वतीनगर के प्रधान जगदीप राणा,गुरबख्श संधू,जसपाल सैनी उप प्रधान सुरेश शर्मा महेश्वरी,रणजोर राणा गोलनी,महासचिव बने* भारतीय किसान यूनियन की एक बैठक आज थानाछपर में हुई।जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ किसान नेता प्रदीप नगला ने की। बैठक में सरस्वती नगर कमेटी का गठन किया गया जिसमें संजीव राणा कुलचंदू को प्रधान ओर जगदीप राणा कान्हडी, प्रदीप राणा गोलनी,गुरबख्श संधू, जसपाल सैनी नवाशहर को उप प्रधान तथा रंजोर राणा गोलनी,जसपाल उधमगढ़ सुरेश शर्मा माहेश्वरी और भगवत दयाल शर्मा कान्हडी को महासचिव बनाया गया। जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने कहा की आज संगठन में सरस्वतीनगर की कार्यकारणी का गठन होने से संगठन को और मजबूती मिली। गुर्जर ने कहा की यह संगठन देश में नरेश टिकैत,राकेश टिकैत और युद्धवीर सिंह तथा प्रदेश में रतनमान के नेतृत्व में मजबूती से किसानों की लड़ाई लड़ रहे हैं।गुर्जर ने कहा की संगठन में इलेक्शन नहीं सिलेक्शन होता है ओर यमुनानगर जिला में भी संगठन बड़ा मजबूत है।और सभी जिला के क्रांतिकारी किसान हर समय किसान के मुददौ को लेकर चलते हैं उन्होंने कहा की प्रदेश अध्यक्ष रतनमान के नेतृत्व में जो भी किसान मजदूर की लड़ाई लड़ी गई वह सफल रही।गुर्जर ने कहा की संगठन के विस्तार और संगठन को मजबूत करने के लिए हर गांव में कमिटीयो का गठन किया जाएगा जिससे संगठन की ताकत बढ़ेगी उन्होंने सभी पदाधिकारियों के गले में हरा पटका जो संगठन की पहचान और ताकत है डालकर सबका सम्मान किया।और सबको बधाई दी।नवनियुक्त प्रधान सजीव राणा ने कहा की संगठन की जो जिम्मेदारी दी है उसको वह इमानदारी और मजबूती से निभाएंगे।आज मौके पर प्रदीप नगला महेंद्र कांबोज चमरोड़ी, नरेश मोहडी जिला महासचिव, बजिंदर राणा गोलनी, सुखदेव सलेमपुर जसबीर मांरवा, जसविंदर अजीजपुर



नायब सलेमपुर,अमृतपाल,अमरजीत सलेमपुर जगमाल सिंह,सौरभ राणा विक्रम राणा गौरव शर्मा महेंद्र सूडैल,अशोक आहुजा पवन गोयल दामला,राजेश चमरोडी,आदि किसान शामिल हुए।

## एक्सप्रेस-वे पर गाड़ियां अब 60 की स्पीड में चलेंगी ~ नियम तोड़ने पर लगेगा भारी जुर्माना.. सीएम योगी मथुरा हादसे के बाद सख्त,

अर्थ प्रकाश/ अनिल गुप्ता अर्थ प्रकाश दिल्ली। मथुरा हादसे में 19 मौतों के बाद सीएम योगी एक्शन में हैं।सरकार ने आगरा और पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे पर गाड़ियों की स्पीड लिमिट तय कर दी है।दोनों एक्सप्रेस–वे पर अभी तक छोटे वाहन (कार/जीप) ड्राइवरों को अधिकतम 120 किमी प्रति घंटे की स्पीड से चलने की परमिशन थी।अब इसे घटाकर 80 किमी कर दिया गया है। वहीं बड़े वाहन (बस/ट्रक) की स्पीड लिमिट 100 से घटाकर 60 किमी प्रति घंटे की गई है।इससे अधिक स्पीड में चलने पर 2 से 4 हजार रुपए तक जुर्माना लग सकता है।वाहनों की स्पीड लिमिट अगले 2 महीने तक लागू रहेगी।जल्द ही प्रदेश सरकार इस संबंध में गाइडलाइंस जारी करेगी। यमुना विकास प्राधिकरण ने इसे लेकर निर्देश दिए हैं।विजिबिलिटी जीरो से 50 मीटर होने पर गाड़ियां आगे नहीं जाने दी जाएंगी।इन्हें एक्सप्रेस वे पर बने फैसिलिटी सेंटर पर ही रोक लिया जाएगा। विजिबिलिटी होने पर ही गाड़ियों को आगे रवाना किया जाएगा। एक्सप्रेस वे पर यूपीडा कर्मचारी जगह–जगह तैनात रहेंगे।उनके साथ क्रेन और एम्बुलेंस भी रहेगी।टोल प्लाजा पर लाउडस्पीकर के जरिए चालकों को कोहरे की स्थिति और नई गाइडलाइंस की जानकारी देंगे।साथ ही पुलिसकर्मी भी लोगों को जागरूक करेंगे।

## दिल्ली को मिली 100 नई ईवी बसों की सौगात



अर्थ प्रकाश/दिल्ली में पब्लिक ट्रांसपोर्ट को लेकर एक बड़ी पहल आज देखने को मिली है मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और परिवहन मंत्री पंकज सिंह ने आज 100 नई इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखा दिया है इन नई ईवी बसों के ज़रिए दिल्ली सरकार का लक्ष्य प्रदूषण कम करने और यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित और सुविधाजनक सफर उपलब्ध कराने का है वही इसके साथ ही धौला कुआं से धारूहेड़ा तक नई बस सेवा का भी शुभारंभ किया गया जिससे दिल्ली और हरियाणा के बीच रोज़ाना आने–जाने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिली है

## अयोध्या धाममहोत्सव में शहीदों के सम्मान में श्रद्धांजलि समारोह का होगा आयोजन

अर्थ प्रकाश/ हनुमानशरण पांडे /अयोध्या । जिलेके नीलकंठ लॉन, नाका में 19 दिसंबर 2025 से 2 जनवरी 2026 तक 'अयोध्या धाम महोत्सव' का भव्य आयोजन किया जाएगा। महोत्सव का उद्घाटन शहीदों के सम्मान में श्रद्धांजलि समारोह के साथ किया जाएगा, जबकि समापन संस्कृति और विभिन्न उत्सवों की रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ होगा। इस बहुआयामी आयोजन में कला, साहित्य, संगीत और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रस्तुत की जाएगी। महोत्सव के दौरान भजन संध्या, कवि सम्मेलन, भोजपुरी और बॉलीवुड नाइट, कॉमेडी शो, फैशन शो, इंस्ट्रूमेंट नाइट्स सहित विविध सांस्कृतिक संध्याएं आयोजित होंगी। कार्यक्रमों के क्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले साहित्यकारों, पत्रकारों, शिक्षकों, चिकित्सकों, अधिवक्ताओं और समाजसेवियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही विशेष सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा, जिससे समाज के हर वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। आयोजकों के अनुसार अयोध्या धाम महोत्सव अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत को मंच देने के साथ–साथ शहीदों के प्रति कृतज्ञता, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना को सशक्त करने का माध्यम बनेगा।

## साहिबजादा वेलफेयर फाउंडेशन और रियल फेथ ट्रस्ट के सहयोग से मेडिकल कैम्प



अर्थ प्रकाश/ अनिल गुप्ता अर्थ प्रकाश दिल्ली / नई दिल्ली निहाल विहार- साहिबजादा वेलफेयर फाउंडेशन (रि)और रियल फेथ ट्रस्ट (रि) ने भगत हॉस्पिटल जनकपुरी, डेंटों हब विकासपुरी के सहयोग से मेडिकल कैम्प का आयोजन गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा क्यू ब्लॉक 500 गज निहाल विहार नांगलोई में किया गया। जिसमें साहिबजादा वेलफेयर फाउंडेशन (रि) के अध्यक्ष, नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड एंटीकरप्शन फोर्स और नेशनल चाइल्ड एंड वूमेन डिवलेपमेंट काउंसिल के राष्ट्रीय महासचिव, विश्व हिंदू सनातन बोर्ड के राष्ट्रीय सलाहकार, श्री ज्वाला महाकाली मंदिर दादा ठन ठन पाल सिद्धपीठ के उपाध्यक्ष सुरजीत सिंह, रियल फेथ ट्रस्ट (रि) की अध्यक्ष एस्ट्रोलोजर नीलम सैनी, साहिबजादा वेलफेयर फाउंडेशन (रि) के उपाध्यक्ष कुलवंत कौर, कोषाध्यक्ष सिमरनजीत कौर, महासचिव अमनप्रीत सिंह, सचिव दिलप्रीत सिंह,राष्ट्रीय सलाहकार सतपाल सिंह मथरू, दिल्ली प्रदेश के सलाहकार अनिल कुमार, पुनीत जैन, दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह मारवाह, निष्काम चारदीकला फाउंडेशन के अध्यक्ष हरजीत सिंह बत्रा, गुरुद्वारा साहिब की कमेटी के अध्यक्ष अतिंदर सिंह और सभी कमेटी के मेंबर के सहयोग का भी बहुत बहुत दिल से धन्यवाद। मेडिकल कैम्प में निहाल विहार कॉलोनी के 150 से ज्यादा लोगों ने अपने दातों के टेस्ट, आंखों के टेस्ट, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, ई सी जी टेस्ट करवाए।

## न्यूज ब्रीफ

### गौरैया बचाओ एवं प्रदूषण के विरुद्ध जागरूकता अभियान



अर्थ प्रकाश/ अनिल कुमार अर्थ प्रकाश दिल्ली / नई दिल्ली। योगेंद्र कुमार सहअधीक्षक( तिहाड़ जेल) एवं मानद पशु कल्याण प्रतिनिधि ( एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया ) ने गौरैया बचाओ एवं प्रदूषण के विरुद्ध जागरूकता अभियान के तहत होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल टैगोर गार्डन में कार्यक्रम का आयोजन किया इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों से पशुओं पर गौरैया के लुप्त होने के कारण तथा प्रदूषण से हमारे शरीर पर दुष्प्रभाव विषय पर निबंध , पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया , उत्कृष्ट बच्चों को पुरस्कृत किया गया , इस अवसर पर योगेंद्र कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए , कहा कि प्रदूषण हमारे द्वारा निर्मित समस्या है इसका हल भी हम सब को मिल कर निकालना है ओर इससे बचने के लिए हमे अधिक से अधिक पौधे लगाएंगे होगे , प्रधानाचार्य सिस्टर मल्लिका ने बच्चों को कहा कि प्रदूषण से बचने के लिए हम सब को सरकार द्वारा बनाए गए माप दंड का पालन करना होगा , इस अवसर पर पर्यावरण प्रेमी जतिन भल्ला ,जसमीत कौर , रेखा बेरी , केयर टेकर ( एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया) जय नाथ , सोनू कुमार , राम निवास यादव, पशु कल्याण प्रतिनिधि बी के पाण्डेय , इंदर जीत सोनी ने भी इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जागरूक किया ।

### 20 दिसंबर को एक दिवसीय रोजगार मेला अयोध्या में युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

अर्थ प्रकाश / हनुमान शरण पांडे / अयोध्या। जिले में युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय एवं मॉडल कैरियर सेंटर अयोध्या की ओर से 20 दिसंबर 2025 को फतेहगंज लालबाग, अयोध्या में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला प्रातः 10 बजे से क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय परिसर में आयोजित होगा। निदेशक सेवा योजना अयोध्या मंडल श्री देवव्रत कुमार ने बताया कि इस मेले में तकनीकी और गैर–तकनीकी निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी और युवाओं को विभिन्न पदों पर रोजगार का अवसर मिलेगा। इस रोजगार मेले में 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के अभ्यर्थी जिनकी शैक्षणिक योग्यता हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, डिप्लोमा या आईटीआई है, भाग ले सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों को rojgaarsangam.up.gov.in (रोजगार मेला आईडी–6970) और ncs.gov.in पोर्टल पर पंजीकरण कराना आवश्यक है।अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक प्रमाण–पत्रों की छायाप्रति, पहचान पत्र और बायोडाटा के साथ निर्धारित तिथि पर आयोजन स्थल पर उपस्थित हों। किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा। यह रोजगार मेला अयोध्या के युवाओं के लिए नौकरी पाने का सुनहरा अवसर साबित होगा और उन्हें योग्यता से रोजगार तक का सुरक्षित रास्ता प्रदान करेगा।

### बांदा में वृहद रोजगार मेले का हुआ आयोजन, सैकड़ो बेरोजगार अभ्यर्थियों का हुआ चयन

-मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार के मिशन रोजगार के तहत क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय ने किया रोजगार मेले का आयोजन

-प्रदेश और देश की कई कंपनियों मेले में लिया प्रतिभाग

-सैकड़ो पदों के लिए कंपनियों ने लिया अभ्यर्थियों का साक्षात्कार



अर्थ प्रकाश/ बांदा 18 दिसंबर– उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार के मिशन रोजगार के तहत गुरुवार को बांदा में सेवा नियोजन निदेशालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज मटौंध में एक दिवसीय बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 350 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया और यहां पर आई कई कंपनियों ने उनका साक्षात्कार लिया। जिसमें कुल 193 बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया गया। और सरकार के मिशन रोजगार के तहत इन सभी अभ्यर्थियों को अलग–अलग कंपनियों में नौकरी मिली।

**5 कंपनियों ने 350 अभ्यर्थियों में 193 अभ्यर्थियों का किया चयन**


उक्त रोजगार मेले में 5 कंपनियों ने अभ्यर्थियों का चयन किया। जिसमें आमधन–ई प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने 12 अभ्यर्थियों का चयन किया, वहीं रिलायंस निप्पोन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने 37 अभ्यर्थियों का, एजुवेंटेड प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने 16, सारा सिक्योरिटी सॉल्यूशन ने 128 व जीवितम कंपनी ने 23 अभ्यर्थियों का चयन किया। और कुल 193 बेरोजगार अभ्यर्थियों को इस रोजगार मेले में नौकरी मिली। बृहद रोजगार मेले का उद्घाटन जिला विद्यालय निरीक्षक बांदा दिनेश कुमार द्वारा किया गया एवं इस अवसर पर सहायक निदेशक सेवायोजन अहमद अंसारी, जिला सेवायोजन अधिकारी मोहित जायसवाल तथा राजकीय इंटर कॉलेज मटौंध की प्रधानाचार्य प्रियंका सिंह उपस्थित रहीं। इन लोगों के द्वारा चयनित हुए अभ्यर्थियों को बधाई दी गई और कहा कि सभी अभ्यर्थी अब अपने दायित्वों का सही से निर्वहन करें। वही इन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार के मिशन रोजगार के तहत इस मेले का आयोजन कराया गया था। जिसका उद्देश्य सिर्फ इतना है कि उत्तर प्रदेश के युवाओं को नौकरियां मिल सके।

# यारों के यार गुरु मित्र मंडल ग्वालियर ने विशुद्ध सागर के 54 वें अवतरण दिवस पर मरीजों को बंटी खीर

आचार्य श्री विशुद्ध सागर के 54 वें अवतरण दिवस पर मरीजों को खीर वितरण की।

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ग्वालियर** – जैन धर्म के महान तपस्वी परम पूज्य पट्टाचार्य आचार्य भगवन श्री 108 विशुद्ध सागर महामुनिराज के 54 वें अवतरण दिवस आज गुरुवार कोयारों के यार गुरु मित्र मंडल ग्वालियर ओर अनंत सेवा समिति रोटी बैंक ग्वालियर ने एक क्विंटल 54 किलो दूध की खीर



ग्वालियर के हॉस्पिटल ओर अस्पतालों में वितरण कर गुरुदेव का अवतरण दिवस बड़े श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ वितरणक कर मनाया। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि आचार्य भगवन श्री 108 विशुद्ध सागर महामुनिराज के 54 वें अवतरण दिवस पर ग्वालियर के जयारोग्य अस्पताल, हजार बिस्तर, कैंसर हॉस्पिटल, कमलराज अस्पताल, ओर यूरोलॉजी चिकित्सक के मरीजों ओर अटेंडरो को एक क्विंटल 54 किलो दूध से बनी सर्दी के मौसम में गर्म गर्म खीर वितरण गुरुभक्त दिनेश जैन अप्पे, जितेंद्र जैन, प्रवक्ता सचिन जैन, रविन्द्र बाबा, अरविंद मोदी, वीरेंद्र बाबा, नीरज जैन, आकाश जैन, सचिन जैन मुरार, सौरभ जैन, धर्मेंद्र जैन, सौरभ जैन, आदि ने जाकरो के साथ वितरण की।

# महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया पहुंचीं यमुनानगर ने जिला सचिवालय में शिकायतों की कि सुनवाई


अर्थ प्रकाश/अवतार सिंह चुग

**यमुनानगर, 18 दिसम्बर।** हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया यमुनानगर पहुंचीं और उन्होंने जिला सचिवालय के सभागार में आयोग को जिले से प्राप्त महिला संबंधित शिकायतों की सुनवाई की गई। इस दौरान एसडीएम सहित महिला पुलिस अधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। पत्रकारों को संबोधित करते हुए रेणु भाटिया ने कहा कि उनके कार्यकाल में अब तक करीब 12 से 13 हजार से अधिक मामलों की सुनवाई की जा चुकी है। इनमें से लगभग 60 से 65 प्रतिशत मामले युवाओं से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि युवाओं से संबंधित अधिकतर केस लिव-इन रिलेशनशिप, एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर, रिलेशनशिप विवाद और तलाक से जुड़े हैं, जो समाज के लिए एक गंभीर और चिंताजनक संकेत है।उन्होंने कहा कि सशक्तिकरण के नाम पर कई जगह दुरुपयोग हुआ है, वहीं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का भी गलत इस्तेमाल बढ़ा है। सोशल मीडिया का उद्देश्य शिक्षा, जानकारी और ज्ञानवर्धन होना चाहिए, लेकिन अगर इन्हीं प्लेटफॉर्म्स के जरिए झूठे रिश्ते बनाए जाते हैं या किसी का शोषण किया जाता है, तो इससे समाज को बड़ा नुकसान होता है। ऐसे मामलों में एक साथ दो से तीन परिवार बर्बाद हो जाते हैं। उन्होने एक उदाहरण साझा करते हुए बताया कि आयोग के पास हरियाणा की एक बेटी की शिकायत आई है, जिसमें उसके पति सुनील जांगड़ा (हिसार निवासी) पर गंभीर आरोप हैं। आरोप है कि युवक ने एक साथ कई महिलाओं के साथ विवाह जैसा व्यवहार किया। पीड़िता ने आयोग को मंदिर में जयमाला और सिंदूर भरने की तस्वीरें भी उपलब्ध कराई हैं। इस मामले में आयोग पूरी गंभीरता से कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि केवल आरोपी ही नहीं, बल्कि ऐसे मामलों में शामिल सभी पक्षों को भी आत्ममंथन करने की जरूरत है। उन्होंने युवतियों से अपील की कि लिव-इन रिलेशनशिप या विवाह से पहले संबंधित व्यक्ति की पूरी पृष्ठभूमि की जांच अवश्य करें। आज कई ऐसे मामले सामने आ रहे हैं, जहां कम उम्र की लड़कियां पहले से शादीशुदा और बच्चों वाले पुरुषों के झांसे में आ जाती हैं।

# फोर्टिस आइ इंस्टीट्यूट ने शुरू किया ऑक्यूलर ऑन्कोलॉजी क्लीनिक

अर्थ प्रकाश /अनिल गुप्ता

**गुरुग्राम, 18 दिसंबर ।** फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट (एफएमआरआई) स्थित फोर्टिस गुरुग्राम आइ इंस्टीट्यूट ने आंखों के कैंसर के इलाज के लिए समर्पित ऑक्यूलर ऑन्कोलॉजी क्लीनिक की शुरुआत की है। यह विशेष क्लीनिक वयस्कों और बच्चों में होने वाले आंखों के कैंसर और ऑक्यूलर ट्यूमर के निदान, उपचार और पुनर्वास की समग्र सुविधाएं प्रदान करेगा।





यह क्लीनिक अत्याधुनिक तकनीक, अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आधारित उपचार प्रोटोकॉल और मल्टी-डिसिप्लिनरी विशेषज्ञों की टीम के साथ एक ही छत के नीचे संपूर्ण आइ कैंसर केयर उपलब्ध कराएगा। इसमें रेटिनोब्लास्टोमा, यूवियल मेलानोमा, कंजक्टाइवल व ऑर्बिटल कैंसर तथा मेटास्टेटिक आइ लीजन जैसे जटिल मामलों का उपचार किया जाएगा।

क्लीनिक में ऑक्यूलर ऑन्कोलॉजिस्ट, ऑक्यूलोप्लास्टिक व रेटिना सर्जन, पेडियाट्रिक ऑन्कोलॉजिस्ट, मेडिकल और रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञ शामिल हैं। यहां टार्गेटेड रेडिएशन थेरेपी, इंट्रा-आर्टेरियल कीमोथेरेपी, एडवांस इमेजिंग, सर्जरी और दीर्घकालिक फॉलो-अप केयर की सुविधाएं उपलब्ध हैं।

ऑक्यूलर ऑन्कोलॉजी क्लीनिक को डॉ. सीमा दास (डायरेक्टर, ऑक्यूलोप्लास्टी एंड ऑक्यूलर ऑन्कोलॉजी, श्रॉफ आइ सेंटर) के सहयोग से लॉन्च किया गया। क्लीनिक की हेल्पलाइन नंबर 9582923456 और 9599052569 हैं।

इस अवसर पर डॉ. पारुल एम. शर्मा, प्रिंसिपल डायरेक्टर एवं एचओडी, फोर्टिस आइ इंस्टीट्यूट ने कहा कि जागरूकता की कमी के कारण आंखों का कैंसर अक्सर देर से पकड़ में आता है। इस क्लीनिक का उद्देश्य शीघ्र निदान और सटीक उपचार के माध्यम से बेहतर परिणाम सुनिश्चित करना है। एफएमआरआई के एसबीयू हेड एवं फैसिलिटी डायरेक्टर श्री यक्ष रावल ने कहा कि यह क्लीनिक समुदाय को अत्यधिक विशिष्ट और उन्नत आइ कैंसर केयर उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो मरीजों और उनके परिजनों को हर चरण पर संपूर्ण सहयोग प्रदान करेगा।

# जिले में बढ़ रहे लव जिहाद के मामलों को लेकर यमुनानगर के हिंदू संगठनों ने जिला लघु सचिवालय के बाहर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और जिला पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा

अर्थ प्रकाश /अवतार सिंह चुग

**यमुनानगर, 18 दिसम्बर।** यमुनानगर में कथित तौर पर बढ़ रही लव जिहाद की घटनाओं को लेकर आज हिंदू संगठनों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और जिला लघु सचिवालय के बाहर प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा और मांग की कि ऐसी घटनाओं पर पूरी तरह रोक लगाई जाए। संगठनों ने मामलों की गहन जांच के लिए विशेष जांच दल (SIT) के गठन की मांग भी उठाई।

जिला लघु सचिवालय के बाहर एकत्र हुए विभिन्न हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने कहा कि जिले में कथित रूप से ÷लव जिहाद÷ से जुड़े मामले सामने आ रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि इन घटनाओं में हिंदू लड़कियों और महिलाओं को बहला-फुसलाकर धोखाधड़ी, शारीरिक शोषण और हिंसा जैसी घटनाएं हुई हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के मामलों से समाज में आक्रोश है और सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ी है।

प्रदर्शन के दौरान संगठनों ने हाल ही में प्रतापनगर क्षेत्र में सामने आए महिला की हत्या के मामले का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया और जांच आगे बढ़ाई, जिसके लिए उन्होंने पुलिस का आभार जताया। साथ ही, संगठनों ने यह भी मांग रखी कि ऐसे मामलों के पीछे किसी संगठित गिरोह की भूमिका की जांच की जाए और जिले में कथित तौर पर सक्रिय असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई हो।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि बीते समय में जिले के विभिन्न इलाकों से लड़कियों के लापता होने की सूचनाएं भी सामने आई हैं, जिनकी गंभीरता से जांच आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने वरिष्ठ अधिकारी की अध्यक्षता में स्ढ्ढञ्ज गठित करने की मांग दोहराई, ताकि ऐसे मामलों की पहचान कर समय रहते रोक लगाई जा सकें। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र कदम उठाने की अपील की।

हिंदू संघर्ष समिति के सदस्य उदयवीर शास्त्री ने कहा कि यमुनानगर में सामने आ रही घटनाओं को लेकर हिन्दू समाज बेहद चिंतित हैं। पुलिस ने हाल के मामले में त्वरित कार्रवाई की, इसके लिए हम आभारी हैं, लेकिन हम चाहते हैं कि इस तरह के सभी मामलों की उच्चस्तरीय जांच हो। स्ढ्ढञ्ज का गठन किया जाए ताकि किसी भी संगठित रैकेट का खुलासा हो सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगे। प्रशासन से हमारी मांग है कि महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता बने।ले सामने आ रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि इन घटनाओं में हिंदू लड़कियों और महिलाओं को बहला-फुसलाकर धोखाधड़ी, शारीरिक शोषण और हिंसा जैसी घटनाएं हुई हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के मामलों से समाज में आक्रोश है और सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ी है।

प्रदर्शन के दौरान संगठनों ने हाल ही में प्रतापनगर क्षेत्र में सामने आए महिला की हत्या के मामले का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि



पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया और जांच आगे बढ़ाई, जिसके लिए उन्होंने पुलिस का आभार जताया। साथ ही, संगठनों ने यह भी मांग रखी कि ऐसे मामलों के पीछे किसी संगठित गिरोह की भूमिका की जांच की जाए और जिले में कथित तौर पर सक्रिय असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई हो।

इस मौके पर बड़ी संख्या में हिंदू संगठन के कार्यकर्ता भी शामिल रहें।